अलकारो
का
स्वरूप-
विकास

डी० लिट्० के लिए स्वीकृत प्रबन्ध

अलंकारों का स्वरूप-विकास

डॉ ओम्प्रकाश

नेशनल पब्लिशिंग हाउस
२३ दरियागज दिल्ली ११ ००६
द्वारा प्रकाशित

प्रथम सस्करण १६७३

• मूल्य ४५ ००

भारती प्रिंटस
दिल्ली ११ ३२
द्वारा मुद्रित

ALAMKARON KA
SWAROOP VIKAS
(Thesis)
by Dr OM PRAKASH

यो भूमौ प्रतिभूरभूच्च महता
लोकोत्तर कर्मभि
य निर्माय विधिश्चकार जनन
श्रेष्ठ कुलश्रेष्ठक
स्वर्गस्थो हितमीक्षते बहुतर
नित्य जनानां सदा
ग्रन्थ श्री जयदेव ! तुभ्यमनुज
नाथ नतनाप्यते ॥

प्रस्तावना

निरक्त मे यास्क ने गाग्य का नामोल्लेख करते हुए उपमा अलकार का विवेचन प्रस्तुत किया है। तदनन्तर भरत ने उपमा के साथ-साथ तीन अन्य अलकारो का विवेचन किया है। अलकार वणन की शलियाँ हैं इनका विकास एव इनका नामकरण शन शन मनन एव अध्ययन के फलस्वरूप कालक्रम से होता ही रहा है, यहाँ तक कि अग्रेजी से आगत कतिपय वणन शलियो की स्वीकृति एव नामकरण आधुनिक युग का योग है। एक अलकार से विकसित होकर दो सौ अलकारा तक के विकास का अध्ययन रोचक होने के साथ-साथ ज्ञानवद्धक भी है। इसम साहित्य एव साहित्यशास्त्र दोना के उत्तरोत्तर विकास की छाया दष्टिगत होती है। इस विकास यात्रा म हमको ज्ञात होता है कि कतिपय वणन शलियाँ (अलकार) पहले विद्यमान नही थी और यह भी कि कतिपय वणन शलियाँ विद्यमान तो थी परन्तु उनका नामकरण पीछे हुआ। अलकारो के भेद कही स्वतन्त्र अलकार बन गए हैं कही एक विशेष अलकार के साम्य वैषम्य से दूसरे अलकार की उदभावना आचाय ने स्वय की है। ऐसे स्थल भी है जहा एक अलकार के भेद का स्वरूप दूसरे अलकार के भेद के स्वरूप से टकराकर अध्यता के माग म गतिरोध उत्पन्न कर देता है। और ऐसे स्थलो की भी कमी नही जहा भेदोपभेद इतने सूक्ष्म हो गये हैं कि गम्भीर पाठक भी चकित रह जाता है।

इस प्रकार एक उपमा अलकार से लगभग दो सौ अलकारो की सख्या तक अलकार का विकास हुआ है। लगभग पचास अलकार तो लोकप्रिय एव सवविदित हैं परन्तु अनेक ऐसे हैं जिनकी उदभावना बहुत पीछे हुई। कविराज मुरारिदान ने भारतीय परम्परा म कतिपय नवीन अलकार (जसे 'अनवसर') निकाले तो आजकल के आचार्यों ने ध्वन्यथ-व्यजना आदि। एक सहस्राब्दी से अधिक के समय म अनेक बार अलकारो का वर्गीकरण हुआ इनकी व्युत्पत्ति खोजी गयी तथा इनमे वज्ञानिकता का प्रतिपादन किया गया। फिर भी आज का विद्वान अपने

को अलकारो से कटा हुआ समझता है। इसका मुख्य कारण यह है कि अलकार या तो अति-शास्त्रीय समझे गये हैं या अतिप्राचीन, इनके विकास को समझने का प्रयत्न ही नही किया गया। प्रस्तुत ग्रन्थ म अलकारो के स्वरूप विकास का वज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है और भेदो की शास्त्रीय परीक्षा की गयी है। यह अलकारो के इतिहास का एक चित्र भी प्रस्तुत करता है और अलकारो की शास्त्रीयता को आधुनिक परिवेश भी प्रदान करता है।

ग्रथ के नौ अध्याय हैं। 'विषय प्रवेश' मे अलकार की सत्ता, नामकरण, भेदोपभेद, वर्गीकरण एव सख्या पर विचार करके नवीन अलकारो की कल्पना का विश्लेपण किया गया है। अन्त म प्रस्तुत अध्ययन की दिशा के सकेत हैं कि इतिहास मे जिस अलकार का प्रथम उल्लेख जिस काल म मिलता है उसस अलकारो का कालक्रम ज्ञात करके एक-एक अलकार के स्वरूप विकास का उसी कालक्रमानुसार अध्ययन है। सुविधा के लिए प्रत्येक अलकार को काल क्रमानुसार एक सख्या भी प्रदान कर दी गयी है। प्रथम उल्लेख के लिए काव्यशास्त्रीय ग्रथ प्रमाण माने गये हैं, उनके रचना-काल को अधिकारी विद्वानो के प्रमाण पर ही स्वीकार कर लिया गया है। इस अध्ययन म प्रत्येक आचाय अथवा कवि को बीच म लाना उचित नही समझा गया, यह बात हिन्दी के आचार्यों के सम्बन्ध मे विशेष रूप से ज्ञातव्य है। सकडो कवियो ने हिन्दी मे अलकार विषय पर लिखा है, परन्तु हमने केवल पाँच आचार्यों को आधार बनाया है— केशवदास, देवदत्त, भिखारीदास कन्हैयालाल पोद्दार तथा रामदहिन मिश्र। अलकार-साहित्य का इतिहास देना हमारा अभीष्ट नही है (उसको पी एच० डी० के शोध प्रबन्ध 'हिन्दी अलकार-साहित्य' म देखा जा सकता है)। अत केवल पाँच हिन्दी-आचाय, जिनका अलकारो के स्वरूप विकास की दृष्टि से महत्त्व है, यहाँ आधार बनाय गये हैं। सस्कृत के वे कवि भी नही लिये गये जिन्होने मम्मट रुय्यक के आधार पर अलकार वणन की योजना बनायी और किसी की प्रशसा अथवा स्तुति मे एक अलकार-ग्रन्थ लिख दिया। प्रस्तुत अध्ययन म उदाहरणो का विश्लेपण भी नही किया गया, केवल लक्षणो एव भेदोपभेदो से विकास के सूत्र खोजन का यह एक विनम्र प्रयास है।

प्रथम अध्याय म प्रथम विवेचित अलकार उपमा के स्वरूप विकास का अध्ययन है। गाग्य से प्रारम्भ होकर यास्क तथा पाणिनि पर होता हुआ जब उपमा अलकार भरत म प्रकट हुआ तो आचार्यों की परम्परा का हमने उदघाटन कर दिया। सस्कृत के तेरह तथा हिन्दी के पाच प्रमुख आचार्यों की बीस रचनाएँ (अप्पय्यदीक्षित तथा देवदत्त की दो-दो रचनाएँ हैं) इस अध्याय म अध्ययन का आधार हैं। यथावश्यकता अन्य विद्वानो की सहायता भी ले ली गयी है।

द्वितीय अध्याय मे भरत द्वारा विवेचित शेप तीन अलकारो के स्वरूप विकास का अध्ययन है। इनका क्रम अन्त साक्ष्य के आधार पर, रूपक, दीपक, यमक है। यह अध्याय, एक प्रकार से तीन भागो म विभक्त है, और प्रत्यक भाग म एक एक अलकार का उसी काल क्रम से विकास की दृष्टि से अध्ययन करता है। यहाँ भी सस्कृत के तरह तथा हिन्दी के पाँच आचाय आधार बन हैं और स्वरूप का विकास लक्षण भेद-वणन म पयवसित माना गया है।

तृतीय अध्याय स भामह प्रथम आचाय बन जाते हैं। यह अध्याय भामह के 'काव्यालकार'

परिशिष्ट' भी है जिसमें इतर नवीन अलकारो का वणन एव अध्ययन है। मम्मट-पूर्व युग के भोज, अनात काल के शोभाकर मिश्र, तथा सामान्य आचाय वाग्भट के कतिपय नवीन अलकार इस शीर्षक म हैं। यहाँ न शेष सभी आचाय हैं और न स्वीकृत आचार्यों के सम्पूर्ण नवीन अलकार—इस निर्णय का दायित्व हमारे अध्ययन पर है।

नवम अध्याय मे हिन्दी के आचार्यों द्वारा कल्पित नवीन अलकारा का वणन एव अध्ययन है। इस अध्याय मे हस्तलिखित पुस्तको को आधार नही बनाया गया, केवल प्रकाशित प्रामाणिक एव प्रसिद्ध रचनाओ के आधार पर हिन्दी माध्यम के योगदान का अध्ययन है। केशव देव, भूषण दास के अतिरिक्त मुरारिदान पोद्दार दीन रसाल आदि के योगदान का इसी रूप म अध्ययन है। पाश्चात्य अलकारा को रामदहिन मिश्र के काव्यदपण से ग्रहण किया गया है।

अन्त म उपसहार तथा 'परिशिष्ट हैं। उपसहार म प्रस्तुत अध्ययन क सामान्य निष्कर्ष एकत्र किये गये है। परिशिष्ट 'एक म सहायक पुस्तको की सूची है तथा परिशिष्ट दो म अलकारा की अकारादिक्रम से पृष्ठमर्दभिनी अनुक्रमणिका है।

अलकार विषय का अध्ययन संस्कृत एव हिन्दी म, अब शोध प्रबन्ध के निमित्त भी चल पडा है। संस्कृत के कतिपय विद्वाना की रचनाएँ प्रकाशित होकर विषय को स्पष्ट करने म आज अधिक सहायता प्रदान कर रही हैं। केवल दिल्ली विश्वविद्यालय म ही हम रीतिकाल के आचार्यों पर कतिपय शोध काय पूण करा चुके हैं जिनमे से कुछ प्रकाशित भी है। परन्तु अलकार विषय का सर्वांगीण विवेचन जिसम कालक्रम के सूत्र के सहारे स्वरूप विकास का अध्ययन हो अभी तक देखने म नही आया। इस शोध प्रबन्ध की यही मौलिकता है और मुझे आशा है कि इसम अध्ययन की समृद्धि की सूचना मिलती है। आज से बीस वष पूव सन १९४१ म हिन्दी-अलकार साहित्य का इतिहास' प्रस्तुत करने पर आगरा विश्वविद्यालय न मुझे पी एच० डी० उपाधि प्रदान की थी। प्रस्तुत शोध प्रबन्ध उस अध्ययन का पूरक है। इसम इतिहास का स्पश नही है—दूसरा के निष्कर्ष प्रामाणिक मान लिये गये हैं। केवल सद्धान्तिक विवेचन है—कालक्रम से एक एक अलकार के स्वरूप का वज्ञानिक अध्ययन। आशा है अन्य विषया के इसी पद्धति के अध्ययन भी भविष्य मे सामने आने लगेंगे।

प्रस्तुत अध्ययन म संस्कृत भाषा म लिखित काव्यशास्त्रीय ग्रन्था की पर्याप्त सहायता ली गयी है क्योकि अलकार का तीन चौथाई से भी अधिक साहित्य संस्कृत म ही है। यदि मैं समस्त संस्कृत भाग का सवत्र हिन्दी-अनुवाद करता तो ग्रन्थ का आकार अनावश्यक रूप से बढ जाता और इस विषय के अधिकारी विद्वान संस्कृत तो जानते ही हैं। अत अनेक स्थला पर मूल पाठ म संस्कृत आती गयी है, अध्ययन का अग बनकर। मुझे विश्वास है कि संस्कृत के कारण यह प्रबन्ध वज्ञानिकता म दूर नही हुआ।

यह निवेदन किया जा चुका है कि एक सहस्र स अधिक वर्षों म लिखी गई प्रभूत सामग्री इस विषय क लिए सामने रखी है—ग्रन्थ, वत्ति, विवत्ति व्याख्या, अनुवाद इतने अधिक हैं कि प्रत्येक से उपकृत होना सम्भव नही है। अस्तु मैंने यह प्रयत्न किया है कि मैं सारी सामग्री का एक बार विषय के सम्बन्ध म देख लू। और यदि वह उपयोगी नही है तो उसके सकेत मैंने नही दिये—अनुवादा के विषय म मुझे यह विशेष रूप से कहना है।

हि दी के आचाय-कवियो एव आचार्यों की सख्या भी कम नही, उन सबकी रचनाएँ एक बार मेरे पूव शोध प्रब ध म चर्चित भी हो चुकी हैं। अस्तु, आचाय-कवियो एव आधुनिक आचार्यों म से प्रत्येक के विचारो से 'लाभ उठाना' न उचित है और न आवश्यक। और इस ग्रहण-त्याग म केवल विषय विषयक विवेक ही शरण दे सका है।

इस अवसर पर मैं उन सभी विद्वानो के प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूँ जिनके ग्र थो एव विचारो से मुझको सहायता प्राप्त हुई है और मैं अलकारो के स्वरूप विकास का एक विशेष पद्धति के अनुसार अध्ययन कर सका हूँ। आशा है कि इस अध्ययन का उपयोग अलकारो के व्यवस्थित एव समाजोपयोगी स्वरूप को समझने म हो सकेगा।

आगरा विश्वविद्यालय के अधिकारियो ने प्रस्तुत ग्र थ की रचना पर मुझे डी० लिट० उपाधि प्रदान की थी, और नेशनल पब्लिशिग हाउस के स्वामी श्री क हैयालाल मलिक ने प्रकाशित कर इसको अधिकारी विद्वानो के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है, मैं दोनो के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। अलकार विषय के अध्ययन म प्रस्तुत ग्र थ एक अतिरिक्त सोपान मात्र है इसकी साथकता विषय को अधिक सुलभ बनाने म है। मुझ आशा है कि इससे भावी अध्ययन को गति एव स्फूर्ति प्राप्त हो सकेगी।

मेरी प्रत्येक रचना पर सबसे अधिक प्रस नता पूज्य अग्रज डा० जयदेव कुलश्रेष्ठ को होती थी। पर तु दुर्भाग्यवश वे अब इस ससार म नही रहे। यह ग्र थ मैं उनकी स्वगस्थ आत्मा को सादर समर्पित करता हूँ।

—ओम्प्रकाश

वस त पचमी
स० २०२९ वि०

अनुक्रम

विषय-प्रवेश १-१४

प्रथम अध्याय १५-५२

प्रथम विवेचित अलकार

१ उपमा	१५

द्वितीय अध्याय ५३-१०१

भरत द्वारा विवेचित शेष तीन अलकार

२ रूपक	५३
३ दीपक	७४
४ यमक	८७

तृतीय अध्याय १०२-१५५

'काव्यालकार' के द्वितीय परिच्छेद मे अतिरिक्त विवेचित अलकार

५ अनुप्रास	१०२
६ आक्षेप	११०
७ अर्थान्तरन्यास	११६
८ व्यतिरेक	१२१
९ विभावना	१२५
१० समासोक्ति	१२९
११ अतिशयोक्ति	१३२
१२ हेतु	१३७
१३ सूक्ष्म	१४०
१४ लेश	१४१
१५ यथासख्य	१४३
१६ उत्प्रेक्षा	१४६
१७ स्वभावोक्ति	१५२

५१ दृष्टान्त २३३
(ग) वामन द्वारा कल्पित अलकार
५२ वक्रोक्ति २३६
५३ व्याजोक्ति २३८

षष्ठ अध्याय २४१-२८४

रुद्रट द्वारा उदभावित अलकार
(क) वास्तव मूल के नवीन अलकार
५४ समुच्चय २४१
५५ भाव २४४
५६ पर्याय २४५
५७ विषम २४७
५८ अनुमान २४९
५९ परिकर २५१
६० परिसख्या २५२
६१ कारणमाला २५४
६२ अन्याय २५५
६३ उत्तर २५६
६४ सार २५९
६५ अवसर २६०
६६ मीलित २६०
६७ एकावली २६२
(ख) औपम्य-मूल के नवीन अलकार
६८ मत २६३
६९ प्रतीप २६४
७० उभयन्यास २६६
७१ भ्रान्तिमान २६६
७२ प्रत्यनीक २६८
७३ पूर्व २६९
७४ साम्य २६९
७५ स्मरण २७०
(ग) अतिशय मूल के नवीन अलकार
७६ विशेष २७१
७७ तदगुण २७३
७८ अधिक २७४
७९ असगति २७५
८० पिहित २७७
८१ व्याघात २७८
८२ अहेतु २८०
(घ) श्लेष-मूल के नवीन अलकार
८३ अर्थश्लेष २८०

सप्तम अध्याय २८५-३१७

मम्मट, रुय्यक, विश्वनाथ, जगन्नाथ द्वारा उदभावित अलकार
(क) मम्मट द्वारा उदभावित नवीन अलकार
८४ विनोक्ति २८५
८५ सम २८७
८६ सामान्य २९१
८७ अतदगुण २९३
(ख) रुय्यक द्वारा उदभावित नवीन अलकार
८८ परिणाम २९५
८९ उल्लेख २९८
९० विचित्र ३००
९१ मालादीपक ३०२
९२ अर्थापत्ति ३०४
९३ विकल्प ३०७
९४ भावोदय, भावसंधि, भावशबलता ३०९
(ग) विश्वनाथ द्वारा उदभावित नवीन अलकार
९५ श्रुत्यनुप्रास ३११
९६ अन्त्यानुप्रास ३१२
९७ भाषासम ३१३
९८ निश्चय ३१४
९९ अनुकूल ३१४
(घ) जगन्नाथ द्वारा उदभावित नवीन अलकार
१०० तिरस्कार ३१५

अष्टम अध्याय ३१८ ३५७

सस्कृत के कतिपय आचार्यों द्वारा उदभावित नवीन अलकार
(क) जयदेव द्वारा उदभावित नवीन अलकार
१०१ स्फुटानुप्रास ३१८
१०२ अर्थानुप्रास ३१९
१०३ उन्मीलित ३१९
१०४ परिकराकुर ३२१
१०५ प्रौढोक्ति ३२२
१०६ सभावना ३२३
१०७ प्रहर्षण ३२३
१०८ विषादन ३२५
१०९ विकस्वर ३२६
११० असम्भव ३२८
१११ उल्लास ३२८
११२ पूर्वरूप ३२९
११३ अनुगुण ३३०

११४ अवज्ञा ३३१
११५ भाविकच्छवि ३३२
११६ अत्युक्ति ३३३

(ख) अप्पय्यदीक्षित द्वारा उदभावित नवीन अलकार

११७ प्रस्तुताकुर ३३४
११८ व्याजनिन्दा ३३५
११९ अल्प ३३६
१२० कारकदीपक ३३७
१२१ मिथ्याध्यवसिति ३३८
१२२ ललित ३३९
१२३ अनुना ३४०
१२४ मुद्रा ३४०
१२५ रत्नावली ३४१
१२६ विशेपक ३४२
१२७ गूढोक्ति ३४२
१२८ विवतोक्ति ३४३
१२९ युक्ति ३४४
१३० लोकोक्ति ३४५
१३१ छेकोक्ति ३४५
१३२ निरुक्ति ३४६
१३३ प्रतिपेध ३४६
१३४ विधि ३४७

(ग) इतर आचार्यों द्वारा उदभावित नवीन अलकार

(I) भोज द्वारा उदभावित नवीन अलकार

१३५ वितक ३४८
१३६ प्रत्यक्ष ३४८
१३७ आप्तवचन ३४९
१३८ उपमान ३५०
१३९ अभाव ३५०
१४० समाधि ३५१

(II) वाग्भट द्वारा उदभावित नवीन अलकार

१४१ अन्य ३५३
१४२ अपर ३५४

(III) शोभाकर मित्र द्वारा उद्भावित नवीन अलकार

१४३ असम ३५४
१४४ उदाहरण ३५५

नवम अध्याय ३५८-३८०

हिन्दी भाषा के आचार्यों द्वारा उदभावित अलकार

(क) केशवदास द्वारा उदभावित नवीन अलकार

१४५ गणना ३५८

(ग) द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समान वक्ष परिपस्वजाते।
तयोरेक पिप्पल स्वादवत्त्यनश्नन्न यो अभिचाकशीति ॥ (१०,१६४,२०)

ऋग्वेद मे उदाहरण ही नही अलकारों के नाम तक मिल जाते हैं। दो मन्त्रो म 'उपमा' शब्द का प्रयोग देखिए—

त्वमग्ने प्रयतदक्षिण नर वर्मेव स्यूत परि पासि विश्वत ।
स्वादुक्षदमा यो वसतौ स्यानकज्जीवयाज यजते सोपमा दिव ॥ (१,३१ १५)
सहस्रसामाग्निवेशि गणीशे शत्रिमग्न उपमा केतुमय ।
तस्मा आप सयत पीपय त तस्मिन क्षत्रममवत्त्वेषमस्तु ॥ (५,३४,६)

वस्तुत "वदिक मन्त्रो मे अलकारो की सत्ता स्पष्टत विद्यमान है। यही क्यो ? उपमा शब्द भी ऋग्वेद मे (५।३४।६ तथा १।३१।१५) उपलब्ध होता है जिसका सायण ने अथ किया है—उपमान या दष्टान्त। परन्तु इसका अथ यह नही है कि इतने प्राचीन काल म उपमा का शास्त्रीय विवेचन प्रस्तुत किया गया था। यह केवल सामान्य निर्देश है इसका विशेष ऐतिहासिक मूल्य नही हो सकता।"[1]

स्वरूप-विवेचन

वदिक अध्ययन के साथ साथ अलकारो के स्वरूप विवेचन का अध्ययन प्रारम्भ होता है। प्रारम्भ मे 'अलकार का अध्ययन व्याकरण निरुक्त का अग था। वेदाध्ययन के छह[2] अग थे—शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द तथा ज्योतिष। व्याकरण सबसे महत्त्वपूण शास्त्र रहा है निरुक्त भी इसको आदर देता था और कालान्तर मे अलकार शास्त्र भी इसको नमन करता रहा। वयाकरण गार्ग्य के विचारो को निरुक्तकार ससम्मान उद्धृत करते हैं, उन उद्धरणों का एक प्रसग[3] अलकार के स्वरूप विवेचन का बीज बन गया है। कालान्तर म उद्भट ने अलकार विवेचन प्रसग मे व्याकरण को आधार बनाया तथा उपमा आदि अलकारो के भरत दण्डी आदि मे प्रचलित 'अर्थानुरोधेन' किये गये भेदो को व्याकरणानुरोधेन[4] करते हुए भावी आचार्यों के लिए एक नवीन माग ही खोल दिया। ध्वनिकार न व्याकरण को सब शास्त्रो का आधार मानत हुए वैयाकरणों के प्रति अमित श्रद्धा अर्पित की है—

प्रथमे हि विद्वांसो वयाकरणा । व्याकरणमूलत्वात सवविद्यानाम। (ध्वन्यालोक १ १३)

कितने ही अलकारो के विवेचन मे अलकार की सहायता व्याकरण ही करता है और

---

१ भारतीय साहित्यशास्त्र प्रथम खण्ड पृ १४।

२ शिक्षा कल्पो व्याकरण निरुक्त छन्दोविचिति ज्योतिष च षडङ्गानि।

३ अथात उपमा । यदतत् तत्सदृशमिति गार्ग्य ।३।१३।

४ उद्भट तथा मम्मट ने व्याकरण को आधार बनाकर अलकारों क विवेचन को एक वज्ञानिकता प्रदान कर दी है इनक तथा इनके अनुयायियो के अलकार-लक्षण तक एव न्याय शास्त्र की कसौटी पर अत्यन्त प्रामाणिक हैं।

'अष्टाध्यायी' के बिना अलकार की सूक्ष्मता स्पष्ट नही हो पाती। पतजलि न महाभाष्य (२, १,५५) मे उपमान की जो व्याख्या 'गौरिव गवय' पर समन्वित की है उसका, चमत्काराभाव के कारण, उत्तर आचाय अलकार के उदाहरण रूप मे खण्डन[1] करते हैं। 'विभावना' अलकार के लक्षण मे 'क्रिया फल' पदों का प्रयोग किया जाय अथवा 'कारण काय' का—यह प्रश्न व्याकरण के कारण ही उठ खडा हुआ था। 'सहोक्ति' अलकार 'चैत्रेण सह मैत्रो भुक्ते' मे नही है, यह व्याकरण की आशका के कारण ही स्पष्ट करना आवश्यक बन गया था। अस्तु, व्याकरण-वेदाग के अन्तगत अलकार का अध्ययन प्रारम्भ हुआ और दीघ काल तक व्याकरण, अलकार का सहायक एव सहयोगी बना रहा।

व्याकरण के पश्चात अलकार का दूसरा सहायक निरुक्त है। उद्भव काल मे अलकार का विवेचन व्याकरण की सहायता से परन्तु निरुक्त के अन्तगत होता था। निरुक्त वेदमन्त्रो की व्याख्या मे सहायक है, उस व्याख्या मे आलकारिक सौन्दय का उदघाटन भी सम्मिलित है। कालान्तर में अलकार का महत्त्व बढ जाने से वेद के सप्तम[2] अग के रूप म अलकार की शास्त्र रूप म कल्पना की गई। समस्त काव्यशास्त्र 'अलकार नाम से प्रचलित रहा जिसका प्रमाण प्रारभिक ग्रन्थो के नामो मे[3] अलकार-पद का प्रयोग है। "वज्ञानिक अध्येताओ ने काव्य के प्रथम लक्षित प्रभावक धम को अलकार' सज्ञा दी, क्योंकि इस धम का फल काव्य का अलकार या सजावट थी। तदनन्तर विकास के फलस्वरूप प्रभावक धम के दूसरे रूप भी आचार्यों ने देखे परन्तु दीघ कालपयन्त वे उन सब धर्मों का वणन 'अलकार' नाम से ही करते रहे। परिवतन आया और 'अलकार का क्षेत्र सकीण बन गया।'[4] सकीण अथ म अलकार काव्य का 'शोभाकर' धम मात्र है। प्रस्तुत अध्ययन में अलकार का इसी सकीण अथ म ग्रहण हुआ है।

नामकरण

सस्कृत भाषा म अधिकतर नाम व्युत्पत्तिपरक हैं। अलकार' शब्द की भी व्युत्पत्ति है एव अलकार विशेष के नाम की भी। कतिपय अलकारो के लक्षण न देकर प्रतिपादक यह मान बैठे हैं कि अलकार के नाम से उसका लक्षण स्वयमेव[5] विदित हो जायगा। इसी आधार पर हिन्दी के कतिपय आचार्यों ने कुछ अलकारो को 'लक्षण-नाम प्रकाश' माना है। मुरारिदान तो प्रत्येक अलकार का लक्षण उसके नाम म ही सिद्ध करते हैं।

---

१ सर्वोऽपि हृद्यलकार. कवि समय प्रसिद्धयनरोधेन हृद्यतया काव्य शोभाकर एव अलकारतां भजते। अत गोसदृश गवय इति नोपमा। (चित्रमीमांसा)

२ 'उपकारकत्वात्लकार सप्तममगम् इति यायावरीय। ऋते च तत्स्वरूप-परिज्ञानात् वदार्थानवगति ॥ (काव्य मीमांसा)

३ यथा 'काव्यालकार (भामह) काव्यालकार-सार-सग्रह' (उदभट) काव्यालकार-सूत्र' (वामन) काव्यालकार (रुद्रट) वाग्भटालकार (वाग्भट) आदि।

४ हिन्दी-अलकार-साहित्य पृ० १

५ स्यात् स्मृति भ्रान्ति-सन्देहैस्तन्वानकतिनयम। ५।३१। (चन्द्रालोक)

फिर भी यह कहना अवनानिक होगा कि अलग लक्षण की आवश्यकता नही है अर्थात नाम ही लक्षण का द्योतक है। सामान्यत कुछ गुणो अथवा अपेक्षाओ को ध्यान म रखकर नामकरण किया जाता है, तथापि नाम लक्षण का पर्याय अथवा विकल्प नही है। अलकारो के नामकरण की निम्नलिखित रीतियाँ लक्षित होती हैं—

(क) किसी महत्त्वपूर्ण गुण के वाचक शब्द से अलकार का नामकरण। इस रीति का सबसे महत्वपूर्ण नाम रूपक है। भरत ने रूप निवर्णनायुक्त' तथा 'किंचित सादृश्यसम्पन्न यद्रूप' लक्षणाशो म 'रूप' पद का प्रयोग किया है, तो भामह ने और भी स्पष्ट कह दिया है कि 'उपमानेन यत्तत्वमुपमेयस्य रूप्यते'। यही रूप रूपक अलकार का आधार है। अधिकतर अलकारो के नाम इसी प्रकार से, विशेष आधारभूत शब्दो से, बने हैं। 'उपमा' 'दीपक' 'यमक' आदि का नामकरण इसी रीति से हुआ है।

(ख) गुण के पर्यायवाची शब्द से अलकार का नामकरण। इस रीति का महत्वपूर्ण नाम 'समासोक्ति' है। 'सक्षिप्त' उक्ति को समासोक्ति नाम दिया गया। भामह एव दण्डी दोनो ने ही समास के पर्याय सक्षेप' को लक्षण का अश बनाया है —

सा समासोक्तिरुद्दिष्टा सक्षिप्तार्थतया यथा। (भामह)
उक्ति सक्षपरूपत्वात सा समासोक्तिरिष्यते। (दण्डी)

(ग) प्रादेशिक अभिरुचि का द्योतक नाम। इसका प्रसिद्ध उदाहरण 'लाटानुप्रास है जो लाट प्रदेश के निवासियो म अति प्रचलित होने के कारण उस नाम से प्रसिद्ध हुआ। काव्यशास्त्र की रीतियाँ तो केवल प्रादेशिक अभिरुचि के कारण प्रदेश-नामा स ही प्रसिद्ध हो गइ—गौडी पाचाली वदर्भी।

(घ) एक अलकार के विरोधी गुणा के लिए उस अलकार का विपयय सूचक नाम। यह दो प्रकार मे बना है—निषेधात्मक उपसग जोडकर, तथा विपयय-सूचक शब्द रखकर। प्रथम के उदाहरण हैं, अवसर' से 'अनवसर' मीलित' से 'उन्मीलित' तद्गुण' स 'अतद्गुण हेतु से 'अहेतु', सम, स 'असम' 'विपम, 'तुल्ययोगिता' से अतुल्ययोगिता' परिवृत्ति' से 'अपरिवृत्ति। द्वितीय के उदाहरण हैं— सहोक्ति स विनोक्ति' सामान्य स विशेष प्रत्यण से विपादन, 'मिथ्याध्यवसिति से सत्याध्यवसिति'।

(ङ) अलकार विशेष से किंचित भिन्न होने के कारण उस नवीन अलकार क नाम म अन्य पद जोडकर। यथा 'परिकराकुर', भाविकच्छवि', 'उत्प्रेक्षावयव विरोधाभास दीपकयोग।

(च) दो अलकारो के नामा म योग स। यथा उपमारूपक 'सामान्यविशेषक विशेषकामालित।

(छ) कुछ अलकारो के नाम केवल प्रशसात्मक हैं। यथा 'छेकानुप्रास छकोक्ति'।

(ज) कुछ अलकारों के नाम इतने समान हैं कि उनम प्राय भ्रान्ति हो जाती है। यथा, 'पर्यायोक्त तथा 'पर्याय, विनोक्ति', विशेष' तथा विशेषक' युक्ति एव 'युक्त।

इन नामो की विशेषताओ एव रीतियों के अतिरिक्त अप्रस्तुत प्रशसा म 'प्रशसा पद

कतिपय आचार्यों के लिए भी भ्रामक रहा है, निदशना' को उद्भट म 'विदशना' लिखा गया है श्लिष्ट पुराना नाम था, उनके स्थान पर श्लेष' नया नाम आ गया, 'ससन्देह' को नये आचाय सन्देह', तथा सशय' भी लिखते हैं, 'भाविकत्व' को आगे चलकर भाविक' कहने लगे, 'काव्यहेतु' आगे चलकर 'काव्यलिंग' नाम स प्रचलित हुआ, का यदृष्टान्त' केवल 'दृष्टान्त' रह गया, 'अन्यो य' को 'परस्पर', एव 'सार' को 'उदार' लिखा गया, ,भ्रांतिमत्' भ्रम' बनकर रह गया, अर्थापत्ति' को 'काव्यार्थापत्ति' भी कहते हैं।

अलकारा के अधिकतर नाम सनापद हैं, केवल कुछ ही विशेषण पद है। 'सूक्ष्म', 'विषम', 'अधिक' 'सामान्य', 'विचित्र', अनुकूल, 'असभव' 'ललित', अमित', 'युक्त' आदि। अलकारा के कुछ नामो का सम्बन्ध न्याय (न्यायशास्त्र एव लोकन्याय) से है—दीपक, अर्थापत्ति अनुमान, अभाव, सिंहावलोकन। अप्रस्तुत प्रशसा' हिन्दी मे अन्योक्ति'[1] तथा 'अन्त्यानुप्रास हिन्दी में 'तुक' नामा स प्रसिद्ध हुए। अलकारा क उक्ति पन्तात नाम कदाचित सख्या म सबसे अधिक हैं।

भेदोपभेद

अलकारो क विवचन के साथ ही उनक भेदो की चचा प्रारभ हो गई थी। गार्ग्य, यास्क, तथा भरत मे उपमा के भेदो के नाम बतलाकर उनके लक्षण उदाहरण दिय गय हैं। इस परम्परा म भेदो का आधार 'अथानुरोध' था, अर्थात् जसा प्रयोग पाया जाय वसा ही उस भेद का नाम रख दिया जाय। दण्डी, और आग चलकर भोज भेदा के विस्तार के लिए प्रसिद्ध हैं। अनेक भेदो को देकर भी आचाय यह सोचते हैं कि अभी न्याय नहीं हुआ, अत पाठक के लिए यह परामश है कि शेष भेद वह लोक व्यवहार स स्वयमव[2] सीख लें।

जो आचाय स्वभावोक्ति को कान्य की धुरी मानते हैं उनम सामान्यत अलकारो के भेदोपभेद 'अर्थानुरोधेन प्राप्त होते ह। इसक विपरीत जो वग वक्रोक्ति अतिशयोक्ति को कान्य का प्राण मानता है उसन न्याकरण एव न्यायशास्त्र की सहायता से अलकारो का विवेचन किया है और 'प्रयोगानुरोधेन अलकारा क भेदापभेद बनाये हैं। व्याकरण के प्रयोग के अनुरोध स उदभट ने सवप्रथम उपमा के भेदा का विस्तार किया और अन्य अलकारो के सम्बन्ध मे भी यह न्यवस्था करने का सकेत द दिया। आगे चलकर मम्मट एव जगन्नाथ इसी परम्परा क समथक है।

अलकार भेदा की एव भेदो क उपभदो की सख्या अलकार विशेष के सम्बन्ध म एक सौ छिहत्तर तक पहुँची है। छह आठ तक पहुँचना ता सामान्य बात है। व्याकरणानुरोधेन भेदाप

---

१ अन्योक्ति नाम की कल्पना रुद्रट ने की थी परन्तु इस नाम की प्रसिद्धि हिन्दी म हुई सस्कृत मे नही। रुद्रट की कल्पना क उपरान्त भी सस्कृत के आचाय इसका पुराने अप्रस्तुत प्रशसा नाम स ही वणन करते रहे।

२ ये नापा लक्षण नोक्तास्ते ग्राह्या काव्य-लोकत। १६। ५६। (नाटयशास्त्र)

भेदो की व्याख्या म आचाय कभी कभी यह नहीं बतलाता कि उसकी सम्मति म उस अलकार क कितन भेद हैं उस स्थिति मे विवत्तिकार का मत प्रामाणिक बन जाता है और विवत्तिकारो म सख्या क विपय म मतभेद भी हो सकते हैं। यह तथ्य उपमा के प्रसग म देखा जा सकता है।

भेद का एक आधार शाब्द आर्थ' है, अन्य 'साधर्म्य-वधर्म्य है, अन्य वाच्य गम्य' है अन्य विधि निषेध' है क्वचित शुद्ध मिश्र है कही जाति-गुण द्रव्य क्रिया' हैं। सत असत' भी हैं सम-न्यून', अय-अनय भी। लक्षण क अग यथा काय लिंग विशेषण' अथवा सामान्य विशेष भी भेदो के आधार बन जाते हैं। कहीं 'काल आधार बन गया है, तो कही नञ्। इस प्रकार उदाहरणा म सामान्य सकत ग्रहण करके, उनको व्याकरण-न्याय की कसौटी पर परखकर आचार्यों न भेदापभेदा का प्रसार किया है। इस प्रणाली स भेदोपभेदा क क्षेत्र परस्पर म स्वतन्त्र रहते हैं अर्थानुरोधेन विभाग के समान अपन पक्षा को एक दूसरे क क्षेत्रो म नहीं फलाते।

भेदोपभेदा की दष्टि स एक विचित्रता यह है कि अलकार का मूल लक्षण भेद विशेष पर मर्यादित नहीं होता। अनुप्रास' क प्रसग म 'लाटानुप्रास भेद को लेकर परवर्त्तर आचार्यों न इस समस्या को उठाया है और उसी आधार पर लाटानुप्रास' को अनुप्रास का भेद मात्र मानन म असहमति प्रकट की है। लग अलकार के दो 'रूप अलग अलग हैं, मानो दो स्वतन्त्र अलकार बनान एक नाम स बाँध दिये हो। इसी प्रकार विशेष तथा अधिक अलकारो क विषय म समझना चाहिए। दीपक अलकार के उपभेद, पारस्परिक असन्तोष क कारण ही, कुछ समय बाद म पहुँचकर अलग अलग रहने लगते हैं मालादीपक तो दीपक' स दूर जाकर माला स मल जोल रखने लगा है।

वर्गीकरण

के बीज भामह में खोजे जा सकते हैं। 'काव्यालकार' मे 'शब्दार्थो' को 'काव्यम' का लक्षण दिया गया है, अतः काव्यसम्बन्धी समस्त विशेषताओं का अध्ययन 'शब्द' एवं 'अर्थ' के शीर्षकों में करना स्वाभाविक ही है। इस वर्गीकरण का सबसे महत्त्वपूर्ण विवाद 'श्लेष' अलकार को लेकर है, वह किस वर्ग मे जायगा? और समाधान यही बन सका है कि 'शब्दश्लेष' तथा 'अर्थश्लेष' दोनो का अलग-अलग वर्गों में अध्ययन किया जाय, फिर भी इस विषय पर मतभेद है कि श्लेष कहाँ शब्दालकार है और कहा अर्थालकार? रुद्रट ने 'श्लेषोऽप्यस्यापि' लिखकर श्लेष को 'उभयालकार' माना है।

अस्तु वर्गीकरण का दूसरा प्रयत्न अलकारो को 'त्रिवर्ग' मे रखने का है—शब्दालकार, अर्थालकार तथा उभयालकार। 'उभयालकार' सामान्यतः श्लेष, वक्रोक्ति, ससृष्टि, सकर आदि ही माने जा सकते हैं। परन्तु रुद्रट के कथन को किसी अन्य रूप में लेकर 'भोज' ने 'उभयालकार' का विवेचन करने के लिए एक स्वतन्त्र परिच्छेद ही लिखा है[1]—'इदानीमुभयालकार विवेचनाय परिच्छेद मारभते' इस परिच्छेद के अन्तर्गत चौबीस उभयालकारो का वर्णन है। 'भोज का उभयालकार विवेचन एक स्वतन्त्र परम्परा का अनुयायी है। उन्होने चौबीस उभयालकारो में जिन अलकारो का समावेश किया है उनमें श्लेष और ससृष्टि को छोडकर किसी भी दूसरे अलकार को किसी भी परिचित आलकारिक ने उभयालकार नहीं माना है।'[2] त्रिवर्ग की मूल परम्परा रुय्यक में फिर ध्यान आकृष्ट करती है। अलकार सर्वस्व में उसके अनेक सकेत मिलते हैं—

(क) इह अर्थपौनरुक्त्य शब्दपौनरुक्त्य शब्दार्थपौनरुक्त्य चेति
त्रय पौनरुक्त्यप्रकारा। (पृ० १६)

(ख) एवमेते शब्दार्थोभयालकारा सक्षेपत सूत्रिता। तत्र शब्दालकारा यमकादय। अर्थालकारा उपमादय। उभयालकारा लाटानुप्रासादय। (पृ० २५६)।

रुय्यक के मत का समर्थन करते हुए विश्वनाथ ने भी पुनरुक्तवदाभास को उभयालकार मानना अधिक उचित बतलाया है। जगन्नाथ तक इस 'त्रिवर्ग' के सकेत[3] मिलते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि 'त्रिवर्ग' का क्षेत्र सीमित था। जो शब्दालकार हैं, वे तो शब्दालकार हैं ही, एव जो अर्थालकार हैं वे भी अर्थालकार ही रहेंगे, शेष जो दोनो ओर भटके हुए हैं केवल उन अलकारो को ही उभयालकार कहा जायगा। इस वर्ग में मुख्य तो सकर-ससृष्टि हैं क्योंकि इसमें शब्दालकार तथा अर्थालकार दोनो का सयोग हो सकता है। फिर श्लेष का नाम है क्योंकि उसकी प्रवृत्ति उभयात्मिका है। अन्त मे परिशिष्ट रूप में वक्रोक्ति एव पुनरुक्तवदाभास को जोडा जा सकता है, परन्तु यह सर्वमान्य नही।

वर्गीकरण का तीसरा प्रयत्न वामन में है। 'काव्यालकार सूत्र' के चतुर्थ आलकारिक'

---

१ अलकार मीमासा पृ० १५६।
२ भारतीय साहित्यशास्त्र और काव्यालकार भाग १ पृ० ४६।
३ तद् त्रिविधम् शब्दचित्रम् अर्थचित्रम् उभयचित्रमिति। (पृ० १६)

अधिकरण मे 'शब्दालकार विचार' तथा 'उपमा विचार के अनन्तर 'उपमा प्रपच विचार' है, जिसमे अट्ठाईस अलकारो का वणन है। वामन के अनुसार 'तन्मूल चोपमा' है। यद्यपि आलोचको ने वामन के उपमा विषयक सिद्धान्त को वर्गीकरण' नही बतलाया तथापि इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि प्रसार की इच्छा से विभाजन का जन्म होता है और समाहार की इच्छा से वर्गीकरण का, वामन ने अनेक अलकारो को उपमा के प्रपच मानकर उनको उपमा से सम्बद्ध कर दिया है, जो इससे अलग हैं अर्थात उपमा के प्रपच नही हैं उनका वणन ही नही किया—स्वभावोक्ति काव्यलिग एव दृष्टान्त जैसे अलकारों को भी छोड दिया गया है। वामन ने वर्गीकरण का अधूरा प्रयत्न किया है, इसीलिए उसको मान्यता नही मिली। 'भामह तथा दण्डी ने अतिशयोक्ति और वक्रोक्ति का तथा वामन ने औपम्य की महत्ता का गान वर्गीकरण को दृष्टि म रखकर नही किया था। अलकारो के व्यापक तत्त्व की ओर इस निर्देश ने यह अवश्य मानना होगा, अलकारो को वगश न सही पर किन्ही सामान्य तत्त्वो के अन्तगत रहने का दिशासकेत कर दिया था।[१] 'भामह तथा उद्भट का अलकार वर्गीकरण तो तत्कालीन स्कूलो पर आश्रित था, परन्तु वामन न समस्त अर्थालकारो को उपमा का प्रपच माना जिस मान्यता के सकेत दण्डी म खोजे जा सकते हैं, रुद्रट का वर्गीकरण वामन शली का है।[२]

अस्तु रुद्रट न वामन शली पर अलकारो क वर्गीकरण का व्यापक प्रयत्न किया। मूल अर्थालकार चार है—वास्तव, औपम्य, अतिशय तथा श्लेष। निशेष[३] अर्थालकार इन चार के ही विशेष' अर्थात 'प्रपच अर्थात उपभेद हैं। रुद्रट स पूव वास्तव औपम्य अतिशय और श्लेष इन चारो तत्त्वो के सम्बन्ध मे व्यापक चर्चा हो चुकी थी। भामह 'सषा सर्वैव वक्रोक्ति का सिंहनाद कर चुके थ। दण्डी ने 'श्लेष सर्वासु पुष्णाति प्रायो वक्रोक्तिषु श्रियम्' कहकर श्लेष की तथा भिन्न द्विधा स्वभावोक्तिवक्रोक्तिश्चेति वाङ्मयम कहकर स्वभाव (वास्तव) तथा वक्रोक्ति (अतिशय) की महिमा का पुन प्रचार कर दिया था। वामन का 'प्रतिवस्तु प्रभृति उपमाप्रपच सूत्र रुद्रट को सुनाई पड ही रहा होगा।[४] रुद्रट का वर्गीकरण दोहरा है—अलकारा क दो वग हैं, शब्दालकार तथा अर्थालकार, पुन अर्थालकार के चार उपवग है वास्तव औपम्य अतिशय और श्लेष। अत प्रसिद्ध वर्गीकरण को उपवर्गीकरण कहना अधिक उपयुक्त प्रतीत होता है। यह उपवर्गीकरण भी वज्ञानिक नही है, यह तो वामन-शली का चार अर्थालकारो का महत्त्व-स्वीकार ही है। एसा भी प्रतीत होता है कि एक ही अलकार एक से अधिक वर्गों म है। सहोक्ति समुच्चय' और 'उत्तर' वास्तव वग म भी हैं और

१ अलकार-मीमांसा पृ १८।

२ हिन्दी-अलकार साहित्य पृ २२।

३ अर्थस्यालकारा वास्तवमौपम्यमतिशय श्लेष।
एषामेव विशेषा अन्ये तु भवन्ति निशेषा ॥७।९॥

४ भारतीय साहित्यशास्त्र और काव्यालकार, पृ० ६६।

औपम्य वग मे भी उत्प्रेक्षा' और 'पूव' औपम्य-वग म भी हैं, 'हेतु' वास्तव तथा अतिशय दोनो वर्गों मे आ गया है।'[1] वर्गीकरण का यह प्रथम व्यवस्थित प्रयास था। इसका सदोष होना स्वाभाविक है । रुद्रट को भी श्रेणी विभाग की इस अपूणता का भान रहा होगा, नही तो उन्हे अनेक अलकारो का दो दो वर्गों मे क्यो रखना पडता।'[2] उदभट के समान रुद्रट ने इस वर्गीकरण म, 'वग शब्द का प्रयोग कही नही किया, वे तो चार ही अर्थालकार मानते हैं और शेष अर्थालकारो को इन्ही चार के विशेष अथवा 'भेद ।

वर्गीकरण का एक सफल प्रयास रुय्यक ने किया। अलकारा के प्रथमत दो वग हो सकते हैं— शुद्ध' तथा मिश्र' । शुद्धालकारो को आठ वर्गों मे रखा जा सकता है—सादश्याश्रय विरोधमूल, तक यायमूल, वाक्य यायमूल गूढाथप्रतीति पर, तथा चित्तवत्ति पर आश्रित। इन वर्गों के भी उपवग हैं। यथा सादृश्याश्रय अलकारो के भेदाभेदप्रधान, अभेदप्रधान तथा भेद प्रधान तीन उपवग है। रुय्यक का प्रयत्न अत्य त समय है और उसम वैज्ञानिकता का निर्वाह किया गया है । इसीलिए उत्तर आचार्यो ने रुय्यक के वर्गीकरण को प्राय मान्यता दी है और अलकारो के विवेचन मे उनके वग का प्रसग भी ला दिया है। 'शुद्ध तथा मिश्र अलकारा म से प्रथम को सामान्यत दो श्रेणियो मे बाँट सकते हैं—वस्तुमूलक तथा चित्तवत्तिमूलक। उपमा से लेकर उदात्त तक के समग्र अलकार वस्तुमूलक हैं। वस्तुमूलक अलकारो मे कुछ मे तो वस्तु या अथ का निगूढ होता है जिनके लिए 'गूढाथप्रतीति-पर' नामक एक नवीन वग है उन्हे छोडकर शेष अलकारो को 'सम्बन्ध' तथा 'न्याय इन दो आधारो पर विभाजित किया गया है । सम्बन्ध म रुय्यक ने 'सादृश्य' तथा विरोध' को लिया है।—न्याय को रुय्यक ने 'तक' वाक्य तथा लोक की तीन श्रेणियो मे रखा है। 'शृखलाबन्ध को भी शृखला न्याय नाम दिया जा सकता है विद्यानाथ ने दिया भी है।[3] इस प्रकार रुय्यक का वर्गीकरण अधिक वज्ञानिक तथा पूण है। आगे चलकर विद्यानाथ ने 'एकावली' के अष्टम उन्मेष मे अर्थालकारो का वणन रुय्यक के वर्गीकरण के आधार पर ही किया है और बाईस वर्गों के सकेत[4] दिय हैं 'एकावली म यद्यपि इस वर्गीकरण पर बल नहीं दिया गया, फिर भी कारिका वृत्ति तथा टीका मे इसक बीज निहित हैं। यह कहना कठिन है कि आचाय इस वर्गीकरण को कितना महत्त्व देता है, फिर भी उसके मस्तिष्क म यह विद्यमान अवश्य मानना पडेगा।'[5]

सख्या

गाग्य ने केवल एक अलकार 'उपमा का विवेचन किया था। भरत ने 'रूपक , दीपक

---

१ हिन्दी अलकार-साहित्य, पृ० २२।

२ भारतीय साहित्यशास्त्र और काव्यालकार पृ० ६६ ।

३ विस्तार के लिए देखिए अलकार-मीमांसा पृ० १८३ से १६७ तक।

४ भारतीय साहित्यशास्त्र और काव्यालकार पृ० ७७ ।

५ विस्तार के लिए देखिए 'हिन्दी अलकार-साहित्य , पृ० ३६ ४० ।

६ हिन्दी-अलकार-साहित्य पृ० ४०।

और 'यमक' को मिलाकर चार अलकारो का विवेचन किया। शन शन यह सख्या दो सौ से ऊपर तक पहुच जाती है, जिसमे सस्कृत माध्यम का योग अपेक्षाकृत बहुत अधिक है, हिन्दी माध्यम का कम। यो तो अलकारो की सख्या (१६वी शती के प्रारभ तक) १६१ तक पहुँच गई किन्तु सभी समीक्षक इस बात पर एकमत हैं कि इन नवीन अलकारो का आविर्भाव केवल अपनी अपनी अलकार प्रतिभा का प्रदशन करने के लिए अधिक हुआ था, इन नवीन अलकारो म चमत्कार अधिक नही था।[1] हिन्दी माध्यम से जन्मे हुए अलकारो की सख्या भी तीस से अधिक है।

भरत और भामह के बीच कितने आचाय और है इस ज्ञान के लिए हमारे पास प्रामाणिक रचनाएँ उपलब्ध नही हैं, परन्तु स्वय भामह ने उनका सकेत दिया है और उन सबके मत से नवीन अलकारो का विवेचन किया है। भामह प्रथम आचाय हैं जिन्होने बडी सख्या म नवीन अलकारो का विवेचन किया है, 'काव्यालकार' मे छत्तीस नवीन अलकार हैं जिनका दो परिच्छेदो मे वणन है। दण्डी की ख्याति अलकार भेदो के लिए है—उनम नवीन अलकार तो केवल तीन हैं। उद्भट ने सात नवीन अलकारो का विवेचन किया जिनमे दो नये भेद अनुप्रास के हैं और प्रतिवस्तूपमा को स्वतन्त्र अलकारत्व प्राप्त हो गया है। वामन ने केवल दो नवीन अलकारो की कल्पना की। इस प्रकार वामन तक तिरेपन अलकार प्रसिद्ध हो चुके थे।

रुद्रट ने फिर नवीन अलकारो की बडी सख्या मे कल्पना की। रुद्रट काव्यालकार म तीस नवीन अलकार हैं, चार पाच को छोडकर सबको उत्तर आचार्यों ने मान्यता दी है। रुद्रट और मम्मट के बीच जो ग्रन्थ मिलते हैं उनम भोज का सरस्वती-कठाभरण' मुख्य है, परन्तु अनेक नवीन नामो के होते हुए भी उस ग्रन्थ का अलकारो के विकास म कोई महत्त्वपूण योग नही है। अग्निपुराण एव 'सरस्वती कठाभरण' दोनो ही सग्रह-ग्रन्थ हैं इनम मौलिकता तथा सिद्धान्त का प्रश्न नही उठता, केवल रुचि के अनुसार ग्रहण-त्याग-परिवतन की झलक मिलती है।

मम्मट स अलकारो के विकास मे एक नया अध्याय प्रारम्भ हुआ। प्रचलित तिरासी अलकारो (जिनम भोज के नवीन अलकार सम्मिलित नही हैं) म से कुछ को मम्मट न छोड दिया है और अपन चार नवीन अलकारो को जोडकर भी केवल सात शब्दालकारो एव इकसठ अर्थालकारो का वणन किया है। मम्मट, रुय्यक, विश्वनाथ एव जगन्नाथ अलकारो पर अकुश रखना चाहते थ। फिर भी मम्मट ने चार, रुय्यक ने सात (भावोदय आदि तीनो को एक मे गिनकर), विश्वनाथ ने पाच, तथा जगन्नाथ ने एक नवीन अलकार की कल्पना की है और खडन करने के उपरान्त भी अलकार-सख्या एक शतक पर पहुँच गई है।

अलकार-सख्या के प्रसग मे जयदेव एव अप्पय्य दीक्षित के नाम महत्त्वपूण हैं। जयदेव ने सोलह एव अप्पय्यदीक्षित ने अठारह नवीन अलकारो की कल्पना की है, कुवलयानन्द म सौ[2]

---

१ अलकार-मीमांसा पृ० १४३।

२ इत्थ शतमलकारा लक्षयित्वा निर्दशिता।
प्राचामाधुनिकानां च मतान्यालोच्य सर्वत ।।१६६।।

अलकारो का वणन एव पद्रह' अलकारो का परिचय मिलता है—जिनम शब्दालकार सम्मिलित नही है। इस बीच म कुछ आचाय एक दो छुट पुट अलकारो की भी कल्पना करते रहे। पर तु शोभाकर मित्र का प्रयत्न फिर एक वार सख्या बढान की दिशा म था। 'रुय्यक के बाद शोभाकर न ही लगभग छत्तीस अलकार और बढ़ा दिये थे जिनम स प्राय सभी का उल्लेख जयरथ ने अलकारोदाहरण' म किया है।[2] जब तक शोभाकर का समय निश्चित नही होता तब तक यह कहना कठिन है कि शोभाकर के अपने नवीन अलकार कितने है।

अस्तु अलकार विवेचन अपने साथ डेढ सौ स्वीकृत एव लगभग पचास अस्वीकृत अलकारो की थाती लेकर हि दी म आया था। रीतिकाल मे नव निर्माण कम था, फिर भी लगभग बीस अलकार ऐसे दिखलाई पडते है जिनको नवीन कहा जा सकता है—अकले केशव के ही नवीन अलकार छह है। आधुनिक युग अलकारो स कतराता है, फिर भी अलकार सख्या म इसने बीस नाम तो जोड ही दिय हैं। कवल हि दी माध्यम से प्रसारित इन पचास अलकारो का अलकार विकास म अपना कोई न कोई योगदान अवश्य है। प्रस्तुत प्रब ध म एक सौ बहत्तर प्रमुख अलकारो क विकास का अध्ययन है।

नवीन अलकारो की कल्पना

एक अलकार चार और फिर दो सौ तक किस प्रकार पहुँच जाता है, यह स्वय एक रोचक विषय है। प्रारम्भ म लोकप्रिय सौ दय विधाओ का चयन हुआ था और प्रसिद्ध चमत्कारो को ही स्वत त्र अलकारत्व प्रदान किया जाता था। अत प्रारभिक अलकारो का सौ दय इतना स्पष्ट है कि न उसके स्वरूप पर विवाद खडा हुआ और न उनकी स्वीकृति का खण्डन करने की आवश्यकता हुई। यदि कही प्रश्न चि ह है तो सिद्धा तो को लेकर, दष्टिकोण का अ तर है उसकी उपलब्धि से असहमति नहीं है। भामह तथा दण्डी वक्रोक्ति—स्वभावोक्ति क अलग दृष्टिकोणो को लेकर चले। इसलिए भामह न हेतु सूक्ष्म लेश के अलकारत्व का खण्डन किया, जिसका वैसा ही कठोर उत्तर दण्डी न दिया था। रुद्रट स पूव के तिरेपन अलकारो म से भामह के उपमारूपक' तथा 'उत्प्रेक्षावयव' एव दण्डी के आवत्ति ने ही दम तोडा है, शेष पचास जीवित हैं और स्वस्थ हैं। यदि 'रसवत आदि पर प्रश्नचि ह लगा है तो सद्धा तिक मतभेद के कारण ही, इनको अलकार माना जाय या गुणीभूत व्यग्य? इनमे सौ दय नही है ऐसा तो कोई नहीं कहता। इन पचासो म एकसी ही शक्ति है एकसा ही प्रभाव है—ऐसा सोचना ही अवनानिक है, कहाँ समासोक्ति' कहाँ 'भाविक! कहा 'हेतु और कहा 'का यहेतु' (का यलिंग)! पर तु अपने-अपने क्षेत्र म सब अपने अपने ढग स प्रतिष्ठित हैं।

प्रथम अधशती जितनी प्रतिष्ठित थी उतनी द्वितीय अधशती नही। इस समाज के कुछ अलकार निश्चय ही प्राचीनो की असावधानी का सकेत देते हैं। रुद्रट के 'परिसख्या, अ यो य,

---

१ एवं पञ्चशान्यामप्यलकारान् विदुर्बुधा ।१७१।।

२ अलकार-मीमासा पृ० १४३।

'मीलित, प्रतीप, प्रत्यनीक, 'तदगुण, असगति आदि, मम्मट क विनोक्ति, रुय्यक के परिणाम उल्लेख' आदि, जयदेव के परिकराकुर, 'प्रहृषण आदि' अप्पय्यदीक्षित क मुद्रा, 'निरुक्ति आदि का सौन्दय निर्विवाद है। वस्तुत ये अलकार स्वत त्र सौन्दय के अभिधान हैं। इनकी लोकप्रियता कम है, सौन्दय यून नही है। इनको महत्त्व की दष्टि से आप छोड सकते हैं सौ दय की रिक्तता के कारण नही। परन्तु इस अधशती के ऐसे सदस्य भी हैं, कम से कम आवे जो अनायास ही आकृष्ट नही करते, वे सौन्दय के बिखरे कण हैं। कुछ ऐस भी हैं जिनका सौन्दय सायास भी प्रभावित नही करता। इनकी कल्पना किसी सामान्य स्फुरणा के कारण हुई होगी। रुद्रट क 'भाव मत 'साम्य आदि जयदेव के प्रौढोक्ति भाविकच्छवि आदि इसी प्रकार क हैं। इनके नामो से ही यह सकेत मिल जाता है कि इनकी कल्पना किसी क्षिप्रता का परिणाम है।

तृतीय अधशती म से कितने उपयोगी है यह सोच विचारकर ही निश्चित करना होगा। कुछ भेद स्वत त्र अलकार बन गय हैं यथा कारक दीपक। कुछ अलकारो की कल्पना विपयय रूप म हुई जैस अहेतु, विनेपक। कुछ अन्य अलकारो के उपरूप है यथा भाविकच्छवि। प्रमाण अलकारा म सौन्दय खोजना ही पडेगा, सहज उपलब्ध नही है। जिन अलकारो का चमत्कार बहुत ही सीमित क्षेत्र म हुआ है उनम प्राण भी उतना ही कम है। शोभाकार के दो अलकारा को ही अन्या से मान्यता मिली है— असम तथा उदाहरण' को।

शेप अलकारो की कल्पना सामान्य विचारको ने की है वह भी किसी विशेष सौन्दय से आकृष्ट होकर नही कदाचित पाण्डित्य प्रदशन के लिए ही। हिन्दी के आचार्यों ने प्राय इसी प्रकार के अलकारो की कल्पना की है। यदि कोई कवि नवीन उदाहरण बनाकर उससे अलकार का प्रतिपादन करता है तो उसकी कृत्रिमता स्वत सिद्ध हो जाती है। मुरारिदान के प्रतिमा अलकार म एक नायिका अपने प्रिय की अनुपस्थिति म उसकी बहन को देख देखकर ही दिन काटती है। बिहारीलाल भटट ने दीपक एव अनुप्रास क योग से 'दीपयोग' अलकार बना दिया वह भी दीपक' को सदोपता मे ग्रहण करके।

अस्तु अलकारो की कल्पना जब तक साधन थी तब तक जिन अलकारो का जन्म हुआ व अमर हैं, सौन्दय का अभिधान बनकर। परन्तु जब अलकारो की कल्पना साध्य बन गई पडितो ने सोचा कि कोई नया अलकार निकालना चाहिए, और निकाल भी लिया तो जो अलकार निकले वे प्रामाणिक नही थे। यह सयोग-मात्र नहीं है कि अलकारो के विकास मे जब गतिहीनता आ गई थी उस समय विकसित होने वाले अलकार मूल्य म कम हैं।

प्रस्तुत अध्ययन की दिशा

प्रस्तुत अध्ययन म हमने अलकारों को कालापेक्ष्यता म देखा है। जिस अलकार का प्रथम उल्लख जब मिलता है तभी उसका समय मान लिया गया है। इस प्रकार यह अलकारों का कालक्रम से अध्ययन है। सुविधा के लिए प्रत्येक अलकार को एक सख्या दे दी गई है जिसस कालक्रम का अपने-आप ध्यान आ जाता है। 'प्रथम उल्लेख अभिव्यक्ति को भी स्पष्ट करना

होगा। भामह 'हेतु सूक्ष्म-लेश' मे अलकारता नही मानते परन्तु इसी कारण उन्होने इन अलकारों की चर्चा की है । प्रस्तुत अध्ययन मे ये नाम भामह के साथ ही जुडे हैं जो इनको अलकार नही मानते। कौन आचाय पहले था और कौन पीछे, इसका निणय उन आचार्यों पर छोड दिया गया है जो उस विषय के मौलिक चिन्तक हैं। फलत भामह, दण्डी, अप्पय्य दीक्षित जगन्नाथ इनमे से किसने पहले लिखा है—यह निणय हमने दूसरो से ही लिया है, स्वय नही किया । आकर ग्रन्थो के लेखको के बीच म कुछ ऐसे टीकाकार या विवेचक हुए हैं जिन्होने इन अलकारो की भी प्रसगत चर्चा की है। प्रस्तुत अध्ययन उन तक नही जा पाया। फलत आकर ग्रन्थो के कालक्रम के अनुसार उनमे वर्णित अलकारों के क्रम को हमने अलकारो की कल्पना का कालक्रम मान लिया है। आकर ग्रन्थो की रचना तिथि बदल जाने पर, अथवा टीकाकारो के उल्लेख स अथवा किसी शिलालेख हस्तलिखित ग्र थ आदि के प्रकाश मे आने पर इन अलकारो मे दो चार के 'प्रथम उल्लेख' का कालक्रम बदल भी सकता है ऐसी आशका सदा बनी रहगी। कालक्रम को यहा पर उल्लेख पर आश्रित माना गया है, जन्म पर आश्रित नही। जिन अलकारो को भामह ने द्वितीय परिच्छेद मे लिखा है, वे भामह कल्पित नहीं हैं, परन्तु प्रथम उल्लेखक भामह ही हैं इसीलिए उनका वणन भामह के साथ है।

विवेचन मे यह काल क्रम विकास का द्योतक है। जिस उपमा अलकार का प्रथम उल्लेख गार्ग्य न किया था, वह पूर्वाचार्यों से उत्तराचार्यों तक क्रमश आता हुआ किस प्रकार से अपने स्वरूप को विकसित करता रहा है यही इस अध्ययन का उद्देश्य है। प्रत्येक उत्तर आचाय के सम्मुख प्रतिष्ठित पूव आचार्यों का अलकार विवेचन था। कितनी ही बार उसने पूर्वाचाय की शब्दावली अपना ली, कितनी ही बार उसने विचार को अपनी शब्दावली मे लिख दिया। कुछ आचाय पूर्वाचाय का खण्डन या मण्डन करके अपने विचार का प्रतिपादन करते हैं यह खण्डन मण्डन कहीं-कहीं शब्दोपात्त है तो कहीं कहीं अध्ययन से स्पष्ट होता है। जो आचाय अलकार प्रतिपादन के लिए प्रसिद्ध हैं केवल उनके विवेचन को ही आधार बनाकर विकास का सूत्र ग्रहण करन की यहा चेष्टा की गई है बीच के किसी आचाय (यथा हेमचन्द्र वाग्भट आदि) को केवल वहीं लिया गया है जहा विवेचन क्रम मे इसका उल्लेख आवश्यक था । जो विद्वान् अलकार को गौण मानकर चाटूक्ति को मुख्यता देते हैं अथवा जिनम मम्मट रुय्यक आदि का ही शान्त अनुकरण है उनको विवेचन के बीच मे लाने की आवश्यकता का अनुभव नही हुआ।

स्वरूप विकास का अध्ययन करते हुए इस बात को महत्त्व दिया गया है कि किस आचाय ने किस आचाय के विचार का खण्डन अथवा मण्डन किया और उस खण्डन मण्डन से अलकार विशेष के स्वरूप विकास पर क्या प्रभाव पडा। जिस प्रकार उद्भट ने उपमा भेदो की परम्परा का खण्डन करके व्याकरण के अनुसार भेदोपभेदो की नवीन परम्परा चलाई यह लक्षित तथ्य उपमा के विकास के अध्ययन म बडा सहायक है। इसी प्रकार भामह ने कुछ अलकारो का खण्डन किया, परन्तु दण्डी ने उनको उतना ही अधिक महत्त्व दिया। जगन्नाथ म भी इस खण्डन मण्डन स अनेक सहायक सकेत मिलते हैं।

प्रस्तुत अध्ययन अलकार लक्षण तक सीमित रहा है, क्योकि लक्षण ही अलकार के स्वरूप का वाचक है। लक्षण के साथ उसकी 'वृत्ति अथवा कविकृत 'व्याख्या को भी लक्षण के समान ही महत्व दिया गया है। प्राय ये लक्षण पूर्वालकार के लक्षण की सापेक्ष्यता से लिखे गये हैं। या तो ये सूत्र हैं या सूत्रवत सक्षिप्त हैं। प्रारम्भिक लक्षण वणनवत् थे, उत्तर आचार्यों के लक्षणो में कसावट है—पद्य मे होने पर भी शब्दो की शिथिल अथवा अनावश्यक भरमार इनमे नही है।

अलकार के विकास म उसके भेदोपभेदो का भी महत्त्व है। प्राय एक अलकार के भेद आगे चलकर स्वतन्त्र अलकार बन जाते हैं। जो आचाय लक्षण म किसी अन्य से सहमत है वह भेदो मे भी सहमत होगा, यह आवश्यक नही है। जिस प्रकार लक्षण म व्यक्तित्व प्रतिबिम्बित होता है, उसी प्रकार भेदोपभेदो मे भी। अत इस अध्ययन म लक्षणो के साथ साथ भेदोपभेदो स भी सहायता ली गई है।

विवेचन क्रम म उदाहरण अनिवाय है, परन्तु अध्ययन क्रम म हमने उदाहरणो को महत्त्व नही दिया। जिस आचाय ने अलकार विशेष का प्रथम उल्लेख किया उसके द्वारा दिया गया उदाहरण उस अलकार के मूल स्वरूप को समभाने म सहायक था, इसलिए उसकी सहायता एव उसका निदशन इस प्रबन्ध म है। अन्यत्र उदाहरण से विशेष लाभ न उठाया जा सका। इस अध्ययन का उद्देश्य अलकार का स्पष्टीकरण नही प्रत्युत अलकार के स्वरूप का विकास समझना है।

इस प्रकार लक्षण एव पारस्परिक साम्य वषम्य को ध्यान म रखकर अलकारो के काल क्रमिक विकास का यह प्रयत्न अलकारो के विकसित, परिवर्तित एव वैज्ञानिक स्वरूप को निश्चित करने म सफल होगा, एसी आशा है।

प्रथम अध्याय

प्रथम विवेचित अलकार--उपमा

गार्ग्य तथा यास्क

'उपमा शब्द का प्रयोग तो ऋग्वेद'[1] मे भी मिलता है परन्तु अलकार रूप म इसका शास्त्रीय विवेचन सवप्रथम[2] आचाय गाग्य ने किया था। गाग्य के विषय मे इतिहास को इतना विदित है कि निरुक्त की रचना के समय वयाकरणो के मध्य शाकटायन तथा गाग्य दो आचार्यों एव उनक सम्प्रदायो की प्रतिष्ठा थी यास्काचाय ने स्थान-स्थान पर शाकटायन के साथ मतभेद और गाग्य के साथ सहमति[3] प्रकट की है। निरुक्त के ततीय अध्याय मे उपमा का विवेचन करते हुए यास्क ने गाग्य कृत उपमा लक्षण को नामपूवक उदधत किया है—

अयात उपमा । यदतत्तत्सदशमिति गाग्य । तदासा कम ।
ज्यायसा वा गुणेन प्रख्याततमेन वा कनीयास वाऽप्रख्यात वोपमिमीते,
अथापि कनीयसा ज्यायासम ।।

'उसस भिन्न (अतद्) (उपमेय) का उस' (तद) (उपमान) के साथ सादृश्य[4] उपमा है। उपमा का 'कम' है गुण के आधार पर अनुत्कृष्ट का उत्कृष्ट के साथ अथवा अप्रख्यात का

---

१ त्वमग्ने प्रयतन्दक्षिण नर वर्मेव स्यूत परि पासि विश्वत ।
स्वादुक्षदमा यो वसतौ स्यानकृज्जीवयाज यजते सोपमा दिव ।। (१ ३१ १५)
सहस्रसामाग्निवेशि गृणीष शत्रिमग्न' उपमा केतुमय ।
तस्मा आप सयत पीपयन्त तस्मिन् क्षत्रममवत्त्वेषमस्तु ।। (५ ३४ ९)

२ किसी पौराणिक परम्परा का अनसरण करते हुए राजशेखर ने काव्य मीमासा मे लिखा है कि औपम्य का प्रथम वणन औपकायन ने किया था।

३ उदाहरणाथ निरुक्त के प्रथम अध्याय म यह प्रश्न उठाया गया है कि क्या उपसर्गों का अपना भी कोई अथ है। शाकटायन के अनुसार जिस प्रकार पद से अलग होकर वर्णों की कोई अभिधा शक्ति नहीं है उसी प्रकार नाम और आख्यात स वियक्त उपसर्गों म भी कोई अथ नहा रहता। गाग्य का मत भिन्न है कि उपसग वर्णों के समान अनथक नहीं है उपसग नाम और आख्यात के अथ में परिवतन ला देते हैं यह अथविक्रिया उपसर्गों की अथवत्ता के कारण ही है नामाख्यात का अथ सामान्य है उपसग-योग से वह विशष बन जाता है। यास्क गाग्य के साथ सहमत हैं।

४ तुलना कीजिए— साधर्म्यमुपमा भदे' (काव्य प्रकाश)

प्रख्यात के साथ सादृश्य। कुत्रचित (वेद मे)[1] *उत्कृष्ट का अनुत्कृष्ट के साथ सादश्य भी* दिखाया जा सकता है। उदाहरणाय—

तनूत्यजेव तस्करा वनगू रशनाभिदशभिरभ्यधीताम् ।
इय ते अग्ने न यसी मनीषा युक्ष्वा रथ न शुचयदभिरङ ग ॥ १०, ४, ६ ।

इस म त्र म ऋषि ने अग्नि का म थन करनेवाली बाहुओ (उत्कृष्ट) की तुलना तस्करो (अनुत्कृष्ट) से की है। इसी प्रकार—

कुह स्विददोषा कुह वस्तोरश्विना कुहाभिपित्व करत कुहोषतु ।
को वा शयुत्रा विधवेव देवर मर्यं न योषा कृणुते सधस्थ आ ॥

इस म त्र म ऋषि ने अश्विनो (उत्कृष्ट) की तुलना देवर (अनुत्कृष्ट) से तथा यजमान (उत्कृष्ट) की तुलना विधवा (अनुत्कृष्ट) से की है। वेद के इन म त्रो मे *सादृश्य का आधार* क्रिया[2] है वस्तु अथवा गुण नही, प्रथम म त्र मे अभ्यधीताम तथा द्वितीय मे कृणुते क्रियाओ के अप्रस्तुत कर्ता अनुत्कृष्ट (पर तु प्रख्यात) तथा प्रस्तुत कर्ता उत्कृष्ट (पर तु अप्रख्यात) हैं, म त्रद्रष्टा अप्रख्यात की तुलना क्रिया साम्य के आधार पर प्रख्यात के साथ कर रहे हैं। गार्ग्याचाय ने उपमा के लक्षण म इतना ही आवश्यक माना है कि सादृश्य अप्रख्यात (अतद) का प्रख्यात (तद) के साथ होना चाहिए। यास्काचाय की व्याख्या 'अनुत्कृष्ट का उत्कृष्ट के साथ उपमा के लक्षण मे विशेष परिवतन नही करती प्रत्युत उपमा की सामा य प्रवत्ति की *द्योतक मात्र है क्योकि वे तत्काल ही उसका अपवाद भी प्रस्तुत कर देते हैं।*

निरुक्त के प्रथम अध्याय मे उन चार निपातो का वणन है जिनका 'उपमार्थे' प्रयोग होता है। वे हैं—इव, न, चिद् नु। 'इव का उपमार्थे प्रयोग लोक तथा वेद दोनो मे होता है। न का भाषा मे प्रतिषेधार्थीय प्रयोग होता है, पर तु वेद म प्रतिषेधार्थीय के साथ-साथ उपमार्थे

---

१ ज्यायसा उत्कृष्टन गुणन यो यस्मिन् द्र ये उत्कृष्टो गुणस्तन कनीयासम अनत्कृष्टगणम् उपमिमीते। तदयथा सिहो माणवक। सिहे शौयमुत्कृष्ट माणवकमतेनोपमिमीत सिह इव माणवको विक्रान्त इति। प्रख्याततमेन वा अप्रख्यातम उपमिमीते, प्रख्यातश्च द्रमा अप्रख्यातो माणवकस्त तेनोपमिमीते च द्र इव कान्तो माणवक इति। अथापि क्वचित कनीयसा गणन ज्यायासम् अपि सन्तमुपमिमीते। तन्ते छ दस्येव द्रष्टव्यम। (दुर्गाचायकृत—ऋ वर्थाख्या वृत्ति)।

२ तुलना कीजिए सेवत लषन सिया रघुबीरहि।
ज्यों अविवेकी पुरुष सरीरहि॥
कामिहि नारि पियारि जिमि लोभिहि प्रिय जिमि दास।
तिमि रघुवश निरन्तर, प्रिय लागहि मोहि राम॥ (तुलसी)

(सादृश्य का आधार 'सेवत तथा प्रिय लागहि क्रियाए हैं)।

३ तेषामेते चत्वार उपमार्थे भवन्ति। इवेति भाषायां चान्वध्याय च अग्निरिवेन्द्र इवति। नेति प्रतिषधार्थीयो भाषाया उभयमन्वध्याय च नेन्द्र देवममसत इति प्रतिषधार्थीय पुरस्तादुपाचारस्तस्य यत्प्रतिषधति 'दुमदामो न सुरायाम्' इत्युपमार्थीय उपरिष्टादुपाचारस्तस्य यनोपमिमाते। चिदित्यषोनेककर्मा आचाय श्चिदिद ब्रूयादिति पूजायाम् दधिचिदित्युपमार्थे दधिरूप अोन इति।
नु इत्येषोनेककर्मा 'इद नु करिष्यतीति हेत्वपदेश अथाप्युपमार्थे 'वृक्षस्य न ते पुरुहूत वया ।

भी। प्रतिषेधार्थीय 'न' का प्रयोग उसस पूव होता है जिसका यह प्रतिषेध करता है, यथा 'नेन्द्र देवममसत'। उपमार्थीय 'न का प्रयोग उसके पीछे होता है जिससे उपमा दी जा रही है, 'दुमदासो न सुरायाम्' इसका उदाहरण है। 'चिद' निपात अनेकार्थीय है, इसका उपमार्थ प्रयोग भी होता है यथा 'दधिचिद ओदनम । यहा 'दधिचिद्' का अथ 'दधि के समान' है। इसी प्रकार 'नु' निपात भी अनेकार्थीय है, इसका उपमार्थ प्रयोग निम्नलिखित मन्त्र मे द्रष्टव्य है—

अक्षो न चक्रयो शूर बृहन्प्रते मह्ना रिरिचे रोदस्यो ।
वक्षस्य नु ते पुरुहूत वया व्यूऽतयो रुरुहुरिन्द्र पूर्वी ॥

इन चार निपातो के अतिरिक्त आठ उपमावाचक शब्द और हैं। निघण्टु के ततीय अध्याय म[1] इन बारहो की सूची दी गई है। चार का विवेचन तो निरुक्त के प्रथम अध्याय मे हुआ है। शेष आठ का वणन यास्काचाय ने उपमा क भेदो के साथ निरुक्त के ततीय अध्याय म किया है।

उपमा क पाच भेद हैं—कर्मोपमा, भूतोपमा, रूपोपमा, सिद्धोपमा तथा लुप्तोपमा। कर्मोपमा के वाचक छह हैं—चार वे निपात जिनका विवचन ऊपर हो चुका है तथा दो अन्य निपात— यथा', 'आ'। निघण्टु म इनका क्रम है—इव यथा न, चिद नु, आ। ततीय अध्याय म सभी निपातो के साथ कर्मोपमा के उदाहरण नही दिये गये केवल कतिपय का उल्लेख है—

यथा वातो यथा वन यथा समुद्र एजति ।
भ्राज तो अग्नयो यथा ॥
आत्मा यक्ष्मस्य नश्यति पुरा जीवगभो यथा।
अग्निन ये भ्राजसा रुक्मवक्षस ॥
चतुरश्चिद ददमानाद विभीयादा निधातो ।
जार आ भगम ॥

'कर्मोपमा' नाम की व्याख्या यास्काचाय ने नही की। पर तु दुर्गाचाय ने एक अन्य प्रसग[2] मे बतलाया है कि निरुक्त म 'कम' शब्द अथ' का द्योतक है। इस प्रसग म भी यदि उक्त स्पष्टीकरण को स्वीकार करलें तो कर्मोपमा उपमा का वह भेद माना जायगा जो वाचक शब्दो के प्रयोग द्वारा उपमा के अथ का भी द्योतक करता चले—कर्मोपमा उन वाचको स बनती है जिनम उपमा का अथ भी सन्निहित रहता है अन्य भदो मे या तो वाचक रहते नही अथव यदि रहत है तो उनम उपमा का अथ विद्यमान नही रहता।

'भूत' शब्द के प्रयोग से भूतोपमा' बनती है इसम उपमेय स्वय उपमान बन जाता है। उदाहरण है—

---

1 १ न्नमिव। २ इन्द यथा। ३ अग्निन ये। ४ चतुरश्चिन्द ददमानात। ब्राह्मणा व्रतचारिण। ६ वक्षस्य न ते पुरुहूत वया। ७ जार आ भगम। ८ मेषो भूतोऽभियन्नय। ९ तद्रूप। १० तदवण। ११ तदवत। १२ तथयपमा॥

२ कमशब्दो हि प्रायेणाथपर्यायवचन एतस्मिञ्छास्त्रे। (प्रथम अध्याय म अथ निपाता उच्चावचेष्वर्थेषु निपतन्त्युपमार्थेपि कर्मोपसंग्रहार्थेपि पदपूरणा पर वृत्ति)।

इत्था धीवन्तमद्रिव काण्व मेध्यातिथिम।
मेषो भूतोऽभिय नय ॥

'रूपोपमा के वाचक रूप', 'वण' तथा या हैं। निघण्टु म केवल 'रूप तथा 'वण के उदाहरण दिये गय हैं परन्तु निरुक्त मे 'था' का उदाहरण भी है—

हिरण्यरूप स हिरण्यसदृगपा नपात्सेदु हिरण्यवण ।
त प्रत्नथा पूवथाविश्वथेमथा ।

'सिद्धोपमा का वाचक वत' है यथा ब्राह्मणवत 'वपलवत । वत्तिकार[1] का मत है कि यह उपमा लोक म स्वयसिद्ध है इसलिए इसका नाम सिद्धोपमा रखा गया है। छा दस उदाहरण है— प्रियमेधवदत्रिवज्जातवेदो विरूपवत'।

लुप्तोपमा' का दूसरा नाम 'अर्थोपमा'[2] है इसको उत्तरकालीन[3] आचार्यों का 'रूपक' अलकार समझना चाहिए। यदि लुप्तोपमा अर्थोपमा है तो शष उपमाए शब्दोपमा कही जा सकती हैं। शब्दोपमा के दो वग बनेंगे—वे जिनके वाचको म सादृश्याथ रहता है अर्थात कर्मोपमा, तथा वे जिनके वाचको म सादश्याथ आरोपित किया जाता है अर्थात भूतोपमा, रूपोपमा तथा सिद्धोपमा। अर्थोपमा म इव आदि वाचक शब्दों का अनुच्चारण' रहता है। यास्क न इस के दो रूप बतलाय हैं—'सिंहो व्याघ्र इति पूजायाम' श्वा काक इति कुत्सायाम । इन रूपो म भरत के प्रशसोपमा तथा निन्दोपमा के बीज निहित थ।

उपमा की व्याख्या पाणिनि म भी पायी जाती है। उपमा अलकार के चार अग—उपमान, उपमेय साधारण धम तथा वाचक शब्द पाणिनि के समय स्पष्ट हो चुके थ। पाणिनिसूत्रा म इसका स्पष्ट सकेत है—

उपमानानि सामा यवचनै । २ १ ५५ ॥
उपमित व्याघ्रादिभि सामान्याप्रयोग । २ १ ५६ ॥
तुल्यार्थैरतुलोपमाभ्या ततीयान्यतरस्याम । २ ३ ७२ ॥

पाणिनिसूत्रा म उपमा (पूर्णोपमा) क श्रौती आर्थी भेदा के बीज पाय जाते हैं। श्रौती उपमा यथा, इव वा शब्दा क प्रयोग म है और आर्थी तुल्य समान आदि उपमावाचक शब्दा के प्रयोग म। परन्तु वति प्रत्यय म श्रौती तथा आर्थी दोना प्रकार की उपमा हो सकती है पाणिनिसूत्र तत्र तस्यव (१ ५ ११६) क अनुसार वति प्रत्यय म श्रौती उपमा है, तथा तेन तुल्य क्रिया चेद्वति (५ १ ११५) के अनुसार वति प्रत्यय म आर्थी उपमा।

---

१ वृत्ति एषा सिद्धोपमा सिद्ध वपोरमा लोके।
२ अथ लुप्तोपमान्यर्थोपमानीत्याचक्षते।
३ दण्डी ने रूपक का लक्षण किया है— उपमव तिरोभूतभेदा रूपकमुच्यते ।
४ यास्क की सिद्धोपमा (लुप्तोपमा का रूप) भामह स आग लुप्तोपमा का एक रूप वजितावित्ता बन्द रही यास्क न उसको लुप्तोपमा नहीं माना था।

उपमा (पूर्णोपमा) के इन दोनो भेदो के तीन-तीन उपभेद हैं जिनका आधार पाणिनि का व्याकरण है। य उपभेद हैं—वाक्यगत, समासगत, तथा तद्धितगत।

इसी प्रकार लुप्तोपमा के पाच भेद पाणिनिसूत्रो की सहायता के बिना, समझे ही नही जा सकत। 'उपमानादाचारे (३ १ १०) सूत्र से 'क्यच प्रत्यय होन पर दो प्रकार की लुप्तोपमा होती है—एक, आधारअथ मे क्यच प्रत्यय, द्वितीय कमअथ म क्यच प्रत्यय। कर्तु क्यङ सलोपश्च' (३ १ ११) सूत्र से क्यङ प्रत्यय म लुप्तोपमा का तीसरा प्रकार है। 'उपमाने कमणि' (३ ४ ४५) सूत्र से ण्वुल प्रत्यय कम तथा कर्ता उपपद रहते हुए होता है और लुप्तोपमा के चतुथ तथा पचम प्रकार सिद्ध होते हैं।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि भरत से पूव अलकार का अध्ययन व्याकरण का विषय था और लाक एव वेद की व्याख्या म कम मे कम उपमा अलकार की व्याख्या पर व्याख्याताओ का ध्यान रहता था। निरुक्त एव व्याकरण वेदागो से अलकारशास्त्र का स्पष्ट उदगम लक्षित होता है और उत्तर आचार्यो न भी अपने अध्ययन का इन शास्त्रो के आधार पर विस्तार किया है।

भरत

भरत न नाटयशास्त्र के सोलहवें अध्याय म चार अलकारो का वणन किया है उनम प्रथम अलकार उपमा है। काव्य व धो म सादृश्य के द्वारा जो तुलना की जाती है वह गुणाकृतिसमाश्रया[1] उपमा है। इस लक्षण मे 'गुणाकृतिसमाश्रया पद व्याख्यापेक्षी है। विवतिकार अभिनवगुप्त के अनुसार जिन इव आदि शब्दो द्वारा गुण (सादृश्य) द्योतित हो वे गुणाकृति है।[2] य शब्द उपमा के आश्रय हैं क्योकि इनसे गुण सादृश्य का ज्ञान होता है। इस व्याख्या के अनुसार उपमा म इव आदि शब्दो की विद्यमानता अनिवाय है परन्तु सत्य यह नही है। भरत न किचित्सदशी उपमा का जो उदाहरण[3] दिया है उसम इव आदि वाचक शब्द विद्यमान नही है। गुणाकृतिसमाश्रया का एक अथ यह भी हो सकता है कि उपमा म सादश्य का आश्रय 'गुण तथा 'आकृति' ह। 'मतगजा विराजन्ते जगमा इव पवता इस उदाहरण म मतगजा और पवता म आकृति सादश्य के साथ साथ जगमत्व रूपी गुण सादृश्य भी है। 'गुणाकृति पद का विग्रह तीनो प्रकार स हो सकता है— गुण तथा आकृति, 'गुण अथवा आकृति गुण गर्भित आकृति'।

उपमा म चार रूप हो सकत है—एक की एक के साथ, एक की अनेक के साथ, अनेक की

---

१ यत्किञ्चित् काव्यबन्धेषु सादृश्येनोपमीयत।
उपमा नाम सा ज्ञेया गुणाकृतिसमाश्रया ॥४४॥
(अन्यथा सकेत के अभाव में इस प्रसग म समस्त उद्धरण निणयसागर प्रस की प्रति के अनसार हैं।)

२ गुण सम्बन्ध आश्रियन द्योत्यन अननेति गुणाकृति इवादि शब्द आश्रीयमाणो यस्यामिति गुणाकृति समाश्रया। (षोडशाध्याय प ३२२)

३ सपणचन्द्रवदना नीलोत्पलदलेक्षणा।
मत्तमातगगमना सम्प्राप्तेय सखी मम ॥

एक के साथ, अनेक की अनेक के साथ। तुल्य त शशिना वदनम् एक (मुख) की एक (शशि) के साथ उपमा का उदाहरण है— श्येन-बर्हिणभासाना तुल्यार्थ म एक (अर्थ) की उपमा अनेक (भासानां) के साथ है, ' 'शशाङ्कवक्त्रप्रकान्ते ज्योतींषि तथा 'घना इव गजा क्रमश अनेक की एक के साथ तथा 'अनेक की अनेक के साथ के उदाहरण हैं।

उपमान की दृष्टि म रखकर उपमा के पाँच भेद हैं—प्रशंसा निन्दा, कल्पिता, सदृशी तथा किंचित्सदृशी। इनके उदाहरण ही प्रस्तुत किय गये हैं लक्षण नहीं। अन्त म भरत कहते हैं कि विद्वानों को संक्षेप मे उपमा के इतने ही भेद जानने चाहिए, जिन भेदों का यहाँ विवेचन नहीं है उनको काव्य और लोक से स्वयमेव ग्रहण कर लेना चाहिए।

जिस उपमा म उपमान प्रशस्य हो उस प्रशंसोपमा कहते हैं। यथा—

दृष्ट्वा तु तां विशालाक्षीं तुतोष मनुजाधिप।
मुनिभि साधिता कृच्छ्रात् सिद्धि मूर्तिमतीमिव॥ ५१॥

यहाँ विशालाक्षी की तुलना 'सिद्धि' (प्रशस्य) के साथ की गई है। यह एक से एक की उपमा का उदाहरण हुआ। यास्क के शब्दों म इसको अनुत्कृष्ट को उत्कृष्ट के साथ कर्मोपमा' कह सकते हैं। निन्दोपमा' इसके ठीक विपरीत है उसे 'उत्कृष्ट की अनुत्कृष्ट के साथ कर्मोपमा कहा जायगा। उदाहरण म प्रेमपात्र की तुलना दावाग्नि से दग्ध द्रुम (अनुत्कृष्ट) के साथ की गई है—

सा त भवगुणहीन सस्वजे कर्कशच्छविम।
वने कण्ठगत वल्ली शाव दग्धमिव द्रुमम्॥ ५२॥

कल्पितगुणयुक्त उपमान से तुलना कल्पितोपमा है—

मत्तगजा विराजन्ते जङ्गमा इव पर्वता॥ ५३॥

पर्वत जड होते हैं परन्तु कवि ने उनमे जंगमत्व गुण की कल्पना कर ली है। यह 'अनेक के साथ अनेक की उपमा है। इस भेद की दृष्टि से प्रशंसोपमा तथा निन्दोपमा के उदाहरण अकल्पितोपमा के उदाहरण हैं।

सदृशी उपमा को कुछ आचार्य 'असदृशी' मानते हैं। निर्णयसागर की प्रति मे सदृश न तथैव पाठ है और गायकवाड सीरीज की प्रति म सदृश तत्तवैव'। दोनों पाठों का आशय एक ही है। जो कर्म आज तुमने किया है वह तुम्हारे ही अनुरूप है' (उसके सदृश दूसरा कोई नहीं कर सकता)। इस उदाहरण म उपमेय का उपमान से पूर्ण सादृश्य है उपमेय ही उपमान है।

१ निर्णयसागर प्रेस की प्रति में ४६वें श्लोक का उत्तरार्ध तथा ४६वें श्लोक का पूर्वार्द्ध अतिरिक्त पाठ है जो गायकवाड सीरीज की प्रति म नहीं मिलता। दोनों ही प्रतियों में उपर्युक्त चार रूपों के उदाहरणों म क्रम भंग है प्रथम तथा चतुर्थ तो यथा स्थान हैं द्वितीय-तृतीय मे स्थान विपर्यय हो गया है।

२ उपमाया बधरैते भेदा ज्ञेया समासत।
ये शेषा लक्षण नोक्तास्ते ग्राह्या काव्यलोकत॥५६।

३ उपमानस्य प्राशस्त्यात प्रशंसोपमा। एवं सर्वत्र। (विवृति)

४ असदृशीत्यन्ये पठन्ति। (विवृति पृ० ३२३)

५ यत्रोपमेयस्यैवोपमानता सेयं सदृशी। (—वही पृ० ३२४)

यह चमत्कार 'अन वय तथा उपमेयोपमा दाना के सौ दय स भि न है।

किंचित्सदशी उपमा का उदाहरण है—

सपूणच द्रवदना नीलोत्पलदलेक्षणा।
मत्तमातगगमना सप्राप्तेय सखी मम ॥ ५५ ॥

सखी के भि न भि न अगो का सादश्य यहा विभि न उपमानो से वर्णित है। किसी उपमान क साथ पूण सादश्य न होने स अनेक उपमानो के साथ किंचित किंचित[1] सादश्य है । 'मत्तमातगगमना कहन स सखी की गति के साथ ही (किंचित) मातग की गति का सादश्य है, उसके शरीर, स्व भाव आदि के साथ नही। ,

नाटयशास्त्र म उपमावाचक शब्दो पर विचार नही किया गया, और न उपमा के भेद निश्चय करने म वाचको का कोई महत्त्व है। प्रथम तीन भेदा के उदाहरणो म 'इव' वाचक का प्रयोग है अ तिम दो क उदाहरणा म वाचक का अभाव है।

भामह

'काव्यालकार के द्वितीय परिच्छेद म भामह ने सवप्रथम अनुप्रास का वणन करके तदन तर भरत द्वारा वर्णित अलकारो का विपरीत क्रम स विवेचन किया है उपमा उस पचालकार वग म अ तिम (श्लोक सख्या ३० से ३८ तक) है। उपमा का लक्षण है—

विरुद्धेनोपमानेन देशकाल क्रियादिभि ।
उपमेयस्य यत्साम्य गुणलेशेन सोपमा ॥३०॥

इस लक्षण म 'विरुद्धेन', 'देश काल क्रियादिभि ', साम्यम' तथा 'गुणलशेन पद व्याख्यापेक्षी हैं। गाग्य 'तद' के साथ अतद क सादश्य को उपमा मानते थे उनका 'तद' प्रख्यात था और 'अतद्' अप्रख्यात। तद' और 'अतद परस्पर 'विरुद्ध' हैं। इसीलिए भामह के मत म उपमान उपमेय के विरुद्ध होना चाहिए। विरुद्ध का अथ भि न' है विरोधी या विपरीत नही। उपमेय और उपमान अलग अलग हा और अलग अलग जाति क हा। तुम्हारा मुख उसके मुख क समान सुदर है—इस वाक्य म अविरुद्धत्व क कारण कोई चमत्कार ही नहीं रहा। कुछ विद्वान्[2] विरुद्धत्व को 'देश-काल क्रियादिभि ' द्वारा परिसीमित करक 'विरुद्ध' का अथ 'भि न' मानते हैं और उपमा के लक्षण मे 'विरुद्ध' शब्द का प्रयाग 'अन वय' का व्यवच्छेदक सिद्ध करते हैं। यदि इसे स्वीकार कर लें ता उपमेय और उपमान भिन तो होगे, पर तु भि न जाति के होना आवश्यक नहीं।

'साम्य' तो 'सादृश्य' का पर्याय है। आगे चलकर विश्वनाथ ने उपमा के लक्षण म सादृश्य

---

१ किंचित्सदृशमित्ययमुपमान भवति। (विवृति पृ० २२४)

२ विरुद्ध सिम्प्ली मीन्स डिफरेंट नोट कोण्ट्रेरी। उपमा एराइजज व्हेअर सिमीलारिटी इज एक्सप्रस्ड बिटवीन टू डिफरेंट थी जक्ग्स। बट ह्वेअर वा ए पोइन्टिंग स्ट्रोक ए थिंग इज कम्पयड ट इटसल्फ ट रजस्ट इग्स मचलसनस इ थिन अमाउण्ट टू अनन्वय। (काव्यालकार बालमनोरमा सीरीज पृ० ७६ ८०)

के स्थान पर साम्य का प्रयोग[1] किया है। भामह ने सादृश्य का पर्याय 'गुणलेशन साम्यम' को माना है क्योंकि अगले श्लोक में, जहाँ गुणलेश नहीं है, साम्य के स्थान पर सादृश्य का प्रयोग है— यथवशब्दौ सादृश्यमाहतुर्व्यतिरेकिणा'। उपमेय और उपमान में भिन्नता तो अनेक प्रकार की होगी परन्तु साम्य गुणलेश का ही होगा। यही गुणलेश का साम्य उपमा का आधार है। भरत ने इसी साम्य को गुणाकृतिसमाश्रय बतलाया था। उपमेय उपमान में देश, काल, क्रिया आदि का विरोध (=अन्तर) होगा किन्तु किंचित (गुणलेश) का साम्य भी होगा जिसे उपमा का आधार माना जा सकता है। भामह का 'गुण' ('गुणलेश' में) भरत के गुणाकृति के समानान्तर समझना चाहिए।

उपमा के वाचक यथा तथा 'इव' हैं। 'यथवशब्दौ सादृश्यमाहतुर्व्यतिरेकिणो' श्लोकार्द्ध में द्विवचन का व्यवहार यह सूचित करता है कि वाचक केवल दो ही हैं। भरत ने वाचक पर विचार नहीं किया। यास्क ने कर्मोपमा के छह वाचक बतलाये हैं, जिनमें से न चिद नु तथा आ का भाषा में व्यवहार न रहा, केवल 'इव', यथा शेष रह गये। भामह ने केवल उन्हीं दो[2] को वाचक स्वीकार किया है। दण्डी ने इन दो के अतिरिक्त अन्य अनेक वाचकों का भी वर्णन किया है।

यथा तथा इव वाचकों के अभाव में भी उपमा सम्भव है (भामह ने लुप्तोपमा' संज्ञा[3] का व्यवहार नहीं किया)। इस वाचक लुप्तोपमा के दो भेद हैं—समासाभिहिता तथा वतिना भिहिता[4]। *वाचक के अभाव में समास द्वारा उपमेय और उपमान के सादृश्य की व्यंजना हो सकती है यथा कमलपत्राक्षी शशाङ्कवदना।* यदि ये दोनों उदाहरण एक ही प्रसंग के होते तो भरत की किंचित्सदृशी उपमा बन जाती भामह ने भरत द्वारा प्रयुक्त शब्दों के पर्याय[6] मात्र रख दिये हैं।

उपमेय और उपमान में क्रियासाम्य के लिए जो वत प्रत्यय होता है वह 'वतिनाभिहिता लुप्तोपमा का उदाहरण है। पाणिनि के दो सूत्रों से वत प्रत्यय होता है— तेन तुल्य क्रिया चेद वतिः तथा तत्र तस्येव। प्रथम सूत्र तुल्य क्रिया का विधान करता है, दूसरे में तुल्यता नहीं इसलिए उपमा का भी प्रश्न नहीं आता। उदाहरण है— द्विजातिवत अधीते 'गुरुवत अनुशास्ति। उपमा के इस भेद को यास्क ने सिद्धोपमा नाम दिया था, उनका ब्राह्मणवत ही यहाँ द्विजातिवत बन गया है।

---

१ साम्य वाच्यमवैधर्म्य वाक्यैक्य उपमा द्वयोः। (दशम परिच्छेद)।

२ निघण्टु में प्रथम इव है पश्चात यथा। भामह ने यथा को पूर्व रखा है इव को पश्चात। यद्यपि उदाहरण निघण्टु के क्रम से ही दिये हैं।

३ परा शब्द के प्रयोग से लुप्ता भेद की व्यंजना तो होती ही है।

४ क्रिया यथवशब्दाभ्या समासाभिहिता परा।३२।

५ वतिनापि क्रियासाम्य तद्वदेवाभिधीयते।३३।

६ सम्पूर्णचन्द्रवदना नीलोत्पलदलेक्षणा —भरत
शशाङ्कवदना कमलपत्राक्षी। —भामह

भामह न 'प्रतिवस्तूपमा को वाचक लुप्तापमा का एक रूप माना है। इसम 'यथा', 'इव विना भी समान वस्तु यास से 'गुण साम्य प्रतीति होती है—

समान वस्तु यासेन प्रतिवस्तूपमोच्यते ।
यथवानभिधानेऽपि गुण साम्य प्रतीतित ॥३४॥

इस लक्षण म वस्तु' का अथ विषय (भाव अथवा विचार) है, एक भाव या विचार का य भाव या विचार से 'गुण साम्य इस अलकार का प्राण है। 'यास का सवत है कि स्तु-कथन अलग अलग वाक्यो म हागा। गुण साम्य व्यग्य है, उसकी 'प्रतीति' होती है ाक्षात कथन नही। प्रतिवस्तूपमा क दो वाक्या म जिन दो धर्मों का कथन होता है उनम विकल्पना द्वारा साम्य स्थापित किया जाता है— साम्यमापादयति विरोधेऽपि तयो'।[1]

भामह न समकालीन आचार्यों द्वारा स्वीकृत उपमा के कुछ भेदा का खण्डन कर दिया है। े भेद हैं—नि दापमा, प्रशसोपमा, आचिख्यासोपमा तथा मालोपमा। प्रशसोपमा तथा नि दा मा व बीज निरुक्त म 'अनुत्कृष्ट की उत्कृष्ट के साथ तथा 'उत्कृष्ट की अनुत्कृष्ट के साथ ाम स विद्यमान थ, भरत ने इन भेदा का विवेचन किया। आगे चलकर दण्डी ने भी इनको स्वीकार किया है। 'आचिख्यासोपमा तथा 'मालोपमा का दण्डी ने प्रथम बार वणन किया है। भामह का तक है कि उपमा क 'सामा य गुण निर्देश'[2] स सभी भेदा का विवेचन स्वत हा गया, उनके उपमाना क आधार पर अलग भेद करन स व्यथ का विस्तार ही होगा। भामह का यह क उदभट म उपमा का व्याकरण के अनुसार भेद विस्तार करने का आधार बन गया है।

अग्निपुराणकार[3]

अग्निपुराण म आठ अर्थालकारा का विवेचन है—स्वरूप सादृश्य, उत्प्रेक्षा अतिशय, विभा वना विरोध हेतु तथा सम। सादृश्य अलकार क चार प्रकार हैं—उपमा, रूपक, सहोक्ति तथा अर्थान्तरन्यास। उपमा का लक्षण है—

उपमा नाम सा यस्यामुपमानोपमेययो ।
सत्ता चान्तरसामा ययोगित्वऽपि विवक्षितम् ॥८॥६॥
किंचिदादाय सारूप्य लोकयात्रा प्रवतते ॥८॥७॥

---

१ साध-साधारणत्वाद्गुणोऽत्र व्यतिरिच्यत ।
स साम्यमापादयति विरोधऽपि तयोयथा ॥३५॥

२ सामान्य-गुण निर्देशात् त्रयमप्युदित ननु ।
मालोपमादि सर्वोऽपि न न्याय्यान विस्तरो मधा ॥३८॥

३ 'अग्निपुराण का काल विवादास्पद है इसलिए प्रस्तुत अध्ययन म उसकी चचा पाद टिप्पणी म की गई है। उपमा का विवेचन इसका अपवाद है। उपमा विवेचन म अग्निपुराण एव काव्यादर्श का विशष साम्य है इसलिए इस प्रसग म इन दो ग्र थों का अध्ययन आगे-पीछे रखकर करना उचित प्रतीत होता है।

उपमान और उपमेय में अन्तर होते हुए भी सादृश्य का वर्णन उपमा का चमत्कार है। किंचित्सादृश्य के आधार पर ही लोक में इस सौन्दर्य का उपयोग होता है।

इस लक्षण में उपमा का आधार स्पष्ट हो जाता है—दो भिन्न वस्तुओं में किंचित समानता। आचार्यों ने इसी आधार 'तत्तत्समदर्शम' का आगे विस्तार किया है।

उपमा के दो भेद हैं—समासोपमा तथा असमासोपमा।[1] अभिधान के विग्रह से जहाँ उपमा का बोध स्पष्ट हो वहाँ समासोपमा अन्यथा असमासा है। इनके तीन-तीन उपभेद हो सकते हैं—वाचक उपमेय तथा वाचकोपमेय उभयपदों के आधार पर। उपमा के पुनः अठारह भेद हैं —

(क) धर्मोपमा—यत्र साधारणो धर्म कथ्यते।
(ख) वस्तूपमा—गम्यतेऽपि वा।
(ग) परस्परोपमा[2]—तुल्यमवाप्यमीयत यत्रान्योन्यन धर्मिणो।
(घ) विपरीतोपमा[3]—प्रसिद्ध अन्यथा तयो।
(ङ) नियमोपमा—व्यावर्त्ते नियमोपमा।
(च) अनियमोपमा—अन्यत्राप्यनुवर्त्तस्तु।
(छ) समुच्चयोपमा—अतोऽन्यधर्मबाहुल्य कीर्तनात्।
(ज) व्यतिरेकोपमा—यदुच्यतेऽतिरिक्तत्वम।
(झ) बहूपमा—यत्रोपमा स्याद बहुभि सदृश।
(ञ) मालोपमा—धर्मा प्रत्युपमान चेद।
(ट) विक्रियोपमा—उपमान विकारेण तुलना।
(ठ) अद्भुतोपमा—त्रलोक्यासभवि किमप्यरोप्य प्रतियोगिनि।
(ड) मोहोपमा—प्रतियोगिनमरोप्य तदभेदेन कीर्तनम।
(ढ) सशयोपमा—उभयोर्धर्मिणोस्तथ्यानिश्चयात।
(ण) निश्चयोपमा[4]—उपमेयस्य सशय्य निश्चयात।
(त) वाक्यार्थोपमा—वाक्यार्थेनव वाक्यार्थोपमा स्यादुपमानत।
(थ) असाधारणी[5]—आत्मोपमानादुपमाऽसाधारण्यतिशायिनी।
(द) अन्योपमा[6]—उपमेय यदन्यस्य तदन्यस्योपमा मता।
(ध) गगनोपमा—यद्युत्तरोत्तर याति।[8]

---

१ समासेनासमासेन सा द्विधा प्रतियोगिन।
विग्रहाद्भिधानस्य ससमासाऽन्ययोत्तरा॥
२ दण्डी की अन्योन्योपमा है।
३ दण्डी की विपर्यासोपमा है।
४ दण्डी की निर्णयोपमा के समीप है।
५ दण्डी का निर्णयोपमा है।
६ दण्डी की अतिशयोपमा है।
७ दण्डी का प्रतिवस्तूपमा से निकटता है।
८ उत्तरोत्तर क्रम से उपमा का सौन्दर्य।

गणना से ये उन्नीस भेद हैं परन्तु अग्निपुराण में अष्टादश[1] संख्या का उल्लेख है कदाचित प्रथम दो को एकत्र रखते हुए। उपमा के ये अष्टादश भेद किसी-न किसी रूप में 'काव्यादर्श' में भी पाये जाते हैं। क्रम से क्रम बारह भेदों के नाम भी 'अग्निपुराण तथा काव्यादर्श' में एक ही हैं शेष में किञ्चित परिवर्तन है।

इन भेदों के अनन्तर उपमान की दृष्टि से रखकर किये गये भरत के पाँच भेदों को अग्निपुराण में यथावत्[2] गिना दिया गया है उनकी व्याख्या तक नहीं की गई। यदि यह श्लोक प्रक्षिप्त नहीं है तो भरत के अग्निपुराणकार पर ऋण की सूचना देता है।

अग्निपुराण में उपमा भेदों के लक्षण बहुत स्पष्ट नहीं हैं, दण्डी में उन नामों को पाकर ही हम उनका क्षेत्र समझ पाते हैं। उदाहरण देने की तो प्रथा यहाँ पायी ही नहीं जाती।

दण्डी

'काव्यादर्श' के द्वितीय परिच्छेद में दण्डी ने बड़े विस्तार से उपमा तथा उसके 'प्रपंच'[3] का वर्णन किया है। उपमा का लक्षण अत्यन्त व्यापक एवं उदार है—'यथाकथञ्चित् सादृश्य यत्रोद्भूत प्रतीयते।

इस लक्षण में 'यथाकथञ्चित्' तथा 'प्रतीयते' दो शब्दों के कारण उपमा में सादृश्य मात्र समा गया और वैज्ञानिकता का लोप हो गया। भामह कृत लक्षण वैज्ञानिक है और उन्होंने उपमा के अनेक भेदों की आवश्यकता भी नहीं समझी। दण्डी का यथाकथंचित भरत के यत्किंचित[4] तथा अग्नि-पुराण के 'किंचिदादाय'[5] के मेल में है। इसका अभिप्राय यह है कि 'सादृश्य' कवि कल्पित ही होता है तथा सादृश्य का आधार उपमेय उपमान का गुण क्रिया[6] आदि कोई भी धर्म हो सकता है। 'प्रतीयते' का अभिप्राय है कि वाच्यत्व[6] के अतिरिक्त भी उपमा के साधन हो सकते हैं। दण्डी का 'उद्भूतम'[7] अन्य आचार्यों के चेतोहारि (उद्भट) 'चमत्कारि (वाग्भट), 'हृद्य' (हेमचन्द्र तथा अप्पय दीक्षित) 'सुन्दर (जगन्नाथ) आदि[8] का ही अर्थापन्न है। इस प्रकार दण्डी के अनुसार किसी भी धर्म के आधार पर जहाँ उपमेय और उपमान में रमणीय सादृश्य[8] की, कवि कल्पना कर लेता है वहाँ उपमा का सौन्दर्य समझना चाहिए।

---

१ विशिष्यमाणा उपमा भवन्त्यष्टादश स्फुटा ॥

२ *प्रशसा चैव निन्दा च कल्पिता सदृशी तथा।*
किंचिच्चासदृशी ज्ञेया उपमा पञ्चधा पुन ॥२१॥

३ उपमा नाम सा तस्या प्रपञ्चोऽय प्रदर्श्यते॥१४॥

४ यत्किंचित काव्यबन्धेषु सादृश्येनोपमीयते।

५ किंचिदादाय सारूप्य लोकयात्रा प्रवर्तते। ६ प्रभाख्या व्याख्या पृ० ११६।

६ विश्वनाथ ने वाच्यत्व तथा साम्य को सीमित किया है—साम्य वाच्यमवैधर्म्यं वाक्यैक्य उपमा द्वयो।

७ रत्नश्री टीका में 'उद्भूतम' की व्याख्या इस प्रकार की है— उद्भूत व्यक्त भेदस्य परिस्फुटत्वाद उपमानोपमेयया। (पृ० ७२)

८ दण्डिनस्तु सादृश्यस्य प्रतीयमानता मात्राभिप्रायेणोपमा-व्यवहार। (विश्वेश्वर)

उपमा के भेदों में भी दण्डी अत्यन्त उदार हैं। उनके बताये हुए अनेक भेद आगे चलकर स्वतन्त्र अलंकार बन गये। विभाग में कोई तर्क दृष्टिगत नहीं होता, उसे अर्थानुरोधेन विभाग ही समझना चाहिए। आगे चलकर उद्भट ने व्याकरण प्रयोगानुरोधेन उपमा के भेद किये जिनको वैज्ञानिक देखकर सभी आचार्यों ने स्वीकार कर लिया।

धर्मोपमा में साधारण धर्म का साक्षात् प्रदर्शन[1] (अथवा निदर्शन)[2] रहता है अर्थात् साधारण धर्म शब्दोपात्त[3] है। इसके विपरीत वस्तूपमा में तुल्यधर्म प्रतीयमान[4] है साक्षात् नहीं। डा० एस० के० दे के अनुसार धर्मोपमा में उपमान उपमेय गत धर्म के लिए ही व्यवहृत होता है परन्तु वस्तूपमा में उपमान और उपमेय की पूर्णतः[5] तुलना की जाती है। 'अग्निपुराण' के अनुसार धर्मोपमा में धर्म की प्रधानता है और वस्तूपमा में वस्तु की धर्मोपमा में साधारण धर्म कथ्य है और वस्तूपमा में साधारण धर्म गम्य[6]। वस्तूपमा अप्पय दीक्षित आदि का धर्म-लुप्तोपमा है। वस्तूपमा के लिए यह आवश्यक है कि तुल्यधर्म प्रसिद्ध हो, अन्यथा साक्षात्प्रदर्शन के अभाव में उसकी प्रतीति न हो सकेगी। धर्मोपमा तथा वस्तूपमा के उदाहरण हैं—

अम्भोरुहमिवाताम्रं मुग्धे करतलं तव। (धर्मोपमा)
राजीवमिव ते वक्त्रं, नेत्रे नीलोत्पले इव। (वस्तूपमा)

उपमान और उपमेय का प्रसिद्धि विपर्यास[7] विपर्यासोपमा है। यह नव्याचार्यों का प्रतीप अलंकार है। विपर्यासोपमा में प्रसिद्धोपमान का अपमान[8] प्रतीत होता है, साक्षात् नहीं परन्तु निन्दोपमा तथा प्रतिषेधोपमा में यह अपमान प्रत्यक्ष है। 'अन्योन्योत्कर्षशंसिनी उपमा का नाम अन्योन्योपमा है। इसको नव्याचार्यों ने उपमेयोपमा तथा भोज ने उभयोपमा नाम से स्वतन्त्र अलंकार माना है। उपमेयोपमा को भामह ने भी एक स्वतन्त्र अलंकार माना था।

'नियमोपमा में उपमेय का साम्य उपमान तक ही नियमित करके अन्य के साथ साम्य की व्यावृत्ति[9] हो जाती है, तृतीय सदृश व्यवच्छेद इसमें विवक्षित है। 'अलंकारशेखर' में इसी

१ इति धर्मोपमा साक्षात् तुल्य धर्म प्रदर्शनात् ॥१५॥

२ काव्यलक्षण में तुल्य धर्म निदर्शनात् पाठ है।

३ रत्नश्री टीका पृ० ७२।

४ इति प्रतीयमानैकधर्मा वस्तूपमैव सा ॥१६॥

५ इन दि फर्स्ट दि उपमान इज सम्मन्ड अप मियरली टु ब्रिंग आउट दि नेचर आफ दि उपमेयगत धर्म इन दि सेकण्ड दि उपमान एज ए होल इज कम्पेयर्ड विद दि उपमेय एज ए होल दि टू बीइंग रिगार्डेड एज एण्टायरली एलाइक। (काव्यादर्श नोट्स पृ० ८३)

६ यत्र साधारणो धर्मः कथ्यते गम्यतेऽपि वा।
ते धर्म वस्तु प्राधान्यात् धर्म वस्तूपमे उभे॥

७ सा प्रसिद्धि विपर्यासाद् विपर्यासोपमेष्यते ॥१७॥

८ दि डिप्रेशन आफ दि प्रसिद्धोपमान इज ओनली इम्प्लाइड इन विपर्यासोपमा बट इज एक्सप्लिसिटली ब्रोट आउट इन दि अदर टू वैरायटीज। (नोट्स पृ० ८४)

९ इत्यन्यसाम्यव्यावृत्तेरियं सा नियमोपमा ॥१६॥

व्यावृत्ति का आग्रह किया गया है— यत्र इतर व्यावृत्त्या साम्यलाभ'। 'अनियमोपमा' में यह व्यावृत्ति अविवक्षित है। उदाहरण है— पद्मं तावत् तवा वेति मुखम अन्यच्च तादृशमस्ति चेदस्तु'। उपमान के विषय में नियम न होने के कारण यह अनियमोपमा कहलाती है।

'समुच्चयोपमा' में उपमान और उपमेय के साधारण धर्मों का समुच्चय होता है। चमत्कार के लिए तुल्य धर्म भिन्न भिन्न क्षेत्रों से आने चाहिए। उदाहरण में गुण क्रिया का समुच्चय है, मुख और चन्द्र में कान्ति गुण भी तुल्य धर्म है और ह्लादन क्रिया भी। अग्निपुराणकार ने तो स्पष्टतः विलक्षण'[1] का आग्रह किया है। बहूपमा' में उपमान अनेक होते हैं, 'समुच्चयोपमा' में तुल्यधर्म अनेक होते हैं।

उपमान और उपमेय में गुण क्रिया आदि का भेद रहते हुए भी[2] किंचिद भेद को दिखलाकर शेष भेद का निषेध 'अतिशयोपमा' है। 'इव' आदि साधर्म्य वाचक शब्द के अभाव में यहां साम्य व्यंग्य ही है। व्यतिरेक में उपमेय का उपमान पर आधिक्य[3] वर्णित रहता है, 'अतिशयोपमा' में इस प्रकार की व्यंजना नहीं होती। दण्डी ने व्यतिरेक को इसीलिए स्वतन्त्र अलंकार माना है। अतिशयोपमा का उदाहरण है—'त्वन्मुख त्वय्येव दृष्टं दिवि चन्द्रमा, इयत्येव भिदा, नान्या'।

'उत्प्रेक्षितोपमा' में भी साम्य व्यंग्य होता है, साथ ही किसी अन्य उक्ति की संभावना भी रहती[4] है। उदाहरण है— अस्या मुखश्री मय्येव इति इन्दो! विकत्थनरलम, यतः सा पद्मेऽपि अस्त्येव। उत्प्रेक्षा में उपमेय और उपमान का साम्य होता है, उत्प्रेक्षितोपमा में संभावना का इस साम्य से कोई सम्बन्ध नहीं। इस अलंकार में उत्प्रेक्षण का विषय मुख और चन्द्र का साम्य नहीं, प्रत्युत चन्द्र की गर्वोक्ति है, और इस गर्वोक्ति द्वारा साम्य की व्यंजना होती है। इसलिए यहां उपमा ही उत्प्रेक्षित है।

'अद्भुतोपमा' को नव्याचार्य अतिशयोक्ति कहते हैं। 'अलंकारशेखर' में इसको अभूतोपमा कहा गया है, परन्तु 'काव्यादर्श' में 'अभूतोपमा' एक अन्य भेद का नाम है। अग्निपुराण[5] में इसका लक्षण है कि उपमेय की तुलना उपमान के साथ कल्पित असंभव दशाओं में ही हो सकती है—यह कथन 'अद्भुतोपमा' है। यह भेद दण्डी के अभूतोपमा तथा 'असंभावितोपमा

---

१ बहूपमस्य साम्येऽपि वैलक्षण्यं विवक्षितम्॥

२ उपमानोपमेययो गुण क्रियादिभिः महत्यपि भेदे किंचिद भेद प्रदर्शन पुरस्सरं नान्यो भेद इति अभिन्नाध्यवसानेन उपमेयस्य गुण क्रियातिशयो वर्णितो भवति। (प्रभाख्या व्याख्या)

३ नापि व्यतिरेकः। उपमानाद् उपमेय गुणाधिक्यस्य अनुद्भवात। (प्रभाख्या व्याख्या)

४ अत्र चन्द्रमसा आत्मश्लाघाया अतात्त्विकत्वेन नायकस्य चाटूक्त्या संभावनयोत्प्रेक्षितत्वेन इयं उत्प्रेक्षितोपमा। (प्रभाख्या व्याख्या)। इत्युत्प्रेक्षया असतोऽपि तयाविकत्थनस्याध्यासेन वदनमिन्दुनोपमीयत इति।
(रत्नश्री टीका प ७४)

५ त्रलोक्यासंभवि किमप्यारोप्य प्रतियोगिनि।
कवितोपमीयते या प्रथते सादभुतोपमा॥

भेद से भिन्न है। अभूतोपमा' मे अभूत उपमान का कथन होता है अदभुतोपमा म उपमान विद्यमान तथा प्रसिद्ध है पर तु उसके विशेषण असभव होते हैं। 'असभावितोपमा म प्रस्तुत धर्मी के उन गुणा का कथन होता है जो उसम असभव हैं अदभुतोपमा' म प्रस्तुतधर्मी म किसी अन्य धर्मी के असभव धम का अधिरोपण होता है। अद्भुतोपमा' का भरत की कल्पितोपमा से साम्य है परन्तु कल्पितोपमा अप्रस्तुत म साम्यातिरेक के कारण प्रस्तुत के धम की कल्पना कर लेती है और यहा साम्य का अतिरेक नहीं इसलिए धम का अधिरोपण मात्र होता है। दण्डी ने अदभुतोपमा का जो उदाहरण[1] दिया है वही यत्किंचित परिवतन के साथ विश्वनाथ की 'असम्बन्धे सम्बन्ध ' अतिशयोक्ति का उदाहरण[2] है।

मोहोपमा सशयोपमा तथा निणयोपमा' न याचार्यों के भ्रान्तिमान, 'स देह तथा निश्चय अलकार हैं। सशयोपमा बीच की स्थिति है इसम दो विरुद्ध अर्थों का अवमश विद्यमान रहता है। तदनन्तर दशक ने यदि उपमान को उपमेय समझ लिया तो 'मोहोपमा' का चमत्कार हो गया, पर तु यदि उपमान को उपमान ही ग्रहण किया तो निणयोपमा' का सौ दय बना। इसीलिए भ्रान्त निणय से उत्पन्न 'मोहोपमा' तथा साधु निणय से उत्पन्न निणयोपमा परस्पर म विरोधी हैं। निणयोपमा का साम्य तत्त्वाख्यानोपमा से है, परन्तु निणयोपमा म सशय पूवक साधु निणय होता है और तत्त्वाख्यानोपमा म भ्रान्ति पूवक[3]। *अग्निपुराण मे 'निणयोपमा' का नाम 'निश्चयोपमा' है।*

श्लेषोपमा म अथश्लेष के द्वारा तुल्य धम का द्योतन होता है। समानोपमा मे समान शब्द अर्थात शब्दश्लेष द्वारा उपमान उपमेय के भिन्न[5] धर्मों का कथन होता है। अलकार शखर म दोनों को श्लेषोपमा के दो भेद माना गया है।

निन्दोपमा 'प्रशसोपमा तथा 'आचिख्यासोपमा का भामह ने खण्डन किया था। 'नाटय शास्त्र म निन्दोपमा तथा 'प्रशसोपमा भेदो का वणन मिलता है। सामान्यत उपमान म उपमेय से गुणाधिक्य होता है परन्तु विपर्यासोपमा' इसके ठीक विपरीत उपमेय म गुणाधिक्य का वणन करती है। प्रतिषेधोपमा म सादृश्य के प्रतिषेध द्वारा उपमेय म गुणाधिक्य दिखाया जाता है। निन्दोपमा' म उपमान का गुणाधिक्य तो रहता है उसके कुछ दोष[6] भी अंकित हो जाते हैं। यह निन्दोपमा भरत की 'निन्दोपमा' से भिन्न है, उसम उपमान मात्रस्य विपय प्रदानम' है निन्दा नही। प्रशसोपमा म उपमान के गुणाधिक्य का वणन करते हुए उपमेय

---

१ यदि पद्म किञ्चित विभ्रान्त-लोचन भवेत् तर्हि तै मुखश्रियं धत्ताम् ॥

२ यदि स्यान्मण्डले सक्तमिन्दोरिन्दीवरद्वयम् ।
तत्तोपमीयत तस्या वक्त्र चारु-लोचनम ॥

३ निणयोपमायां सशयपूवक तत्त्वाख्यानम। यत्र त भ्रान्तिपूवकमित्यनयोर्भेद । (प्रभाख्या व्याख्या)

४ श्लेषेण उपमा उपमानोपमेयगत-साधर्म्यं द्योत्यते यत्र सा श्लेषोपमेति निर्दिष्टा । श्लेषश्चात्र अथश्लेष । (प्रभा)

५ यत्र भिन्नयोरपि उपमानोपमेयधर्मयो समान-शब्द-वाच्यत्वात साधारण्यम् । (प्रभाख्या व्याख्या)

६ उदाहरण है— पद्म बहुरज चन्द्र क्षयी ताभ्या तवानन समानमपि सोत्सेकम् ॥

का गुणाधिक्य व्यग्य बन जाता है। यह भेद भी भरत के भेद से विशेष है। 'आचिख्यासोपमा' का वणन दण्डी तथा वामन ने किया है और खण्डन भामह ने। यहाँ 'आचिख्या' अथवा 'विवक्षा उपमेय के चारुत्व का पोषण करती है । उदाहरण है— मे मन चन्द्रेण त्वन्मुख तुल्यमिति आचिख्यासु वतते, स गुणो वा दोषो वा अस्तु'। यहा आचिख्या का उद्रेक है।

विरोधोपमा' विरोध की उदभावना[1] स साम्य का वणन करती है, यहा विरोध साम्य-पयवसायी[2] है । उदाहरण है— शतपत्र, शरच्चन्द्र और तुम्हारा मुख—ये तीनो परस्पर विरोधी हैं।' कमल और च द्र तो परस्पर विरोधी है ही उन दोना ही का मुख से विरोध इस गुण का व्यजक है कि मुख दोना ही से अपूव है। 'प्रतिषेधोपमा म सादश्य के प्रतिषेध द्वारा उपमेय के गुणोत्कष[3] का वणन होता है। नि दोपमा' मे प्रतिषेध नही होता। उदाहरण है— 'कलकिन जडस्य चन्द्रो ते मुखेन सह न जातु प्रतिस्पर्धितु शक्तिरस्तीति । यह भेद अर्वाचीना के व्यतिरेक से निकट है । पर तु व्यतिरेक' मे कुछ धर्मों के[4] आधार पर उपमान तथा उपमय का साम्य दिखाया जाता है, साथ ही कुछ ऐसा धम भी वर्णित रहता है जिसके कारण उपमेय इस धम से वचित उपमान से अधिक व्यजित हो।

विशेष साधन सम्पत्ति की विद्यमानता म भी उपमान उपमेय से सुन्दर नही है—इस प्रकार की विशेषोक्तिमूला साम्य यजक उक्ति को चटूपमा' कहत हैं। इसम उपमय के लिए प्रियोक्ति होती है। प्रेमचन्द्र शर्मा का मत है कि चटूपमा को विशेषोक्तिमूला होना चाहिए अ यथा उपमा मे सवत्र ही चटूक्ति मिलती है अत समस्त उपमा चटूपमा कहलावेंगी। 'तत्त्वाख्यानो पमा' म, परिस्फुट सादश्य के आधार पर जो भ्रम आ गया है उसका निराकरण करके तत्त्व का आख्यान किया जाता है। 'निणयोपमा' म सशयच्छेद के द्वारा निश्चय होता है, यहा विपर्यास निरास[6] द्वारा (भ्रा ति निवारण पूवक)।

असाधारणोपमा म उपमान की तुल्यता का अतिक्रमण करक उपमेय की असाधारणता के कारण स्वय स ही तुल्यता स्थापित की जाती है। औपम्य के असाधारणत्व[8] क कारण यह

---

१ विरोधोद्भावनेन साम्यवणनाद् विरोधोपमा। (रत्नश्री टीका पृ० ७८)

२ यस्य विरोधस्य साम्यपयवसायित्वादिय विरोधोपमा। (प्रभाख्या व्याख्या पृ १३४)

३ सादश्यप्रतिषधन उपमेय गणस्योत्कर्षो वर्णितो भवतीति प्रतिषधोपमा। (प्रभाख्या व्याख्या)

४ इन व्यतिरेक सम क्वालिटी और क्वालिटीज आर स्टटड ह्वियर इन दि उपमान एण्ड दि उपमेय आर डिक्लेयड टु बी ईक्वल टु वन एनअदर बट एट दि सेम टाइम एनअदर डिस्टिक्ट क्वालिटी पजस्ड बाइ दि उपमेय एड दिनाइट टु दि उपमान इज एडयस्ड हिच सवस टु एस्टब्लिश दि सुपीरियरिटी आफ दि उपमेय ओवर दि उपमान कम्बीन्ड एज ए होल। (नोटस पृ ६३)

५ विशेषोक्तिमूला एवेय चटूपमा। अयथा सवत्रोपमाया चटूक्तिसम्भवात सवत्रयमव स्यात इति प्रेमचन्द्रशर्माण। (व्याख्या)

६ उभयत्रापि तरङ्ग निश्चयाविशषात यद्यपि तत्त्व निश्चयस्तुल्य तथापि सशय छेदेन निश्चय, इह तु विपर्यास निरासेनेति महान भद। (रत्नश्री टीका पृ ७६)

७ आत्मनवाभवत् तु यमित्यसाधारणोपमा ॥३७॥

८ तेन च औपम्यस्य असाधारणत्व निष्पन्नम। अत इयम् असाधारणोपमा। (प्रभाख्या व्याख्या)

असाधारण उपमा कहलाती है। जगन्नाथ के 'असम' अलंकार में उपमान निषेध' तो होता है परन्तु 'सादृश्य' (औपम्य) का अभाव भी रहता है यहाँ तुलना आवश्यक है।

अभूतोपमा—उपमेय के वर्णन के लिए सम्भावना से कल्पित उपमान का वर्णन अभूतपूर्व ही अभूतोपमा है। उत्प्रेक्षा प्रस्तुत में अप्रस्तुत की सम्भावना करती है यथा मुख में चन्द्र की परन्तु अभूतोपमा प्रस्तुत में अप्रस्तुत धर्म की सम्भावना करती है इसका उदाहरण है—सर्वपद्मप्रभासार समाहृत इव क्वचित् त्वदाननं विभाति (तेरा मुख ऐसा सुशोभित होता है जैसे सब पद्मों की प्रभा का सार विधाता ने एक स्थान पर एकत्र कर दिया हो)।

तुम्हारे कानों तक मधुर मुख से निकली वाणी ऐसी निकली है जैसे चन्द्र से विष अथवा चन्दन से पावक यह असम्भावितोपमा का उदाहरण है। अद्भुतोपमा, अभूतोपमा तथा असम्भावितोपमा में किंचित् अन्तर है। अद्भुतोपमा विशेषतः एवं प्रसिद्ध उपमानों में (अन्यत्र से लेकर) असम्भव विशेषणों का समावेश कर देता है परन्तु अभूतोपमा अविद्यमान अप्रस्तुत का वर्णन करती है। असम्भावितोपमा अन्य अप्रस्तुत से लाकर विशेषणों का समावेश नहीं करती (जैसा अद्भुता में है) प्रत्युत उन विशेषणों की कल्पना करती है जो अप्रस्तुत में असम्भव हैं।

बहूपमा एक उपमेय के लिए गुणाश्रय और उपमानों के साम्य से उत्कर्ष का विधान करती है। इसका बीज भरत के लक्ष्य बहुभि में निहित था। दण्डी ने इसको विकसित करके दो भेद लक्षित किये—बहूपमा तथा मालोपमा। बहूपमा में अनेक उपमानों की योजना इसलिए की जाती है कि उनका संयुक्त गुण प्रभाव उपमेय के गुण को व्यक्त कर सकेगा मालोपमा के उपमानों में से प्रत्येक समर्थ है उनकी माला केवल प्रतिभा प्रदर्शन मात्र के लिए है। मालोपमा में पूर्ववाक्यस्थ पद का उत्तर से सम्बन्ध भी रहता है (बहूपमा में नहीं)। नव्याचार्यों ने दोनों अलंकारों को मालोपमा नाम ही दिया है।

दण्डी ने बहूपमा तथा मालोपमा के बीच में विक्रियोपमा का वर्णन किया है। उपमान के विकार से तुलना के कारण यह तो विक्रियोपमा है। यथा 'चन्द्रबिम्बादिवोत्कीर्णं तवाननम्।

वाक्यार्थोपमा—जहाँ एक वाक्यार्थ से अन्य वाक्यार्थ की उपमा दी जाय वहाँ वाक्यार्थो

---

१ सर्वथोपमा निषेधोपमाख्योऽलंकारः।
२ प्रस्तुते अप्रस्तुतस्य धर्मिणः यत्र सम्भावना तत्रोत्प्रेक्षा। अत्र तु प्रस्तुते अप्रस्तुतधर्मस्य सम्भावना
३ स्वयं विद्यमानस्य धर्मिणः यत्रान्यधर्मिणा समेतनकल्पनया साम्यवचिह्नवर्णनम्।
४ नोट्स पृ ८८
५ वही पृ ९५ ९६
६ बहूपमायां केवलमुपमाबाहुल्यम्। अस्यां तु पूर्ववाक्यस्थपदस्य उत्तरत्र सम्बन्धः एवमुपमाबाहुल्यम्।
७ उपमानविकारेण तुलना विक्रियोपमा। (अग्निपुराण)
८ यत्रोपमेयमानविकारतयोच्यते सा विक्रियोपमा। (अलंकारशेखर)

पमा है। वाक्यार्थोपमा, वाक्योपमा नहीं है। यहा वाक्याथ से अभिप्राय पूण उक्ति चित्र है, जिसकी तुलना उसी प्रकार के दूसरे चित्र स की जाती है। 'चचल नत्र वाल एव द त रश्मि से आलोकित तुम्हारे आनन की भ्रमद्भृङ्ग एव आलक्ष्यकेसर पकज जैसी शोभा है'—इस उदाहरण म सावयव आनन का सावयव कमल स साम्य उपमानोपमेयात्मक वाक्यद्वय[1] द्वारा वर्णित है। इस भेद के दो रूप हो सकत हैं—जहा 'इव' शब्द एक बार आवे, जहा 'इव' शब्द अनेक बार आवे। यदि वाक्य म स्थित प्रत्यक पदाथ क साथ साम्यावबोध[2] की इच्छा न हुई तो प्रधान उपमान के साथ एक 'इव' शब्द का प्रयोग होगा, अन्यथा प्रत्यक उपमान क साथ 'इव' शब्द आवगा। साम्यबोध, एक दशा म अगी वाक्य का तो शाब्द होगा, शेष का उन्नयनो द्भव, दूसरी दशा म सवत्र ही शाब्द होगा।

एक वस्तु का प्रथम प्रतिपादन करके उसके समान अप्रस्तुत का प्रस्तुत वस्तु समथन के लिए प्रतिपादन करते हुए साम्य प्रतीति प्रतिवस्तूपमा अलकार है। यह प्रतिपादन वाक्यान्तर[3] द्वारा होता है और इसम सादृश्यावबोध इवादि के प्रयोग स नहीं व्यजना से होता है। उपमा वाचक शब्द के नित्य अभाव क कारण भामह, रुद्रट आदि न प्रतिवस्तूपमा को उपमालकार नहीं माना परन्तु दण्डी का उपमालकार बहुत व्यापक है उसम सभी साम्य समाविष्ट हो जाते हैं। दण्डी क इस प्रतिवस्तूपमा म दृष्टान्त अलकार का भी अन्तर्भाव है क्योंकि वस्तु प्रतिवस्तु भाव तथा बिम्ब प्रतिबिम्ब भाव का अन्तर यहा स्वीकार नहीं किया गया। जगन्नाथ का भी यही विचार था कि 'एकस्यैवालकारस्य द्वौ भेदौ प्रतिवस्तूपमा दृष्टा तश्च'।

दण्डी ने तुल्ययोगोपमा' को उपमा का एक भद माना है और तुल्ययोगिता को एक स्वतन्त्र अलकार। एक क्रिया क द्वारा न्यूनगुण वस्तु को यदि गुणाधिक वस्तु क साथ मिला दिया जाय तो उस चमत्कार को तुल्ययोगोपमा कहते हैं। इस प्रकार एकजातीय क्रियायोग से हीनाधिक प्रस्तुताप्रस्तुत म साम्यकीतन तुल्ययोगोपमा है[4]। दण्डी की तुल्ययोगोपमा तथा तुल्ययोगिता म मुख्य भेद दो बातो म माना जा सकता है। एक तुल्ययोगिता मे उपमानोपमेयभाव की अपेक्षा नहीं है इसलिए साम्य न वाच्य है और न व्यग्य यथाकथचित् प्रतीत होता है, तुल्य योगोपमा म उपमानोपमेयभाव की विवक्षा है इसलिए साम्य वाच्य है। दो तुल्ययोगिता की प्रवृत्ति स्तुतिनिन्दा की है परन्तु तुल्ययोगोपमा की प्रवृत्ति समत्वापादन की है। अर्वाचीन आचार्यों क अनुसार तुल्ययोगिता म प्रकृतो और अप्रकृतो का एक धम सम्बन्ध होना चाहिए।

---

१ अत्र सावयवस्य आननस्य सावयवेन पद्मेन साम्यम् उपमानोपमेयात्मकवाक्यद्वयेन वर्णित।

२ यदा वाक्यस्थिति प्रतिपदाथ-साम्यावबोधनेच्छा तदा प्रत्यपमान पुरत इवशब्दप्रयोगस्य आवश्यकत्वात अनेकेवशब्दप्रयोग। (प्रभाख्या व्याख्या)

३ न्यमनात प्रस्तुतवस्तुसमथनाय वाक्यान्तरेण प्रतिपादनात। साम्यप्रतीति इवादिशब्दप्रयोगाभावेपि व्यंजनया सादृश्यावबोध

४ एकजातीयक्रियया प्रस्तुताप्रस्तुतयो हीनाधिकयो साम्यकीर्तन तुल्ययोगोपमा इति फलितम।

उपमा का अंतिम भेद हेतूपमा है। साम्य का हेतु रूप में प्रस्तुत करने के कारण इसको हेतूपमा कहते हैं। दण्डी ने इसका लक्षण नहीं दिया। उदाहरण है—'हे राजन् तुम कांति से चन्द्र का, तेज से सूर्य का, धैर्य से समुद्र का अनुकरण करते हो।' व्याख्याकार के अनुसार कांति आदि हेतु हैं इसलिए यह हेतूपमा का सौन्दर्य है।

उद्भट

उद्भट ने 'काव्यालंकार-सार-संग्रह' के प्रथम वर्ग में आठ अलंकारों का विवेचन किया है, चार शब्दालंकार और फिर चार अर्थालंकार। अर्थालंकारों का नाम-परिगणन क्रम है रूपक, उपमा, दीपक तथा प्रतिवस्तूपमा, परन्तु विवेचन का क्रम रूपक, दीपक, उपमा तथा प्रतिवस्तूपमा है। उपमा विवेचन सात श्लोकों में है और भामह के अनुकरण पर उपमा के भेद व्याकरण के अनुसार प्रतिपादित किये गये हैं। उद्भट के अनुसार उपमा का लक्षण है—

यच्चेतोहारि साधर्म्यमुपमानोपमेययोः।

मिथो विभिन्नकालादिशब्दयोरुपमा तु तत् ॥१।१५॥

इस लक्षण में दो गुणों पर बल है—साधर्म्य तथा विभिन्न। 'साधर्म्य', 'सादृश्य' तथा 'साम्य' समानार्थी हैं, कदाचित इसी हेतु से काव्यशास्त्रियों ने इनका प्रयोग स्वेच्छा से ही किया है। भामह ने एक स्थान पर (काव्यालंकार २ ३०) उपमा के लक्षण में 'साम्य' शब्द का प्रयोग किया था, दूसरे स्थान पर (काव्यालंकार २ ३१) 'सादृश्य' का। ऐसा प्रतीत होता है कि भामह के मत में सादृश्यम् तथा गुणलेशेन साम्यम् समानार्थी हैं, उद्भट ने भामह के सादृश्य के अर्थ में साधर्म्य शब्द का प्रयोग किया है।

भामह ने उपमा लक्षण में 'देश काल क्रियादिविरुद्धत्व'[1] का समावेश किया था, उद्भट ने इस विशेषता का लगभग उसी शब्दावली में आग्रह किया है। इन्दुराज ने लघुवृत्ति में इस विशेषता को और भी स्पष्ट कर दिया है 'कालादयोऽत्र शब्द प्रवृत्तिनिमित्तभूता विवक्षिता। मिथः परस्पर विभिन्ना कालादयः[2] प्रवृत्तिनिमित्तभूता ययोः शब्दयोस्तथाविधौ शब्दौ वाचकौ ययोः उपमानोपमेययोः इति बहुव्रीहिगर्भो बहुव्रीहिः। 'गौरिवाय गौः' इत्यभिधानं तु न प्रवृत्तिनिमित्तभेदः, गोत्वस्यैवकस्य प्रवृत्तिनिमित्तत्वात्। तेनैवविधे उपमानोपमेयभावो न भवति।

चेतोहारि पद की उपमा के लक्षण में आवश्यकता नहीं[3] थी, यह विशेषता तो अलंकार का सामान्य लक्षण है।

उपमा के दो भेद हैं—पूर्णा तथा लुप्ता। पूर्णोपमा तीन प्रकार की होती है—वाक्य में, समास में, तथा तद्धित में। वाक्यावसेया—श्रौती तथा आर्थी दो प्रकार की है। श्रौती पूर्णोपमा

---

1 विरुद्धेनोपमानेन देश काल क्रियादिभि।
उपमेयस्य यत्साम्य गुणलेशेन सोपमा ॥ (काव्यालंकार २ ३०)

2 काल दिक् जाति गुण क्रिया सम्बन्ध। एवमन्यदप्युत्प्रेक्ष्यम्। (इन्दुराज)

3 अतश्चेतोहारीत्यनुवाद प्राप्तार्थत्वात्। (इन्दुराज)

वाक्यावसेया के आधार यथा,[१] इव[२] आदि अव्यय शब्द हैं, इसको अन्ययोपदर्शिता कहना चाहिए। भामह ने भी 'यथा तथा 'इव' वाचकों का उल्लेख किया था।

वाक्यावसेया पूर्णोपमा का दूसरा भेद 'आर्थी' है, इसमें 'सदृश' आदि पदों का सयोग[३] रहता है।

समासावगम्या केवल आर्थी होती है, परन्तु तद्धितावसेया के श्रौती तथा आर्थी दोनों भेद हैं। इस प्रकार पूर्णोपमा के पाच भेद हुए—वाक्यावसेया के दो (श्रौती तथा आर्थी), समासावसेया का एक (आर्थी) तद्धितावसेया के दो (श्रौती तथा आर्थी)।

लुप्तोपमा सक्षेप में[४] साधर्म्य का वर्णन करती है, इन्दुराज ने इसी हेतु इसको 'सक्षेपोपमा' कह दिया है। वाक्य, समास सुब्धातु कृत तथा तद्धित के आधार पर इसके पाच भेद है। प्रथम भेद (वाक्यावसेया) तथा अन्तिम भेद (तद्धितावसेया) का एक एक रूप है, क्योंकि इन भेदों म केवल एक का ही लोप हो सकता है।

द्वितीय भेद (समासावगम्या लुप्ता) के तीन उपभेद एकलोपा (धर्मलुप्ता तथा वाचकलुप्ता) द्वितयलोपा तथा त्रितयलोपा हैं। चतुर्थ भेद (कृदवसेया) के दो उपभेद कर्मोपमानिका तथा कर्तुपमानिका माने गये है।

तृतीय भेद के आधार तीन[५] प्रत्यय क्यच (कर्मोपमानिका तथा अधिकरणोपमानिका उपभेदों का आधार) क्यङ तथा क्विप है। इस प्रकार उद्भट ने लुप्तोपमा के बारह भेदों का विवेचन किया है। इन्दुराज के अनुसार 'काव्यालकार सारसग्रह म पूर्णोपमा के पाच तथा लुप्तोपमा के बारह (योग=सत्रह) भेदों का विवेचन पाया जाता है।

उपमा का यह भेदोपभेद प्रसार एक निश्चित वैयाकरणिक व्याकरणिक आधार पर है आगे चलकर मम्मट आदि आचार्यों ने भी भामह म सकेतित तथा उद्भट म प्रसारित भेदोपभेद सरणि को ही स्वीकार कर लिया।

उद्भट के उपमा भेदों की व्याख्या में इन्दुराज तथा विवृतिकार मे मतभेद उत्पन्न कर दिया है। उद्भट क श्लोकों से इन्दुराज ने सत्रह भेद निकाले हैं और विवृतिकार ने इक्कीस। इस मतभेद पर हम आधुनिक व्याख्याकार श्री बनहट्टी से सहमत हैं कि उद्भट के समय तक भेदोपभेदों की सख्या न तो निश्चित हुई थी और न उद्भट का उद्देश्य ही उपमा भेदों की सख्या निश्चित[६] करना था। व्याख्याकारों ने प्रसार के फलस्वरूप जितने भेदों का दर्शन किया है, उन

---

१ यथवशब्दयोगन सा श्रत्या कथ्यन्ते ।।१।१६।।

२ यथेवशब्दौ वाचोपलक्षणम्। अव्ययान्तरादपि वा शब्दान्तरेण रूपेणोपमानोपमेयभावस्यावगत। (इन्दुराज पृ १६)

३ सदृशादिपदाश्लेषात् अर्थैत्यभिना द्विधा ।।१।१६।।

४ सक्षेपाभिहिताप्येषा ।१।१७।।

५ तथोपमानाच्चारे क्यच्प्रत्ययवर्जिते ।
क्वचित्सा कर्तुराचारे क्यङा सा च क्विपा क्वचित् ।।१।१६।।

६ ही डिड नौट ईविन स्टेंड टु स्टेट और इम्प्लाई एनी डेफिनिट नम्बर आफ डिविजन्स आफ उपमा। (पृ० ४८)

सबम आलकारिक चमत्कार हो, यह भी आवश्यक नही, अत इन भेदो म अलकार रूप म वे ही ग्राह्य होगे जिनम सौन्दर्यातिशयता की क्षमता[1] होगी।

वामन

'काव्यालकार सूत्र-वृत्ति' के चतुर्थ अधिकरण के द्वितीय अध्याय म वामन ने उपमा तथा उसके भेदो पर विचार किया है। अर्थालकारो म सवप्रधान[2] उपमा का लक्षण है—

उपमानेनोपमेयस्य गुणलेशत साम्यमुपमा।४।२।१॥

यह भामह कृत लक्षण की छाया मात्र है, 'साम्य गुणलेशेन' के स्थान पर 'गुणलेशत साम्यम' पदो का प्रयोग है। वृत्ति म 'उपमान' तथा 'उपमेय' पदो की व्याख्या म उत्कृष्टगुणेन'[3] तथा 'न्यूनगुणमपद यास्क के प्रभाव का सकेत देते हैं।

वामन ने उपमा का तीन प्रकार स वर्गीकरण किया है। एक प्रकार से उपमा के दो भेद हैं— लौकिकी तथा कल्पिता। अन्य प्रकार से उपमा के दो भेद 'पदार्थवृत्ति' तथा 'वाक्यार्थवृत्ति' हैं। तीसरे प्रकार से उपमा पूर्णा तथा लुप्ता' होती है। उपमा का प्रयोग स्तुति', 'निंदा तथा 'तत्त्वाख्यान'[4] म होता है।

उपमा को दृष्टि म रखकर भरत ने उपमा के जिन पाच भेदो का वर्णन किया था उनम से तीन 'प्रशसा' (स्तुति) 'निन्दा', तथा 'कल्पिता' वामन म यथावत आ गये हैं। इस तथ्य पर भी ध्यान जाना चाहिए कि वामन के सूत्रो म उपमा का 'कल्पिता'[5] भेद तो है लौकिकी नहीं—'लौकिकी'[6] भेद वृत्ति मे ही पाया गया है।

उपमा के अनेक भेदो म से दण्डी म 'तत्त्वाख्यान, निन्दा तथा 'प्रशसा' हैं वामन ने दण्डी का भी अनुकरण किया है। 'पदार्थवृत्ति' तथा 'वाक्यार्थवृत्ति' भेद भी 'काव्यादर्श' के अनुकरण पर हैं, 'वाक्यार्थोपमा' का दण्डी ने उल्लेख[7] किया है और अन्तर स्पष्ट करने के लिए 'पदार्थोपमा' का 'काव्यादर्श' के व्याख्याताओ ने।[8] 'पूर्णोपमा' तथा 'लुप्तोपमा' भेदो का वामन ने केवल उल्लेख किया है और लुप्ता' के अनेक उपभेदो के लिए वृत्ति मे 'उपमाप्रपञ्च'[9] की ओर सकेत कर दिया है। यह 'उपमाप्रपञ्च' भी दण्डी का प्रभाव है।

---

१ एषा चोपमा विचित्रभेदत्वे सत्यपि यत्रैव चेतोहारित्वमस्ति तत्रैवालकारता प्रतिपद्यते न सर्वत्रेत्युक्तम। (इन्दुराज पृ २६)

२ तन्मूल चोपमेति सव विचार्यते। (वृत्ति)

३ उपमीयते सादृश्यमानीयते येनोत्कृष्टगुणेनान्यत् तदुपमानम्। यदुपमीयते न्यूनगुण तदुपमेयम्। (वृत्ति पृ १८६)

४ स्तुति निन्दा तत्त्वाख्यानेषु।४।२।७॥

५ गुणबाहुल्यतश्च कल्पिता।४।२।२॥ ६ पूर्वा तु लौकिकी। (वृत्ति पृ० १८७)

७ वाक्यार्थेनैव वाक्यार्थ कोपि यद्युपमीयते।२।४३॥

८ दे वाक्यार्थोपमा पर प्रभाख्या व्याख्या पृ १६।

९ उपमानोपमेयलोपस्तु उपमाप्रपञ्चे द्रष्टव्य। (वृत्ति पृ १६३)।

रुद्रट

रुद्रट न अर्थालकारा के चार भेद (=वग) किये हैं, और समस्त अलकारा को उन्ही का 'विशेष'[1] माना है। ये चार—वास्तव औपम्य, अतिशय तथा श्लेष हैं। उपमा औपम्य वग का प्रथम अलकार है। उपमा का लक्षण है—

उभयो समानमेक गुणादिसिद्ध भवेद्यथैकत्र ।
अर्थेऽयत्र तथा तत्साध्यत इति सोपमा त्रेधा ।।८।४।।

उपमानोपमेय के प्रसग म साधारण धम यथा एकत्र (उपमान मे) सिद्ध हो तथैव अयत्र (उपमेय म) साध्य बनने पर उपमा है।

इस लक्षण म न कोई विकास है और न कोई सूक्ष्मता। भाषा भिन्न है, परन्तु बल पूव आचार्यों के सिद्धातो पर ही है। 'सिद्धि' तथा 'साध्य' एक नवीन अभिव्यक्ति मात्र है।

उपमा के तीन भेद (=रूप) हैं—वाक्योपमा, समासोपमा तथा प्रत्ययोपमा। वाक्योपमा के ६ उपभेद हैं। प्रथम उपभेद का लक्षण है—"यत्र उपमानम इवादीनामेकम, सामा यम (धर्माभिधायक पदम), उपमेयम् प्रयुज्यते।' उदाहरण स भी यह स्पष्ट है कि यह पूर्णोपमा है। द्वितीय उपभेद लुप्तोपमा (=धमलुप्ता) है 'यत्र इवादिप्रयोगसामर्थ्यात सुप्रसिद्ध सामान्य तद्वाचिपदाप्रयोगेऽपि गम्येत।"

शेष चार उपभेदों के नाम भी रुद्रट ने दिये हैं। उभयोपमा' अन्य आचार्यों का उपमेयोपमा है इसका चमत्कार है 'अनयोवस्तुनोवस्त्व तर सम नास्तीति।'अन वयोपमा अन्य आचार्यों का अन वय अलकार है इसका प्राण है 'एक वस्त्वनन्यसदृशमिति'।

कल्पितोपमा पचम तथा उत्पाद्योपमा' षष्ठ उपभेद है। रुद्रट का कल्पिता वामन की 'कल्पिता से भिन्न है। रुद्रट के अनुसार उपमेय के जितने जसे[2] विशेषण हो, उपमान क उतने वसे ही विशेषणो की योजना से कल्पिता वाक्योपमा है। 'उत्पाद्योपमा' एक प्रकार की अतिशयोक्ति है, उपमेय की उपमानहीनता क कारण यदि सभाव्य[3] विशेषणयुक्त उपमान की योजना हो तो उसे उत्पाद्या कहगे। उदाहरण अतिशयोक्ति का है—

कुमुद दल दीधितीना त्वक्सभूय च्यवेत यदि ताम्य ।
इदमुपमीयत तया सुतनोरस्या स्तनावरणम ।।८।१६।।

समासोपमा क रुद्रट न तीन रूप बतलाय हैं जो उपमा के अवयवो म समास योजना क तीन प्रकार मात्र हैं। उदाहरण अत्यन्त सरल तथा स्पष्ट है—

---

१ अथस्यालकारा वास्तवमौपम्यमतिशय श्लेष ।
एषामेव विशेषा अन्ये त भवन्ति नि शेषा ।।७।९।।

२ यथादृग्भूतस्य च विशेषणयुक्तमपमेयम तादृग्भिरेव तत्सख्यैश्चोपमानमपि युक्त यस्या सा कल्पितोपमाख्या। (नमिसाधु)

३ अनुपममेतद् वस्त्विव्यपमान तद्विशेषण चासत् ।
सभाव्य स यदप या क्रियते सोपमोत्पाद्या ।।८।१५।।

(क) सामान्य धम का उपमान पद के साथ समास — मुगमिन्दुसुन्दरम'।
(ख) सवसमासा — कुवलयदलदीघलाचना।
(ग) उपमान उपमेय का समास — कुवलयन्लसोचने'।

प्रत्ययोपमा म उपमान के साथ प्रत्यय जोड कर सौन्दय चित्रित किया जाता है—'पद्मायते मुख ते'।

उपमा के तीन भेदा का विवेचन करके रुद्रट ने अन्य प्रकार स उपमा के चार सामान्य भेदा का वणन किया है। मालोपमा तथा रसनोपमा एव समस्त विषया तथा एकदेशविषया। अनेक धमयुक्त उपमेय की अलग अलग गुणो के आधार पर अलग-अलग उपमानो से तुलना, मालोपमा है—

श्यामालतेव तन्वी चन्द्रकलेवातिनिमला सा मे।
हसीव कलालापा चैतन्य हरति निद्रेव ॥

रसनोपमा म पूव पूव पद उत्तर-उत्तर पद का उपमान होता जाता है —

'नभ इव विमल सलिल, सलिलमिवानन्दकारि शशिबिम्बम।'

अवयवी तथा अवयव समस्ता का जहाँ उपमानोपमेयभाव वर्णित हो, वहा समस्तविषया उपमा है, पर तु जहा केवल अवयवो का सादृश्य वर्णित हो अवयवी का नही, वहा एकदेश विषया उपमा है। ये चारा भेद उपयुक्त उपमारूपा म से किसी भी (वाक्य समास अथवा प्रत्यय) रूप म प्राप्त हो सकते हैं।

मम्मट

मम्मट का योगदान अलकारो की कल्पना म नही, प्रत्युत उनकी व्यवस्था मे है। उनके लक्षण वज्ञानिक उनके भेद बनानिक एव उनके उदाहरण समथ हैं। उपमा के विषय म भी यही सत्य है। उपमा काव्यप्रकाश' के दशम उल्लास म अर्थालकारो म प्रथम है। इसका लक्षण है—साधर्म्यमुपमा भेदे (१०।८७)।

उपमानोपमेय रूप दो भिन्न वस्तुओ म (भेद रहने पर) *साधर्म्य का वणन उपमा है। साधर्म्य' तथा 'भेदे पदा की व्याख्या की जा सकती है। वत्ति मे यह स्पष्ट कर दिया गया है कि साधर्म्य उपमानोपमेय का ही होता है काय कारण आदि का नही,* इसलिए साधर्म्य के कथन म उपमानोपमेय भाव स्वतएव आ गया। साधर्म्य, साम्य', 'सादश्य प्राय पर्यायवाची हैं और आचार्यों ने इनका समानान्तर प्रयोग किया है। फिर भी 'साधर्म्य मे समान धम का भी सकेत माना जा सकता है। भदे' की वत्ति म कहा गया है 'भेदग्रहणमनन्वयव्यवच्छेदाय', जो ठीक है क्योकि 'कमलमिव कमलम उपमा का उदाहरण नही बन सकता। भामह ने उपमा का लक्षण *अतत्तत्सदशम्* बतलाया था, मम्मट का भेदे *भामह का 'अतत्तत' है और भामह का सदशम' मम्मट मे साधर्म्य बन गया है।*

उपमा के दो भेद है— पूर्णा' तथा लुप्ता। पूर्णा के दो उपभेद 'श्रौती' तथा 'आर्थी' हैं। ये दोनो उपभेद भी वाक्यगत, 'समासगत तथा तद्धितगत हैं इस प्रकार पूर्णोपमा के छह भेद

मम्मट न माने हैं। वह विवेचन पूर्वाचार्यों क आधार पर ही है।

लुप्तोपमा के उन्नीस भेद भी पूर्वाचार्यों के अनुसार एव व्याकरण के आधार पर मम्मट न लिखे हैं। एकलुप्ता के तेरह प्रकार है—धमलुप्ता क पाच (तद्धितगा श्रौती धमलुप्ता नही होती), वाचकलुप्ता के छह तथा उपमानलुप्ता के दो (वाक्यगा एव समासगा)। द्विलुप्ता क पाच प्रकार हैं—धम वाचक लुप्ता (दो प्रकार क्विपगता एव समासगा, धर्मोपमानलुप्ता (दो प्रकार वाक्यगा एव समासगा), वाचकोपमेयलुप्ता (एक प्रकार—क्यच् प्रत्यय म)। त्रिलुप्ता केवल समास मे उपमान वाचक धम के लोप म मानी जाती है।

इन सब भेदो का वणन उदभट न कर दिया था, रुद्रट ने इनकी व्याख्या की एक अलग सरणि अपनायी, मम्मट की सहमति उदभट के साथ है और वे उपमा के भेदो का वैज्ञानिक चित्र प्रस्तुत करते हैं। इन्दुराज के अनुसार उदभट ने उपमा के सत्रह भेदा का वणन किया है—पूर्णोपमा के पाँच तथा लुप्तोपमा के बारह। पूर्णोपमा का 'समासावसेया श्रौती' भेद उदभट म नही था। लुप्तोपमा के भेदा का वणन उदभट तथा मम्मट ने अलग अलग ढग से किया है। मम्मट के वणन म अधिक वज्ञानिकता दिखलाई पडती है।

मम्मट ने उपमा विवेचन क अन तर उपमा के अयथाप्राप्त दो भेदो का खण्डन किया है। ये भेद हैं—मालोपमा तथा रसनोपमा। मालोपमा' का वणन दण्डी क 'काव्यादश' म था, रुद्रट ने भी इसका वणन किया है, मम्मट के अनुसार मालोपमा अलग अलकार अथवा उपमा भेद नहीं है अनेक उपमानोपमयों म साधारण धम भिन्न हो अथवा अभिन्न हो इसम विशप चमत्कार क्या है इस प्रकार तो सहस्रा चमत्कार सभव हैं—'एवविधवचित्र्यसहस्रसभवात्'। इसी प्रकार वे दण्डी के 'रसनोपमा का खण्डन करते हैं क्योकि उसका भी उपमा के उक्त भेदा म अन्तर्भाव हो जाता है— उक्तभेदानतिक्रमाच्च'।

उद्भट तक आते आते अलकार विवचन व्याकरण एव न्याय की वज्ञानिकता से परिपुष्ट हो चुका था, मम्मट न उसी माग पर चल दिया और असगत भदोपभदा को समाप्त करन का प्रयत्न किया।

रुय्यक

अलकारसवस्व' म उपमा का विवेचन अत्यन्त सक्षिप्त एव सामान्य है। अथानकारा म यह प्रथम अलकार के रूप म अनेकालकार-बीजभूता[1] स्वीकार की गई है। उपमा का लक्षण है—

'उपमानोपमेययो साधर्म्ये भेदाभेदतुल्यत्वे उपमा।'

इस लक्षण म चार पद हैं— उपमानोपमययो, साधर्म्ये, भेदाभेदतुल्यत्व तथा उपमा। यदि अलकार का नाम छोड दिया जाय तो शेष तीनो पद व्याख्यापेक्षी है। मम्मट के द्वयो' क स्थान पर रुय्यक का उपमानोपमेययो आया है, व्याख्या म इसका आग्रह किया गया है उपमानोपमेययोरिति अप्रतीतोपमानोपमेयनिषेधायम्। उपमा अलकार म उपमेय एव उपमान

1 उपमैवानेकप्रकारवैचित्र्येणानेकालकारबीजभूतेति प्रथम निर्दिष्टा। (पृ० २२)

दोनों का रहना आवश्यक है, साथ ही वे 'प्रतीत' (=प्रसिद्ध) भी हों। यदि मुख की उपमा कुमुद से दी जाय तो वह उपमा सदोष है, क्योंकि मुख के उपमान के रूप में कमल प्रतीत है कुमुद नहीं। इसी प्रकार उपमेय भी प्रतीत होना चाहिए, सहृदय जन जिस वस्तु को वर्णनयोग्य मानते आये हैं—जो उपमेय रूप में प्रतीत (= स्वीकृत, प्रसिद्ध) है वही उपमेय हो सकती है इतर नहीं। सूत्र में 'उपमानोपमेययोः' पद की सार्थकता वृत्ति में इसी 'प्रतीत'-तत्त्व पर बल देती है। उपमेय का प्रतीतत्व रुय्यक की मौलिकता है। वे अलंकार प्रयोग को भी सहृदय-संवेद्य मानते हैं। जो हृदय की अनुभूति का विषय नहीं बन सकता, वह उपमेय नहीं माना जा सकता—क्या उपमेयत्व के योग्य है और क्या नहीं, यह भी तो शास्त्रीय विषय है और उसके प्रमाण सहृदय हैं। जिन वर्णनों में अश्लीलत्व[1] अथवा ग्राम्यत्व आ जाते हैं, उनको सहृदय प्रतीत नहीं मानेगा।

साधर्म्य पद काव्यप्रकाश में भी है। 'सादृश्य', 'साम्य' पद अलंकारशास्त्र में पर्यायवाची बन गये हैं। साधर्म्य पद काव्यालंकार से काव्यप्रकाश तक पाया जाता है। साधर्म्य के तीन रूप हो सकते हैं—भेदप्रधान, अभेदप्रधान, तुल्य। व्यतिरेक-सहोक्ति आदि अलंकारों में भेद प्रधान साधर्म्य है, रूपक परिणाम आदि अलंकारों में अभेदप्रधान साधर्म्य है, उपमा में तुल्य[2] साधर्म्य होता है। सूत्र में 'साधर्म्ये भेदाभेदतुल्यत्वे' पदों से इसी विशेषता को स्पष्ट किया गया है। काव्यप्रकाशकार का बल 'भेद' पर था, वह भेद साधर्म्य का नहीं था वर्ण्यावर्ण्य का था। रुय्यक वृत्ति[3] में भी भेदाभेदतुल्यत्व का आग्रह करते हैं।

रुय्यक ने उपमा भेदों का वर्णन अनावश्यक माना है। पूर्णा लुप्ता के श्रौती आर्थी उपभेद अनेकरूप बनकर २७ तक पहुँच गये थे और रसगंगाधर में बत्तीस तक पहुँचे हैं। रुय्यक सरल भाव से कहते हैं—'अस्याश्च पूर्णालुप्तात्वभेदात् चिरन्तनैर्बहुविधत्वमुक्तम्। अस्तु अतश्च इमिमस्माकं तदाविष्करणेनेति भावः। एवं च तथा गणनं तथा न वैचित्र्यं किंचिदिति सूचितम्' (टीका पृ० ३२)। किसी अन्य आचार्य ने भेदोपभेदों के प्रति इतनी उदासीनता नहीं दिखलाई, यह भी रुय्यक की एक विशेषता है।

उपमा के प्रसंग में रुय्यक ने साधारण धर्म पर विशेष एवं मौलिक रूप से विचार किया है। साधारण धर्म का निर्देश दो रूपों में किया जा सकता है—एक रूप से (एक बार) अनेक रूपों से। अनेक रूपों में साधारण धर्म का निर्देश दो प्रकार हो सकता है—वस्तुप्रतिवस्तु भाव से बिम्बप्रतिबिम्ब भाव से। इस प्रकार साधारण धर्म का निर्देश[4] तीन रूपों का हो गया।

(क) जब साधारण धर्म उपमेय तथा उपमान में एक रूप से रहता है तो इसको अनुगामी कहते हैं। कुमारसंभव में—

---

१ उदाहरण के लिए देखिए *अलंकार सर्वस्व जयरथकृत टीका पृ० ३१।*

२ भेदप्राधान्ये व्यतिरेकादिवत्। अभेदप्राधान्ये रूपकादिवत्। द्वयोस्तुल्यत्वे यथास्याम्। (वृत्ति पृ० ३१)

३ यत्र किंचित्सामान्यं कश्चिच्च विशेषः स विषयः सदृशतायाः। (वही पृ० ३१)

४ साधारणधर्मस्य क्वचिदनुगामितयैकरूप्येण निर्देशः। क्वचिद् वस्तुप्रतिवस्तुभावेन पृथक् निर्देशः। पृथङ् निर्देशे च सम्बन्धिभेदमात्रं प्रतिवस्तूपमावत्। बिम्बप्रतिबिम्बभावो वा दृष्टान्तवत्। (वही पृ० ३३)

प्रभामहत्या शिखयेव दीप, त्रिमार्गयेव त्रिदिवस्य मार्ग ।
संस्कारवत्येव गिरा मनीषी, तया स पूतश्च विभूषितश्च स ॥

'पूतश्च' तथा 'विभूषितश्च' साधारण धर्मों का उपमेय और उपमान के साथ 'समान रूप' से सम्बन्ध है।

(ख) जब साधारण धर्म एक होने पर भी भिन्न भिन्न शब्दों में निर्दिष्ट हो, तो उसे वस्तु प्रतिवस्तु भाव से निर्देश करते हैं।[1] 'मालतीमाधव' में—

यान्त्या मुहुर्वलितकन्धरमाननं तद्
आवृत्तवृन्तशतपत्रनिभं वहन्त्या ।

वलित एवं 'आवृत्त' शब्द एक ही अर्थ के (साधारण धर्म के) वाचक हैं, परन्तु ये दो अलग शब्द हैं।

(ग) उपमेय-वाक्य एवं उपमान-वाक्य में धर्म अलग-अलग हों तो उनमें बिम्बप्रतिबिम्ब भाव[1] माना जाता है। जैसा कि दृष्टान्त अलंकार में पाया जाता है।

साधारण धर्म का यह त्रिविध निर्देश आगे चलकर प्रायः सभी सादृश्यमूलक[2] अलंकारों में आधार मान लिया गया और सभी आचार्यों ने इसको लक्षित किया है।

जयदेव

'चन्द्रालोक' के पंचम मयूख में अर्थालंकारों में सर्वप्रथम उपमा का एक श्लोक में लक्षणोदाहरणपूर्वक विवेचन किया गया है। जयदेव के अनुसार—

उपमा यत्र सादृश्यलक्ष्मीरुल्लसति द्वयोः ।
हृदये खेलतारुच्चैः तन्वङ्गि स्तनयोरिव ॥५।११॥

उत्तरार्द्ध तो उदाहरण है और पूर्वार्द्ध लक्षण। जहाँ सादृश्यलक्ष्मी उपमेय और उपमान दोनों को समान रूप से उल्लसित करे वहाँ उपमा अलंकार का सौन्दर्य है। इस लक्षण में सादृश्य एवं द्वयोः पद ध्यान देने योग्य है। प्राचीनतम आचार्य गार्ग्य से ही उपमा का प्राण सादृश्य[3] माना गया है, यद्यपि 'साम्य' तथा 'साधर्म्य' पद[4] भी इसी अर्थ में प्रयुक्त हुए हैं। 'द्वयोः' पद अधिक सार्थक है। 'द्वयोः' का प्रयोग विश्वनाथ ने भी किया है। इस लक्षण से चार संकेत प्राप्त होते हैं—

(क) उपमेय तथा उपमान अलग-अलग[5] हों।

---

१ एकस्यैव धर्मस्य वाक्यद्वयेन शब्दाभ्यां वस्तुप्रतिवस्तुभावः ।
भिन्नयोरेकधर्मयोः निर्देशेन बिम्बप्रतिबिम्बभावः । (एकावली प० २ ५)

२ एतच्च भेदत्रयं प्रायः सर्वेषामेव सादृश्याश्रयाणामलंकाराणां जीवितभूतत्वेन सम्भवतीति । (टीका प० ४)

३ यदतत् तत्सदृशमिति गार्ग्यः ।

४ साम्यं वाच्यमवैधर्म्यं वाक्यैक्य उपमा द्वयोः । (सा० द० १०।१४)

५. तत् साधर्म्यमुपमाभेदे । (काव्यप्रकाश)

(ख) उपमेयापमान मे किंचित समानता भी हो तथा विभिन्नता भी।[1]
(ग) सादश्य भेदाभेदतुल्यता के आधार पर हो।
(घ) उपमेय तथा उपमान दोनो 'प्रतीत' हो—सादृश्यलक्ष्मी दोनो का उल्लसित करे।

यह लक्षण रुय्यक का अनुकरण सा ज्ञात होता है और समकालीन साम्य क वाच्यत्व[2] एव एकवाक्यत्व' का यहा कोई सकेत नही है। रुय्यक का अनुकरण भेदोपभेद वणन स विरक्ति म है तथा सादश्यलक्ष्मी की उभय-पक्ष प्रतीति सपादन म भी, रुय्यक के प्रतीति सिद्धान्त का जयदव ने तन्वगीस्तनयोरिव के उदाहरण द्वारा और भी अधिक स्पष्ट कर दिया है।

विश्वनाथ

साहित्यदपण के दशम परिच्छेद म विश्वनाथ न उपमा के लक्षण एव भेदो म वनानिकता की और भी अधिक कसावट अपनायी है। प्रत्येक शब्द साथक एव व्यवच्छेदक है। लक्षण है—

साम्य वाच्यम अवधम्य वाक्यक्य उपमा द्वयो ।१०।१४।।

व्याख्या करते हुए व स्वयमव लिखत हैं— रूपकादिषु साम्यस्य व्यङ ग्यत्वम व्यतिरके च वधम्यस्याप्युक्ति उपमेयोपमाया वाक्यद्वयम् अनन्वये त्वेकस्यव साम्योक्तिरित्यस्या भेद।

यह व्याख्या भी सकत मात्र है। वस्तुत यह लक्षण 'उपमा' को समस्त सादश्यमूलक अलकारो स अलग स्वतन्त्र सिद्ध कर देता है। रूपक क साथ साथ दीपक को भी जोड लेना होगा, क्योंकि वहा भी साम्य वाच्य नही होता। वाक्यद्वय वाले तो अनेक अलकार है—उदाहरणत दष्टान्त प्रतिवस्तूपमा आदि। वस्तुत वाक्यद्वय का वाच्य समावश विश्वनाथ का महत्त्वपूण योग है इनसे पूव आचार्यो न इस विशेषता पर ध्यान नही दिया था।

उपमा के दो भेद है—पूणा तथा लुप्ता। पूणा क छह उपभेद है श्रौती तथा आर्थी प्रत्यक के तद्धितगता समासगता तथा वाक्यगता। यह भेदोपभेद निरूपण पूव आचार्यो के अनुसार है एव व्याकरण तथा न्याय के नियमो पर आश्रित है। विश्वनाथ न पूणा क लक्षण म लिखा है कि पूर्णोपमा म चारो अग वाच्य होते हैं कोई भी व्यग्य अथवा आक्षिप्त नही होता। श्रौती—आर्थी उपभेद का भी अन्तर दे दिया है—

श्रौती यथेववाशब्दा इवार्थो वा वतियदि।
आर्थी तुल्यसमानाद्यास्तुल्यार्था यत्र वा वति ।।१०।१६।।

व्याख्या म और भी स्पष्ट किया गया है—'यथववाद्य शब्दा उपमानानन्तर प्रयुक्त तुल्यादिपदसाधारणा अपि श्रुतिमात्रेणोपमानोपमेयगत सादश्यसम्बन्ध बोधयन्ति तत्सदभाव श्रौत्युपमा। तुल्यादयस्तु उभयत्रापि विश्रामयन्तीत्यथानुसन्धानादव साम्य प्रतिपादयन्तीति तत्सदभावे आर्थी।

पूर्णोपमा के छह भेदा के अनन्तर लुप्तोपमा के इक्कीस भेदा का वणन किया गया है। धम

---

१ यत्र किंचित्सामान्य कश्चिच्च विशष स विषय सदशतायो। (अलकारसवस्व वत्ति पृ० ३१)
२ अप्पय्यदीक्षित के अनुसार 'उल्लसति' की व्याख्या है व्यङ्ग्यमर्यादा विना स्पष्ट प्रकाशन। (कुवलयानन्द पृ० ३)।

लुप्ता के पाच प्रकार ह पूर्णोपमा क समान छह नही, क्योकि धमलुप्ता म तद्धितगत श्रौती' भेद सभव नहा है—"साधारण धमवाचक पद न होन के कारण 'तत्र तस्यव इम सूत्र स यहा वति प्रत्यय नही हा सकता, क्योकि वह पष्ठयन्त आर सप्तम्यन्त स ही होना ह और पष्ठी-सप्तमी विभक्ति धमवाचक पद क बिना सम्बध सूचित न होने क कारण हा नही सकती।[1]

धमलुप्ता क पाच भेद और ह। दो क्यच प्रत्यय करन पर एक क्यड प्रत्यय करने पर तथा दा णमुल प्रत्यय करन पर। उपमानलुप्ता (वाक्य-समास दो भेद), वाचकलुप्ता (समास क्विप् प्रत्ययगत दो भेद) धर्मोपमानलुप्ता (समास-वाक्य दा भेद), धमवाचक लुप्ता (क्विप्समास गत समासगत दो भद), उपमयलुप्ता (क्यचप्रत्ययगत एक भेद), धर्मोपमयलुप्ता (क्यचप्रत्यय गत एक भेद), त्रिलुप्ता (समासगत एक भेद)। इस प्रकार लुप्तापमा के इक्कीस भेद बन गय। विश्वनाथ की सफलता विवचन की स्पष्टता म है अलकार अथवा उनक भेदो की खाज म नही, कितन ही अलकारा का व रस का परिपथी[2] मानकर अलकार-पद से वचित कर देत है।

साहित्यदपण' म 'उपमा के उपयुक्त सत्ताइस भेदा का विवचन किया गया ह। य भेद उपमा विशेष क है। इस उपमा के अतिरिक्त उपमा नामान्तपाच अर्थालकार और है—एक-देशविवर्तिनी उपमा, रसनापमा, मालापमा उपमेयापमा, प्रतिवस्तूपमा। विश्वनाथ न इनका स्वतन्त्र अलकार क रूप म विवचन किया ह, क्योकि इनका चमत्कार उपमा क सामान्य चमत्कार स विशष ह उपमा क भेदोपभेद एक निश्चित व्याकरणीय प्रयोग की रूपरेखा म विवचित हुए है उन सबका सौन्दय उपमा का चमत्कार-मात्र है। उपमा-नामान्त पाच स्वतन्त्र अर्थालकार अपना-अपना विशषताआ क कारण उपमा के सामान्य चमत्कार का एक स्वतन्त्र स्वकीय सौन्दय प्रदान करन हैं इसलिए व पाचा स्वतन्त्र अथालकार (उपमाए) है भेदापभेद मात्र नही।

अप्पय्य दीक्षित

अप्पय्य दीक्षित की अलकार सम्बन्धी दो रचनाए हैं—कुवलयानन्द' तथा चित्रमीमासा। 'चित्रमीमासा पूव रचना है क्योकि कुवलयानन्द म एतद विवचन तु चित्रमीमासायां द्रष्टव्यम' जस सकेत उपलब्ध है, परन्तु चित्रमीमासा' अधिक प्रौढ रचना है, जगन्नाथ न कदाचित इसी लिए चित्रमीमासा का बार-बार खण्डन किया है।

कुवलयानन्द, 'चन्द्रालाक' की टीका है उपमा का लक्षण दोना पुस्तका मे एक ही है, उदाहरण अवश्य अलग-अलग ह। दीक्षित न लुप्तापमा क भेदा का वणन किया है और वाचकोपमानलुप्तोपमा भेद भा स्वीकार किया ह जा अन्य आचार्यों म नहा था। उदाहरण है—'काकतालीयम्'। काकागमनमिव तालपतनमिवेति काकतालमिति। काकतालसमागमसदृश तन्वी

१ विमलाख्या हिन्दी व्याख्या पृ० २६५।

२ यथा 'रसस्य परिपन्थित्वान्नालकार। (प्रहेलिका १०।१३)

समागम इति समासार्थोपमा, काकतालमिव काकतालीयमिति तु प्रत्ययार्थोपमा (पौणमासी)। यथा—

यत्तया मेलन तत्र लाभो मे यश्च तद्रत ।
तदेतत काकतालीयम अवितर्कितसभवम् ॥ (कुव० प०७)

चित्रमीमासा' म उपमा का लक्षण है—

उपमानोपमेय वयोग्यया रथयो द्वयो ।
हृद्य साधर्म्यमुपमत्युच्यते का यवेदिभि ॥

शब्द भेद होते हुए भी इस लक्षण को पुरान आचार्यो का आधार प्राप्त है केवल रुय्यक के 'प्रतीतत्व की दीक्षित ने याख्या भर कर दी है उपमानोपमेयत्वयोग्ययो' और प्रतीता पमानोपमययो समानाथक है। विद्याधर चक्रवर्ती के अनुसार— प्रसिद्धयोरवापमानापमेययो अलकारविपयत्वमिति नियमाय। अतो मेरुसपपादौविवक्षया परिकल्पयितु शक्याऽप्युपमानोपमप भावो नालकार विपय (सजीवनी पृ० ३८)। चन्द्रालोक एव कुवलयानन्द का 'सादश्य लक्ष्मीरुल्लसतिद्वयो ही चित्रमीमासा' म द्वयो हृद्य साधर्म्यम बन गया है। साराशत अप्पय्य दीक्षित पूर्वाचार्यो के ऋणी हैं और मम्मट रुय्यक एव जयदेव से विशप प्रभावित हैं रुय्यक क प्रतीतत्व की दीक्षित ने व्याख्या कर दी है और लक्षण म इसे प्रथम महत्त्व का स्थान दिया है।

लक्षण के अन तर उपमा के पूर्णा लुप्ताभेदा का वणन है। पूर्णोपमा के प्रसग म दीक्षित ने रुय्यक द्वारा निर्दिष्ट साधारण धम के त्रिविध निर्देश को स्वीकार किया है और साधारण धम निर्देश की अन्य विधाए भी बतलायी हैं—

पूर्णाया क्वचित साधारणधमस्यानुगामितया निर्देश । क्वचिद् वस्तुप्रतिवस्तुभावेन। क्वचिद बिम्बप्रतिबिम्बभावन। (पृ० ८०)

नवीन विधाएँ चार है—

(क) क्वचिच्छलेपेण (ख) क्वचिदुपचारेण
(ग) क्वचित समासान्तराश्रयण (घ) क्वचिदेपा यथासभव मिश्रणन।

ये भद लुप्तापमा[1] म नहा हात उनम साधारणधम का केवल अनुगामि भाव से ही निर्देश रहता है। कुवलयानन्द क समान चित्रमीमासा म भी लुप्तापमा क आठ भदा का वणन है। इस भेदापभेद क विपय म दीक्षित न व्यावहारिक दष्टिकोण प्रस्तुत किया है— एवमय पूर्णा लुप्ताविभागा वाक्यसमासप्रत्ययविशेषगाचरतया शब्दशास्त्र व्युत्पत्तिकौशलप्रदशनमात्र प्रयोजनो नातीवालङ्कारशास्त्रे व्युत्पाद्यतामहति। (पृ० १०८)

चित्रमीमासा म उपमा क दूसरे प्रकार से भी भद किय गय हैं, ये दीक्षित की मौलिकता को सूचित करते हैं। य भद तीन[2] है—

---

१ लुप्तायां तु नव भदा । तस्या साधारणधमस्यानुगामित्वनियमात । (पृ० ८०)
२ पुनस्त्रयमुपमा सधपतस्त्रिधा। (पृ० ११४)

(क) स्ववचिन्यमात्रविश्रान्ता, यथा 'स छिनमूल क्षतजेन रेणु[1] इत्यादि।

(ख) उक्तार्थोपपादनपरा, यथा 'अनन्तरत्नप्रभवस्य'[2] इत्यादि।

(ग) व्यग्यप्रधाना, जिसके वस्तु अलकार रस के आधार पर तीन उपभेद हो सकते हैं।

'चित्रमीमासा' का यह उपमा भेद विवेचन मौलिक है, उत्तर आचार्यों ने भी इसका नहीं अपनाया। अप्पय्यदीक्षित के समक्ष चमत्कार मूल की समस्या थी, उस आधार पर उन्होंने काव्य के तीन भेदों का वर्णन करते हुए अलकारों को उनसे जोड़ा है उसी आधार पर उपमा में चमत्कार-मूल का अन्वेषण करते हुए वे उपमा के तीन भेदों का सुझाव देते हैं और व्यग्यप्रधाना उपमा के तीन उपभेद ही नहीं देते उपमाध्वनि[3] का भी वर्णन करते है।

जगन्नाथ

संस्कृत के उत्तर काव्यशास्त्रियों का पाण्डित्य पूर्वाचार्यों का खण्डन करके स्व मत प्रतिपादन करने में है। यह प्रवृत्ति अप्पय्यदीक्षित तथा पडितराज जगन्नाथ तक आते-आते अत्यन्त स्पष्ट हो जाती है। चित्रमीमासा में अनेक मतों का खण्डन है और रसगगाधर में 'चित्रमीमासा' तक का खण्डन है। जगन्नाथ के अनुसार उपमा का लक्षण है—सादृश्य सुन्दर वाक्यार्थोपस्कारकमुपमालकृति।

उपमा अलकार का चमत्कार उस सुन्दर सादृश्य में है जो वाक्यार्थ का उपस्कारक हो। इस लक्षण में सुन्दरता का अर्थ है चमत्कार उत्पन्न करने वाला होना और चमत्कार का अर्थ है वह विशेष प्रकार का आनन्द जिसे सहृदयों का हृदय प्रमाणित करता है। सो इस लक्षण का तात्पर्य यह हुआ कि जिस सादृश्य से सहृदय का हृदय आनन्दित हो उठे, ऐसा सादृश्य यदि किसी वाक्यार्थ को सुशोभित करने वाला हो तो उसे उपमालकार कहा जाता है।

उपमा के पच्चीस भेदों का वर्णन है—६ पूर्णा के तथा १९ लुप्ता के। उपमा के निरवयवा सावयवा तथा परम्परिता भेद भी है। अन्त में रसनोपमा का विवेचन है।

वस्तुत जगन्नाथ का मुख्य बल पूर्वाचार्यों की परीक्षा एव आलोचना पर है। वे भेदोपभेदों एव खण्डन-मण्डन की गहराइयों में उतर जाते है जिसमे शास्त्र की शुद्धि तो है, विकास नहीं।

केशवदास

हिन्दी भाषा के माध्यम से केशवदास ने सर्वप्रथम अलकार विवेचन किया है। 'कविप्रिया'

---

१ स छिन्नमूल क्षतजेन रेणुस्तस्योपरिष्टात् पवनावधूत ।
अगारशेषस्य हुताशनस्य पूर्वोत्थितो धूम इवाबभासे ॥ (रघुवश ७।४३)

२ अनन्तरत्नप्रभवस्य यस्य हिम न सौभाग्यविलोपि जातम्।
एको हि दोषो गुणसन्निपाते निमज्जतीन्दो किरणेष्विवाङ्कः ॥ (कुमारसभव १।३)

३ अथोपमाव्यङ्ग्यप्रसगादुपमाध्वनय प्रदश्यन्ते। (पृ० ११८)

४ हिन्दी रस-गगाधर द्वितीय भाग, पृ० १।

की सामान्य व्यवस्था पर दण्डी के 'काव्यादर्श' का प्रभाव है। सोलह प्रभावों की पुस्तक के चौदहवें प्रभाव में उपमा का वर्णन है—

रूप शील गुण होय सम जो क्यो हू अनुसार।
तासो उपमा कहत कवि केशव बहुत प्रकार॥१४।१॥

एक वस्तु का दूसरी वस्तु के साथ रूप शील-गुण का वर्णन उपमा है। यह लक्षण वैज्ञानिक नहीं है वस्तुत ब्रजभाषा के माध्यम से जो लक्षण लिखे गये हैं वे प्राय लक्षण-कोटि के नहीं, वर्णन-कोटि के हैं। रूप शील-गुण की अनेक व्याख्याओं में से सबसे उचित है रूप तथा शील आदि गुण, इस प्रकार रूप रंग-आकार एव शील-स्वभाव-गुण दोनों धर्म उपमा के क्षेत्र बन जाते हैं। दण्डी ने लिखा था— यथाकथञ्चित् सादृश्य यत्रोद्भूत प्रतीयते।

केशव ने इसका छायानुवाद कर लिया है। *यथाकथञ्चित् क्यो हू अनुसार बन गया है,* और सादृश्यम रूप शील-गुण सम है।

उपमा भेद-वर्णन भी दण्डी के आधार पर है। केशव ने उपमा के इक्कीस भेद बतलाये हैं और बाईस भेदों का वर्णन किया है धर्मोपमा, नियमोपमा, अतिशयोपमा उत्प्रेक्षितोपमा, अद भुतोपमा मोहोपमा, सशयोपमा, निर्णयोपमा श्लेषोपमा विरोधोपमा अभूतोपमा असभावि तोपमा विक्रियोपमा मालोपमा हेतूपमा ये १५ भेद दण्डी से ज्यो-के-त्यो ले लिये हैं। शेष ७ भेदो में से दूषणोपमा, भूषणोपमा परस्परोपमा और 'लाक्षणिकोपमा' दण्डी की क्रमश निन्दोपमा, प्रशसोपमा अन्योन्योपमा तथा समानोपमा' है। केशव की गुणाधिकोपमा और सकीर्णोपमा क्रमश दण्डी की 'बहूपमा तथा ललितोपमा से मिलती-जुलती हैं। विपरी तोपमा में उपमा का कोई लक्षण नहीं है।[1]

देवदत्त

अपनी प्रौढतम रचना शब्दरसायन अथवा काव्यरसायन' के नवम प्रकाश में देव कवि ने उपमा का विवेचन दण्डी एव केशव की परम्परा में किया है। उपमा का लक्षण है—

गुन औगुन सम तौलि के जहा एक सम और।
सो उपमा कहि वाच्य पद सकल अथ लघु ठौर॥

इस लक्षण में विश्वनाथ के साम्य वाच्यम को तथा रुय्यक के उपमानोपमेययो को समा विष्ट कर लिया गया है साथ ही गुणसाम्य एव वाक्यैक्य (सकल अथ लघु ठौर) का भी सकेत है। अन्य हिन्दी आचार्यों की अपेक्षा देवदत्त का उपमा लक्षण कुछ प्रौढ है। परम्परा के अनुसार देवदत्त भी इस ओर दो बार बल दे रहे हैं कि उपमा अनेक अर्थालकारो का आधार है—

(क) सकल अलकारनि विष उपमा अग उपग।
(ख) सकल अलकारनि विष उपमा अग लखाइ।

उपमा के भेदो का विवेचन दण्डी केशव की परम्परा मे हैं भामह-उदभट मम्मट रुय्यक की

---

१ हिन्दी अलकार-साहित्य पृ० ७४।

परम्परा मे नही। 'काव्य रसायन' मे उपमा के बीस भेद हैं, जिनम मे कुछ भेद नये से भी जान पडते हैं, अधिकतर तो ऐसे भेद हैं जिनका अ तर्भाव अयत्न हो सकता है। एक ओर तो स्मृति, भ्राति, सदेह, निश्चय, असभव, उल्लेख तथा स्वभावोक्ति स्वतत्र अलकार है दूसरी ओर स्मरणोपमा, भ्रमोपमा, सदेहोपमा निश्चयोपमा, असभवोपमा, उल्लेखोपमा तथा स्वभावोपमा उपमा के भेद भी है। उपमा के अनेक भेदो म प्रभाव केशव और अ ततोगत्वा दण्डी का है।'[1] यदि भेदोपभेदा के लक्षण दे दिये जाते तो उनका स्वरूप सुगम हो जाता परन्तु देवदत्त न केवल उदाहरण दिये हैं, लक्षण नही।

उपमा भेद निरूपण मे पूर्णा-लुप्ता, शाब्दी-आर्थी भेदा का प्रसग ही नही आया। पाच दोहो मे 'उपमायोग्य स्थल' शीर्षक से उन विषया की सूची गिना दी है जा उदाहरणो म उपमा के भेद बन गए है। दण्डी विषय भेद मे उपमा के अनेक भेदा म विश्वास रखते थे, उनके अनुयायियो ने भी उपमा के विषयगत भेद कर दिये, अधिक वज्ञानिक व्याकरण सम्मत भेदा की ओर उनका ध्यान नही गया।

भिखारीदास

'काव्यनिणय के तृतीय अध्याय मे अलकारमूल वणन है जिसका विस्तार उस ग्रन्थ के ग्यारह (८वें से १८वें तक) उल्लासो म है। प्रथम अर्थालकार उपमा का लक्षण है—

कहु काहू सम बरनिये, उपमा सोई जानि।३।२॥
जहँ उपमा उपमेय है, सो उपमा विस्तार।८।९॥

दोना लक्षणवणन मात्र है और सादश्यमूलक अथालकारो का सामान्य सकेत देते ह। उपमा के दो भेद हैं—*आर्थी तथा श्रौती। पूर्णोपमा, लुप्तापमा भेदा का भी विस्तार से वणन है।* पूर्णोपमा के प्रसग म षडभेदमूलक विस्तार नही है, प्रत्युत मालोपमा का पूर्णोपमा का रूप मानकर वणन किया गया है। पूर्णोपमा के उपभेदा का अवणन ब्रजभाषा की रुचि क अनुरूप है जो सस्कृत भाषा म अनिवाय था वह ब्रजभाषा मे अनावश्यक है—प्रत्यय समास तथा वाक्य के आधार पर ब्रजभाषा म उपमा के सौंदय की याजना नही होती। लुप्तोपमा के ८ भेद अप्पय्य दीक्षित के ही अनुसार हैं और त्रिलुप्ता को रूपकातिशयोक्ति कह कर उसको अधिक स्पष्ट कर दिया गया है—

तिहू लुप्त सो जो रह केवल ही उपमान।
ताही को रूपकातिसय उक्ति कहै मतिमान॥८।२९॥

ब्रजभाषा के काव्यशास्त्रियो म भिखारीदास की प्रतिष्ठा परम्परा म हेर फर कर उसे समयोचित बना लेने म हैं। उपमा के भेद निरूपण मे भी उन्होने इसी गुण का परिचय दिया है और सस्कृत के काव्यशास्त्रिया द्वारा प्रतिपादित परम्परा को स्वीकार करके भी उसम ब्रजभाषा की प्रकृति के अनुरूप परिवतन कर लिये है।

---

१ 'हिन्दी अलकार साहित्य पृ० १३६।

कन्हैयालाल पोद्दार

गद्ययुगीन आचार्यों न प्राचीन पुस्तका का पढकर उनक आधार पर अलकारा का सप्रमाण विवेचन किया है। कन्हैयालाल पोद्दार ने सस्कृत-साहित्य के सुप्रसिद्ध ग्रथा के आधार पर 'अलकार मजरी' की रचना की। 'पाण्डित्य की दृष्टि से अलकार मजरी हिन्दी म अपने विषय की सबसे प्रौढ तथा प्रामाणिक रचना है।'[1] अलकारो के लक्षण गद्य म लिखे गये हैं विवेचन तो गद्य म है ही, उदाहरण ब्रजभाषा तथा क्वचित खडीबोली पद्या म है।

उपमा का लक्षण है 'दो पदार्थों के साधम्य को उपमान उपमय भाव से कथन करने को 'उपमा' कहते है।' (पृ० १०२)। व्याख्या म पोद्दार लिखते हैं '*लक्षण म दो पदार्थों का साधम्य* इसलिए कहा गया है कि अनन्वय' अलकार म भी उपमेय उपमान का साधम्य होता है किन्तु अनन्वय मे उपमेय और उपमान दो पदाथ नही होते एक ही वस्तु होती है।[2] वस्तुत यह लक्षण *साधर्म्यमुपमाभेदे* (काव्यप्रकाश) तथा साम्य वाच्य उपमा द्वयो' (साहित्यदपण) का सम्मिलित छायानुवाद है कथन करने को' का अथ होगा वाच्य।

भेदा के विषय म भी मम्मट का प्रभाव है 'उपमा के प्रधान दो भेद हैं। पूर्णोपमा तथा लुप्तोपमा। इनके श्रौती या शाब्दी और आर्थी आदि अनक भेद होते हैं।'[3] पूर्णोपमा दो भेदा (श्रौती आर्थी) के अनन्तर लुप्तोपमा के आठ भेदा का वणन है। अन्त मे लेखक ने 'उक्त भेदा के सिवा उपमा के और भी भेद'[4] लिखे हैं वे हैं—

(क) बिम्बप्रतिबिम्बोपमा, (ख) वस्तु प्रतिवस्तु निर्दिष्ट उपमा
(ग) श्लेषोपमा (अथश्लेषोपमा तथा शब्दश्लेषोपमा)[5]
(घ) वधर्म्योपमा (ङ) नियमोपमा
(च) अभूतोपमा अथवा कल्पितापमा
(छ) समुच्चयोपमा (ज) रसनापमा
(झ) उपमा लक्ष्योपमा तथा व्यग्योपमा भी होती है (पृ० ११८)।
(ञ) उपमा के निरवयवा, सावयवा (समस्तवस्तुविषया एकदेशवर्तिनी) और परम्परित आदि भेद भी होते हैं (पृ० ११९)। इन उपभेदो म 'शुद्धा एव माला भी है।

यह समस्त विवेचन प्राचीन आचार्यों के आधार पर है विशेषत दण्डी मम्मट एव रुय्यक के अनुसार।

रामदहिन मिश्र

काव्यदपण के द्वादश प्रकाश की दूसरी छाया म सादश्यगभ भेदाभेद प्रधान चार अल

---

१ हिन्दी अलकार साहित्य प २४२।
२ अलकार मजरी पृ ११२पृ० १०३। ३ वही पृ० १०४ ४ वही पृ० ११२
५ दण्डी ने इस भेद को समानोपमा नाम से लिया है। (अलकार-मजरी पृ० ११५)

कारों का विवेचन है। इनमें मुख्य अलंकार उपमा है। उपमा का लक्षण पुराने आचार्यों के अनुसार है—'दो पदार्थों के उपमान-उपमेय भाव से समान धर्म के कथन करने को उपमा अलंकार कहते हैं।' अर्थात् जहाँ वस्तुओं में विभिन्नता रहते हुए भी उनके धर्म (रूप, गुण, रंग, स्वभाव, आकार आदि) की समता का वर्णन किया जाय वहाँ पर उपमालंकार होता है' (पृ० ३५२)।

"उपमा के दो भेद होते हैं—(१) पूर्णोपमा और (२) लुप्तोपमा। इनके भी अनेक भेद होते हैं। पूर्णोपमा के उपभेद के रूप में 'माला पूर्णोपमा' का भी विवेचन है। लुप्तोपमा के अन्तर्गत चार उपभेद एकलुप्ता के, चार द्विलुप्ता के, और दो त्रिलुप्ता (धर्मोपमान-वाचक लुप्ता तथा वाचक धर्म-उपमेय लुप्ता) के हैं। त्रिलुप्ता में मिश्रजी ने मौलिक चिन्तन का परिचय दिया है और सूरदास के प्रसिद्ध पद 'अद्भुत एक अनूपम बाग' को भी वाचक धर्म उपमेय लुप्तोपमा माना है रूपकातिशयोक्ति नहीं—

'अद्भुत एक अनूपम बाग' जब नायिका के शरीर को लेकर कोई रूपक नहीं बांधा गया है जिससे यहाँ रूपकातिशयोक्ति नहीं कही जा सकती।' (पृ० ३५५)

'इनके अतिरिक्त उपमा अलंकार के और भी भेद होते हैं।' वे हैं—

(क) रसनोपमा (ख) समुच्चयोपमा (ग) रसनोपमा

(घ) मालोपमा (समानधर्मा भिन्नधर्मा तथा लुप्तधर्मा)

(ङ) लघ्वोपमा।

लघ्वोपमा पर वृत्ति भी ध्यान देने योग्य है 'लक्षणा से काम लेने के कारण इसे 'लघ्वोपमा', सुन्दर होने के कारण ललितोपमा, और उपमा की नवीनता के कारण 'नवीनोपमा' भी कहते हैं। (पृ० ३५८)

काव्यदर्पण वस्तुतः 'काव्यप्रकाश तथा साहित्यदर्पण का समन्वय-सार' प्रतीत होता है यथास्थान समयुगीन पूर्ववर्ती ग्रंथों से भी लेखक ने लाभ उठाया है। इसमें प्राचीन विषय का नवीन व्याख्या में नवीन दृष्टिकोण से समाधान का प्रयत्न है। (आत्म निवेदन पृष्ठ क)

उपसंहार

राजशेखर के अनुसार[1] औपम्य का प्रथम कथन औपकायन ने किया था। वेदों का शब्द-चयन और शिक्षा-व्याकरण ग्रन्थों में ही उपमा का विवेचन भी उपलब्ध होता है। पश्चात् अलंकार शास्त्र एक स्वतन्त्र अंग बन गया। फिर भी इस शास्त्र के आचार्यों में वैयाकरणों के प्रति श्रद्धा बनी रही और मुख्य मुख्य अलंकारों (विशेष उपमा) का विवेचन व्याकरण की सहायता से किया जाता रहा।

प्रथम चरण में उपमा का विवेचन व्याकरण निरुक्त ग्रन्थों के अन्तर्गत हुआ है। द्वितीय चरण में अलंकारशास्त्र के अन्तर्गत उपमा के भेदोपभेदों का विस्तार हुआ। इसके दो वर्ग

---

१ हिन्दी अलंकार साहित्य पृ० [illegible]।

एक पक्ष 'अर्थानुरोधेन विभाग करने वाला इसका पक्ष है भरत, अग्निपुराणकार दण्डी, भामह आदि हैं। द्वितीय पक्ष व्याकरण प्रयोगानुरोधेन विभाग या विभाग करने वाला इसके पक्षपाती भामह उद्भट, मम्मट आदि हैं। तृतीय चरण में उपमा का यथासिद्ध तात्पूर्ण लक्षण खोजने का प्रयत्न है इसकी चरम सीमा जगन्नाथ में प्राप्त होती है। चतुर्थ चरण कवि एवं सहृदय के लिए उपमा का सामान्य लक्षण एवं उसके उदाहरण प्रस्तुत करने में लगा रहा इसके अन्तर्गत मुख्यतः भाषा (व्रजभाषा एवं खड़ीबोली) के आचार्य आते हैं। इस विकास क्रम में सभी आचार्यों ने उपमा को मुख्य एवं सबसे महत्त्वपूर्ण अलंकार माना है और इसके विवेचन को अलंकार विवेचन में प्रधानता दी है।

लक्षण

भामह ने उपमा का जो लक्षण 'अतत तत सादृश्यम्' दिया था, वही मम्मट के 'साधर्म्यमुपमा भेदे' तक निरन्तर आधार बनकर चलता रहा। बीच के एवं उत्तर आचार्यों ने इस सामान्य लक्षण को वैज्ञानिक एवं तात्पूर्ण बनाने का अपने अपने ढंग से प्रयत्न किया। आचार्यों का आग्रह निम्नलिखित बिन्दुओं पर द्रष्टव्य है—

(क) साधर्म्य सादृश्य, साम्य शब्दों का प्रायः पर्यायवाची के रूप में प्रयोग हुआ है और सहसा इन शब्दों का परस्पर अन्तर कठिन है यद्यपि कुछ विद्वानों ने यह सिद्ध किया है कि सादृश्य तथा साधर्म्य में भेद है। सादृश्य में अवयवसामान्य के अतिरिक्त अवयवविशेष का भी ध्यान रहता है परन्तु साधर्म्य में केवल अवयवसामान्य का ध्यान रहता है। अतः उपमा की परिभाषा में 'सुन्दर साधर्म्यम्' न कहकर 'सुन्दर सादृश्यम्' कहना उपयुक्त है।[५]

(ख) उपमा में प्रस्तुत अप्रस्तुत भाव विद्यमान रहता है। इसकी दो विशेषताएं अनिवार्य हैं—

---

१ काव्यमीमांसा पृ० १

२ उपकारकत्वादलंकार सप्तममङ्गम् इति यायावरीयः। (काव्यमीमांसा पृ० ६)

३ प्रथमं हि विद्वांसो वैयाकरणाः। व्याकरणमूलत्वात् सर्वविद्यानाम्। (ध्वन्यालोक १।१३)

४ सर्वस्वलंकारेषूपमा जीवितायते। (महिमभट्ट)
उपमैवानेकप्रकारवैचित्र्येणानेकालंकारबीजभूता। (रुय्यक)
अलंकारशिरोरत्नं सर्वस्वं काव्यसम्पदाम्।
उपमा कविवंशस्य मातैवेति मतिर्मम॥ (राजशेखर)
उपमैका शैलूषी सम्प्राप्ता चित्रभूमिकाभेदान्।
रञ्जयति काव्यरंगे नृत्यन्ती तद्विदां चेतः॥ (अप्पय्य दीक्षित)

५ संस्कृत-साहित्य में सादृश्यमूलक अलंकारों का विकास पृ० १४८।

१ प्रस्तुत एव अप्रस्तुत मे अतर हो। गाग्य के अनुसार 'अतत' एव 'तत' अलग-अलग हैं, मम्मट के अनुसार यह 'भेद' उपमा का आधार है, भामह क अनुसार उपमेय का साम्य 'विरुद्ध उपमान के साथ हो और समानता हो केवल 'गुणलेश' के आधार पर, रुय्यक ने स्वीकार किया है कि 'यत्र किंचित्सामाय कश्चिच्च विशेष स विषय सदशताया'[1]—तात्पय यह है कि उपमेय तथा उपमान अलग-अलग एव भिन रूप हो तो उनम 'यथाकथचित'[2] सादश्य का वणन उपमा का चमत्कार है। भेद होते हुए भी साम्य उपमा का आधार है।

२ उपमेयोपमान दानो का साक्षात कथन होना चाहिए। विश्वनाथ ने इसको 'साम्य वाच्यम्' द्वारा प्रकट किया है। विश्वेश्वर पण्डित ने इसी कारण लिखा है 'तत्रकवाक्यवाच्य सादृश्यम भिनयोरुपमा'[3]।

(ग) रुय्यक न इस विशेषता पर बल दिया था कि उपमेय और उपमान दोना प्रतीत (प्रसिद्ध) अर्थात उपमायोग्य हा, किसी असुदर उपमेय का किसी भी उपमान के साथ सादश्य उपमा नहीं है। उदभट न इस विशेषता का कथन 'चेतोहारि साधम्यम्' द्वारा किया था और जयदेव न सादश्यलक्ष्मीरुल्लसतिद्वयो द्वारा। अप्पय्य दीक्षित ने बहुत स्पष्ट कह दिया है —

उपमानोपमेयत्वयोग्ययोरथयोद्वयो ।
हृद्य साधम्यमुपमेत्युच्यते काव्यवेदिभि ॥ (चित्रमीमासा)

और उनके कट्टर आलोचक जगनाथ ने भी कहा है कि "सादश्य सुदर वाक्यार्थोपस्कारक मुपमालङ्कृति ।

(घ) साहित्यदपण म उपमा का लक्षण दो अय विशेषताआ पर बल देता है। प्रथम 'वाक्यक्य' तथा द्वितीय 'अवधम्यम'। वत्ति म स्पष्ट किया गया है कि "व्यतिरेके च वधम्य स्याप्युक्ति उपमेयोपमाया वाक्यद्वयम। य दोना गुण उपमा का अनेक सादश्यमूलक अलकारा से अलग सिद्ध कर देते है।

(ङ) उपमा क लक्षण म ध्यान देने याग्य दा विशेषताएँ और है। प्रथम का सकेत यास्क न किया था कि गुण के आधार पर अनुत्कृष्ट का उत्कृष्ट के साथ अथवा अप्रख्यात का प्रख्यात के साथ सादश्य।[4] वामन न भी यही भाव व्यक्त किया है उपमीयत सादश्यमानीयत यनात्कृष्ट गुणेनायत तदुपमानम, यदुपमीयत यूनगुण तदुपमेयम्' [5]। दूसरी विशेषता एक शका का समाधान है कि साधम्य शद क ग्रहन से कायकारण सम्बध नही आता केवल उपमानापमेय

---

१ अलकारसवस्वम् वत्ति पृ० ३१।
२ यथाकथचित् सादश्य यत्रोद्भूत प्रतीयते। (काव्यादर्श)
३ अलंकारकौस्तुभ प० २३।
४ ज्यायसा वा गुणेन प्रख्याततमेन वा कनीयांसं वाऽप्रख्यातं वोपमिमीते।
५ काव्यालकारसूत्रवृत्ति पृ० ५४।

अथानुरोधेन एव व्याकरण प्रयोगानुरोधेन उपमा विभाग-परम्परा म कुछ विशेष भेदा पर ान देना आवश्यक है।

(क) वामन ने उपमा का तीन प्रकार से वर्गीकरण किया है। एक प्रकार से वह 'लौकिकी' या 'कल्पिता' है, दूसरे प्रकार से वह 'पदार्थवत्ति' तथा 'वाक्यार्थवत्ति' है तीसरे प्रकार से र्णा' तथा 'लुप्ता' है।

(ख) रुद्रट ने उपमा के तीन रूप माने है—वाक्यापमा, समासोपमा तथा प्रत्ययोपमा।

(ग) उपमा के अनेक भेद तो स्वतन्त्र अलकार बन गये परतु 'मालोपमा' एव 'रसनोपमा =रशनोपमा) उपमा के ही भेद बन रहे, मम्मट ने इनका खण्डन किया था परतु विश्वनाथ व जगन्नाथ इस खण्डन का स्वीकार न कर सके।

(घ) भाषा के आचाय व्याकरणानुमोदित उपभेदो को भाषा म आवश्यक नही मानते।

उपमावाचक

सवप्रथम 'निघण्टु' म बारह उपमा-वाचक शब्दा का सग्रह है। लोक म उन सबका व्यवहार ही पाया जाता, इसलिए भामह ने केवल यथा' तथा इव को वाचक बतलाया है। उदभट भी इसी कथन को स्वीकार किया परतु दण्डी न बडे विस्तार से उपमा-वाचका का णन किया है (जिसम समस्त सादृश्यमूलक अलकारा के वाचक सम्मिलित हैं)—

इववद्वा यथा शब्दा समान निभसनिभा ।
तुल्य-सकाश-नीकाश प्रकाश प्रतिरूपका ॥५७॥
प्रतिपक्ष प्रतिद्वद्वि प्रत्यनीक विरोधिन ।
सदृक्-सदृश-सवादि सजातीयानुवादिन ॥५८॥
प्रतिबिम्ब प्रतिच्छद-सरूप सम-समिता ।
सलक्षण-सदृशाभ सपक्षोपमितापमा ॥५९॥
कल्पदेशीय-देश्यादि प्रख्यप्रतिनिधी अपि ।
सवर्ण-तुलितौ शब्दौ य चान्यूनार्थवादिन ॥६०॥
समासश्च बहुव्रीहि शशाङ्कवदनादिषु ।
स्पर्धते जयति द्वेष्टि द्रुह्यति प्रतिगर्जति ॥६१॥
आक्रोशत्यवजानाति कदर्थयति निन्दति ।
विडम्बयति सधत्त हसतीर्ष्यत्यसूयति ॥६२॥
तस्य मुष्णाति सौभाग्य तस्य कान्ति विलुम्पति ।
तेन सार्ध विगृह्णाति तुला तनाधिरोहति ॥६३॥
तत्पदव्या पद धत्त तस्य कक्षा विगाहत ।
तमन्वेत्यनुबध्नाति तच्छील तन्निषेधति ॥६४॥

द्वितीय अध्याय

भरत द्वारा विवेचित शेष तीन अलकार

२ रूपक

भरत

नाटयशास्त्र म वर्णित दूसरा[1] अलकार 'रूपक' ह। उपमा और रूपक सगोत्र है, इनका परस्पर अन्तर निरूपण आचार्यों के ध्यान म रहा है। भरत ने उपमा और रूपक क अन्तर म मुख्यत तीन विशेषताओ पर बल दिया है—

१ उपमा का आधार 'सादश्य है, रूपक का औपम्य'। 'औपम्य' 'किंचित्सादश्य' द्वारा सम्पन्न होता है। अर्थात रूपक म नानाद्रव्यानुपङ्गात 'स्वविकल्पविरचित तुल्यता आधार है प्रस्तुत और अप्रस्तुत म अगो के सादश्य (किंचित) के कारण तुल्यता कल्पित की जाती ह।

२ उपमा का आधार है गुणाकृति का सादश्य, रूपक का आधार केवल गुण ह, और यह गुण[2] नाना द्रव्यो क आनुषगिक आधार द्वारा सम्पन्न होता ह, वापी[3] की स्त्री स तुलना केवल अगभूत अवयवो के गुण के आधार पर ही है आकृति के आधार पर नही।

३ उपमा म आकृति का सादश्य है, रूपक म रूप निवर्णना, अर्थात् रूपक आकृति-सादृश्य न होते हुए भी प्रस्तुत-अप्रस्तुत म रूपाभेद कल्पित करता ह।

रूपक क विवेचन तथा एकमात्र उदाहरण से यह स्पष्ट है कि भरत की दृष्टि म सामान्यत रूपक का वह रूप था जिसको आगे चलकर 'सागरूपक नाम दिया गया है। परन्तु विवेचन इतना अविशेषीकृत है कि उसम रूपक मात्र समा सकता है।

भरत न दो श्लोको म रूपक का लक्षण दिया है। एक का अन्तिम चरण है 'तद्रूपकमिति स्मृतम्'[3] और दूसरे का 'यद्रूप रूपक तु तत'[4]। पूर्ण लक्षण दोनो श्लोको को मिलाकर ही बनता

---

१ काव्यमाला में प्रकाशित नाट्यशास्त्र के पाठ म उपमा के अनन्तर दीपक का नाम है (उपमा दीपक चैव रूपक यमक तथा परन्तु दूसरा पाठ उपमा रूपक चैव दीपक यमक तथा अधिक संगत प्रतीत होता है क्योंकि विवेचन क्रम में उपमा के अनन्तर रूपक है और रूपक के अनन्तर दीपक—रूपक श्लोक सख्या ५७ ५८ दीपक श्लोक-सख्या ५९ ६)।

२ पद्माननास्ता कुमुदप्रकाशा विकासनीलोत्पलचारुनेत्रा ।
वापीस्त्रियो हंसकुलस्वनन्त्यि विरेजुरन्यायमिवाह्वयन्त्य ॥१६॥५६॥

३ नानाद्रव्यानुषगाद्यदौपम्य गुणाश्रयम् ।
रूपनिवर्णनायुक्त तद्रूपकमिति स्मृतम् ।१६।५७॥

४ स्वविकल्पविरचित तुल्यावयवलक्षणम ।
किंचित् सादृश्यसपन्न यद्रूप रूपक त तत् ॥१६।५८॥

है, इनको अलग-अलग लक्षण अथवा रूपक के दो भेदा के बीज नही माना जा सकता। प्रथम श्लोक मे 'रूपक' का विवेचन है और दूसरे म रूपक के आधार 'रूप' का। दोना श्लोका का मिलाकर इस प्रकार पढा जायगा—"नानाद्रव्यानुपगाध्य यत गुणाश्रयम् औपम्यम् तद रूप निवर्णनायुक्त रूपकम इति स्मृतम, (अत्र) स्वविकल्पविरचित तुल्यावयवलक्षण रूप किंचित सादृश्यसपन्न (भवति)'। इस लक्षण मे बल 'रूप' पर है जो औपम्य पर आधृत है उपमा के समान सादृश्य पर नही।

भामह

काव्यालकार' के प्रथम परिच्छेद (श्लोक-सख्या १३ तथा १४) म अलग अलग रूपका दिरलकार [1] तथा रूपकादिमलकार [2] पदो का प्रयोग है। इससे यह सकेत प्राप्त हो सकता है कि कोई प्राचीन परम्परा, जिसको भरत ने नही अपनाया, अलकारा म (अथवा अर्थालकारा म) रूपक को प्रमुखता प्रदान करती थी।

द्वितीय परिच्छेद म भामह ने सवप्रथम सवस्वीकृत पाच अलकारो का विवेचन किया है। य अलकार है—अनुप्रास, यमक, रूपक, दीपक तथा उपमा। भरत और भामह के बीच म [3] अनुप्रास का जन्म हो गया था, शब्दालकार का महत्त्व (प्रथम गणना करके) स्वीकार होने लगा था तथा भरत के क्रम को ही सब आचाय स्वीकार न करते थे—भरत ने पहले अर्थालकार रखे है भामह न प्रथम शब्दालकार फिर अर्थालकार। भरत का क्रम है उपमा दीपक रूपक, यमक भामह का सवस्वीकृत क्रम है इसके ठीक विपरीत यमक रूपक दीपक उपमा। [4]

गुणाना समता दृष्टवा [5] उपमानन उपमेयस्य तत्त्व यत रूप्यत तद रूपकम —इस लक्षण म बल दो बाता पर है गुणो की समता और उपमेय की उपमान के साथ अभेद रूपना। मूलत भरत और भामह के लक्षणा म कोई अन्तर नही है। दोनो 'गुण' तथा 'रूप' पर बल देत है भरत का विवेचन अधिक विस्तृत एव वणनात्मक है भामह का सक्षिप्त एव व्याख्यापरक। आगे आचार्यों ने अभेदरूपता को अधिक वज्ञानिक शब्द आरोप द्वारा व्यक्त किया और अध्यवसान से अन्तर करते हुए 'आरोप' की व्याख्या इस प्रकार की— विषयिणा अनिगीणस्य विषयस्य तनव सह तादात्म्यप्रतीति आरोप (उपमय को ग्रस बिना उपमान के साथ उपमय की एक रूपता को आरोप कहते है)।

---

१ रूपकादिरलकारस्तस्यान्यबहुधोदित ॥१।१३॥

२ रूपकादिमलकार बाह्यमाचक्षते परे ॥१।१४॥

३ हिन्दी अलकार साहित्य प १ तथा ११।

४ नाटयशास्त्र के पाठान्तरों में भी क्रमिक द्वितीय स्थान रूपक तथा दीपक म से किसी एक को मिलता है।

५ अनुप्रास सयमको रूपक दीपकोपमे।
इति वाचामलकारा पचवान्यरुदाहृता ॥२।४॥

६ उपमानेन यत्तत्वमुपमेयस्य रूप्यते।
गुणाना समता दृष्टवा रूपक नाम तद्विदु ॥२।२१॥

रूपक के दो भेद है— समस्तवस्तुविषय तथा 'एकदेशविवर्ती'। 'समस्तवस्तुविषय रूपक' म समस्त उपमान का (अवयवो के साथ) समस्त उपमेय पर (अवयवो के साथ) आरोप हो जाता है। 'शीकराम्भ'—रूपी मद का छिडकते हुए, इन्द्रधनुष रूपी कामुक से युक्त तुग जलद दन्ती निकलते हुए मुझे उन्मत बना रहे है"—इस उदाहरण मे जलदो पर हस्तियो का आरोप समस्त अवयवो पर आरोप के साथ किया गया है।

'एकदेशविवर्ती' रूपक म केवल कतिपय अवयवो पर ही आरोप होता है, समस्त वस्तु पर नही। "मेरी प्रिया को जलधरो की धीर ध्वनि कचोटती है जो जलधर तडिद्वलयरूपी रज्जु से बँधे हुए है और जो वलाका रूपी मालाएँ धारण किये हुए हैं"—इस उदाहरण म जलधरो पर हस्तियो का आरोप अभिव्यक्त नही है, केवल अभिव्यजित है दो अवयवो का दो अवयवो पर आरोप है समस्त का समस्त पर नही।

भामह की शब्दावली म भरत के सम्मुख केवल 'समस्तवस्तुविषय' रूपक के दो उदाहरण थे। सामान्यत समस्तवस्तु उपमान का समस्तवस्तु उपमेय पर आरोप साहित्य म प्राप्त होता है परन्तु ऐसा भी सभव है कि कवि समस्त वस्तु की उपेक्षा कर दे और केवल एकदेशविवर्ति कतिपय अवयवो के आरोप तक ही सीमित रहे।

दण्डी

उपमाचक्र के समान रूपक चक्र का भी दण्डी ने बडे विस्तार से 'काव्यादर्श' के द्वितीय परिच्छेद म इक्तीस श्लोको म वर्णन किया है। उपमान और उपमेय का भेद यदि, अतिसादृश्य के कारण तिरोहित हो जाय तो उस साधर्म्य (उपमा)[3] को रूपक कहते है। यह लक्षण अत्यन्त सामान्य है इसमे भरत अथवा भामह के लक्षणो जसी सूक्ष्मता एव वज्ञानिकता नही है, परन्तु जिस अभेद प्रतिपादन पर बल दिया गया है वह उपमा स रूपक का अन्तर है, इसमे भी कोई सन्देह नही। 'कान्त चन्द्रमिव मुखम' उपमा है तो 'चन्द्रमुखम' रूपक, गुणाधिक्य के कारण 'चन्द्र' और 'मुख' का अभेद ही तो रूपक है इसी अभेद को 'रूपता' अथवा 'आरोप' सज्ञा दी गई है।

दण्डी के अनुसार रूपक के अनेक भेद है जिनम से उन्नीस भेदो का वर्णन काव्यादर्श मे किया गया है शेष भेद विद्वानो के अनुमान[4] पर छोड दिये गये हैं। रूपक के एकान्नविंशति भेद

---

१ शीकराम्भो मदसृजस्तुङ्गा जलदन्तिन ।
निर्यान्तो मदयन्ती मे शक्रकार्मुकधारिणः ॥२।२३॥ (बालमनोरमा पाठ)

२ तडिद्वलयकक्ष्याणा बलाकामालभारिणाम् ।
पयोमुचा ध्वनिर्धीरो दुनोति मम ता प्रियाम् ॥२।२४॥

३ उपमैव तिरोभूतभेदा रूपकमुच्यते ॥२।६६॥

४ न पर्यन्तो विकल्पाना रूपकोपमयोरत ।
दिङ्मात्र दर्शित धीरैरनुक्तमनुमीयताम ॥२।९६॥

ही उदाहरण कई विभिन्न वर्गों के भेदा का बन सकता है, समस्त-असमस्त-समस्तव्यस्त तथा सकल-अवयव-अवयवी भेद परस्पर म स्वतन्त्र नही है, एक वग के भेद दूसरे वग के भेदा के क्षेत्र, म प्रसारित हो जाते हैं।

(छ) युक्तरूपक म अवयवा का अभेद वणन करते हुए सबन्धसगति विद्यमान रहती है यथा 'स्मितपुष्पोज्ज्वल लोलनेत्रभृङ्गमिद मुखम इस उदाहरण म स्मित तथा नेत्र अवयवा का वणन पुष्प तथा भृग अप्रस्तुता के आराप द्वारा किया गया है जिनमे स्वय आधार-आधेय[1] सबध है। इसके विपरीत (ज) अयुक्तरूपक मे सगति विद्यमान नही रहती, 'इदमाद्रस्मितज्योत्स्न स्निग्धनत्रोत्पल मुखम इस उदाहरण म मुख के अवयव स्मित का ज्योत्स्ना से अभेद है और नेत्र का उत्पल से परन्तु ज्योत्स्ना और उत्पल परस्पर विरोधी हैं। युक्त और अयुक्त भेदा का आधार उपमाना की प्रसग विशेष म पारस्परिक सगति है।

(झ) विषमरूपक म अगी का अभेद होता है अगो म से किसी का अभेद निरूपण होता है किसी अन्य का नही रूपण अरूपण[2] के वैषम्य के कारण इस भेद का नाम विषमरूपक है।

(ञ) सविशेषरूपक म विशेषणविशिष्ट पदाथ का आरोप होता है। (ट) विरुद्धरूपक मे उपमेय उपमान के प्रसिद्ध काय नहा करता प्रत्युत विरोधी काय करता है यही अनौचित्य, विरोध है 'तुम्हारा मुखचन्द्र कमला का सकुचित नही करता और न आकाश मे प्रवेश करता है, वह केवल मेरे प्राणो का हरण करता है —यहाँ मुख (उपमेय) चन्द्र (उपमान) के काय नही करता, उसके प्रसिद्ध काय के विपरीत काय करता है।

(ठ) सामान्य धम का हेतु रूप म उल्लेख रहने पर अभेद हेतुरूपक है— गाम्भीर्येण समुद्रोऽसि इसका उदाहरण है। साधारण धम श्लिष्ट हो तो (ड) श्लिष्टरूपक बनता है।

(ढ) उपमारूपक म गौण (चन्द्रादि) मुख्य (मुखादि) के साधम्य की तथा (ण) व्यतिरेकरूपक म गौण मुख्य के वधम्य की प्राप्ति होती है। उपमारूपक का उदाहरण है— मद से आरक्तकान्ति मुखचन्द्र उदयरक्त चन्द्र की स्पर्धा करता है।' यहा मुख्यता चन्द्र और मुख के अभेद की है, तथा औपम्यसूचक शब्दयोग स उनका साधम्य भी स्थापित किया गया है। व्यतिरेक रूपक का उदाहरण है—

चन्द्रमा पीयते देवमया त्वन्मुखचन्द्रमा।
असमग्राप्यसौ शश्वदयमापूणमण्डल ॥२।९०॥

उपमान स उपमेय का उत्कष होने के कारण यह व्यतिरेक है, अभेदप्रतीति[3] के कारण रूपक मुख्य है, अत यहा व्यतिरेक रूपक अलकार का चमत्कार है।

(त) आक्षेपरूपक का उदाहरण है— हे सुन्दरि तुम्हारे मुखचन्द्र का चन्द्रत्व गुणानुरूप नही

---

१ अत्र अवयवत्वम् नाम आधेयत्वम। (प्रभा पृ० १६४)

२ विषम रूपणारूपणवषम्यात् विषमसज्ञकम्। (प्रभा १६५)

३ अय च व्यतिरेक उपमानादुपमेयस्योत्कष द्योतयति। नाय वक्ष्यमाणो व्यतिरेकालकार। तस्य सादृश्य प्रतीतिपूवक भन्पयवसानविषयत्वात्। अत्र रूपकत्वेनाभेदप्रतीति। (प्रभा १६८)

है, क्योकि चन्द्र सबका आह्लादक है, परन्तु तुम्हारा मुख अन्यापतापी (प्रतिनायिका आदि का सतापक) है । मुख्याथ मुखचन्द्र का रूपक है परन्तु आक्षेप[1] (प्रतिषेध अथवा निन्दा) गर्भित होने से इस आक्षेप रूपक कहा जायगा।

(थ) समाधानरूपक का उदाहरण है—'हे चण्डि तुम्हारा मुखचन्द्र भी मुझको दहन करता है, यह मेरे भाग्य का ही दोष है। यहाँ रूपक म जो अयोग्यता (चन्द्र म दहनक्षमता) थी, उसका समाधान वक्ता न स्वय दे दिया है— भाग्यदोषात । यह समाधानपूवक रूपक है।

(द) रूपकरूपक दोहरा रूपक है— तुम्हारे मुखपक्ज रूपी रगस्थल म भ्रूलता रूपी नतकी लीलानत्य कर रही है।' यहाँ मुखपक्ज रूपक की रगस्थल के साथ अभेदस्थापना तथा भ्रूलता रूपक की नतकी के साथ अभेद स्थापना है। यह चमत्कार समास म ही सभव है, समास के अभाव म मुख रूपी पक्ज रूपी रगस्थल जसी अभिव्यक्ति शिथिल होगी।

(ध) तत्त्वापह्नवरूपक म उपमेय का निषध करक उपमान क साथ अभेद-स्थापना हाती है। नतन्मुखमिद पद्म, न नेत्रे भ्रमराविमौ उदाहरण म मुख का प्रतिषेध करक उसका पद्म के साथ अभेद स्थापित किया गया है।

भरत न रूपक अलकार के भेदो का वणन नही किया और भामह ने केवल दो भेद माने थे— समस्तवस्तुविषय तथा एकदेशविवर्ती । दण्डी ने रूपक के भेदो का विस्तार किया और विभिन्न दष्टियो ने इनका चयन किया —वाक्य की बनावट, अगो का उपभोग, परस्पर सम्बन्ध की सगति तथा उपमेयोपमान के गुण आदि।[2]

---

१ आक्षप प्रतिषेधोक्ति तदुपादाननियतत्वात् आक्षेपरूपकम् । अथवा आक्षप निन्दा तन्निवेशनादिन्माक्षप रूपकम् । नाय व्यतिरेक सादश्य प्रतीतेरभावात । न वापह्नुतिः प्रस्तुतस्य निषधायोगात् । (प्रभा पृ० १६६)

२ अग्निपुराण म रूपक को सादृश्य का एक रूप (उपमा के अनन्तर दूसरा) माना गया है। रूपक के दो वकल्पिक लक्षण दिये गये हैं एक भामह से ग्रहण कर लिया है और दूसरे मे दण्डी का यथावत् शब्दान करण है—

उपमानेन यत्तत्त्वमुपमेयस्य रूप्यते ।
गुणानां समता दृष्ट्वा रूपकं नाम तद्विदु ॥८।२२॥

यह लक्षण भामह के काव्यालकार मे आया है।

उपमव तिरोभूतभेदा रूपकमेव वा ॥८।२३॥

वा से यह सकेत मिलता है कि लेखक भामह तथा दण्डी दोनो के लक्षणो को एक मानकर उनम विकल्प देत हैं। वा को जोडने के लिए ही मानो दण्डीकृत लक्षण म दो शब्द बदल देने पडे। दण्डी का लक्षण था

उपमव तिरोभूतभेदा रूपकमुच्यते ॥२।६६॥

अग्निपुराण में रूपक के भेदों का वणन नहीं है और रूपक का एक भी उदाहरण नहीं दिया गया। अग्नि पुराण का रूपक प्रसग सबस उपेक्षित है।

उद्भट

श्रुत्या सम्बन्ध (अभिधा) की असम्भावना में जब एक पद का अन्य पद के साथ गुणवृत्ति प्रधान (लाक्षणिक) सम्बन्ध से जोड़ा जाय तो उस सौंदर्य को रूपक कहते हैं—

श्रुत्या सम्बन्ध विरहाद् यत्पदेन पदान्तरम ।
गुणवृत्तिप्रधानेन युज्यते रूपकं तु तत ॥ का० सा० । १।११॥

यह लक्षण सभी पूर्व लक्षणों से विकसित एवं वैज्ञानिक है। आगे चलकर मम्मट ने भी इसकी सक्ता से लाभ उठाया है। यद्यपि भरत में 'गुणाश्रय' पद का और भामह में 'गुणानां समता' पदों का रूपक के लक्षण में प्रयोग है परन्तु उद्भट का 'गुणवृत्तिप्रधान' योग एक विशेष सूक्ष्मता का द्योतक है। 'चन्द्रवदनम्' को अभिधा से स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि मुख का चन्द्र होना सम्भव नहीं है, इसलिए इसको लक्षणा से स्वीकार किया जाता है। यह रूपक का आधार भूत उदाहरण है।

उद्भट ने रूपक के चार भेदों का वर्णन किया है। प्रथम दो भेद तो भामह से यथावत ग्रहण कर लिये हैं—समस्त-वस्तु विषय तथा एकदेशविवर्ती। भामह ने समस्तवस्तुविषय का लक्षण नहीं दिया। उद्भट के अनुसार समस्तवस्तुविषय रूपक में रूपता के लिए समस्त अभिमत वस्तुओं का स्वकण्ठ[1] से कथन होता है— वन्धस्तस्य यतः श्रुत्या । उदाहरण सरल तथा स्पष्ट है—

ज्योत्स्नाम्बुनेन्दुकुम्भेन ताराकुसुमशारितम् ।
क्रमशो रात्रिकन्याभिर्व्योमोद्यानमसिच्यत ॥

एकदेशविवर्ती में कुछ उपमान कथित होते हैं साथ ही कुछ अर्थाक्षिप्त अथवा गम्य भी होते हैं— यतश्च श्रुत्यर्थाभ्यां तस्य वन्धस्तत । राजहंसैरवीज्यन्त शरदैव सरोनृपा उदाहरण में राजहंसों का चामरत्व और शरद का नायिकात्व अर्थाक्षिप्त है।

रूपक के अन्य भेदों के विषय में उद्भट का मत है कि मालारूपक भी समस्तवस्तुविषय रूपक है— समस्तवस्तुविषयं मालारूपकमुच्यते । यदि किसी वर्णन में रूपकों की शृंखला हो तो उसे भी समस्तवस्तुविषय माना जायगा। यह कथन 'मालारूपक' को अलग उपभेद मानने का खंडन करता है। उदाहरण है—

वनान्तदेवतावेण्यः पान्थस्त्रीकालशृंखलाः ।
मारप्रवीरासिलता भङ्गमालाश्चकाशिरे ॥

यहाँ भङ्गमालाओं को तीन अलग-अलग रूप दिये गये हैं। यह समस्तवस्तुविषय रूपक है— 'तेनात्र समस्तवस्तुविषयता एकस्मिन् रूप्ये समुच्चयेन बहूनां रूपणानां क्षिप्तत्वात् ।' (इन्दुराज पृ० १४)

---

१ तेन शब्दवाच्या रूपणा । समग्राणि ह्यत्र रूप्यरूपकत्वेनाभिमतानि वस्तूनि स्वकण्ठेनोपात्तस्य रूपकस्य विषयः । अयमसावेकः प्रकारः । (इन्दुराज पृ० १३)

रूपक का एक भेद 'एकदेशवर्त्ति' माना गया है। उद्भट के अनुसार— यद्वकदेशवत्ति स्यात्परस्पण रूपणात' (का० सा० स० १ १३)। एकदेशवृत्ति पररूप के साथ रूपण स होता है, जहाँ प्रकृत को अप्रकृत का रूप प्रदान किया जाय। उदाहरण है—

आसारधारा विशिख नभाभागप्रभासिभि ।
प्रसाध्यते स्म धवलराशाराज्य वलाहक ॥

प्रसाधन के दो अथ है— अलकरण तथा उपाजन। समस्त उदाहरण म आशाराज्य' म आशा की अपेक्षा 'राज्य अधिक प्रमुख है और आरोपविषय आशा उपमान राज्य म श्लेष की शक्ति से विलीन हो जाता है। *एकदेशवत्ति रूपक की व्याख्या इस प्रकार हुई कि जो रूपक* किसी शब्द के उस अथ पर निभर रहे जो किसी विशेष[1] प्रसग म प्रमुख है और उस अथ के कारण उपमेय पर उपमान का तदवत विलय हो। यहा आरोप का रूप विलय बन जाता है। इस वणन से यह भेद उत्तर आचार्यों के परपरित रूपक के निकट है।[2]

वामन

चतुथ अधिकरण क प्रथम अध्याय म शब्दालकारो तथा द्वितीय अध्याय म उपमा का विवचन करने के अनन्तर तृतीय अध्याय म वामन ने शेष अर्थालकारो का विवेचन किया है। ये समस्त अलकार उपमा प्रपच माने गये हैं, इनकी सख्या तीस है। दण्डी का उपमाप्रपच एक *सीमित अथ का द्योतक था और रूपक के भी किसी चक्र[3] की कल्पना दण्डी करते थे* परतु वामन ने आक्षेप-जैसे अलकारो को भी 'उपमाप्रपच माना है अर्थात उपमा प्रपच स वामन का अभिप्राय कदाचित् सादश्यमूलक अलकार मात्र नही है।

उपमाप्रपच म रूपक का वणन प्रतिवस्तु समासोक्ति अप्रस्तुतप्रशसा तथा अपह्नुति के अनन्तर है। रूपक का लक्षण एक सूत्र म देकर वत्ति म उसकी व्याख्या है और केवल एक उदाहरण है। रूपक का लक्षण है—

उपमानोपमेयस्य गणसाम्यात तत्त्वारोपो रूपकम् (४ ३ ६)। गुणसाम्य के कारण उपमानोपमेय का तत्त्वारोप अर्थात अभेद का आरोपण रूपक अलकार कहलाता है।

इस लक्षण पर भामह का प्रभाव स्पष्ट है। भामह ने गुणाना समता को आधार माना था और तत्त्व की रूपता[5] का रूपक नाम दिया था। वामन ने ये दोनो विशेषताए ग्रहण कर ली।

---

१ एकदेशवत्तीत्यत्र हि एकत्र अन्यत्र ईश प्रभविष्णर्योसौ वाक्यार्थस्तत्रवतित्व रूपकस्याभिमतम। (इन्दुराज प १४)

२ दस उद्भट मे की सड ट रिकग्नाइज ि परपरितरूपक इन टिस के ऐंड इन फक्ट ही मड की काल्ड दि ओरिजनेटर आफ दिस इम्पार्टेंट वराइटी। (बनर्जी पृ० २६)

३ न पर्यन्तो विकल्पाना रूपकोपमयोरत ।
दिङ्मात्र दर्शित धीररनक्तमनुमीयताम् ॥ (काव्यादर्श २ ६६)

४ तत्त्वस्याभदस्यारोपणमारोपो रूपकम्। (वत्ति)

५ उपमानेन यत्तत्त्वमुपमयस्य रूप्यत ।
गुणानां समता दष्ट्वा रूपक नाम तद्विदु ॥ (काव्यालंकार २ २१)

आरोप शब्द का प्रयोग लक्षण के विकास का द्योतक है, आगे चलकर आचार्यों ने इस शब्द को अधिक वैज्ञानिक समझकर स्वीकार कर लिया और इसकी व्याख्या इस प्रकार की—'विषयिणा अनिगीर्णस्य विषयस्य तेनैव सह तादात्म्यप्रतीति आरोप ।'

इस लक्षण के संबंध में दो अन्य विशेषताओं पर ध्यान जाता है। सूत्रवृत्ति में बतलाया गया है कि इस सूत्र मे उपमान और उपमेय दोनों का ग्रहण लौकिकी तथा कल्पिता दोनों प्रकार की उपमाओं को कारण सूचित करता है 'उपमानोपमेययोरुभयोरपि ग्रहणं लौकिक्या कल्पितायाश्चो पमाया प्रकृतित्वमत्र विज्ञायेतेति।' सूत्र[1]-संख्या ४,२,२ तथा उस पर वृत्ति के प्रकाश में इसकी व्याख्या इस प्रकार होगी कि उपमा के दो भेद है—लौकिकी तथा कल्पिता। दोनों ही रूपक के आधार बनते हैं, यदि गुणलेशत साम्य है तो उपमा अलकार है, अन्यथा गुणसाम्यात तत्त्वारोप होने पर रूपक का सौंदर्य होगा। लौकिकी के आधार मे उपमान लोकप्रसिद्ध होता है उसके निर्णय में मतभेद का अवकाश नही है। कल्पिता में उपमान का निर्णय गुणबाहुल्य से होता है, दो पदार्थों में से जिसमें गुणबाहुल्य हो वह उपमान है, जिसमे गुण-न्यूनता हो वह उपमेय है। रूपक के लक्षण मे यदि केवल यह कहा जाता कि उपमेय पर उपमान का आरोप रूपक है तो लौकिक साम्य का रूपक तो स्पष्ट हो जाता, किंतु कल्पित साम्य का नही क्योंकि रूपक में उपमान और उपमेय के गुण अलग-अलग चित्रित नही किये जाते अत गुणबाहुल्य का रूपक में निर्णय कठिन है।

लक्षण की दूसरी विशेषता रूपक से पूर्व अपह्नुति के लक्षण के सूत्र की व्याख्या मे स्पष्ट की गई है—'समेन तुल्येन वस्तुना वाक्यार्थेनाऽन्यस्य वाक्यार्थस्यापलापो । और आगे—"वाक्यार्थयोस्तात्पर्यात तादरूप्यमिति न रूपकम। *अर्थात रूपक में पदार्थों का शाब्द तादरूप्य* होता है, अपह्नुति मे वाक्यार्थों का तादरूप्य। रूपक पदार्थों के तादरूप्य का शाब्दिक कथन करता है परंतु अपह्नुति में वाक्यार्थों के तात्पर्य की व्यंजना होती है।

रूपक का प्रतिपादन समाप्त करते-करते वामन ने यह निर्णय दिया है कि समास में रूपक मानना उचित नही है उपमा समास[2] होने के कारण उपमा अलकार मानना चाहिए। उत्तर आचार्य इस कथन से सर्वांशत सहमत नही हो सके। समास में कही उपमा होती है कही रूपक और कही उपमा रूपक मूलक संदेह-संकर।

मुखचन्द्र चुम्बति इस वाक्य मे चुम्बन क्रिया मुख के साथ ही संभव है, चन्द्र के साथ नही, इसलिए उक्त वाक्य का प्रसार होगा मुख, चन्द्र इव, चुम्बति। यह उपमा है। इसके विपरीत यदि वाक्य 'मुखचन्द्र प्रकाशते' है तो प्रकाश का गुण चन्द्र में ही है मुख में नही अत इस वाक्य का प्रसार होगा मुख चन्द्र एव प्रकाशते और सौंदर्य रूपक अलकार का होगा। तीसरी स्थिति यह है जहाँ क्रिया मुख तथा 'चन्द्र दोनों के साथ सम्भव हो—यथा मुखचन्द्र पश्यामि। यह उपमा रूपक मूलक संदेह-संकर का उदाहरण है।

---

१ गुणबाहुल्यतश्च कल्पिता। ४ २ २॥

२ मुखचन्द्रादीनानु उपमासमासान्न चन्द्रादीना रूपकत्व युक्तमिति।

वामन का कथन सविशेष है। वे उपमा समास म उपमा अलकार का प्रतिपादन करत है जिससे आज भी किसी का मतभेद नही ह। पाणिनि के उपमित याघ्रादिभि सामा याप्रयोग (अष्टाध्यायी २,१५६) सूत्र से उपमा-समास सिद्ध होता है। परन्तु मयूरव्यसकान्यश्च (अष्टाध्यायी २ १ ७२) सूत्र से भी ता समास होता है यद्यपि वह उपमा समास नही है। जहा उपमा समास नही है वहाँ तो रूपक माना जा सकता है।

रुद्रट

रुद्रट ने रूपक का निरूपण उपमा के आधार पर किया है। रूपक के दो भेद हैं वाक्यरूपक तथा सामसरूपक। दोना भेदा के उपभेद दो अलग अलग रूप से हो सक्ते हैं। एक प्रकार से दोनो भेदो के उपभेद दो दो है—समस्तविषय तथा एकदेशी।

रूपक का (वाक्य रूपक का भी) सामा य लक्षण है सामा य धम के कथन के बिना ही जहा गुण के साम्य क आधार पर उपमानोपमेय का अभेद कल्पित किया जाय

यत्र गुणाना साम्ये सत्युपमानापमेययोरभिन्न।
अविवक्षितसामा या कल्प्यत इति रूपक प्रथमम ॥८।३८॥

यह लक्षण भामह की परम्परा म है। भामहकृत उत्प्रेक्षा लक्षण से अविवक्षितसामा या चरण तो यथावत ग्रहण कर लिया गया है। नमिसाधु[1] के अनुसार अविवक्षितसामा या पद का प्रयोग रूपक का उत्प्रेक्षा से अ तर स्पष्ट करने के लिए है।

समासरूपक समासापमा के समान है। अ तर यह है कि समासोपमा म उपमान की अप्रधानता होती है और समासरूपक म उपमेय की अप्रधानता।[2]

सावयव निरवयव तथा सकीण तीना उपभेदा म स सावयव के तीन उपभेद सहज आहाय तथा उभय है और निरवयव के चार उपभद शुद्ध माला रशना तथा परम्परित हैं। तदनतर समस्तविषय तथा एकदेशी के लक्षणादाहरण रुद्रट न दिये है।

समस्तविषय तथा एकदेशी भामह के प्रभाव का सकेत दते हैं। 'समास रूपक तथा वाक्य रूपक' (असमस्तरूपक) पर दण्डी का प्रभाव है। रुद्रट ने उपमा तथा रूपक दोना के 'शुद्ध माला तथा रशना उपभेद किये है। शुद्ध' तथा माला उपमा एव रूपक एक जसे हैं। 'रशना रूपक रशनोपमा से विपरीत'[3] है अथात रशनापमा म पूव-पूव पद उत्तरोत्तर पद का उपमान होता जाता है परन्तु रशनारूपक म पूव पूव पद उपमेय होना है।

---

१ उत्प्रेक्षायामप्यभदो विद्यते ततस्तन्निरासायमाह—अविवक्षितसामा यति। रूप्यत्र सामा य न विवक्ष्यते। सिहो देवदत्त इति। उत्प्रेक्षाया तु छपलम्भध्याजन्यादेशादिभि श दसमानोपमेययोरभदो भदश्च विव क्षित इति। परमाथवस्तूभयत्राभद एवेति। (पृ० १०६ ७)

२ समासोपमाया रूपकत्वनिवृत्ययमाह—उपसजनमप्रधानमपमेय यत्र। यथा दुजन एव पन्नगो दुजनपन्नग। समासोपमाया तूपमानमपसजनम्। यथा शशीव मख यस्या सा शशिमखी। (पृ १०७)

३ रशनाया वपरीत्यम ।८।४७॥

परम्परित मे दो उपमाना के साथ दो उपमेया का रहना आवश्यक होता है, एव उपमेय अन्य उपमय की अपक्षा रखता है

यस्मिन्नुपमानाभ्या समस्यमुपमेयमन्यार्थे ॥८।४७॥

उदाहरण है—

स्मर शवर चापयष्टिजयति जनान दजलधि शशिलेखा ।

लावण्य-सलिल सिन्धु सकल-कला-कमल-सरसीयम ॥८।५१॥

यहा स्मर को शवर बनाया गया है क्योकि नायिका का चापयष्टि सिद्ध करना था, नायिका पर चापयष्टि का आरोप करन के लिए स्मर पर शवर का आराप किया गया है ।

मम्मट

तदरूपकमभेदाऽथ उपमानोपमेययाः ॥१०।९३॥

भेद के विद्यमान रहत पर भी अतिसादृश्य के कारण उपमानोपमेय का अभेद-वणन रूपक का चमत्कार है। यह लक्षण उपमा लक्षण की परम्परा मे लिखा गया है। 'साधर्म्यमुपमा भेदे' के अनुसार भेद रहत हुए साधम्य उपमा है, और 'रूपकमभेदो' का अथ होगा भेद रहत हुए भी अभेद रूपक है। वत्ति म मम्मट न स्वय स्पष्ट किया है कि प्रसिद्ध भेद वाले उपमानोपमय का अतिसाम्य के कारण अभेद वणन रूपक है— अतिसाम्यात अपह्नुतभेदयो अभद ।

रूपक के दो भेद हैं—'समस्तवस्तुविपय' तथा एकदशविवर्ती'। जब आराप्यमाण अथ शब्दत उपात्त अर्थात 'श्रौत हो ता रूपक 'समस्तवस्तुविपय है, जब कुछ अश म श्रौत हो और कुछ अश म आथ हो तो रूपक एकदशविवर्ती' है। यह विभाजन 'श्रौती तथा आर्थी उपमा के समानान्तर होत हुए भी किंचित भिन्न है और रूपक भेद परम्परा से मयुक्त है।

रूपक के पुन दो भेद हैं— साग तथा निरग इनका 'सावयव तथा निरवयव भी कह सकत है। मालापमा[1] के समान आरापविपय पर अनेको का आराप हाने स 'मालारूपक' बनता है।

परम्परित रूपक म एक आराप दूसर आराप का कारण[2] होता है—आरोप परम्परा के कारण यह 'परम्परित है। इसके दो भेद हैं—श्लेपमूलक तथा अश्लेपमूलक ।

परम्परित रूपक के सम्बन्ध म मम्मट के दो सकत ध्यान देने योग्य है (क) श्लिष्ट परम्परित रूपक उभयालकार[3] है, केवल प्रसिद्धि के अनुरोध स इसका विवचन यहाँ कर दिया गया है। (ख) भामह आदि कुछ आचाय श्लिष्ट परम्परित रूपक के कुछ उदाहरणो को 'एकदेश विवर्ती ही[4] मानत हैं।

---

१ मालोपमायामिवकस्मिन् बहव आरोपिता । (वृत्ति)

२ नियतारोपणोपाय स्यादारोप परस्य य ॥१ ।९५॥

३ यद्यपि शब्दार्थालकाराऽयमित्यक्त वक्ष्यते च तथापि प्रसिद्धयनुरोधादत्रोक्त ।

४ एकदेशविवर्ति हीदमन्यरभिधायते । (वृत्ति)

भामह म रूपक के दो ही भेद है— समस्तवस्तुविषय' तथा 'एकदेशविवर्ती । अत जा मम स्तवस्तुविषय नही ह वह 'एकदशविवर्ती ही माना जायगा।

मम्मट मालारूपक' को तो स्वीकार करते हैं परतु 'रशनारूपक' का उन्होंने खण्डन किया है। रशनारूपक का उदाहरण देकर वे लिखते है कि इसम कोई चमत्कार नही है इसलिए इसका लक्षण करना व्यथ है— इत्यादि रशनारूपक न वचित्र्यवदिति न लक्षितम।

रुय्यक

अभेदप्राधान्ये आरोपे आरोपविषयानपह्नव रूपकम।

यह लक्षण मम्मट के लक्षण का ही विकास है। मम्मट ने लक्षण म अभेदोऽथ उपमानोप मेययो ' तथा वत्ति मे अतिसाम्यात अनपह्नुतभेदया अभद स्पष्टीकरण दिया था। रुय्यक ने दोनो को मिला दिया— अनपह्नवे आरोपविषय अभेदप्राधान्य आरोपे रूपकम भवति।

रूपक के तीन भेद हैं—निरवयव, सावयव तथा परम्परित। निरवयव के दो उपभेद केवल तथा माला है। सावयव के दो उपभेद समस्तवस्तुविषय तथा एकदेशविवर्ती हैं। परम्परित के दो उपभेद 'श्लिष्टशब्दनिबन्धन तथा अश्लिष्टशब्दनिबन्धन है य दानो भी 'केवल तथा माला' हो सकते हैं। इस प्रकार रूपक क आठ भेद हो गये। ये भेद भामह की परम्परा म हैं और मम्मट मे भी यथावत स्पष्ट हो चुके थे, रुय्यक ने इन भेदो को एक व्यवस्था प्रदान कर दी है। आगे चल कर अप्पय्यदीक्षित ने इन आठ भेदो का 'प्राचीनो' द्वारा वर्णित भेद बतलाया है।

रुय्यक ने दण्डी और रुद्रट[1] के मत का भी सकेत दिया है कि वे रूपक के समस्त आदि भेद मानते है परतु वे भेद ग्राह्य नही हैं उनका वणन उन्ही आचार्यो मे देखना चाहिए— अन्ये तु प्रत्यक्ष वाक्योक्तसमासोक्तभेदा सभवन्ति तऽन्यतो द्रष्टव्या।

जयदेव

चन्द्रालोक (पचम मयूख) मे रूपक का लक्षण एव विभाजन किंचित भिन्न है। रूपक का लक्षण है—

यत्रोपमानचित्रेण सवथाप्युपरज्यते।
उपमेयमयी भित्तिस्तत्र रूपकमिष्यते ॥५।१८॥

जहाँ उपमेयमयी भित्ति उपमान रूपी चित्र से सवथा रँग दी जाती है वहाँ रूपक अलकार का चमत्कार है। यह लक्षण रूपक का उदाहरण भी ह। इस लक्षण म शास्त्रीय शब्दों का प्रयोग नही किया गया विम्ब के द्वारा रूपक का परिचय प्रस्तुत किया गया है।

रूपक क चार भेद हैं—सोपाधिरूपक साम्यरूपक आभासरूपक तथा रूपितरूपक।

---

1 दण्डी मे रूपक के भेदो म समस्त असमस्त, समस्त-व्यस्त भेद पाये जाते हैं और रुद्रट ने रूपक के सवप्रथम दो भेद बतलाये हैं—वाक्यरूपक तथा समासरूपक। रुय्यक की शब्दावली 'वाक्योक्त-समासोक्तभेदा' इसी ओर सकेत करती है।

'सोपाधिरूपक' वस्तुत परम्परित का ही एक नाम है। लक्षण है 'समान धर्म के उपादान से जहाँ प्रधान आरोप की सिद्धि हो।'[1] 'आशय यह हुआ कि जहाँ एक आरोप प्रधान आरोप के प्रति कारण हो।'[2]

सादृश्यरूपक' मे सादृश्य पृथक-पृथक पदो द्वारा कहा जाता है। यह अन्य आचार्यों का समस्तवस्तुविषय' सावयव (साग) रूपक है। भेदो का यह अन्तर्भाव उदाहरणो के आधार पर किया जा सकता है।

आभासरूपक' वस्तुत निरग अथवा निरवयव रूपक है। 'अगयष्टि' पद मे अग मे यष्टि का आरोप किया गया है। यदि अग प्रत्यग आरोप होता तो रूपक सुन्दर बन जाता, परन्तु कवि को केवल अगो का ही आरोप अभीष्ट है। विद्वानो की इस व्याख्या से सहमत होना कठिन है कि अग मे यष्टि के आरोप मे कोई सुन्दरता' की प्रतीति नही होती इसलिए यह रूपक का आभास मात्र है। क्योकि यदि सुन्दरता नही है तो यह रूपक का दोष है, उसका अलग भेद नही बन सकता।

अतिम भेद 'रूपितरूपक है। 'रूपितेनारोपेणरूपक रूपितरूपकम्।' 'अङ्गयष्टि धनुवल्ली पद मे सवप्रथम 'अग' मे 'यष्टि' का और 'धनु मे वल्ली' का आरोप हुआ, फिर 'अङ्गयष्टि पद मे धनुवल्ली पद का आरोप हुआ अत आरोपित पदो का आरोप करने से यह 'रूपितरूपक' है।

विश्वनाथ

रूपक रूपितारोपो विषय निरपह्नवे ॥१०।२८॥

निरपह्नव विषय मे रूपित (उपमान) के आरोप का नाम रूपक है। इस लक्षण की वृत्ति मे कहा गया है कि रूपित पद का प्रयोग परिणाम अलकार मे अन्तर करता है और 'निरपह्नव' पद अपह्नुति अलकार से अन्तर करता है। मम्मट ने रूपक की व्याख्या करते हुए 'अपह्नुतभेदयो अभेद पर बल दिया था और मम्मट से पूर्व वामन ने इस बात को स्पष्ट किया था कि रूपक पदार्थों के तादरूप्य का शाब्दिक कथन करता है परन्तु अपह्नुति मे वाक्यार्थों के तात्पर्य से तादरूप्य की व्यजना होती है।

रूपक के तीन भेद हैं—परम्परित, साग तथा निरग। परम्परित के दो उपभेद 'श्लिष्ट शब्दनिबन्धन तथा 'अश्लिष्टनिबन्धन मम्मट के अनुसार ही है। इन उपभेदो के पुन उपभेद केवल तथा 'माला है। इस प्रकार परम्परित रूपक के चार उपभेद हो गये। सागरूपक के दो उपभेद समस्तवस्तुविषय तथा एकदेशविवर्ती है। केवल अगी के रूपकत्व मे निरग रूपक है, यह 'माला' तथा केवल दो प्रकार का हो सकता है। इस प्रकार सब मिलाकर रूपक के आठ भेद हो गये।

---

१ समानधर्मयुक्ताध्यारोपात सोपाधिरूपकम् ।५।११६॥

२ कथाभट्टीया पृ० ११०।

३ इदमेव च समस्तवस्तुविषय सावयव (साङ्गम्) रूपकमुच्यते दर्पणान्ते। (पौर्णमासी पृ० १११)

४ अत्राग यष्टित्वारोपो न सुन्दर इत्यत्र रूपकस्याभासमात्रत्वम्। (वही पृ० ११२)

५ रूपित इति परिणामाद् व्यवच्छेद। निरपह्नवे इत्यपह्नुतिव्यवच्छेदार्थम् ॥ (पृ० ३०४)

रूपक के सम्बन्ध म दो शकाआ को उठाकर विश्वनाथ ने उनका समाधान कर दिया है। (क) क्वचिद साग रूपक म भी आरोप्य विषय (=उपमान) श्लिष्ट शब्दो द्वारा कह जाते है। वहा साग रूपक ही होगा, श्लिष्ट परम्परित नही। क्योकि 'परम्परित रूपक' वहा होता है जहाँ कारणभूत आरोप के बिना कार्यभूत आरोप असगत सा मालूम पडता हो अर्थात प्रत्यक्ष सादृश्य न होने के कारण आरोप का तत्त्व ठीक ठीक समझ म न आता हो (विमला पृ० ३०७)। (ख) रूपक के इस प्रकार के कतिपय भेद शब्दश्लेषमूलक हैं। फिर भी इनका विवेचन अर्थालकार प्रकरण म ही होता है। क्योकि इनम रूपकत्व ही विशेषता[1] है और इनका चमत्कार रूपक का ही चमत्कार है। ये दोना शकाएँ मम्मट म भी आ गई है परन्तु विश्वनाथ न इनका समाधान अपने ढग से एव अधिक सतोषप्रद तर्क द्वारा किया है।

चलते चलते विश्वनाथ न अधिकारूढवशिष्ट्य रूपक की चर्चा कर दी है जो लक्षण-नाम प्रकाश[2] है। इस रूपक भेद मे आरोप्यमाण (उपमान) की अपेक्षा आरोप विषय (उपमेय) म कुछ विशेषता अधिक होती है। 'इद वक्त्र साक्षाद विरहितकलक शशधर' म शशधर की अपेक्षा वक्त्र म विरहितकलकत्व की विशेषता है। यह दण्डी का व्यतिरेक रूपक है।

अप्पय्यदीक्षित

आरोपविषयस्य स्यादतिरोहितरूपिण ।
उपरजकमारोप्यमाण तद्रूपक मतम ॥ (चित्रमीमासा)

इसकी व्याख्या भी ध्यान देने योग्य है अत्रारोपविषयस्य इत्यनेन उत्प्रेक्षातिशयोक्त्यो र्व्यावृत्ति । तत्र मुखादेरारोपविषयत्वाभावात। अतिरोहितरूपिण इत्यनेन ससन्देहभ्रान्ति मदपह्नुतीना व्यावृत्ति । तेषु सन्देहभ्रान्त्यपह्नुतविषयस्य तिरोधानात। उपरजकमित्यनेन समा सोक्तिपरिणामव्यावृत्ति । तयोर्हि नोपरजकत्व विषयस्यतात्द्रूप्यापादकत्वलक्षणम। समासोक्तौ व्यवहारमात्रसमारोपण तादरूप्यप्रतीतेरेवाभावात । परिणामे आरोप्यमाणस्यव विषयतादरूप्यापत्त्या विषयस्यारोप्यमाणतादरूप्यापत्त्यभावादित्याहु । (पृ०१६१ ६२)

आरोपविषय 'अतिरोहितरूपी तथा उपरजक पदो से दीक्षित ने वैज्ञानिक लक्षण देने का प्रयास किया है और अन्य आचार्यो के अतिरिक्त दण्डी[3] एव मम्मट के लक्षणो का खण्डन किया है।

चित्रमीमासा म रूपक के उन आठ भेदो का वर्णन है जो अलकारसर्वस्व म स्वीकार किये गये है और प्राचीन परम्परा से चले आ रहे थे। रूपक भेदो के सम्बन्ध म दीक्षित ने एव

---

१ अत्र केषाचित्र रूपकाणा शब्दश्लेषमूलत्वे पि रूपकविशेषत्वाद् अर्थालकारमध्ये गणनम्। (वत्ति प ३०९)

२ अधिकारूढवशिष्ट्य रूपक यत् तदेव तत् ।१ ।३४॥

३ एवम—उपमैव तिरोभूतभेदा रूपकम् यते तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययो इत्यादिलक्षणष अतिव्याप्त्यादिदोषा यथासमवमूनेया। (प १७१)

४ एवमष्टौ भेदा रूपकालकारस्य प्राचीन प्रदर्शिता। (प १८१)

महत्त्वपूर्ण समस्या उठायी है कि जिस प्रकार रूपक के आठ भेद किये गये हैं उसी आधार पर उपमा के भी भेद हो सकते हैं[1]—

(क) केवल निरवयवोपमा (ख) माला निरवयवोपमा (ग) समस्तवस्तुविषय सावयवोपमा (घ) एकदेशविवर्तिनी उपमा (ङ) अश्लिष्टशब्दनिबंधन केवल परम्परितोपमा (च) अश्लिष्टशब्दनिबंधन माला परम्परितोपमा (छ) श्लिष्टशब्दनिबंधन केवल परम्परितोपमा (ज) श्लिष्टशब्दनिबंधन माला परम्परितोपमा।

इस प्रकार उपमा के असंख्य[2] भेद हो सकते हैं। इसी प्रकार रूपक के भी रसना रूपक[3] आदि असंख्य भेद हो सकते हैं। संकेत यह है कि उनके विवेचन की आवश्यकता नहीं है, उनका 'दिङ्मात्र दर्शन भी पर्याप्त है', अप्पयदीक्षित ने दण्डी के श्लोक से अपने पक्ष का समर्थन किया है।

कुवलयानंद में रूपक का लक्षण है—

विषय्यभेदताद्रूप्यरंजनं विषयस्य यत् ॥१७॥

अर्थात् "विषयिणः उपमानस्य अभेद-ताद्रूपाभ्यां विषयस्य उपमेयस्य यद् रंजनम् तद् रूपकम्" (अलंकार चंद्रिका पृ० १५)। विषयिणो रूपेण विषयस्य रंजन रूपकम्' (वृत्ति पृ० १६)। लक्षण के अनुसार रूपक के दो भेद हो गये—'अभेदरूपक' तथा 'ताद्रूप्यरूपक'। प्रत्येक भेद के तीन तीन उपभेद हैं—अधिक, न्यून तथा अनुभय। इस प्रकार कुवलयानंद में रूपक के छह भेदों[4] का वर्णन है। वृत्ति में कहा गया है कि रूपक के 'सावयव' आदि भेदों का निरूपण 'चित्रमीमांसा' में देखना चाहिए— रूपकस्य सावयवत्व निरवयवत्वादिभेदप्रपंचस्तु चित्रमीमांसायां द्रष्टव्यम् (वृत्ति पृ० १९)।

'कुवलयानंद' में चन्द्रालोक की छाया केवल रंजन में देखी जा सकती है अन्यत्र नहीं। विभाजन तो नितान्त स्वतन्त्र है ही लक्षण में भी दीक्षित ने जयदेव के पदों का प्रयोग नहीं किया।

जगन्नाथ

उपमेयतावच्छेदकपुरस्कारेणोपमेये शब्दान्निश्चीयमानम् उपमानतादात्म्यं रूपकम्। तच्चोपस्कारकत्वविशिष्टमलंकारः। (रसगंगाधर पृ० २९७)

उपमेयतावच्छेदक (मुखत्व) को आगे रखकर शब्द द्वारा निश्चित की जानेवाली, उपमेय

---

१ नव भेदा उपमाया अपि वक्तुं शक्याः। (पृ० १८१)

२ एवमसंख्या उपमाभिदा। (पृ० १८५)

३ इत्येवमाद्या रसनारूपकाद्या रूपकविशेषा अप्यसंख्याः। (पृ० १८६)

४ रूपकं तत् त्रिधाधिक्यन्यूनत्वानुभयोक्तिभिः ॥१७॥

५ रूपकं तावद् द्विविधम् अभेदरूपकं ताद्रूप्यरूपकं चेति। द्विविधमपि प्रत्येकं त्रिविधम्। प्रसिद्धविषय्याधिक्यवर्णनेन तन्न्यूनत्ववर्णनेन अनुभयोक्त्या चैवं रूपकं षड्विधम्। (वृत्ति पृ० १६)

(मुख) मे उपमान (चन्द्र) की एकरूपता (अभेद) को रूपक कहते हैं। शोभाजनक होने से इसका अलकारत्व है।

इस लक्षण मे नवीनता केवल शब्दावली की है। विवेचन से ज्ञात होता है कि 'उपमेयता वच्छेदकपुरस्कारेण' विशेषण अपह्नुति, भ्रान्तिमान, अतिशयोक्ति, और निदर्शना से रूपक को भिन्न सिद्ध करता है। 'शब्दात' विशेषण का अभिप्राय 'आहाय अभेद से है, भ्रान्तिमान मे आने वाले वास्तव अभेद से नही। 'निश्चीयमानम' से उत्प्रेक्षा का निवारण होता है। 'उपमान' 'उपमेय' पदो से सादृश्य प्राप्त होता है।

'रसगगाधर' मे रूपक के वे आठ भेद है जो प्राचीन आचार्यों म चले आ रहे थे। 'वाक्यार्थोपमा' के समान पण्डितराज ने 'वाक्यार्थरूपक' की भी कल्पना की है। "एक वाक्य का अर्थ उपमेय हो और उसमे अन्य वाक्य का उपमानरूप अर्थ आरोपित किया जाय तो 'वाक्यार्थरूपक' होता है।"[1] यदि आप 'त्वयि कोपो महीपाल सुधाशाविव पावक" में उपमा मानते हैं तो 'इव' निकाल देने पर—

"त्वयि कोपो महीपाल ! सुधाशौ हव्यवाहन ।"

मे रूपक मानना पडेगा। ऐसे स्थल पर गम्योत्प्रेक्षा नही मानी जा सकती, क्योंकि यहाँ निश्चय है, सम्भावना नही।

केशवदास

कविप्रिया' के तेरहवें 'प्रभाव मे रूपक का वर्णन दण्डी के आधार पर परन्तु अत्यन्त सक्षिप्त है। रूपक' का लक्षण अपूर्ण एव सदोष है—कदाचित दण्डी के अनुवाद म असावधानी के कारण—

उपमा ही के रूप सो मिल्यौ वरनिये रूप। १३।१२ ।

इसका अर्थ इस प्रकार करना होगा—'मिल्यौ अर्थात साम्याधिक्य के कारण उपमेय का रूप उपमान का रूप बनाकर वर्णित किया जाय। अथवा—उपमान का रूप और उपमेय का रूप मिल्यौ (=एक) वर्णित किया जाय। अथवा—रूपक उपमा का ही रूप है, इसम उपमेयोपमान मे 'रूपारोप' वर्णित किया जाता है।

रूपक के अनेक[2] भेद हैं परन्तु इस पुस्तक म अत्यन्त 'सरल (सुभाव) तीन भेदो का वर्णन किया जा रहा है। ये भेद हैं— अदभुत रूपक विरुद्ध रूपक तथा रूपक रूपक। विरुद्ध रूपक तथा रूपक रूपक दण्डी मे इन्ही नामो से विद्यमान थे। केशव का 'अदभुत रूपक' दण्डी का 'व्यतिरेक रूपक है। 'विरुद्ध रूपक का जो उदाहरण केशव ने दिया है वह वस्तुत रूपकातिशयोक्ति का बनता है।

---

१ हिन्दी रसगगाधर द्वितीय भाग पृ० २२८।

२ ताके भेद अनेक मैं तीनै कहौं सुभाव ।१३।१४।

देवदत्त

देव का रूपक का लक्षण दण्डी से अनूदित है—

उपमा और उपमेय मे, रूपक, भेद न जाहि।' (शब्दरसायन नवम प्रकाश)

'उपमव तिरोभूतभेदा रूपकमुच्यते।' (काव्यादश, २,६६)

दण्डी के ही अनुसार रूपक के तीन भेद है—समस्त, असमस्त (व्यस्त) तथा व्यस्त-समस्त। अत म दण्डी के ही अनुकरण पर 'सकल जाति रूपक' (सकल, अवयव तथा अवयवी) के भी उदाहरण दे दिये गये है।

भिखारीदास

दास कवि ने रूपक का विवेचन बडे विस्तार[1] से किया है—

उपमा अरु उपमेय तें, वाचक धम मिटाइ।

एक क आरोपिय सो रूपक कविराइ॥१०।१३॥

वाचक श द तथा सामा य धम को हटाकर उपमेय पर उपमान का आरोप करके, उनके अभेद (=एक) का वणन रूपक का चमत्कार है। यह लक्षण व्यावहारिक भी है तथा शास्त्रीय भी। व्यावहारिकता यह है कि 'वाचक धम का मिटना रूपक का चिह्न है। शास्त्रीयता आरोप' तथा अभेद मे है। शास्त्रीयता दासकवि न सस्कृत के आचार्यो से ली है और व्यावहारिकता भाषा की प्रवत्ति को देखकर स्वय आयाजित की है।

अप्पय्यदीक्षित के अनुकरण पर प्रथम रूपक के दो भेद[2] किय गये है—तादूप तथा अभद। तदनन्तर प्रत्यक के तीन-तीन भेद— अधिक हीन तथा सम है।

दासकवि ने रूपक के अ य प्रचलित भेदो म से निरग, परम्परित, परिणाम तथा समस्तविषयक का वणन किया है। निरग तथा समस्तवस्तुविषयक निरग (=निरवयव) तथा साग' (=सावयव) नही है। निरग' वस्तुत असमस्त अथवा अवयवी रूपक है जो समस्त (दास के श दो म समस्तविषयक') के विपरीत है। वामन का मत था कि समास म रूपक नही मानना चाहिए परन्तु उत्तर आचाय समास म कही उपमा, कही रूपक तथा कही उपमा रूपक-मूलक स देहसकर मानते ह। दासकवि ने इसी आधार पर समस्त रूपक के पाँच उपभेद लिखे हैं—उपमावाचक उत्प्रेक्षावाचक, अपह्नुतिवाचक, रूपक वाचक (रूपक रूपक[3]) तथा परिणामवाचक।

यदि समस्तरूपक के इन भेदो का मान लिया जाय तो परिणाम भी रूपक का एक भेद बन जाता है। इसका लक्षण है—

---

१ 'काव्यनिणय के तृतीय उल्लास मे रूपक का लक्षणोदाहरण केवल एक दोहे म हो है—दोहा सख्या १६।

२ कहूँ कहिये यह दूसरो कहू राखिये न भद ॥१ ।१४॥

३ दास न रूपकरूपक नाम दिया है परन्तु यह दण्डी के रूपकरूपक स भिन्न है

४ रूपक के उपमारूपक, रूपकरूपक तथा 'तत्वापह्नवरूपक दण्डी में भी पाये जाते हैं।

वस्तु जु है उपमान ह्व, उपमेयहि को काम।
नहि दूषण आभानिय है भूषन परिनाम ॥१०।३१॥

मम्मट आदि ने परिणाम को स्वतन्त्र अलंकार माना है।

कन्हैयालाल पोद्दार

पोद्दार ने मम्मट के अनुसार रूपक का लक्षण किया है और मम्मट के ही अनुसार उस लक्षण की वृत्ति भी लिख दी है जिसमें रूपक की आकृति में भेद स्पष्ट हो जाता है। इनके लक्षण[1] पर मम्मट के साथ-साथ विश्वनाथ का भी प्रभाव है।

रूपक के दो भेद हैं—अभेद रूपक तथा तादरूप्य रूपक। दोनों के तीन-तीन भेद हैं—सम, अधिक, न्यून। ये छह भेद कुवलयानन्द के अनुसार हैं। जिन आठ भेदों का वर्णन रुय्यक ने किया है उनको पोद्दार ने भी सम अभेद रूपक के भेदों के रूप में लिया है। लेखक का स्पष्टीकरण मौलिक एवं उचित है—

ऊपर दिये गये सभी उदाहरणों में उपमेय में उपमान का आरोप समानता से (कुछ न्यूनता या अधिकता के बिना) किया गया है अतः ये सभी सम-अभेद रूपक के उदाहरण हैं। भामह उद्भट और मम्मट आदि ने केवल सम-अभेद रूपक ही लिया है। साहित्यदर्पण और *कुवलयानन्द में अधिक और न्यून रूपक भी लिखे हैं।*   (*अलंकार मंजरी पृ० १४८*)

रूपक विवेचन में पोद्दार के कतिपय निष्कर्षों पर ध्यान देना चाहिए—

(क) दण्डी ने अधिक रूपक को व्यतिरेक रूपक के नाम से लिखा है। (पृ० १४९)

(ख) वास्तव में अधिक रूपक व्यतिरेक अलंकार से भिन्न नहीं है। (वही)

(ग) तादरूप्य रूपक केवल कुवलयानन्द में लिखा है अन्य प्राचीन ग्रन्थों में इसका उल्लेख नहीं है। (पृ०१५०)

अन्त में पोद्दार ने दण्डी के अनुसार रूपकरूपक युक्तरूपक तथा हेतुरूपक का वर्णन भर कर दिया है। रूपक ध्वनि (पृ० १८३) की भी चर्चा है। बीच-बीच में हिन्दी के कतिपय आचार्यों की कटु आलोचना भी है।

रामदहिन मिश्र

रूपक का लक्षण विश्वनाथ की शब्दावली में दिया है उपमेय में उपमान के निषेध रहित आरोप को रूपक अलंकार कहते हैं। रूपक के भेदों का उसी प्रकार वर्णन है जैसे कन्हैयालाल पोद्दार ने किया है। रूपक के प्रतिपादन प्रसंग में मिश्र के कतिपय विवेचन निष्कर्ष उपयोगी हैं

(क) वाचक धर्म लुप्तोपमा में उपमान पहले रक्खा जाता है जैसे चन्द्रमुख। अर्थ होता है—चन्द्रमा के समान सुन्दर मुख। परन्तु रूपक में उपमेय पहले रक्खा जाता है जैसे मुखचन्द्र।
(काव्यदर्पण पृ० ३६१)

---

१ उपमेय में उपमान का अभेदरूप से आरोप किये जाने को रूपक अलंकार कहते हैं।
(अलंकार-मंजरी पृ० १३६)

(ख) पून अभेद रूपक। यह एक प्रकार का व्यतिरेकालकार है।

(ग) उपमेय का उपमान का जहा दूसरा रूप कहा जाता है वहा तदरूप होने से यह 'ताद्रूप रूपक' अलकार होता है।

रामचन्द्रिन मिश्र का रूपक विवेचन सक्षिप्त एव स्वच्छ है। इस पर 'नव्याचार्यो' का प्रभाव है, विशेषत विश्वनाथ तथा अप्पय्यदीक्षित का।

उपसहार

रूपक भरत द्वारा उदभावित चार अलकारो म से दूसरा है इसको महत्त्व की दृष्टि से उपमा के तत्काल पश्चात स्थान दिया गया है। उपमा के समान रूपक भी सादृश्यमूलक अलकार है, और सादृश्य म यह उपमा से भी अधिक आकृष्ट करता है। उपमा और रूपक का पारस्परिक अन्तर आचार्यो के ध्यान मे प्राय रहा है। रूपक की मुख्य विशेषता 'अभेद तथा 'तादरूप' मे से एक को माना गया है।

लक्षण

भरत ने रूपक लक्षण म तीन गुणो पर बल दिया है—उपमा का आधार सादृश्य' है, परन्तु रूपक का आधार औपम्य (=किंचित सादृश्य के आधार पर कल्पित तुल्यता) उपमा का आधार 'गुणाकृति' है परन्तु रूपक का आधार केवल गुण उपमा म आकृति का सादृश्य है रूपक म रूप निरूपणा। भामह ने गुणाना समता के साथ साथ अभेदरूपता (उपमानेन यत्तत्वमुपमेयस्य रूप्यते) को रूपक-लक्षण म महत्त्व दिया यह अभेद वाला तत्त्व परवर्ती म रूपक का मुख्य आधार माना गया। दण्डी का लक्षण इसी अभेद मात्र पर बल देता है—उपमैव तिरोभूत भेदा रूपकमुच्यते। उद्भट ने सर्वप्रथम यह स्थापना की थी कि रूपक म प्रस्तुताप्रस्तुत का सम्बन्ध लक्षणा पर निर्भर है यह गुणवृत्तिप्रधान सम्बन्ध रूपक के निर्माण की धुरी है। वामन ने भामह के लक्षण का विशदीकरण करते हुए रूपक के दो अग 'गुणसाम्य तथा तत्त्वारोप बतलाये रूपक म पदार्थो का तादरूप्य होता है (अपह्नुति के समान वाक्यार्थो का नहीं)। मम्मट तथा रुय्यक ने अभेद पर बल दिया तो विश्वनाथ ने आरोप पर। मम्मट तथा रुय्यक ने सर्वप्रथम यह कहा कि रूपक का अभेद 'निरपह्नव' होता है—निषेधरहित रहता है।

इस प्रकार रूपक के लक्षण म यह सर्वस्वीकार्य है कि इसम गुणाना समता होती है। दूसरी स्वीकृति अभेद अथवा तादरूप की है—कुछ आचार्य अभेद को मानते है कुछ तादरूप्य' को।[1] अभेद अथवा आरोप का कारण लक्षणा शब्द शक्ति है। यह अभेद अथवा आरोप पदार्थो म होता है और निषेध रहित होता है। रूपक म एक वस्तु का अन्य पर आरोप होना है इस बात से तो सभी सहमत है परन्तु यह आरोप उन वस्तुओ के तादरूप के रूप म होना

१ अभेदारोप एव रूपकमिति काव्यप्रदीप। अन्ये तु साम्यमेव रूपकमित्याहु।—
(अलकारकौस्तुभ पृ० २ ६)

अथवा अभेद के रूप म—इस विषय का लेकर उनम मतभेद है । कतिपय आलकारिक आराप का अथ जहा तादरूप्य लते है वहाँ अय उसका अथ अभेद लेते है।"[1] रूपक का आधार लक्षणा गौणी लक्षणा होती है क्याकि वहा सादश्य सम्बध है, केवल शोभाकर मित्र न इस विशेषता की उपेक्षा करके शुद्ध लक्षणा को स्वीकार किया है फलत उनके रूपक म सादश्यतर सम्बध[2] भी समाविष्ट हो जाते है—विशेषत कायकारणादिभाव।

भेदोपभेद

भामह ने सवप्रथम रूपक के भदो का उल्लेख किया। रूपक दो प्रकार का है— समस्तवस्तु विषय तथा 'एकदेशविवर्ती । य भेद उत्तर आचार्यों ने भी स्वीकार किय है। उद्भट ने इन दोना भेदा की व्याख्या की है और एक तीसरा भेद एकदेशवृत्ति भी माना है। एकदेशवत्ति भेद आग चलकर 'परम्परित नाम से प्रसिद्ध हुआ।

दण्डी ने अय अलकारा के समान रूपक के भी अनेक भेदा का वणन किया है। वर्णित उनीस भेदा म से कुछ स्वतत्र अलकार भी बन सक है। दण्डी के सामने विभाजन के कतिपय आधार थे। एक आधार समास था जिसका मानकर रूपक समस्त असमस्त तथा समस्त व्यस्त है। दूसरा आधार अवयव हैं जिसस रूपक सकल अवयव तथा अवयवी बनता है। तीसरा आधार सम्बध-सगति युक्त तथा अयुक्त रूपक का कारण है। इसी प्रकार अय आधारा पर अय भेद हैं। रुद्रट ने भी रूपक के अनेक भेद बतलाय है जिनम स सावयव, निरवयव माला रशना तथा परम्परित आगे भी चले।

मम्मट तथा रुय्यक ने रूपक क आठ भेदो पर मुहर लगा दी, जिनको चित्रमीमासा म एवमष्टौ भेदा रूपकालकारस्य प्राचीन प्रदर्शिता कहा गया है। ये भेद रूपक के मुख्य तीन भेद निरवयव सावयव तथा परम्परित निरवयव के उपभेद 'केवल तथा माला सावयव के समस्तवस्तुविषय तथा एकदेशविवर्ती' एव परम्परित के 'श्लिष्टशब्दनिबधन तथा भिन्न शब्दनिबधन है—ये अतिम दोना भी केवल तथा माला हो सकत हैं।

कुछ आचार्यों न किसी नवीन आधार पर रूपक का नवीन विभाजन प्रस्तुत किया है। जयदेव के अनुसार रूपक क चार भेद है— सोपाधिक जा परम्परित का पर्याय लगता है सादश्यरूपक जा समस्तवस्तुविषय सावयव (साग) रूपक है आभासरूपक जा निरग अथवा निरवयव ठहरता है तथा रूपितरूपक जा नया चमत्कार है। विश्वनाथ न अधिकारूढ वशिष्टय रूपक की चर्चा की है जा दण्डी का व्यतिरक रूपक है। कुवलयानद म रूपक के दो

---

१ सस्कृत साहित्य मे सादश्यमूलक अलकारो का विकास पृ० २२६ ।

२ सादश्यसम्बधनिबधनाया मलकृतित्व यत् लक्षणाया ।
साम्येऽपि सवस्य परस्य हतो सम्बधभदेऽपि तथव यक्तम् ।। (अलकार रत्नाकर पृ० ३३)

भेद हैं—अभेद तथा तादरूप, और प्रत्यक के अधिक, यून तथा अनुभय उपभेद है। शोभाकर मित्र तथा जगन्नाथ न वाक्यार्थोपमा के समान वाक्यार्थरूपक की कल्पना की है।

इतने भेदाभेद होने पर भी उपमा के समान रूपक को विभाजन का वैज्ञानिक आधार नही मिला। मम्मट और रुय्यक न किंचित् वैज्ञानिकता का प्रयत्न किया है परन्तु वह प्राचीन आचार्यों तक ही सीमित रही। शेष जो विभिन्न प्रयत्न हुए वे वर्णन मात्र थे।

विशेष निष्कर्ष

रूपक का विवेचन करत हुए कतिपय आचार्यो ने कुछ विशेष निष्कर्ष निकाले हैं जिनकी ओर ध्यान देना चाहिए—

(क) वामन के अनुसार समास म रूपक अलकार नहा होता, वहा उपमा अलकार मानना उचित है। परन्तु अन्य आचार्य इस निष्कर्ष स सहमत नही है।

(ख) मम्मट के अनुसार श्लिष्ट परम्परित रूपक उभयालकार ह। विश्वनाथ का मत ठीक विपरीत है कि यह चमत्कार रूपक का ह श्लेष का नही इसलिए इसका विवचन अर्था लकार प्रकरण म ही होगा।

अन्य अलकारो के साथ

रूपक की सबस अधिक निकटता उपमा से ह। भरत से ही रूपक विवेचन का आधार उपमा से इसकी पृथक्ता दिखाना रहा है। उपमा भेदाभेदप्रधान अलकार है और रूपक अभेदप्रधान, उपमा म गुणाकृति साम्य ह रूपक म गुणसाम्य उपमा म गुणलेशेन साम्य होना है और रूपक म गुणाना समता। माणिक्यचन्द्र के अनुसार साम्यमात्रे उपमा परन्तु अतिसाम्य तु रूपकम्। समास के कारण रूपक का वाचिद्यमलुप्तोपमा से अन्तर कठिन हो जाता है, परन्तु प्रकरण ज्ञान उस कठिनता का समाधान है। मुखचन्द्र म प्रकरण ज्ञान से उत्तर पदार्थ प्रधान हुआ तो रूपक अलकार ह, इसका विग्रह होगा मुखमेव चन्द्र। प्रकरण ज्ञान से यदि पूर्वपदार्थ की प्रधानता सिद्ध हुई तो उपमा अलकार है विग्रह होगा—मुख चन्द्र इव।

रूपक उत्प्रेक्षा स भिन्न है। रूपक म आरोप की प्रधानता है और उत्प्रेक्षा म सभावना की। रूपक म प्रस्तुताप्रस्तुत के अभेद का निश्चय होता है, उत्प्रेक्षा म अनिश्चय। रूपक भ्रान्तिमान् से भिन्न है। भ्रान्तिमान् म प्रस्तुत पर अप्रस्तुत का आरोप वास्तविक ह परन्तु रूपक म यह आरोप आहार्य होता है। रूपक और अपह्नुति म अन्तर है। अपह्नुति म प्रस्तुत के ऊपर अप्रस्तुत का आरोप निषेधपूर्वक किया जाता है परन्तु रूपक म यह आरोप निरपह्नव होता है। रूपक म प्रस्तुत तथा अप्रस्तुत दोनो ही विद्यमान रहते हैं परन्तु अतिशयोक्ति म केवल अप्रस्तुत रहता है प्रस्तुत नहीं। रूपक म तद्रूपता होती है अतिशयोक्ति म अध्यवसान।

३ दीपक

भरत

एक वाक्य के द्वारा नानाधिकरणार्थों[1] के प्रकाशक शब्दों का संयोग[2] दीपक कहलाता है। इस लक्षण में दीपक की मुख्य विशेषता एकवाक्यता संयोग स्वीकार की गई है। प्रस्तुत अप्रस्तुत भाव नहीं है। स्पष्ट एक क्रिया द्वारा नाना अधिकरणों के अर्थों का प्रकाश करने वाले शब्दों का एकत्र संयोग यहाँ अपेक्षित है। यह स्थिति कारकदीपक की है। नाट्यशास्त्र में दीपक के भेद नहीं हैं। एकमात्र उदाहरण बड़ा स्पष्ट है—

सरांसि हंसैः कुसुमैश्च वृक्षा मत्तद्विरेफैश्च सरोरुहाणि।
गोष्ठीभिरुद्यानवनानि चैव तस्मिन्नशून्यानि सदा क्रियन्ते ॥१६।६१॥

भामह

काव्यालंकार में दीपक का विस्तार हुआ है। परन्तु भामह ने दीपक का स्पष्ट लक्षण नहीं दिया। श्लोकार्द्ध में वे दीपक के तीन भेदों की चर्चा करते हुए कहते हैं कि आदि, मध्य तथा अन्त में रहने की स्थितियाँ दीपक के नाम को साधक करती हैं[3] (एक स्थान पर स्थित होकर) (अनेक) अर्थों का दीपन करने के कारण यह सौन्दर्य दीपक कहलाता है।

दीपक के तीन भेद हैं[4] आदि में स्थित हो तो आदि दीपक, मध्य में स्थित हो तो मध्य दीपक और अन्त में स्थित हो तो अन्तदीपक। यह स्थिति वस्तुतः क्रियापद की है। एक क्रियापद आदि मध्य अथवा अन्त में स्थित होकर वाक्य में विभिन्न अर्थों का दीपन करता है तो वह सौन्दर्य दीपक कहा जाता है। भरत और भामह के लक्षणों में कोई अन्तर नहीं है।

आदिदीपक के उदाहरण में 'जनयति' क्रियापद आदि में अर्थात् श्लोक के प्रथम चरण में स्थित है। 'मद प्रीति को जन्म देता है[5] प्रीति मानभंग करने वाले काम को, काम प्रिया के संगम की उत्कण्ठा को और उत्कण्ठा असह्य मानसिक वेदना को।' इस उदाहरण में अर्थों की पारस्परिक शृंखला संयोगवश आ गयी है दीपक के लिए वह अनिवार्य अथवा अभीष्ट नहीं है।

मध्यदीपक के उदाहरण में 'अलंकुरुते' क्रियापद मध्य में अर्थात् श्लोक के द्वितीय चरण में,

---

१ नानाधिकरणार्थानां शब्दानां सम्प्रकीर्तितम्।
एकवाक्येन संयोगो यस्तद् दीपकमिहोच्यते ॥१६।६०॥

२ पाठान्तर में तृतीय चरण इस प्रकार है— एकवाक्येन संयोगात्। परन्तु एकवाक्येन संयोगो यस्तद् अधिक उपयुक्त प्रतीत होता है।

३ अमूनि कुर्वतेऽन्वर्थामस्याख्यामर्थदीपनात् ॥२।२६॥

४ आदिमध्यान्तविषयं त्रिधा दीपकमिष्यते।
एकस्यैव व्यवस्थत्वादिति तद् भिद्यते त्रिधा ॥२।२५॥

५ मदो जनयति प्रीतिं साऽनङ्गं मानभङ्गुरम्।
स प्रियासंगमोत्कण्ठां, साऽसह्यां मनसः शुचम् ॥२।२७॥

स्थित है। 'मधु सुन्दर वनाती हुं माला एव अशुक से दीप्तिमती स्त्रियो का, मनो और शुक की वाणी को, तथा पवतो की उपत्यकाओ को।'[1] यद्यपि अलकुरते मधु तीनो अर्थों को दीप्त कर रहा है परन्तु दीपक के लिए केवल त्रियापद पर्याप्त है, सज्ञापद नही।

अन्त-दीपक के उदाहरण म क्रियापद अन्त निनीपति' अन्त म, अर्थात श्लोक के चतुथ चरण म, स्थित है। मध्यदीपक के उदाहरण के समान यहा भी शुचिरन्त निनीपति' सज्ञापद-समन्वित त्रियापद का प्रत्येक अथ के साथ अन्वय करना होगा। तात्पय यह है कि भामह के अनुसार दीपक कम से-कम क्रियापद का होता है परन्तु वह सज्ञापद-समन्वित वाक्य तक फल सकता है— त्रियापद तक सीमित रहना आवश्यक नही।

इन तीन उदाहरणो म आदिदीपक छन्द के आदि चरण म स्थित है और अन्तदीपक छन्द के अन्तिम चरण म मध्यदीपक सयोग स छन्द क द्वितीय चरण म है। हमारा विचार ह कि मध्यदीपक की स्थिति तृतीय चरण म भी हो सकती ह परन्तु आदिदीपक तथा अन्तदीपक की स्थिति म परिवतन नही हो सकता।

दण्डी

दीपकचक्र का वणन काव्यादश के द्वितीय परिच्छेद म (श्लाक सख्या ९७ से श्लोक-सख्या ११५ तक) किया गया है। एकत्र (प्रबन्ध क अन्तगत किसी एक वाक्य मे आदि मध्यावसान किसी एक स्थान पर) विद्यमान जाति त्रिया गुण द्रव्यवाची[3] पद द्वारा जब सववाक्योपकार हो तो वह सौन्दय दीपक है। दण्डी ने भरत भामह-कृत लक्षण को ही विकसित किया है।

जातिदीपक, त्रियादीपक गुणदीपक द्रव्यदीपक भेद तो उस पद के वग पर निभर है जो दीपक का आधार है। यदि दीपक का आधार जातिवाचक पद ह तो वह जातिदीपक बन गया, इसी प्रकार अन्य भी है। 'काव्यादश म प्रत्यक भेद का एक एक उदाहरण (श्लोक सख्या ९८ से १०१ तक) दिया गया है।

इन सबके उपभेद आदिदीपक, मध्यदीपक, अन्तदीपक हो सकते हैं। दोनो वर्गों क मिलाकर 'जातिगत आदिदीपक' अथवा 'अन्तवाक्यगत जातिदीपक आदि लिखे जायगे। पाच श्लोको म कुछ उदाहरण प्रदशन मात्र क लिए दिय गये ह। य बारह भेद दीपक के आधार पद के 'वग और उसकी 'स्थिति पर निभर है।

दीपक के चार भेद और है—मालादीपक, विरुद्धार्थदीपक, एकार्थदीपक तथा श्लिष्टार्थ

---

१ मालिनीरशकभृत स्त्रियोऽलकुरुते मधु ।
हारीतशुकवाचश्च भूधराणामुपत्यका ॥२।२८॥

२ चीरीमतीररण्यानी सरित शुष्यदम्भस ।
प्रवासिनां च चेतांसि शुचिरन्त निनीपति ॥२।२९॥

३ जाति क्रिया-गुण द्रव्य-वाचिनकत्र वर्तिना ।
सववाक्योपकारश्चेन तमाहुर्दीपक यथा ॥२।९७॥

दीपक। मालादीपक म पूव-पूव वाक्यापेक्षमाणा वाक्यमाला का प्रयोग होता है। 'शुक्लपक्ष चद्र का पोषण करता है चद्र मदन का मदन राग का और राग युवक-युवतियो म विलासश्री का पोषण करता है —यह माला है जिसम एक क्रिया द्वारा सब वाक्यो का उपकार होता है।

विरुद्धार्थदीपक का उदाहरण है—

अनलेपमनङ्गस्य वर्धयन्ति बलाहका ।
कर्शयन्ति तु घर्मस्य मारुतोद्धूतशीकरा ॥२।१०६॥

यहाँ वर्धयन्ति और कर्शयन्ति विरुद्ध क्रियाओ[1] का एकत्र वर्णन है।

एकार्थदीपक का उदाहरण है—

हरत्याभोगमाशानां गृह्णाति ज्योतिषां गणम्।
आदत्ते चाद्य मे प्राणानसौ जलधरावली ॥२।१११॥

यहाँ जलधरावली एकार्था अदर्शनरूपा क्रिया को हरण ग्रहण-आदान क्रियावाचको द्वारा स्वीकार[2] कर रही है। अनेक पदो द्वारा एक ही अर्थ का प्रतिपादन[3] करने के कारण यह अनेकार्थ दीपक कहलाता है। कारक दीपक म विभिन्न क्रियाओ का एक कारक द्वारा सम्बन्ध होता है यहाँ अनेक क्रियाओ का एकार्थभाव है।

श्लिष्टार्थ दीपक म श्लिष्ट शब्द प्रतिपाद्य साधारण धमवान् वस्तुओ का एक क्रिया द्वारा सयोग होता है। यथा—

हृद्यगन्धवहास्तुङ्गास्तमालश्यामलत्विष ।
दिवि भ्रमन्ति जीमूता भुवि चैते मतङ्गजा ॥२।११३॥

यहाँ जीमूता तथा मतङ्गजो का श्लिष्टशब्द प्रतिपाद्य साधारणधम पूर्वार्द्ध म वर्णित है उत्तरार्द्ध म भ्रमन्ति क्रिया द्वारा उनका सम्बन्ध प्रतिपादित किया गया है।

उद्भट

आदिमध्यान्तविषया प्राधान्येतरयोगिन ।
अन्तर्गतोपमा धर्मा यत्र तद्दीपक विदु ॥१।१४॥

दीपक अलकार म उपमेयोपमान भाव स धर्मो का एक बार कथन होता है। एकदेशवर्ती[4] धर्मो का उपमानोपमेय भाव से अवस्थित वाक्यार्थों म कथन दीपक है। इस अलकार म धर्मो का एक बार उपनिबन्ध होना[5] अनेक बार होने स चमत्कार प्रतिवस्तूपमा का होगा। दीपक के तीन भेद—आदि मध्य तथा अन्त—है।

---

१ क्रिये विरुद्धे सयुक्ते तद्विरुद्धार्थदीपकम् ॥२।११०॥
२ अनेकशब्दोपादानात क्रियैकवात्र दीप्यते ॥२।११२॥
३ अनेकशब्दप्रतिपाद्यस्य एकार्थस्य दीपनादेकार्थदीपकमिदम्। (प्रभा १८)
४ अत एव च एकदेशवर्तिनामपि तेषा धर्माणा यौ द्वौ उपमानोपमेयभावेन अवस्थितौ वाक्यार्थौ बहवो वा तथाविधास्तद्दीपनहेतुत्वाद दीपकता। (प १५)
५ अत्र च धर्माणामेकवारमुपनिबन्धो द्रष्टव्य । असकृदुपादाने हि तेषा प्रतिवस्तूपमा वक्ष्यति। (वही)

उदभट ने दीपक अलकार का प्रथम बार वैज्ञानिक विवेचन किया है। उनके लक्षण-वृत्ति म निम्नलिखित विषयो पर ध्यान देना चाहिए—

(क) दीपक मे उपमानोपमेय भाव रहता है। 'अतगतोपमा धर्मा की व्याख्या की गई है "अन्तगताथसामथ्यवसेयत्वाद उपमानोपमेयभावो यषा तथाविधाना धर्माणामुपनिबन्ध।" सभी उत्तर आचार्यों ने 'उपमानोपमेयभाव को दीपक के लक्षण म स्थान दिया है।

(ख) धर्मो के एक बार कथन म दीपक अलकार है, अनेक बार कथन म प्रतिवस्तूपमा अलकार का सौन्दय बन जायगा।

(ग) दीपक म प्रस्तुत एव अप्रस्तुत दोना के समान धर्मों का कथन होता है केवल प्रस्तुत अथवा केवल अप्रस्तुत के समान धर्मो का नही। प्राधान्येतरयोगिन' की व्याख्या इन्दु राज ने इन शब्दा म की है "उपमेयस्य प्राकरणिकतया प्राधान्याद उपमानस्य च तादर्थ्येन गुणभावात। एव च प्राधान्येतरयोगिन इत्ययमत्रानुवाद प्राप्तार्थत्वात। प्राधान्य च इतरच्चा प्राधान्य ताभ्या योग सम्बन्धो विद्यते येषा ते तथोक्ता।' (पृ० १५)

वामन

दीपक 'उपमा प्रपच का एक अलकार है। एक सूत्र म इसका लक्षण एक म तीन भेद देकर अन्त म तीना भेदा का एक एक उदाहरण दे दिया गया है। लक्षण पर उद्भट का प्रभाव है। लक्षण है—

उपमानोपमेयवाक्यष्वेका क्रिया दीपकम ॥४ ३ १८॥

भरत न 'एकवाक्यन सयोग पर बल दिया था और दण्डी का मत था कि क्रियकत्वात दीप्यत परन्तु उद्भट ने अन्तगतोपमा विशेषता का जोड दिया। वामन न स्पष्ट कर दिया कि उपमान और उपमय वाक्या म एक क्रिया का सयोग दीपक अलकार है। भामह के अनुसार ही वामन न दीपक के तीन भेद बतलाये है—आदिदीपक मध्यदीपक तथा अन्तदीपक।

रुद्रट

यत्रकमनकपा वाक्यार्थाना क्रियापद भवति।
तदवत्कारकपदमपि तदतदिति दीपक द्वेधा ॥७।६४॥

दीपक वास्तव-वग का अलकार है। अनक वाक्यार्थों का एक क्रियापद अथवा कारकपद दीपक है। इसके दो भद है—क्रियादीपक तथा कारकदीपक। प्रत्यक भेद के तीन-तीन उपभेद हैं—आदिगत मध्यगत तथा अन्तगत। आदि क्रियादीपक का उदाहरण[1] भामह के उदाहरण स प्रभावित है।

टीकाकार नमिसाधु का मत है कि दीपक का अन्य अलकारो म अन्तर्भाव हो सकता है—आदिक्रियादीपक तथा मध्यक्रियादीपक के उदाहरण कारणमाला के मान जा सकत है, अत

---

१ कान्ता ददाति मदन मदन सन्तापमसममनुपशमम्।
सन्तापो मरणमहो तथापि शरण नणा सव॥ (रुद्रट ७ ६६)

क्रियादीपक तथा आदिवृत् दीपक तथा अन्तवृत् दीपक के उदाहरण काव्यालंकारसारसंग्रह में माने जा सकते हैं। अन्तवृत् दीपक का उदाहरण आदि अलंकार का उदाहरण बन सकता है—"अन्ये च दीपकस्य प्राधान्येतरयोगित्वात् समासान्तर्गतत्वात्। तथा प्राधान्येनेतरस्य वाक्यमालायाम् सद्भावात्। तदिदमुपर्यपकं वाक्यसमुच्चयम्। तद् जात।" (काव्यालंकार पृ० ८०)

रुद्रट ने प्रथम बार दीपक के दूसरे भेद कारकदीपक की व्याख्या की है। प्रायः सभी उत्तर आचार्य इस नवीन भेद को स्वीकार करते हैं। आगे चलकर उसको स्वतन्त्र अलंकार भी मान लिया गया।

मम्मट

उद्भट की परम्परा में काव्यप्रकाशकार ने दीपक का विवेचन किया है—

सकृद् वृत्तिस्तु धर्मस्य प्रकृताप्रकृतात्मनाम्।
सैव क्रियासु बह्वीषु कारकस्येति दीपकम् ॥१०।१०३॥

प्रकृत (उपमेय) तथा अप्रकृत (उपमान) के (क्रियादि) धर्म की सकृद्वृत्ति (=एक बार ग्रहण) दीपक (क्रियादीपक) है। इसी प्रकार बहुत-सी क्रियाओं में एक ही कारक की सकृद्वृत्ति (=एक बार ग्रहण) कारक दीपक है। वृत्ति में भी स्पष्ट किया गया है— एकस्थस्यैव समस्तवाक्यदीपनाद् दीपकम्।

यदि पूर्व-पूर्व की वस्तु उत्तर-उत्तर की गुणावह (=उपकारक) हो तो उस दीपक को 'मालादीपक' कहते हैं

मालादीपकमाद्यं चेद् यथोत्तरगुणावहम् ॥१०।१०४॥

क्रियादीपक तथा मालादीपक भेद रुद्रट में हैं। आरम्भ में उद्भट ने अन्तर्गतोपमा धर्म्म निरूपण उपमानोपमेय भाव का सन्निधान कर दिया था। रुद्रट ने कारकदीपक भेद का विवेचन किया। मम्मट ने प्राचीन आचार्यों के विचार का समाहार कर दिया है।

रुय्यक

तुल्ययोगिता का विवेचन करने के अनन्तर रुय्यक ने अन्तर दिखाते हुए दीपक का लक्षण जिस शब्दावली में किया है उत्तर आचार्यों ने प्रायः उसी को स्वीकार कर लिया। रुय्यक का लक्षण है—

प्रस्तुताप्रस्तुतानां तु दीपकम्।

इसमें औपम्यस्य गम्यत्वे पदार्थगतत्वेन वा समानधर्माभिसम्बन्धे का अध्याहार तुल्ययोगिता के लक्षण से करना होगा। वृत्ति में स्पष्ट किया गया है— प्राकरणिकाप्राकरणिकयोर्मध्यादेकत्र निर्दिष्टः समानो धर्मः प्रसङ्गेनान्यत्रोपकारात्। अत्र प्राकरणिकत्वाप्राकरणिकत्व विवक्षितत्वात् उपमानोपमेयभावस्यानवस्य एकक्रियाभिसम्बन्धाद औचित्यात्पदार्थत्वोक्ति। (पृ० ९२)। वाक्यार्थ में धर्म के आदि मध्य-अन्त में रहने से दीपक के पूर्वाचार्यों के समान ही तीन भेद हैं।

क्रियादीपक के साथ-साथ रुय्यक ने कारक दीपक का भी विवेचन किया है 'अत्र च यथानेककारकगतत्वेनैकक्रियादीपकं तथा अनेकक्रियागतत्वेनैककारकमपि दीपकम्।' यह लक्षण अत्यन्त स्पष्ट है—अनेक कारकों का एक क्रिया से सम्बन्ध जिस प्रकार 'क्रियादीपक' है उसी प्रकार अनेक क्रियाओं का एक कारक से सम्बन्ध 'कारकदीपक' कहलावेगा।

मालादीपक रुय्यक को मान्य है, परन्तु उसकी व्याख्या अन्यत्र[1] की गई है क्योंकि उसमें शृंखला[2] का चमत्कार अधिक है, दीपकत्व का नहीं।

दीपक के 'मालादीपक' भेद का विवेचन रुय्यक ने कारणमाला तथा एकावली के अनन्तर शृंखलामूलक अलंकारों के प्रसंग में किया है। लक्षण की वृत्ति में भी यह स्पष्ट किया गया है कि पूर्व-पूर्व के प्रति उत्तरोत्तर उत्कर्ष निबन्धन में 'मालादीपक' का सौन्दर्य है—

"उत्तरोत्तरस्य पूर्वं पूर्वं प्रत्युत्कर्षहेतुत्वे एकावली। पूर्वस्य पूर्वस्यात्तरोत्तरोत्कर्षनिबन्धत्वे तु मालादीपकम्। मालात्वेन चारुत्वविशेषमाश्रित्य दीपकप्रस्तावोल्लङ्घनेनेह लक्षणं कृतम्। गुणावहत्वमुत्कर्षहेतुत्वम।' (पृ० १७८ ७९)

रुय्यक ने 'कारकमाला' और 'मालादीपक' का लक्षण एक ही शब्दावली में दिया है उनका अन्तर 'हेतुत्व' तथा 'गुणावहत्व' के आधार पर स्पष्ट करते हुए—

पूर्वस्य पूर्वस्योत्तरोत्तरहेतुत्वे कारणमाला।
पूर्वस्य पूर्वस्योत्तरोत्तरगुणावहत्वे मालादीपकम्।

जयदेव

प्रस्तुताप्रस्तुतानां च तुल्यत्वे दीपकं मतम्।
मदो बुधः सुधाभिन्दुर्विभाति वसुधां भवान् ॥५।७३॥

यह लक्षण रुय्यक का अनुसरण मात्र है उसमें तुल्यत्व तथा मतम् पद जोड़कर बना लिया गया है। टीका से स्पष्ट है—

प्रकृताप्रकृतानां पदार्थानां गुणेन क्रियया च तुल्यत्वे साम्ये दीपकं मतमिष्टम्। प्रकृतधर्मं प्रसंगादप्रकृतमपि दीपयति प्रकाशयतीति दीपकम्। प्रस्तुताप्रस्तुतनिष्ठसाधारणधर्मकथनत्वं दीपकम्। तुल्ययोगितायां प्रस्तुतप्रस्तुतयोः अप्रस्तुताप्रस्तुतयोर्वा धर्मैक्यं भवति अत्र तु प्रस्तुताप्रस्तुतयोरिति भेदः। (पौर्णमासी, पृ० १३२ ३)

जयदेव ने दीपक के एक नवीन भेद 'आवृत्तिदीपक' का भी वर्णन किया है। इसमें आवृत्ति होती है। प्रस्तुत-अप्रस्तुतों के तुल्यधर्माभिसम्बन्ध में जो पद दीपकत्व का आधार है उसकी आवृत्ति होती है—

आवृत्ते दीपकपदे भवेदावृत्तिदीपकम्।
दीप्यग्निर्भाति भातीन्दुः कान्त्या भाति रविस्त्विषा ॥५।७४॥

---

1 छायान्तरेण तु मालादीपकं प्रस्तावान्तरे लक्षयिष्यते। (वृत्ति पृ० ६४)
2 छायान्तरेणेति शृङ्खलारूपेण। प्रस्तावान्तर इति शृङ्खलान्यायोपचितरूपत्वात्। (अलंकारविमर्शिनी पृ० ६४)

वस्तुत जहाँ पदावत्ति है वहाँ दीपकत्व नही रहता, यदि 'भाति' क्रिया एक स्थान पर रहकर तीनो वाक्यो को दीप्त करे तब तो दीपक का चमत्कार होगा, इसके विपरीत प्रत्येक वाक्य मे उस क्रिया की आवत्ति से दीपकत्व कहाँ रहता है ?

जयदेव ने 'कारक दीपक' का वणन नही किया परन्तु रुय्यक की सम्मति मानकर 'माला दीपक' का वणन 'एकावली' अलकार के प्रसग म उसके अनन्तर किया है। आचाय का मत है कि दीपक' तथा 'एकावली' के योग स जो सौन्दय उत्पन्न होता है वह 'मालादीपक' है

दीपककावलीयोगान मालादीपकमुच्यते ।
स्मरेण हृदये तस्यास्तेन त्वयि कृता स्थिति ॥५।८९॥

पौणमामी' मे स्पष्ट किया गया है 'अत्र स्थिति पद हृदये नायके चोभयत्र सम्बद्ध मिति दीपकम। पूव हृदयस्य मदनाधारतया ग्रहणम ततश्च नायकस्य आधारत्ववणनेन हृन्या धारत्वत्याग इत्येकावली (पृ० १६५)।

विश्वनाथ

'साहित्यदपण मे दीपक का विवेचन अलङ्कारसवस्व की परम्परा मे ही किया गया है तुल्ययोगिता के अनन्तर रुय्यक की शब्दावली म कारक दीपक को साथ लेकर। दीपक तथा' कारकदीपक के लक्षण हैं—

अप्रस्तुतप्रस्तुतयोर्दीपक तु निगद्यते ।
अथ कारकमेक स्यादनेकासु क्रियासु चेत ॥१०।४९॥

विश्वनाथ न आदि मध्य अवसान भेदो को स्वीकार नहा किया क्योकि इस प्रकार के तो सहस्रो भेद हो जायँगे। अन्ये च गुणक्रियायो आदिमध्यावसानसद्भावेन त्रविध्य न लक्षितम। तथाविधवचित्र्यस्य सवत्रापि सहस्रधा सभवात।

विश्वनाथ न आवत्तिदीपक का वणन नही किया। मालादीपक का वणन 'कारणमाला के अनन्तर और 'एकावली' से पूव रुय्यक के अनुसार किया है—

धर्मिणामेकधर्मेण सम्बन्धो यद्यथोत्तरम ॥१०।७७॥

अप्पय्यदीक्षित

दीक्षित न दीपक अलकार का विवेचन केवल कुवलयानन्द म किया है असमाप्त 'चित्र मीमासा' म नही। कुवलयानन्द म जयदेव का अनुकरण एव विकास करते हुए दीपक के चार भेदो का अलग-अलग वणन है— दीपक (क्रियादीपक) तथा आवत्तिदीपक का एक साथ प्रारभ मे मालादीपक तथा कारकदीपक का एक साथ आगे चलकर।

दीपक का लक्षणोदाहरण है •

वदन्ति वर्ण्यावर्ण्याना धर्मैक्य दीपक बुधा ।
मदेन भाति कलभ प्रतापेन महीपति ॥ ४८ ॥

आवत्तिदीपक के तीन उपभेद हैं शब्दावृत्ति, अथावत्ति तथा श दार्थावृत्ति । 'पदस्याथ स्योभयार्वाऽऽवत्तौ त्रिविधमावत्तिदीपकम् ।'[1] आवत्तिदीपक तथा उसके भेदा पर दण्डी का प्रभाव है । दण्डी ने दीपक का वण न करने के अनन्तर दीपक-प्रसग[2] म आवत्तिचक्र के अ तगत तीन प्रकार की आवत्ति का वणन किया था, दीक्षित ने उसको यथावत् ग्रहण कर लिया , दण्डी के उदाहरणो की छाया[3] भी कुवलयान द म देखी जा सकती है ।

'मालादीपक कुवलयान द म च द्रालोक से यथावत उसी शब्दावली मे आ गया है—लक्षण भी तथा उदाहरण भी । मालादीपक से दस श्लोक आगे सार यथासख्य, पर्याय, परिवत्ति, परिसख्या विकल्प तथा समुच्चय के अन तर कारकदीपक का वणन है । वत्ति के अनुसार 'एकस्यानेकवाक्याथान्वयन दीपकच्छायापत्त्या कारकदीपक, प्रथमसमुच्चयप्रतिद्व द्वीदम (पृ० १३४)। समुच्चय मे एक साथ हाने वाले अनेको का एकत्र वणन होता है, कारक दीपक मे भी एकत्र वणन होता है, अत समुच्चय तथा 'कारकदीपक प्रतिद्व द्वी हैं इसी हेतु इनका वणन एक माथ किया गया है । नक्षणादाहरण है—

> क्रमिकगताना तु गुम्फ कारकदीपकम् ।
> गच्छत्यागच्छति पुन पा थ पश्यति पृच्छति ॥ ११७ ॥

जग नाथ ने दीपक का अ तर्भाव तुल्ययोगिता म कर दिया है, पर तु अप्पय्यदीक्षित दीपक तथा 'तुल्ययोगिता' के पृथक सौ दय की याख्या करत हैं । दीपक म अप्रस्तुत सदा उपमान होता है और प्रस्तुत सदा उपमय , परन्तु तुल्ययोगिता म यह निश्चित नही हाता कि कौन उपमान होगा और कौन उपमेय—

तुल्ययोगिताया त्वेक प्रस्तुतम अ यदप्रस्तनमिति विशेषाग्रहणात सर्वोद्देशेनव धमा वय इति विशेष । अय चानयोरपरो विशेष । उभयारनयारपमालकारस्य गम्यत्वाविशेषेऽप्यत्राप्रस्तुतमुपमान प्रस्तुतमुपमेयमिति यवस्थित उपमानापमेयभाव , तत्र तु विशेषाग्रहणादैच्छिक स इति । (पृ० ५३)

जग नाथ

'रसगगाधर म दीपक का अ तर्भाव'[4] तुल्ययोगिता मे किया गया है । जिस प्रकार तुल्ययागिता म उपमा व्यग्य हाती है उसी प्रकार दीपक म भी दोना अलकारा मे धम को एक बार ग्रहण किया जाता है । इसलिए तुल्ययोगिता के तीन भेद हुए—प्रकृता के धम का एक बार ग्रहण अप्रकृता के धम का एक बार ग्रहण, प्रकृत एव अप्रकृता दोना के धम का एक बार ग्रहण—इन तीन आधारा पर । अ तिम भेद को दीपक कहा गया है । परन्तु—

---

१ अलकार चन्द्रिका प ५४

२ अर्थावत्ति पदावत्तिरुभयावृत्तिरेव च ।
दीपकस्थान एवेष्टमलकारत्रय यथा ॥ (काव्यादश २ ११६)

३ विकसन्ति कदम्बानि स्फटन्ति कुटजाद्गमा । (दण्डी)
उन्मीलन्ति कदम्बानि स्फटन्ति कुटजोद्गमा । (दीक्षित)

'एवं च प्राचीनानां तुल्ययोगितातो दीपकस्य पृथगलंकारताम्
आचक्षाणानां दुराग्रहमात्रमिति' नव्या ।' (रसगंगाधर, पृ० ४३६)

'अलंकार-कौस्तुभ' में 'रसगंगाधर' से ठीक विपरीत स्थिति को माना गया है कि तुल्ययोगिता का अन्तर्भाव भी दीपक में ही कर लेना चाहिए—

'इति भगवता भरतमुनिना दीपकस्याङ्गीकारात् तत्रैव तुल्ययोगितान्तर्भावस्यौचित्यादिति दिक् ।' (पृ० २९७)

केशवदास

दण्डी ने 'दीपक' का जो लक्षण दिया था—

जाति क्रिया-गुण द्रव्यवाचिनैकत्र वर्तिना ।
सर्ववाक्योपकारश्चेत् तमाहुर्दीपकं यथा ॥ (काव्यादर्श २ ९७)

उसका अनुवाद कविप्रिया के तेरहवें प्रभाव में केशवदास ने इस प्रकार किया है—

वाच्य क्रिया गुण द्रव्य को बरनहु करि इकठौर ।
दीपक दीपति कहत हैं केशव कवि सिरमौर ॥१३।२१॥

श्लोक के पूर्वार्द्ध का दोहे के पूर्वार्द्ध में अनुवाद अक्षरशः तथा प्रायः ठीक है । परन्तु उत्तरार्द्ध का अनुवाद सदोष है 'सर्ववाक्योपकारश्चेत्' का भाव 'दीपति कहत हैं' में तो क्या शुद्ध पाठ 'दीपति करतु हैं' में भी नहीं आ पाता । भगवानदीन की व्याख्या तो और भी भ्रामक है ।

केशव के अनुसार दीपक के अनेक भेदों में से दो भेद 'मणिदीपक' तथा 'मालादीपक' प्रसिद्ध हैं । 'मणिदीपक' दण्डी का 'एकार्थदीपक' है । दण्डी के अनुसार एकार्थदीपक का लक्षण है—

अनेकशब्दोपादानात् क्रियैकवात्र दीप्यते ॥२।११२॥

केशव ने छायानुवाद किया है—

इनमें एकहु बरनिये कौनहु बुद्धि विलास ॥ १३ । २४ ॥

उदाहरण में 'कहि न परतु है, शोभा को धरतु है' तथा 'दीपत करतु है' अनेक शब्दों द्वारा एक ही क्रिया का वर्णन किया गया है ।

केशव में 'मालादीपक' का वर्णन परम्परा के अनुसार ही है । केशव का बल 'माला' पर अधिक है 'दीपक' पर कम । एक उदाहरण तो 'पदार्थावृत्ति' दीपक का बन गया है । *केशव के दीपक-वर्णन पर प्रधानतः दण्डी का ही प्रभाव है ।*

देवदत्त

शब्दरसायन में 'दीपक' तथा 'कारक दीपक' के लक्षण हैं—

अथ कहै एक क्रिया जहाँ आदि मधि अंत ।
अथवा जहँ प्रतिपद क्रिया दीपक कहत सुमन्त ॥

---

१ तुल्ययोगितातो दीपकं न पृथग् भावम् इति धर्मसंहृद्-वृति-मलाया विच्छिन्न अविभागात् । (पृ० ०३६)

दोहे का प्रथम चरण 'अथ कहै एकै क्रिया' रुद्रट के 'यत्रैकमनेकेषा वाक्याथाना क्रियापद भवति' का अनुवाद-सा है। तृतीय चरण म 'अथवा जहँ प्रतिपद क्रिया' रुय्यक के अनेकक्रिया गतत्वनैककारकमपि दीपकम का असावधान अनुवाद है।

देवदत्त ने दीपक के चार भेदा का वणन किया है—मालादीपक, एकावली दीपक, आवृत्ति दीपक, परिवत्त दीपक। 'माला तथा आवत्ति' तो इन्ही नामा से प्रसिद्ध चले आ रहे थे। शेष दो म स एकावली' दण्डी का 'एकाथदीपक' है, और 'परिवत्त दण्डी का विरुद्धाथदीपक'। 'परिवृत्त दीपक का लक्षण है—

पद अथन को लौटिबो, सो कहिये परिवत्त।

यहा लौटिबा' का अथ 'पलटिबो है उदाहरण है—'पूयौ को द्यौस उदौ उकसाइ क, आसहु पास बसाइ अमावस आदि, इस पर दण्डी के 'विरुद्धाथदीपक के उदाहरण का प्रभाव है।

लक्षण भेद प्रसग के अत मे दव ने लिखा है—

माला अरु एकावली आवति अरु परिवत्ति।
कारनमाल समुच्चया दीपक भेद सुवत्ति॥

इस दोहे का पूर्वार्द्ध दीपक के भेदा का वणन करता है और उत्तराध म दीपक का कुछ अलकारा से भेद बतलाया गया है जिस पर रुद्रट के निम्नलिखित शब्दा का प्रभाव है—

'आद्ययोरुदाहरणयो कारणमालाया सद्भाव। तृतीय चतुथ पचमेषु वास्तवमसुच्चयस्य।
(काव्यालकार, पृ० ८९)

भिखारीदास

'काव्यनिणय म दासकवि ने दीपक का वाक्य' का अलकार बतलाया है और इसके पाँच भेदो[2] का वणन किया है। दीपक का लक्षण बडा शिथिल है—

एक शब्द बहु मे लग, दीपक जानै साइ॥१८।२८॥

इसक पाँच भेद—दीपक, आवत्ति दीपक, दहली दीपक, कारक दीपक तथा मालादीपक हैं। 'देहली दीपक एक नया भेद है यद्यपि देहली दीपक-न्याय तो प्रसिद्ध ही है। दासकवि ने इसका लक्षण ठीक ही दिया है—

पर एक पद बीच म, दुहु दिसि लाग साइ।
सा है दीपक देहली जानत है सब कोइ॥१८।२७॥

उदाहरण[3] म मध्यवर्ती क्रिया दोना वाक्या का दीप्त कर रही है। यह देहलीदीपक

१ अति सुभनायक वाक्य के जहँपि अथ सा प्याह॥१८।१॥
२ आदि आवृत्तो देहली कारक माला बाँच॥१८।३॥
३ ह्व नरसिंह महा मनजाद हयो प्रह्लाद को सकट भारी।
दास विभीषन लक दियो जिन रक सुदामा को सपति सारी।
द्रोपदी चीर बढ़ायो जहान में पाडव के जस की उजियारी।
गविन को घनि गव बहावत दीनन को दुख श्रीगिरधारी॥३॥

मध्यक्रियादीपक का ही दूसरा नाम है, इसको चमत्काराधिक्य के कारण अलग भद माना गया है।

आवत्ति, कारक तथा मालादीपक भेदा के लक्षण सामान्यत परम्परा के अनुकूल हैं —

उहै सब्द फिरि फिरि परै आवतिदीपक होइ ।२८।
एक भाँति के वचन को काज बहुत जहँ होइ ।३९।
दीपक एकावलि मिले, मालादीपक जानि ।४२।

कन्हैयालाल पोद्दार

'अलकारमजरी' म सस्कृत के आचार्यों क अनुसार दीपक तथा उसके भेदा का वणन किया गया है। दीपक का लक्षण रुय्यक की शब्दावली म है—

'प्रस्तुताप्रस्तुताना तु दीपकम्।

प्रस्तुत और अस्तुत क एक धम कहने को दीपक अलकार कहते हैं (पृ० २१२)। पोद्दार ने दीपक के चार भेदा को चार अलग अलकार माना है। क्रम ह—दीपक कारक दीपक माला दीपक *आवृत्तिदीपक। इनको अलग मानन की कोई आवश्यकता नही थी।*

दीपक विवेचन म कतिपय निष्कष नवीन न हाते हुए भी ध्यान देन योग्य हैं—

(क) यदि दीपक और तुल्ययोगिता म विशेष भिन्नता न हान के कारण य दोना एक ही अलकार के दो भेद माने जाए तो तुल्ययोगिता का ही दीपक क अतगत माना जाना उचित है न कि आचाचाय भरतमुनि द्वारा प्रतिपादित दीपक का तुल्ययोगिता के अन्तगत माना जाना (पृ० २१५)। रस-गगाधर क मत का यह खण्डन अलकारकौस्तुभ म भी इसी शब्दावली म *किया गया है।*

(ख) रसगगाधर म इसको (कारकदीपक को) दीपक अलकार का ही भेद माना गया है। (पृ० २१५)

(ग) आवृत्तिदीपक अलकार का पदावत्ति भद यमक स और पदार्थावृत्ति अनुप्रास स भिन्न नही। कुछ लोग पदावृत्ति की यमक स और पदार्थावृत्ति दीपक की अनुप्रास स यह भिन्नता बतलाते हैं कि दीपक म क्रिया-वाचक पद और पद क अथ दोना की आवृत्ति होती है। यमक और *अनुप्रास म क्रियावाचक पद और पदार्थों का नियम नहा हाता है। (पृ० २१८)*

रामदहिन मिश्र

'काव्यदपण' के द्वादश प्रकाश की पचम छाया म दीपक का सक्षिप्त वणन है। इसके भेद कारकदीपक देहली दीपक मालादीपक तथा आवृत्तिदीपक भेद हैं।

इस विवेचन म निम्नलिखित निष्कर्षों पर ध्यान दिया जाता है—

(क) टिप्पणी—तुल्ययोगिता म केवल उपमेयों का उपमानों का धम कहा जाता है और दीपक म दोनो का एक धम उक्त होता ह। किन्तु चमत्कार न होन क कारण इसको तुल्ययोगिता का ही एक भेद मानना उचित प्रतीत होता है। (पृ० ३००)

(ख) दो वाक्यों के बीच में जहाँ एक ही क्रिया आती है, वहां देहली-दीपक अलकार होता है। (पृ० ३७७)

(ग) ऐसे स्थानों (अर्थावृत्ति) में अनुप्रास भी होता है। (पृ० ३७८)

(घ) ऐसे स्थानों (पदार्थावृत्ति) में पुनरुक्ति, अनवीकृत दोष आ जाते हैं। (पृ० ३७९)

सामान्यत रामदहिन मिश्र के इस विवेचन में दासकवि का अनुकरण तथा कन्हैयालाल पोद्दार का खण्डन है।

उपसंहार

दीपक आदि-अलकारों में से है और भिन्न भिन्न अधिकरणों के अर्थों के चमत्कार का एक मात्र प्रतिनिधि है। भरत से इस अलकार का प्रारंभ होता है और जगन्नाथ ने इसका अन्यत्र अन्तर्भाव करने का प्रयत्न किया था। 'दीपक अलकार की कल्पना दीपक-न्याय' के आधार पर हुई है। जिस प्रकार प्रासाद में रक्खा हुआ दीपक प्रासाद के साथ-साथ गली[1] को भी प्रकाशित करता है उसी प्रकार एक स्थान पर स्थित धर्म अन्य स्थानों को भी दीप्त करता है।

लक्षण

भरत भामह तथा दण्डी के अनुसार एकत्रवर्ती धर्म (एकवाक्यस्थ संयोगात) नानाधिकरणों में स्थित अर्थों का उपकार करे तो वह दीपक का चमत्कार है। दीपक के सौन्दर्य के लिए केवल इतना ही अपेक्षित था कि अलग-अलग अर्थों को एक वाक्य अथवा एक धर्म द्वारा जोड़ दिया जाय। उद्भट ने दीपक को नवीन अर्थ प्रदान किया कि संयोग में सादृश्य एवं उपमानोपमेय भाव विद्यमान रहता है। यह विशेषता आज तक दीपक के लक्षण का मुख्य आधार मानी जाती है। वामन ने इस लक्षण में एका क्रिया को जोड़ दिया, जिसका समर्थन मम्मट ने भी किया है।

दीपक-लक्षण में विचारयोग्य चार बिन्दु है—

(क) प्रस्तुत अप्रस्तुत भाव (ख) एकधर्माभिसम्बन्ध, (ग) सादृश्य (घ) सकृद्वृत्ति।

प्रस्तुत-अप्रस्तुत दीपक का आधार है केवल प्रस्तुत भाव अथवा केवल अप्रस्तुत भाव में दीपक नहीं माना जाता। एकधर्माभिसम्बन्ध के विषय में भी मतभेद नहीं है मतभेद केवल यह है कि यह एकधर्म क्रियारूप ही हो अथवा कारकरूप भी हो सकता है? जो आचार्य इस एकधर्म को कारकरूप मानते हैं उनकी दृष्टि में दीपक का एक भेद कारकदीपक भी है। सादृश्य के विषय में केवल यह विचारणीय है कि इसका स्वरूप क्या हो। उद्भट ने अन्तर्गतोपमा कहा था जिसका अभिप्राय है कि औपम्य व्यंग्य[2] हो। सकृद्वृत्ति का समावेश मम्मट ने प्रतिवस्तूपमा से

---

१ प्रस्तुतकनिष्ठ समानो धर्म प्रसंगादन्यत्रोपकरोति प्रासादार्थमारोपितो दीप इव रथ्यामिति दीपसाम्याद् दीपकम्। (कुवलयानन्द, पृ० ५२)

२ सा चोपमा व्यंग्यैव वाचक (इवादिशब्द) विरहात। (उद्योत)

दीपक का अतर करने के लिए किया था क्योकि प्रतिवस्तूपमा म भी सामान्य धम का पृथक् पृथक् निर्देश होता ह, यदि धम के असकृत निर्देश की अवस्था म दीपक सभव ह तो प्रतिवस्तूपमा तथा दीपक म कोई अतर नही रहा। परन्तु कुछ आचाय सकृद्वृत्ति विशेषण की आवश्यकता नही समझते। उनके अनुसार प्रतिवस्तूपमा और दीपक को इस विशेषण के बिना भी पहचाना जा सकता ह 'प्रतिवस्तूपमा म सामान्यधम एक अवश्य होता है परन्तु आश्रय के भेद से उसम भेद होता ह। दीपक मे विद्यमान सामान्यधम म इस प्रकार का भेद नही होता।"[1]

भेदोपभेद

नाटयशास्त्र' म दीपक के भेदा का उल्लेख नही ह। भामह ने सयोगकारिणी क्रिया की स्थिति के आधार पर दीपक के आदि मध्य तथा अत भेद किये हैं। दण्डी ने तीन प्रकार से दीपक क भेद खोज ह—लक्षण के क्षेत्र म विस्तार भामह के अनुसार तथा स्वतत्र भेद। भरत के एकवाक्यन सयोजन को दण्डी न विकसित करके जाति क्रिया गुण द्रव्य तक पहुँचा दिया तो दीपक के चार भेद स्वत हो गय चारो का भामह के अनुसार फिर विकास किया तो बारह भेद प्राप्त हो गय।

दण्डी कृत दीपक के चार इतर भेद मालादीपक विरुद्धार्थदीपक एकार्थदीपक तथा श्लिष्टार्थदीपक है। उदभट तथा वामन की दण्डी के भेदा मे कोई रुचि नही थी।

रुद्रट ने दीपक के एक महत्त्वपूण भद कारकदीपक की उदभावना की इसका विवेचन रुय्यक न भी किया ह। बहुत से उत्तरकालीन आचाय कारकदीपक का स्वतत्र अलकार मानने क पक्ष म ह क्योकि इसम औपम्य नही ह।

मालादीपक की उदभावना दण्डी ने की थी रुय्यक ने इस भेद मे शृखला का चमत्कार अधिक मानकर इसका विवेचन कारणमाला तथा एकावली के साथ किया ह, कारणमाला' मे हेतुत्व का गुण ह और मालादीपक म गुणावहत्व का। विश्वनाथ का भी यही मत ह।

जयदेव ने आवत्तिदीपक भेद का आविष्कार किया जिसका मूल दण्डी क आवत्ति म खोजा जा सकता ह। अनुकरण पर अप्पय्यदीक्षित ने दीपक के चार भेदा का वणन किया है—क्रियादीपक आवत्तिदीपक मालादीपक तथा कारकदीपक।

इस प्रकार दीपक (क्रियादीपक) प्राय इसी रूप म मान्य रहा मालादीपक तथा कारक दीपक कभी इसक भेद बन कभी अलग रह आवत्ति दीपक का चमत्कार अधिक आकृष्ट न कर सका।

स्वतन्त्र अस्तित्व

दीपक ही एसा अलकार ह जो प्रथमजन्माओ म होकर भी अपने अस्तित्व को सकट म डाल बठा। काव्यशास्त्र क अतिम आचार्यों म से जयरथ तथा जगन्नाथ ने यह प्रश्न उठाया कि

---

१ सस्कृत साहित्य म सादृश्यमूलक अलकारा का विकास पृ ३ ५ ६

दीपक का अलग अलकार मानने की क्या आवश्यकता ह इसका तुल्ययोगिता' म अतभाव हो सकता ह। तुल्ययोगिता के दो भेद हैं—प्रकृता के धम का एक बार ग्रहण, तथा अप्रकृता के धम का एक बार ग्रहण। और दीपक है प्रकृता तथा अप्रकृता के धम का एक बार ग्रहण। यह भी तो एक प्रकार की तुल्ययोगिता ह। विश्वेश्वर पण्डित ने इस बात का खण्डन किया ह और इस बात पर बल दिया है कि यदि तुल्ययोगिता तथा दीपक एक ही है तो भी उस सौदय का नाम दीपक' होना चाहिए तुल्ययोगिता नही क्योकि दीपक पुराना नाम ह और भरत द्वारा उदभावित होकर चला आ रहा ह। अप्पय्यदीक्षित तो यह भी स्वीकार नही करते कि इन दोनो अलकारो म एक ही चमत्कार ह। दीपक और तुल्ययोगिता म एक सूक्ष्म भेद ह दीपक म अप्रस्तुत सदा उपमान होता ह और प्रस्तुत सदा उपमय, परतु तुल्ययोगिता म यह निश्चित नही होता कि कौन उपमान होगा और कौन उपमेय।

४ यमक

भरत

उपमा, रूपक और दीपक का विवेचन करने के उपरात भरत ने अतिम अलकार यमक का विशद वणन किया ह। यमक का लक्षण अत्यत उदार है—'शब्दाभ्यासस्तु यमकम'[1]। प्रत्यक शब्दालकार इसम समा सकता ह विशेषत अनुप्रास का प्रत्यक भेद।

यमक क दस भद हैं—पादात काचीय, समुदग, विक्रात, चक्रवाल सदष्ट, पादादि, आम्रेडित चतुर्व्यवसित तथा माला।

छद के चारो पदो के अत म सम अक्षरो की स्थिति[2] पादातयमक है इस भेद की विशेषता इसके नाम से स्पष्ट है। उदाहरण म मण्डलम' अक्षरो की चारो पदो के अत म आवत्ति है।

काचीय यमक म (प्रयत्न) सम पाद के आदि तथा अत म[3] अक्षरावत्ति होनी ह अथात आदि के अक्षर भी आवत्त होते ह और अत क भी 'सम पदे' का इस लक्षण म विशेष महत्त्व है। उदाहरण का एक चरण देखा जा सकता ह—

माया मायाच द्रवतीना द्रवतीनाम् ॥१६।६९॥

यहाँ माया' की आदि म तथा द्रवतीनाम' की अन्त म आवत्ति ह।

समुदग यमक म छद का पूर्वार्द्ध ही उत्तरार्द्ध बनकर पूरा[4] वत्त बना देता ह अथात इसम *अद्ध वत्त की अविरल आवत्ति होती है।* चतुथ भेद विक्रात यमक म वत्त क दो पाद एक पाद को बीच म छोडकर[5] समान होते हैं। उदाहरण म द्वितीय तथा चतुथ पाद समान हैं बीच का

---

१ शब्दाभ्यासस्तु यमक पादादिषु विकल्पितम् ॥१६।६२॥
२ चतुर्णां यत्र पादानामन्ते स्यात्सममक्षरम ॥१६।६६॥
३ पादस्यादौ तथा चान्ते स्याता यत्र समे पदे ॥१६।६७॥
४ अर्धेनैवेन यद्वृत्त सर्वमेव समाप्यते ॥१६।७०॥
५. एकैक पादमुत्क्षिप्य द्वौ पादौ सदृशौ यदा ॥१६।७२॥

तृतीय पाद असमान है। परन्तु लक्षण से स्पष्ट है कि प्रथम तथा तृतीय पाद भी समान हो सकते हैं, बीच म द्वितीय को असमान छोडकर।

पूव पाद का अन्तिम अश जब उत्तर पाद का प्रारम्भिक अश बनकर चक्र[1]-सा बना देता है तो उस यमक को चक्रवाल कहते हैं। उदाहरण म—

शला यथा शत्रुभिराहता हता हताश्च भूयोऽप्यनुपुङ्ग खग ।
खगश्च सर्वेयुधि सञ्चिताश्चिता श्चिताधिरूढा निहता पत पल ॥१६।७५॥

पूवपाद म भी उन अक्षरा की आवत्ति हुई है जा उत्तर पाद के आदि बन जाते हैं यह विशेषता प्रत्यक पाद म है। लक्षण म इस विशेषता का सकेत नही है।

सदष्ट[2] यमक म पादारम्भ के दो अक्षर सम अर्थात आवृत्त होते हैं। जसे— पश्य-पश्य रमणस्य मे गुणान । इस पद म पश्य की आवृत्ति है।

पादादि[3] यमक म प्रत्येक पाद समान अक्षरा स प्रारम्भ होता है। उदाहरण के चारा पाद विष्णु स प्रारम्भ हाते हैं। एसा प्रतीत हाता है कि यह सौन्दय तभी माना जायगा जब समाक्षर चारा चरणा म विद्यमान हा।

पादान्ताम्रेडित यमक म पादान्त म अक्षरा की आवत्ति[4] होती है। इसे सदष्ट यमक का दूसरा रूप माना जा सकता है। मुहुर्मुहु, पदे पदे पुन पुन तथा विना विना। अलग-अलग पादा म उदाहरण को स्पष्ट करते हैं।

चतुर्व्यवसित यमक म सब पद सम नियताक्षर अर्थात एक ही होत है—प्रत्यक पाद आवत्ति मात्र है। माला यमक म एक व्यजन[5] नानारूप स्वरा स युक्त होकर प्रयुक्त होता है। उदाहरण तीन हैं। एक म ल की आवत्ति है (१६।८५), अय म र की (१६।८६), और तृतीय म (१६।८७) क्ष की।

भरत क अनुसार यमक के भेद तालिका द्वारा इस प्रकार स्पष्ट किये जा सकते हैं—

(क) अक्षर समता

पादा के अन्त म—पादान्त यमक।
पादा के आदि मे—पादादि यमक।
प्रत्येक पाद के आदि मे अलग अलग—सदष्ट यमक।
प्रत्येक पाद के अन्त म अलग-अलग—पादान्ताम्रेडित यमक।

---

१ पूर्वस्यान्तेन पादस्य परस्यादिर्यदा सम ॥१६।७४॥
२ आद्यौ द्वौ यत्र पादे तु भवेतामक्षर समौ ॥१६।७६॥
३ आदौ पादस्य यत्र स्यात्समावेश समाक्षर ॥१६।७८॥
४ पादस्यान्त्य पद यत्र द्विरेकमिहोच्यते ॥१६।८०॥
५ सर्वे पादा समा यत्र भवन्ति नियताक्षरा ॥१६।८२॥
६ नानारूप स्वरर्युक्त यत्रक व्यजन भवेत ॥१६।८४॥

प्रत्येक पाद के आदि म तथा अन्त म अलग-अलग—वाचीय यमक।
पूव पाद का अन्त ही उत्तर पाद का प्रारम्भ—चक्रवाल यमक।

(ख) चरण-समता
चारो चरण समान हो—चतुर्व्यवसित यमक।
वत्त का पूर्वार्द्ध उत्तरार्द्ध बन जाय—समुद्ग यमक।
एक चरण बीच म छोडकर चरण की आवत्ति हो—विक्रान्त यमक।

(ग) व्यजन समता
व्यजन की आवत्ति—माला यमक।

भामह

'काव्यालकार' म यमक क सम्बन्ध म तीन तथ्यो पर ध्यान जाता है—यमक का वज्ञानिक लक्षण यमक के भेदो की व्यवस्था, तथा काव्य म यमक का उपयोग। यमक का लक्षण भामह ने भेद निरुपण क उपरान्त दिया है, स्वाभाविक ग स प्रारम्भ म नही। यमक का लक्षण है—

तुल्यश्रुतीना भिन्नानामभिधेय परस्परम ।
वर्णाना य पुनर्वादो यमक तन्निगद्यत ॥२।१७॥

सुनने म समान (तुल्यश्रुतीना) परन्तु अथ म परस्पर भिन्न (अभिधेयै परस्पर भिन्नाना) वर्णो की आवत्ति (पुनर्वाद) यमक कहलाती है।

यह लक्षण पर्याप्त विकसित है। भरत ने जिसको शब्दाभ्यास' मात्र कहा था—उसम अनुप्रास तो समाविष्ट था ही, वज्ञानिक सरूपता भी नही थी। भामह के लक्षण म विकास उस समय हुआ, जब सत्यर्थ की आवश्यकता का अनुभव हुआ। इन तुल्यश्रुति वर्णो का कोई अथ हो, यह आवश्यक नही वे निरथक भी हो सकते हैं।

भरत के दस भेदो की मानो आलोचना करते हुए भामह कहते हैं कि यमक के पाच ही भेद हैं—आदि यमक, मध्यान्त यमक, पादाभ्यास आवली तथा समस्तपाद (२।९)। अगले छन्द म फिर 'पचव' पर बल दिया गया है और सदष्टक' तथा समुद्ग आदि[1] भरत प्रतिपादित भेदो को उक्त पाँच भेदो म अन्तभूत करने का आग्रह है। तक यह है कि ये भेद या तो आदि यमक हैं या मध्यान्त यमक[2] इसलिए इनको स्वतन्त्र भेद नही मानना चाहिए।

इन पाच भेदो म 'मध्यान्त यमक' भ्रामक है मानो सख्या कम करने के लिए दो भेदो 'मध्य यमक' तथा 'अन्त यमक' को जोडकर एक कर दिया हो। भरत द्वारा प्रदर्शित समस्त चमत्कार इन पाच भेदो म समा भी नही पाता। आग चलकर दण्डी ने भामह स असहमति प्रकट की है और यमक के भेदो का विस्तार दिखाया है।

'आदि यमक' भरत का पादादि यमक' नही ह प्रत्युत सदष्ट यमक ह। इसका लक्षण नही

---

१ सन्दष्टक-समुद्गादेरत्रवान्तर्गतिमता ॥२।१ ॥
२ आदौ मध्यान्तयोर्वा स्यादिति पचव तद्यथा ॥२।१०॥

दिया गया परन्तु उदाहरण से स्पष्ट है कि प्रत्येक पाद के आदि में अलग-अलग तुल्यश्रुति अभिधेयभिन्न वर्णों का पुनर्वाद है।

मध्यान्त यमक में पाद के मध्य में स्थित वर्णों का उसी पाद के अन्त में पुनर्वाद होता है। यह सौन्दर्य भरत की दृष्टि में नही था। उदाहरण[1] से इस भेद का नाम भी सार्थक प्रतीत होता है। आदिमध्य अथवा 'आद्यन्त' भेदों की कल्पना भामह ने नही की।

पादाभ्यास यमक में सम्पूर्ण पाद का पुनर्वाद होता है। उदाहरण से प्रतीत होता है कि भामह की दृष्टि में भरत का 'विक्रान्त यमक' था इसमें द्वितीय पाद का पुनर्वाद चतुर्थ पाद में है। परन्तु इसके अन्य उदाहरण भी बन सकते हैं क्योंकि किसी भी पाद का पुनर्वाद किसी भी अन्य पाद में होकर पादाभ्यास यमक कहलावेगा। समुद्ग यमक का भामह ने नामपूर्वक खण्डन किया है (२।१०) समुद्ग तो एक प्रकार का पादाभ्यास' ही है और 'चतुर्व्यवसित' 'समुद्ग' का एक कठिन एवं विशिष्ट प्रकार।

आवली यमक में विभिन्न प्रकार से विभिन्न स्थानों पर पुनर्वाद होता है। वस्तुत यह भेद आदि यमक तथा मध्यान्त यमक के अनन्तर आना चाहिए था पादाभ्यास को क्रम में अन्तिम स्थान मिलना चाहिए। आवली का सौन्दर्य अलग है और व्यवस्थित पुनर्वाद के अभाव को सूचित करता है। कोई पुनर्वाद कही हो, और कोई अन्य कही अन्यत्र हो तो आवली यमक है। (२।१४)

समस्तपाद यमक में वर्णों का पुनर्वाद सभी पादो में एक विशेष स्थान (आदि मध्य अथवा अन्त) पर होता है। जो उदाहरण (२।१५) दिया गया है वह भरत के पादान्त यमक का बनता है परन्तु भरत के पादादि यमक का उदाहरण भी भामह के समस्तपाद यमक' का उदाहरण बन सकता है और चतुर्व्यवसित का उदाहरण भी इसी भेद का अधिकारी है। समस्तपाद यमक' का एक ही नियम है कि जो पुनर्वाद हो वह चारो पादो में एक विशेष स्थान पर हो।

यमक के पाँच भेदो के उदाहरण देने के उपरान्त और यमक के लक्षण देने से पूर्व द्वितीय परिच्छेद के सोलहवे श्लोक में भामह ने यमक के विषय में विशेष चर्चा की है—

अनन्तरकान्तरयोरेव　पादान्तयोरपि ।
कृत्स्न च सर्वपादेषु दुष्कर साधु तादृशम ॥२।१६॥

पादान्त में होने वाला पुनर्वाद अनन्तर (एक के पश्चात दूसरे) पादो में हो सकता है *अथवा एकान्तर* (एक पाद बीच में छोडकर) पादो में हो सकता है अथवा सभी पादो मे हो सकता है। सभी पादो (के अन्त) में होने से वह समस्तपाद यमक कहलावेगा। अनन्तर अथवा एकान्तर में विद्यमान पुनर्वाद को कोई अलग भेद नही माना गया, परन्तु किसी विशेष भेद में उसका अन्तर्भाव भी नही किया गया। वस्तुत वह सौन्दर्य अलग ही है उसका नामकरण आवश्यक है।

१ साध ससारात् विम्यन्स्मादसारात् ॥२।१२॥ (इस पाद मे सारा का पुनर्वाद मध्य तथा अन्त में है।)

श्लोक-संख्या १८, १९ तथा २० में भामह ने यमक के शब्दाभ्यास पर अंकुश रखने की सम्मति दी है। वही यमक आचार्यों द्वारा ग्राह्य है जिसमें ऐसे शब्दों का प्रयोग हो जिनके अर्थ प्रसिद्ध है (प्रतीतशब्दम) जिसमें आज हो अर्थात् अर्थ की खींचतान पाठक को निरुत्साह न करे (ओजस्वि) जिसमें पद-सन्धियाँ यथानियम सुव्यवस्थित हों (सुश्लिष्ट पदसंधि) जो प्रसादपूर्ण (प्रसादि) तथा अभिव्यक्ति में समर्थ हो (स्वभिधानम)।[1] यमक का नाम लेकर[2] नाना धात्वर्थों का प्रदर्शन करने वाली कविता यथार्थ में 'प्रहेलिका' है। काव्य सहज होना चाहिए, शास्त्र के समान व्याख्यागम्य[3] नहीं।

दण्डी

काव्यादर्श के प्रथम परिच्छेद में दस गुणों का वर्णन करने के उपरान्त दण्डी ने अनुप्रास तथा यमक का परिचय दिया है। स्वर रहित केवल[4] व्यंजनावृत्ति अनुप्रास है (वर्णावृत्तिरनुप्रास) और स्वर-सहित व्यंजनों की आवृत्ति[5] यमक है। तृतीय परिच्छेद में यमक का विवेचन प्रारंभ करने से पूर्व भी यमक का यही लक्षण दुहराया गया है—वर्णसंहति (स्वर व्यंजन-संघात) की आवृत्ति (पुनः-पुनः उच्चारण), व्यवधान रहित हो अथवा व्यवधानसहित[6] यमक कहलाती है।

यमक के भी दण्डी ने अनेक भेद बतलाये हैं। सर्वप्रथम पादयमक है। इसके तीन सौ पन्द्रह भेद हो सकते हैं। चार एकपाद यमक के, छः द्विपादयमक के, चार त्रिपाद यमक के और एक चतुष्पाद यमक का। पन्द्रह भेदों का आदि, मध्य, अन्त प्रभृति सात रूपों से गुणा करने पर एक सौ पाँच भेद हुए जो पुनः अव्यपेत व्यपेत व्यपेताव्यपेत उपभेदों के कारण तीन सौ पन्द्रह[7] हो जाते हैं। तृतीय परिच्छेद में श्लोक-संख्या पचास तक इनके रोचक उदाहरण दिए गए हैं।

अन्त के सताइस श्लोकों में यमक के उन भेदों का वर्णन है जो दण्डी से पूर्व आचार्यों ने स्वीकार किये थे, परंतु पूर्वाचार्यों के सभी भेदों का दण्डी ने वर्णन नहीं किया, उनमें से कतिपय

---

१ प्रतीतशब्दमोजस्वि सुश्लिष्टपदसंधि च।
प्रसादि स्वभिधानं च यमकं कृतिनां मतम् ॥२।१८॥

२ नानाधात्वर्थगम्भीरा यमकव्यपदेशिनी।
प्रहेलिका सा ह्युदिता ॥२।१९॥

३ काव्यान्यपि यदीमानि व्याख्यागम्यानि शास्त्रवत्।
उत्सवः सुधियामेव हन्त दुर्मेधसो हताः ॥२।२०॥

४ अत्र आवृत्तिः यथानपूर्विकाणां स्वरसहितव्यंजनानाम्। स्वररहितकेवलव्यंजनावृत्तरनुप्रासविषयत्वात्।
(प्रभा पृ० ६६)

५ आवृत्तिं वर्णसंघातगोचरां यमकं विदुः ।१।६१॥

६ अव्यपेत-व्यपेतात्मा व्यावृत्तिर्वर्णसंहतेः ॥३।१॥

७ अत्र सर्वेषां मेलने पञ्चाधिकशतं भवति। तच्च पुनः अव्यपेत-व्यपेत-व्यपेताव्यपेतेति भेदत्रयेण पञ्चदशाधिक त्रिशतीपरिमितं भवति।
(प्रभा पृ० ३१५)

का ही वर्णन[1] किया है क्योंकि दण्डी के भेदों में भी कतिपय का अन्तर्भाव हो जाता है। भरत द्वारा वर्णित यमक के दस भेदों में से दण्डी ने इस प्रसंग में सदष्ट समुद्ग चतुर्व्यवसित (महा यमक) के अतिरिक्त 'श्लोकाभ्यास' का भी वर्णन किया है। सदष्ट के अनेक रूप हैं समुद्ग भी पादाभ्यास बन गया है और महायमक एक नया नाम है। यदि दो श्लोक यमक के द्वारा एक से बन जाय तो उसे श्लोकाभ्यास कहा जाता है[2]।

वामन

काव्यालंकार-सूत्र-वृत्ति' के चतुर्थ अधिकरण का प्रथम अध्याय शब्दालंकार विचार है। इसके अन्तर्गत यमक तथा अनुप्रास दो[4] शब्दालंकारों का विवेचन किया गया है। यमक का उदाहरण है—

पदमनेकार्थमक्षरं वाऽऽवृत्तं स्थाननियमे यमकम् ॥४।१।१॥

अनेकार्थ पद (एक अथवा अनेक) अथवा अक्षर (एक अथवा अनेक) की स्थाननियम से आवृत्ति यमक है। स्थान नियम वामन का विशेष सिद्धान्त है। अपनी उपस्थिति[5] से अथवा (दो भिन्न पदों के अंशों से मिलकर एक पद जैसा प्रतीत होने वाले) सजातीय से, सम्पूर्ण रूप से अथवा एकदेश से अनेक पदों में व्याप्ति स्थान नियम है। इस लक्षण का बल इस विशेषता पर है कि आवृत्त पदों की स्थिति एक पाद में न होकर मुख्यतः अनेक पादों में होनी चाहिए और यदि कहीं-कहीं एक पाद में स्थिति हो तो उसे गौण वृत्ति[6] से ही स्थान नियम अर्थात् यमक का आधार समझा जा सकता है। स्थान नियम के बल से यमक का जो लक्षण किया गया है उसका महत्त्व स्थान नियम की व्याख्या में शिथिलता से खण्डित हो जाता है। वामन के अनुसार स्थान

---

१ उक्तान्तर्गतमप्येतत्, स्वातन्त्र्येणात्र कीर्त्यते ॥३।४१॥

२ श्लोकद्वय तु युक्तार्थे श्लोकाभ्यासः स्मृतो यथा ॥३।६७॥

३ अनुप्रास के प्रसंग से अग्निपुराण में यमक का वर्णन है। इसका विस्तार भरत और दण्डी की परम्परा में है। यमक का लक्षण है—

अनेकवर्णा वृत्तिर्या भिन्नार्थप्रतिपादिका।

वर्णों की आवृत्ति को अनुप्रास कहते हैं। यह दो प्रकार की हो सकती है—एकवर्णगतावृत्ति तथा अनेक वर्णगतावृत्ति। एकवर्णगतावृत्ति से वह अनुप्रास बना जिसको आचार्यों ने वृत्त्यनुप्रास कहा। अनेकवर्णावृत्ति यमक है इसमें आवृत्त वर्णों के अर्थ भिन्न भिन्न होते हैं— भिन्नार्थप्रतिपादिका।

यमक के दो भेद हैं—अव्यपेत तथा व्यपेत। लक्षण इस प्रकार हैं—

आनन्तर्यादव्यपेतं व्यपेतं व्यवधानतः ॥

इन दो भेदों के पुनः स्थान और पाद के क्रम से दो-दो भेद हो जाते हैं। इस प्रकार अग्निपुराण में यमक के सोलह भेदों का वर्णन है। दण्डी के अनुसार काचीय आदि भेदों का भी वर्णन है।

४ तत्र शब्दालंकारौ द्वौ यमकानुप्रासौ। (वृत्ति)

५ स्वात्मना सजातीयेन वा कार्त्स्न्येनैकदेशाभ्याम् एकपदव्याप्ति स्थाननियम इति। (वृत्ति)

६ यानि त्वेकपादभागवृत्तीनि यमकानि दृश्यन्ते तेषु श्लोकान्तरयमकस्थानयमकापेक्षया स्थाननियम इति। (वृत्ति)

नियम से आवत्ति यमक ह आवत्ति एक अथवा अनेक 'अनेकाथ पद' अथवा 'अक्षर' की होनी चाहिए, अनेकपाद स्थिति स्थान नियम ह, परन्तु एक-पाद स्थिति को भी स्थान नियम कहा जा सकता ह ।

यमक के दो भेद हैं—पदयमक तथा अक्षरयमक। पदयमक के उपभेद आवत्ति के स्थान के अनुसार हैं—एक सम्पूण पाद म, एक पाद के आदि मध्य-अन्त भाग मे अथवा अनेक पादो के आदि मध्य-अन्त भाग मे। ये समस्त भेद पूर्वाचार्यो म विस्तार से आ चुके थे।

अक्षर-यमक के दो उपभेद हैं—एकाक्षर तथा अनेकाक्षर। एकाक्षर यमक वस्तुत अनुप्रास लगता ह, परन्तु स्थान नियम के कारण यह अनुप्रास म विशेष यमक का चमत्कार बन जाता ह।

वामन न यमक के सौन्दर्यातिरेक के कुछ सिद्धान्तो की व्याख्या की ह। एकाक्षर यमक के विषय म उनका मत ह कि सजातीय अथवा सवण वर्णो की निरन्तरता से इसका प्रकष[1] होता ह।

भङ्ग[2] से यमक मात्र का उत्कष होता ह। भग के तीन प्रकार ह—शृखला, परिवत्तक तथा चूण। शृखला का अथ ह वर्णो के विच्छेद का क्रमश आग चलना। 'कलिकामधुक्' शब्द म 'कलि + कामधुक्' पदच्छेद करन पर लि' पर भग होता ह, फिर 'कलिका + मधु' पदच्छेद म का पर भग होता ह लि' से का' की ओर भग का चलन ही भग की शृखला ह।

एक वण का ससग छट जाने पर अन्य वण के ससग से अपने स्वरूप की प्राप्ति परिवतक[3] ह। 'कलिकामधुर्गहितम पद म अहितम पद गहितम' रूप को प्राप्त हो गया। सयुक्ताक्षर का विश्लेषण होने पर पद का स्वरूप-लोप 'चूण' ह।

यमक के सम्बन्ध म वामन का मत ह कि जो पद बहुत दूर तक यमकरूपता को प्राप्त हो कर भी दूषित हो जाय और यमक न बन सके, उसको फिर अनुप्रास का उदाहरण मानना भी उचित नही ह—

आरूढ भूयसा यत्तु पद यमकभूमिकाम्।
दुष्यच्चेन पुनस्तस्य युक्तानुप्रासकल्पना॥

वत्ति के अन्त म अदभुत यमक का भी लक्षण दे दिया गया ह। सुबन्त अथवा तिन्त पदो की अलग-अलग अथवा मिलकर एसी आवत्ति जिसम विभक्तियो सख्या और कारको का भेद हो यमकादभुत' ह। वामन न यमक का परपरानुरूप विस्तृत वणन किया ह और यह विस्तार सूत्रो की अपेक्षा वत्ति म और भी अधिक ह।

रुद्रट

तुल्यश्रुतिक्रमाणाम् अन्यार्थाना मिथस्तु वर्णानाम्।
पुनरावत्तियमक प्रायश्छन्दासि विषयोऽस्य॥३।१॥

---

१ सजातीयनरन्तर्यस्य प्रकर्षो भवति। (वत्ति)

२ भङ्गादुत्कर्षे ॥४ १ ३॥

३ सगविनिवृत्तौ स्वरूपापत्ति परिवतक ॥४,१,६॥

तुल्यश्रुति (सुनने में समान प्रतीत होने वाले) समान क्रम वाले, परस्पर में भिन्न अर्थ वाले वर्णों की पुनरावृत्ति यमक अलंकार है। यह भामह के लक्षण का ही विकास है, भामह ने 'तुल्य श्रुतीनां भिन्नानामभिधेयैः परस्परम्' द्वारा *यमक का वर्णानिव* लक्षण प्रस्तुत किया था।

यमक के मुख्य भेद दो हैं—समस्तपादज तथा एकदेशज। समस्तपादज के तीन उपभेद पादावृत्ति अर्द्धावृत्ति और श्लोकावृत्ति है। पादावृत्ति के तीन उपभेद मुख, सदंश तथा आवृत्ति है दो अन्य भेद गर्भयमक तथा सदष्टक भी है। इसी प्रकार दण्डी का अनुकरण करते हुए रुद्रट ने यमक के उपभेदों तथा उदाहरणों में पूरे उनसठ छन्द लगा दिये है।

इनम से प्रत्येक भद म उपमेयोपमान भाव या तो शब्दोपात्त होगा या अथ द्वारा निवन्ति होगा, अथवा केवल आक्षिप्त होगा—इस प्रकार तीन-तीन उपभेद हो सकते हैं। य द्वादश भद अश्लिष्ट होते हैं। इस प्रकार व्यतिरेक क चौबीस भद हो गय।

रुय्यक

भेद प्राधान्ये उपमानादुपमेयस्याधिक्ये विपयये वा व्यतिरेक ॥

इस लक्षण म विपयये पद चिन्ता का विषय है। वृत्ति के अनुसार विपयय का अथ न्यून गुणत्व है— विपययो न्यूनगुणत्वम्'। आधिक्य म व्यतिरेक का चमत्कार तो सभी आचाय स्वीकार करते हैं, परन्तु विपयय अर्थात् न्यूनगुणत्व म नही।

जयदेव

व्यतिरेको विशेषश्चेद उपमानोपमययो ॥५।५९॥

इस लक्षण म विशेष' की व्याख्या नही की गई, वह आधिक्य और न्यूनत्व दोनो हो सकता है। अप्पय्यदीक्षित का भी यही लक्षण है।

विश्वनाथ

मम्मट के अनुसार व्यतिरेक का लक्षण और उसके चौबीस भेदो का वणन है। शब्दावली भिन्न है—

आधिक्यमुपमेयस्योपमानान्न्यूनतायवा ॥१०।५२॥

जगन्नाथ

रसगगाधर के लक्षण मे उत्कप पर बल है। उपमेय की अपेक्षा उपमान के उत्कर्ष म, मम्मट के समान जगन्नाथ भी, व्यतिरेक अलकार नही मानते (पृ० ४७३)। व्यतिरेक का लक्षण है—

उपमानाद उपमेयस्य गुणविशेषवत्त्वेनोत्कर्षो व्यतिरेक।' (पृ० ४६६)

हिन्दी के आचाय

केशव के अनुसार समान वस्तुओ मे भद प्रतिपादन व्यतिरेक है— तामे आन भेद कछु होय जु वस्तु समान। परन्तु यह लक्षण सदोष है। व्यतिरेक के दो भेद हैं—युक्तिव्यतिरेक तथा सहजव्यतिरेक। देवकवि का भी ऐसा ही लक्षण है— वरनि वस्तु विवि सम कहै यक विशेष व्यतिरेक', और भेदो की चर्चा तक नही है।

दासकवि के अनुसार व्यतिरेक के चार भेद हैं—

(क) पोषन-दोषन दुहुँन को कथन, (ख) पोषन ही को कथन,

(ग) दोषन ही को कथन (घ) कहूँ-कहूँ नहिं गोउ (व्यग्यार्थव्यतिरेक)।

कन्हैयालाल पोद्दार ने 'काव्यप्रकाश' के अनुसार व्यतिरेक का लक्षण एव चौबीस भेदो का वर्णन किया है। उपमेय की अपेक्षा उपमान के उत्कर्ष म व्यतिरेक है या नही—यह प्रश्न रुद्रट म ही उठ गया था, मम्मट तथा जगन्नाथ (पृ० ४७३) इसका खण्डन करते हैं। रामदहिन मिश्र भी व्यतिरेक का इसी परम्परा म वर्णन कर देते हैं। (काव्यदर्पण पृ० ३८३ ४)

उपसहार

व्यतिरेक महत्त्वपूर्ण अर्थालकार है। इसका प्रथम विवेचन भामह ने किया था। भामह उपमेयोत्कर्ष म व्यतिरेक मानते थे, उद्भट ने उपमानोत्कर्ष म भी व्यतिरेक माना जिसका खण्डन वामन ने कर दिया। रुद्रट ने पुन दोनो स्थितियो म व्यतिरेक माना। रुय्यक तथा विश्वनाथ ने रुद्रट का समर्थन किया। मम्मट एव जगन्नाथ केवल उपमेयोत्कर्ष को व्यतिरेक कहते हैं।

व्यतिरेक के सबसे अधिक (चौबीस) भेदो का उल्लेख मम्मट ने किया है, रुद्रट से पूर्व व्यतिरेक के चार भेद दण्डी ने बतलाये थे दीक्षित मे तीन रह गये। उत्तर आचार्यो ने व्यतिरेक के चार भेद माने हैं। दण्डीकृत व्यतिरेक भेद केवल वर्णन-मात्र है।

६ विभावना

भामह

क्रिया के प्रतिषेध मे भी फल का वर्णन विभावना है, परन्तु इस विचित्र कार्य का समाधान[1] सुलभ होना चाहिए। यह समाधान ही सौन्दर्य का चमत्कार है।

भामह ने विभावना के भेदो का वर्णन नही किया परन्तु उदाहरण से ज्ञात होता है कि इस सौन्दर्य मे 'समाधान' गम्य भी हो सकता है। लक्षण के तीन अग हैं—क्रिया प्रतिषेध फलाप्ति समाधि (समाधान)।

दण्डी

प्रसिद्ध हेतु की व्यावृत्ति (अभाव प्रदर्शन) म कारणान्तर की कल्पना अथवा स्वाभाविकत्व[2] की कारण-कल्पना विभावना[3] है। कारणान्तर विभावना तो भामह के अनुसार ही चित्रित की

---

१ क्रियाया प्रतिषेधे या तत्फलस्य विभावना।
ज्ञया विभावनैवासौ समाधौ सुलभ सति ॥२।७७॥

२ प्रसिद्धहेतुव्यावृत्त्या यत्किचित् कारणान्तरम्।
यत्र स्वाभाविकत्व वा विभाव्य सा विभावना ॥२।१९९॥

३ विभावना का यही लक्षण अग्निपुराण म दण्डी की शब्दावली से अपना लिया गया है।

गई है, परन्तु स्वाभाविक विभावना एक नया रूप लगता है। वस्तुत स्वाभाविकत्व भी तो कारणान्तर ही है, इसको अलग रूप मानने की आवश्यकता नहीं थी।

वक्त्रं निसर्ग-सुरभि, वपुरव्याजसुन्दरम्।
अकारणरिपुश्चन्द्रो निर्निमित्तासुहृत्स्मरः ॥२।२०३॥

यह उदाहरण कारणान्तर विभावना का भी हो सकता है।

उद्भट

उद्भट का लक्षण ठीक वही है जो भामह ने दिया था। एकमात्र उदाहरण सरल तथा स्पष्ट है। भामह, उद्भट, वामन तथा मम्मट ने विभावना के लक्षण में हेतु के लिए 'क्रिया' शब्द का प्रयोग किया है यह व्याकरण' का प्रभाव माना जा सकता है जहाँ क्रिया मात्र फल का कारण है।

वामन

क्रिया प्रतिषेधे प्रसिद्ध तत्फलव्यक्तिर्विभावना ॥ ४।३।१३ ॥

क्रिया का निषेध होने पर उसी क्रिया के प्रसिद्ध फल का वर्णन विभावना का सौन्दर्य है। वामन ने केवल एक उदाहरण दिया है, भेदों का वर्णन भी नहीं किया।

रुद्रट

विभावना के तीन भेदों का वर्णन है—

(१) अभिधीयते यत स्यात तत्कारणम अन्तरेणव ।।९।१६।। (जिस कारण से पदार्थ होता है उससे भिन्न कारण से उसका कथन)।

(२) किसी वस्तु का विकार कारण के बिना प्रकट हो—
यस्या तथा विकारस्तत्कारणमन्तरेण सु यक्त ।।९।१८।।

(३) जिस अर्थ का जैसा धर्म लोक में प्रसिद्ध है वैसा ही धर्म किसी अन्य अर्थ का वर्णित करना—'यस्य यथात्व लोके प्रसिद्धम अन्यस्यापि तथात्वम।'

प्रथम भेद दण्डी से आया है और द्वितीय भामह तथा वामन से। तीसरा भेद कुछ नवीन है उदाहरण है—'मदहेतुरनासवो लक्ष्मी ।

मम्मट

क्रियायाः प्रतिषेधेऽपि फलव्यक्तिर्विभावना ॥१०।१०७॥

हेतुरूप क्रिया' अर्थात कारण के निषेध अथवा अभाव में फल की प्राप्ति विभावना का

१ का० सा० स०, नोटस पृ० ७७।
२ हेतु रूप क्रियाया निषेधेऽपि तत्फलप्रकाशन विभावना। (वृत्ति पृ० ४६८)

चमत्कार है। विभावना का यह वर्णन अत्यन्त संक्षिप्त है।

रुय्यक

'कारणाभावे कार्यस्योत्पत्तिर्विभावना।'

वृत्ति में स्पष्ट किया गया है कि विभावना में अप्रस्तुत कारण विद्यमान रहता है जो चमत्कार का आधार है। अप्रस्तुत कारण वस्तुतोऽस्तीति विरोधपरिहार। कारणाभावेन चोपक्रान्तत्वाद् बलवता कार्यमेव बाध्यमानत्वेन प्रतीयते, न तु तेन कारणाभाव इत्यन्योन्यबाधकत्वानुप्राणिताद् विरोधालङ्काराद् भेद। (पृ० १५८)

रुय्यक ने क्रिया और 'कारण' में से 'कारण' का लक्षण में स्थान देना उचित समझा है—

"इह च लक्षणे यद्यप्यन्य कारणपदस्थाने क्रियाग्रहणं कृतं तथापीह कारणपदमेव विहितम्। नहि सर्वं क्रियाफलमेव कार्यमभ्युपगम्यते। वैयाकरणैरेव तथाभ्युपगमात्। अतो विशेषमनपेक्ष्य सामान्येन कारणपदमेवेह निर्दिष्टम्।' (पृ० १५८)

रुय्यक ने विशेषोक्ति के समान विभावना के भी दो भेद किये हैं—उक्त निमित्ता तथा अनुक्त निमित्ता[1]।

जयदेव

जयदेव ने विभावना का चलता हुआ लक्षण और एक उदाहरण दिया है—

विभावना विनापि स्यात् कारणं कार्यजन्म चेत् ॥५।७७॥

विश्वनाथ

रुय्यक के अनुसार विभावना का लक्षण और उसके दो भेदों का वर्णन संक्षेप में किया गया है—

विभावना विना हेतुं कार्योत्पत्तिर्यदुच्यते।
उक्तानुक्तनिमित्तत्वाद् द्विधा सा परिकीर्तिता ॥१०।६६॥

अप्पय्यदीक्षित

कुवलयानन्द में विभावना के छह भेद माने गये हैं जिनकी आगे के आलंकारिकों में स्वीकृति है—

(क) विभावना विनापि स्यात् कारणं कार्यजन्म चेत्।
(ख) हेतूनामसमग्रत्वे कार्योत्पत्तिश्च सा मता।
(ग) कार्योत्पत्तिस्तृतीया स्यात् सत्यपि प्रतिबन्धके।

---

१ इयं च विशेषोक्तिवदुक्तानुक्तनिमित्तभेदाद् द्विधैव। (पृ० १५९)

(घ) अकारणात् कायजन्म। (ङ) विरुद्धात कार्यसम्पत्ति ।
(च) कार्यात कारणजन्मापि।

जगन्नाथ

'रसगगाधर' मे कुवलयानन्द' का खण्डन करते हुए विभावना का निम्नलिखित लक्षण दिया गया है—

"कारणव्यतिरेकसामानाधिकरण्यन प्रतिपाद्यमाना कार्योत्पत्तिर्विभावना' । और विभावना के केवल उक्तनिमित्ता एव अनुक्तनिमित्ता भेद ही स्वीकार किये गये हैं। (पृ० ५८२)

हिन्दी के आचाय

केशवदास मे विभावना के दो रूप है—

(क) कारज को बिनु कारनहि, उदो होत जेहि ठौर ॥९।११॥
(ख) कारन कौनहु आनत, कारज होय जु सिद्ध ।
जानो अन्य विभावना कारण छोडि प्रसिद्ध ॥९।१३॥

देव कवि का भी ऐसा ही मत है—

उक्ति विशेष विभावना, बिन फल बीज विवेक ।
बिन कारन कारज फलै सो विभावना होइ ॥

दासकवि ने विभावना के छह भेदो का वर्णन किया है—

(क) बिन कारन कारज (प्रसिद्ध कारण के अभाव म कार्योत्पत्ति)
(ख) थोडे कारन कारज (कारण की अपूर्णता म भी काय)
(ग) *रोकन हू कारज सिद्धि (प्रतिबन्धक होन पर भी कार्योत्पत्ति)*
(घ) अकारनी वस्तु तें कारज (अकारण स कार्योत्पत्ति)
(ङ) कारन तें कारज कछू (विरुद्ध कारण स कार्योत्पत्ति)
(च) कारज तें कारन (काय से कारणोत्पत्ति) ।

कन्हैयालाल पोद्दार तथा रामदहिन मिश्र ने भी इसी परम्परा म कुवलयानन्द के अनुकरण पर विभावना के छह भेदो का वणन किया है।

उपसहार

विभावना प्राचीन तथा महत्त्वपूर्ण अलकार है। प्रसिद्ध कारण के अभाव म भी कार्योत्पत्ति का वणन विभावना अलकार है। भामह ने इसका प्रथम विवचन किया था। भामह ने इसका लक्षण दो अगो म किया—(१) क्रियाया प्रतिषधे या तन फलस्य विभावना और (२) समाधौ सुलभ सति। दण्डी ने इस लक्षण का विकास किया और विभावना के तीन अगो का उल्लेख किया—(१) प्रसिद्ध कारण का अभाव (२) कारणान्तर की कल्पना (३) अन्य

कारण की स्वभावत सिद्धि। यही से दो शब्दो को लेकर मतभेद प्रारभ हो गया। कुछ आचाय क्रिया' के निषेध का वणन करते थे तो दूसरे कारण' अथवा हेतु का। रुय्यक का मत है कि विभावना के लक्षण म 'क्रिया और 'फल' पदा का प्रयाग होना चाहिए 'कारण' और 'काय' का नही—"इह च लक्षणे यद्यप्यर्यं कारणपदस्थाने क्रियाग्रहण कृत तथापीह कारणपदमव विहितम्। न सर्वं क्रियाफलमेव कायमभ्युपगम्यते। वैयाकरणरव तथाभ्युपगमात।"

रुय्यक म विभावना के दो भेद उक्त निमित्ता तथा अनुक्तनिमित्ता हैं। अप्पय्यदीक्षित ने विभावना के छह भेदा का वणन किया जिनका खडन जगन्नाथ ने कर दिया। परन्तु य छह भेद सामा यत स्वीकृत हो चुके हैं।

१० समासोक्ति

भामह

एक अथ के कथन पर उसके समान विशेषताआ[1] से युक्त काई अ य अथ गम्य हो तो वह सक्षिप्ताथता समासोक्ति कही जाती है। उदाहरण म कतिपय विशेषण श्लिष्ट हैं यह महान वृक्ष आधी न गिरा दिया यह वक्ष जो स्कन्धवान है ऋजु है अव्याल है, स्थिर है और बहुफल वान् है। इस वणन म एक ऐसे महापुरुष का सकेत है जिसको दुर्भाग्य ने मिटा दिया हो।

दण्डी

कोई वस्तु अभिप्रेत[2] हो और उसके समान किसी अ य वस्तु का कथन किया जाय ता वह सक्षेप रूप उक्ति समासोक्ति है। एक उदाहरण कायसाम्यघटिता समासोक्ति का है। विशेषण साम्यघटिता के उपभेद भी दिखाय गय ह। परन्तु निगमाम्यघटिता का काई उदाहरण नही हे।

अपूवसमासोक्ति एक नया नाम है। इसम अपूव (पूवधमनिवतक कल्पित) धम को आधार बनाया जाता है—

निवत्त यालससर्गो निसगमधुराशय ।
अयमम्भानिधि कष्ट कालेन परिशुष्यति ॥२।२१२॥

समुद्र का धम व्याल ससग तथा लवणाशयत्व प्रसिद्ध है परन्तु यहाँ उस धम की निवत्ति कर दी गई यह 'अपूवता समासोक्ति के चमत्कार के लिए है। अभिप्रेत पुरुष है समुद्र ता उसके तुल्य वस्तु है।

उदभट

प्रकृताथ का वणन करनेवाले वाक्य म तत्समान विशेषणो[3] द्वारा यदि अप्रस्तुताथ ता

---

१ यत्रोक्ते गम्यतेऽन्योऽर्थस्तत्समान विशषण ॥२।७६॥

२ वस्त किचिदभिप्रत्य तत्तुल्यस्यान्यवस्तन ।
उक्ति सक्षेपरूपत्वात सा समासोक्तिरिष्यते ॥२।२०५॥

३ प्रकृतार्थेन वाक्येन तत्समानर्विशषण ।
अप्रस्तुतार्थकथन समासोक्तिरुदाहृता ॥२।१ ॥

कथन[1] हो तो समासोक्ति है। यह लक्षण अत्यन्त वज्ञानिक है। इसमे इस पर बल है कि प्रकृताथ वर्णित हो तथा अप्रकृताथ गम्य हो, इस प्रकार अप्रस्तुत प्रशसा स समासोक्ति का भेद भी स्पष्ट हो जाता है। उत्तर आचार्यों ने उदभट के लक्षण को आधार बनाया है।

वामन

अनुक्तौ समासोक्ति ॥४ ३,३॥

उपमेय की अनुक्ति पर समानवस्तु (उपमान) का न्यास समासोक्ति है। सक्षिप्तवचन के कारण इसको समासोक्ति कहते है। उदाहरण का अनुवाद है मरुभूमि म स्थित वह करील श्लाघ्य है जो पथिको की थकावट दूर करता है उस कल्पवृक्ष को धिक्कार है जो सुमेरु पर स्थिर है और याचको की इच्छा का अनुभव नही करता। यह उदाहरण भामह से प्रभावित है।

उदभट की वज्ञानिकता वामन म नही आ पाई। इसका कारण सूत्रशली है। वामन प्रतिवस्तूपमा, समासोक्ति तथा अप्रस्तुत प्रशसा तीनो का वणन उपमेय के प्रसग से ही करना चाहते हैं उपमेय की उक्ति म प्रतिवस्तूपमा, अनुक्ति मे समासोक्ति और किंचिदुक्ति मे अप्रस्तुत प्रशसा अलकार है। ये लक्षण असमथ एव अस्पष्ट है।

रुद्रट

सकलसमानविशेषणमेक यत्राभिधीयमान सत।
उपमानमेव गमयेद उपमेय सा समासोक्ति ॥८ ६७॥

लक्षण सरल एव परम्परागत है उदाहरण म भी कोई विशेषता नही।

मम्मट

श्लेष अलकार के पश्चात समासोक्ति का विवचन है। लक्षण अत्यन्त सक्षिप्त है परोक्ति भेदकै श्लिष्ट समासोक्ति।'

श्लिष्ट विशेषणा युक्त ऐसी अप्रस्तुत उक्ति समासोक्ति है जो प्रस्तुत अथ का प्रतिपादन करने म समथ हो। वत्ति मे इसको और भी स्पष्ट कर दिया गया है--

प्रकृताथप्रतिपादकवाक्येन श्लिष्टविशेषणमाहात्म्यात न तु विशेष्यस्य सामर्थ्यादपि, यत अप्रकृतस्य अथस्य अभिधान सा समासेन सक्षेपेण अथद्वयकथनात समासोक्ति। (काव्यप्रकाश, विश्वश्वर पृ० ६७४)

रुय्यक

विशेषणाना साम्याद अप्रस्तुतस्य गम्यत्वे समासोक्ति ॥

---

१ अग्निपुराण का लक्षण है—
यत्रोक्त गम्यतेऽन्योऽर्थस्तत समान विशेषण ।
सा समासोक्तिरुदिता स क्षेपार्थतया बध ॥

रुय्यक ने समासाक्ति का अत्य"त विस्तार स वणन किया है। अनेक अलकारो से ममासाक्ति का अ"तर भी स्थापित किया गया है और उसके अनेक भेदो का भी वणन है।

प्रस्तुत अप्रस्तुत कही वाच्य होते हैं, कही गम्य। वाच्य समासोक्ति का विषय नहीं है। गम्यत्व जहां प्रस्तुतनिष्ठ हो वहा अप्रस्तुत प्रशसा है और जहां अप्रस्तुतनिष्ठ हो वहा समासाक्ति अलकार है। विशेषणसाम्य इसका आधार है, विशेषणसाम्य के कारण प्रतीयमान अप्रस्तुत प्रस्तुतवत प्रतीत होता है। समासाक्ति का प्राण "यवहारसमारोप है रूपममाराप' नही। व्यवहार के अनेक रूपा के आधार स समासोक्ति के अनेक रूप हैं।

जयदेव

समासाक्ति का लक्षण सक्षिप्त एव सामा"य है—

समासोक्ति परिस्फूर्ति प्रस्तुतेऽप्रस्तुतस्य चेत ॥५।६२॥

'कुवलयान"द (श्लोक ६१) म भी यही लक्षण है।

विश्वनाथ

समासोक्ति समयत्र कार्यलिगविशेषण।
"यवहारसमारोप प्रस्तुतेऽ"यस्य वस्तुन ॥१०।५६॥

समासोक्ति की "याख्या एव वणन बडे विस्तार मे रुय्यक के आधार पर है और अनेक भेदोपभेदा का वणन विश्वनाथ न किया है प्राय रुय्यक का श"दावली को ही अपनाकर।

जग नाथ

रस गगाधर मे इसी परम्परा का लक्षण दूसरी श"दावली म दिया गया है—

यत्र प्रस्तुतधर्मिको "यवहार साधारणविशेषणमात्रोपस्थापिता
प्रस्तुतधर्मिकव्यवहाराभेदेन भासते सा समासाक्ति। (पृ० ४९२)

हि"दी के आचाय

केशव न समासाक्ति का वणन नहा किया। देवकवि का वणन अत्य"त सदोष है—

समासोक्ति कछु वस्तु लखि कहिय ता मम और॥

दासकवि का वणन भी सामा"य है—

जहँ प्रस्तुत म पाइय अप्रस्तुत का ज्ञान।
कहुँ वाचक कहुँ श्लेष तें समासाक्ति पहिचान ॥१२।१९॥

---

१ इह प्रस्तुताप्रस्तुतया क्वचिद्वाच्यत्व क्वचिद्गम्यत्वम्। गम्यत्व तु प्रस्तुतनिष्ठम् अप्रस्तुतप्रशसाविषय अप्रस्तुतनिष्ठ तु समासोक्तिविषय। तत्र च निमित्त विशेषणसाम्यम। अव"छेदकत्व च व्यवहारसमारोपो न तु रूपसमारोप। (वृत्ति १०८ ६)

कन्हैयालाल पोद्दार न विश्वनाथ के अनुसार तथा रामदहिन मिश्र ने मम्मट क अनुसार समासोक्ति का वणन किया है।

उपसहार

समासोक्ति प्राचीन एव प्रतिष्ठित अलकार है। सभी उत्तर आचार्यों न इसका वणन किया है। भामह ने इसके तीन अगो का विवेचन किया था—

(१) समान विशेषण, (२) प्रकृत अथ से अप्रकृत अथ की प्रतीति तथा (३) सक्षिप्त कथन। उदभट ने इस लक्षण का विकास किया कि समासोक्ति म अभिप्रताथ प्रकृत होता है और उक्ताथ अप्रकृत। मम्मट ने इस लक्षण का और भी आग बढाया और श्लिष्ट विशेषणा को लक्षण मे जोड दिया, समासोक्ति म श्लिष्ट विशपणा के द्वारा प्रस्तुत से अप्रस्तुत की प्रतीति होती है। रुय्यक ने समासोक्ति विवेचन का विस्तार किया और "व्यवहार-समारोप पदों को जोड दिया, समासोक्ति मे प्रस्तुत पदाथ के व्यवहार म अप्रस्तुत पदाथ के व्यवहार का समारोप होता है। अन्तिम योग विश्वनाथ का है जिन्होंने विशेषण के साथ 'काय एव लिंग पद भी लक्षण म सम्मिलित कर दिये समान काय, लिंग अथवा विशेषणो के द्वारा प्रस्तुत मे अप्रस्तुत के व्यवहार का समारोप समासोक्ति है। विश्वनाथ-कृत लक्षण है—

समासोक्ति समैयत्र काय लिंग विशेषण ।
व्यवहार-समारोप प्रस्तुतेऽन्यस्य वस्तुन ॥१०।५६॥

समासोक्ति से दूसरे अलकारा का अन्तर भी आचार्यों के ध्यान म रहा है। रुय्यक क अनुसार अप्रस्तुत प्रशसा म प्रस्तुत गम्य होता ह और समासोक्ति म अप्रस्तुत गम्य होता है। रूपक म प्रस्तुत तथा अप्रस्तुत दोनो वाच्य हात है परन्तु समासोक्ति म प्रस्तुत वाच्य रहता है और अप्रस्तुत व्यग्य। रूपक म प्रकृत म अप्रकृत के स्वरूप का आरोप होता है, समासोक्ति म प्रकृत म अप्रकृत के काय का आरोप। श्लेष म दोनो अथ विवक्षित होते हैं परन्तु समासोक्ति म एक अथ वाच्य है दूसरा व्यग्य। समासोक्ति म केवल विशपण श्लिष्ट होते है परन्तु श्लेष म विशपण तथा विशेष्य दोनो ही श्लिष्ट है।

रुय्यक ने समासोक्ति के अनक भेदा की कल्पना की है परन्तु वह वणन मात्र है। विश्वनाथ के लक्षण के अनुसार काय लिंग और विशपण के आधार पर समासोक्ति के तीन भेद हो सकते हैं।

११ अतिशयोक्ति

भामह

जब कोई कथन सकारण लोकातिक्रान्तगोचर'[1] वर्णित किया जाय तो वह सौन्दय अति

---

१ निमित्ततो वचो यत्तु लोकातिक्रान्तगोचरम् ॥२।८१॥

शयोक्ति है। इस सौदय का आधार गुणातिशययोग"[1] है। अतिशयोक्ति एक प्रकार स वक्रोक्ति[2] है। इससे अथ म सौदय आता है, कवि को इसका प्रयत्न करना चाहिए क्योकि इसके बिना कोई सौन्दय सम्पादित नही होता।

भामह ने अतिशयोक्ति का क्षेत्र बडा व्यापक बना दिया है और इसको वक्रोक्ति का पर्याय सा माना है और सौन्दय मात्र तथा काव्य का मूल सिद्ध किया है। आगे चलकर अतिशयोक्ति और वक्रोक्ति दोना सीमित सौन्दय का पर्याय बनकर अलकार विशेष ही रह गये।

भामह ने दो उदाहरण दिये हैं और दोना भिन्न प्रकार के है। प्रथम भेदकातिशयोक्ति का है और द्वितीय सम्बन्धातिशयोक्ति का (श्लोक सख्या ८२—८३)।

दण्डी

प्रस्तुत वस्तु गत विशेष की लोकसीमातिवर्तिनी विवक्षा अतिशयोक्ति ह वह उत्तम[3] अलकार है। दण्डी के अनुसार अतिशयोक्ति विशेष[4] अर्थात धर्मविशेष के आधिक्य के वणन मे होती है, धर्मी के म नही।

अतिशयोक्ति के चार उदाहरण दिये गय है। प्रथम उस सौदय का है जिसको अर्वाचीना ने मीलित अलकार माना है। मल्लिका माला धारिणी चन्दन चर्चित-तनु सित दुकूल धारिणी अभिसारिकाएँ ज्योत्स्ना म दिखलायी नही पडती।" (२।२१५) दूसरा उदाहरण **सशयातिशयोक्ति** का है जो सन्देह अलकार से भिन्न सौदय है।

स्तनयोजघनस्यापि मध्ये मध्य प्रिये तव।
अस्ति नास्तीति सन्देहो न मेऽद्यापि निवतत ॥२।२१७॥

तीसरा उदाहरण **निणयातिशयोक्ति** का है और चतुथ **आश्रयातिशयोक्ति** का। आश्रयातिशयोक्ति का उदाहरण अर्वाचीनो के 'अधिक' अलकार का उदाहरण है यहाँ आश्रयीभूत त्रिभुवनोदर के विशालता प्रतिपादन के कारण तत्रस्थ यशोराशि का आधिक्य द्योतित होता है—

अहो विशाल भूपाल! भुवनत्रितयोदरम्।
भाति मातुमशक्योपि यशोराशियदत्र त ॥२।२१९॥

---

१ इत्येवमाभिहिता गुणातिशययोगत ॥२।८४॥

२ सषा सर्वैव वक्रोक्तिरनयार्थो विभाव्यते।
यत्नोऽस्या कविना काय कोऽलंकारोऽनया विना ॥२।८५॥

३ विवक्षा या विशषस्य लोकसीमातिवर्तिनी।
असावतिशयोक्ति स्यादलकारोत्तमा यथा ॥२।२१४॥

४ अपर च इयमतिशयोक्तिविशष धर्मविशेष तस्यैव आधिक्येन वणने भवति न त धर्मिण। (प्रभा पृ० २२१)

भामह के समान दण्डी ने भी अन्त म अतिशयोक्ति[1] के महत्त्व का पुन प्रतिपादन किया है—

> अलकारान्तराणामप्येकमाहु परायणम ।
> वागीशमहितामुक्तिमिमामतिशयाह्वयाम् ।।२।२२०।।

इसमे 'अपि शब्द महत्त्वपूण है, अतिशयोक्ति न केवल उत्तम अलकार है प्रत्युत विविध अलकारो का भी परमाश्रय (परायण) है ।

उद्भट

द्वितीय वग का अन्तिम विवेच्य अलकार अतिशयोक्ति है । भामह से ही उदभट ने अतिशयोक्ति का लक्षण ले लिया है और *लोकातिक्रान्तगोचरम उसका प्राण है । उदभट ने अत्यन्त* वैज्ञानिक वर्गीकरण किया है जो उत्तर आचार्यों का आधार बन गया ।

अतिशयोक्ति के चार भेद है—भेदेऽनन्यत्वम[2] *अन्यत्र (अभेदे) नानात्वम सम्भाव्यमानार्थ* निब ध कायकारणयो पौर्वापय विपयय —आशुभाव[3] के आधार पर । प्रथम दो भद मम्मट के 'प्रस्तुतस्य यदन्यत्वम के अन्तगत ह, तृतीय तथा चतुथ सभी उत्तर आचार्यों ने यथावत स्वीकार कर लिये है ।

भेदेऽनन्यत्वम भेद के उदाहरण मे पावती के विषय म कहा गया है कि वह कृशामप्य कृशामेव है—भिन्न होकर भी अभिन्न ही लगती है तपस्तेज के कारण । अन्यत्र नानात्वम भद *के उदाहरण मे उमा कुमारी होती हुई भी युवती लगती है—अभेद होते हुए भी भेद ह । अन्तिम* दो भेद स्पष्ट तथा प्रसिद्ध है ।

वामन

सम्भाव्यधमतदुत्कपकल्पनाऽतिशयोक्ति ।।४ ३ १०।।

सम्भाव्य धम की और उसके उत्कप की कल्पना अतिशयोक्ति है । इस प्रकार इसके दो रूप हो गये । प्रथम रूप तो सामान्यत सभी आचार्यो मे स्वीकृत चला आता है, परन्तु दूसरा रूप अतिशयोक्ति नही अत्युक्ति मात्र है । वामन न उदभट के वैज्ञानिक वर्गीकरण स कोई लाभ नही उठाया ।

---

१ अग्निपुराण म अतिशयोक्ति का लक्षण है—
लोकसीमातिवत्तस्य वस्तुधमस्य कीतनम ।
भवेदतिशयो नाम सभवासभवा द्विधा ।।

२ भदेनन्यत्वमन्यत्र नानात्व यत्र बध्यते ।
तथा सम्भाव्यमानाथनिबन्धातिशयोक्तिगी ।।का सा०स० २।१२।।

३ कायकारणयोयत्र पौर्वापिदविपययात ।
आशभाव समालम्ब्य बध्यत सोपि पूववत ।।का सा०स २।१३।।

मम्मट

निगीर्याध्यवसानन्तु प्रकृतस्य परेण यत ।
प्रस्तुतस्य यद यत्व यद्यर्थोक्तौ च कल्पनम् ॥
काय-कारणयोयश्च पौर्वापयविपयय ।
विनेयाऽतिशयोक्ति सा ॥

अतिशयोक्ति के चार भेद हैं जिन पर उद्भट का प्रभाव है—

(क) उपमेय का उपमान द्वारा निगरण एव अध्यवसान[1],
(ख) प्रस्तुत अर्थ का अन्य रूप से वणन[2] (ग) यदि —अर्थोक्ति द्वारा कल्पना[3],
(घ) काय-कारण का पौवापय विपयय[4] ।

रुय्यक

अध्यवसाय की साध्यता म उत्प्रेक्षा का चमत्कार है और सिद्धत्व म अतिशयोक्ति का लक्षण है अध्यवसितप्राधान्य त्वतिशयोक्ति ।

रुय्यक न अतिशयोक्ति के पाच भेद बतलाये हैं—

(क) भेदेऽभेद । (ख) अभेदे भेद । (ग) सम्बन्धेऽसम्बन्ध ।
(घ) असम्बन्धे सम्बन्ध । (ङ) काय-कारण-पौर्वापयविध्वमश्च ।

पचम भेद के दो उपभेद हो सकते हैं— काय कारण पौवापयविध्वस पौर्वापयविपययात तुल्यकालत्वाद वा ।' अतिशयोक्ति का यह स्वरूप एव ये भेद सभी उत्तरकालीन आचार्यों ने स्वीकार किये हैं।

जयदेव

चन्द्रालोक म अतिशयोक्ति का लक्षण नही दिया गया, परन्तु उसके छह भेदो का वणन है और उन भेदो का नामकरण भी है जो प्राय मान्य हो गया है—

(क) अक्रमातिशयोक्तिश्चेद युगपत्कायकारणे ॥५।४१॥
(ख) अत्यन्तातिशयोक्तिस्तत पौर्वापयव्यतिक्रम ॥५।४२॥
(ग) चपलातिशयोक्तिस्तु कार्ये हेतु प्रसक्तिज ॥५।४३॥
(घ) सम्बन्धातिशयोक्ति स्यात तदभावेऽपि तद्वच ॥५।४४॥

---

१ उपमानेनान्तर्निगीर्णस्य उपमेयस्य यदध्यवसान सका । (पृ ४८३)
२ यच्च तत्रैव अन्यत्वेन अध्यवसीयते साऽपरा ।
३ यद्यर्थस्य यदि शब्देन चेच्छब्देन वा उक्तौ यत्कल्पनम् (अर्थात् असम्भाविनोऽर्थस्य) सा ततीया । (पृ० ४८४)
४ कारणस्य शीघ्रकारिता वक्तु कार्यस्य पूवमक्तौ चतर्थी ।
५ हेतो कारणस्य प्रसक्ति प्रसग तज्जन्ये कार्ये सति । (पौर्णमासी पृ० १२७)

(ट) भेदकातिशयोक्तिश्चेद एकस्यवान्यतोच्यते ॥५।४५॥
(च) रूपकातिशयोक्तिश्चेद रूप्य[1] रूपकमध्यगम ॥५।४६॥

विश्वनाथ

रुय्यक क आधार पर अतिशयाक्ति के पाच भेदा का वणन है और एक भेद के दो उपभेद भी हैं। लक्षण सरल और वज्ञानिक है तथा उत्प्रेक्षा से इसका अन्तर स्पष्ट करता है—

सिद्धत्वेऽध्यवसायस्यातिशयोक्तिर्निगद्यते ॥१०।४६॥

अप्पय्यदीक्षित

अतिशयाक्ति का वणन जयदेव क अनुसार है। क्रम म रूपकातिशयाक्ति' को प्रथम स्थान मिला है इसका प्रभाव हिन्दी क आचार्यो पर पडा। रूपकातिशयोक्ति के दो उपभेद—सापह्नवा तथा निरपह्नवा—किये गय है—

रूपकातिशयोक्ति स्यान्निगीर्याध्यवसानत ॥३६॥
यद्यपह्नुतिगभत्व सैव सापह्नवा मता ॥३७॥

शेप भद हैं—भेदक सम्बन्ध असम्बन्ध अक्रम चपल अत्यन्त। असम्बन्धातिशयोक्ति भेद चन्द्रालोक' म नही था।

चित्रमीमासा' मे अतिशयोक्ति का निम्नलिखित लक्षण है—

विषयस्यानुपादानाद विषय्युपनिबध्यते।
यत्र सातिशयोक्ति स्यात कविप्रौढोक्तिजीविता॥

इसक केवल चार भेदा का वणन है—कायकारण पौर्वापयविध्वस नामक रुय्यकोक्त पचम भेद का नही।

जगन्नाथ

रस-गगाधर म भी अतिशयोक्ति का परम्परागत वणन है—

विषयिणा विषयस्य निगरणमतिशय। तस्योक्ति। (पृ० ४०९)

हिन्दी के आचाय

केशव म अतिशयोक्ति विपय नही है और दव म बहुत चलता हुआ है। दासकवि ने अतिशयाक्ति का विस्तार किया है और विश्वनाथ क आधार पर पाँच भेदा का वणन है। साथ ही उपमातिशयोक्ति रूपकातिशयोक्ति तथा उत्प्रक्षातिशयाक्ति का भी वणन है। इसी सम्बन्ध म अत्युक्ति तथा उदात्त भी आ गय हैं। दासकवि क वणन म कुछ तथ्या पर ध्यान चला जाता है—

---

१ रूप्य विषय उपमयमिति रूपकमध्यग विषयिमध्यग स्यात्। (पृ० १२६)

(क) अनन्वयहु की व्यगि यह भेदक अतिशय उक्ति ॥११।५॥
(ख) जहा दीजिय जोग्य कौं, अधिक जोग्य ठहराइ ।
अलकार अत्युक्ति तहँ वरनत हैं कविराइ ॥११।१७॥

कन्हैयालाल पोद्दार तथा रामदहिन मिश्र ने अतिशयोक्ति का वर्णन विश्वनाथ के आधार पर किया है।

उपसहार

भामह ने अतिशयोक्ति का विवेचन करते हुए इसका मुख्य लक्षण लोकातिनातिगोचरत्व माना था। यही लक्षण अन्त तक मान्य रहा, केवल इसमे सूक्ष्मता आती गई। भामह के पश्चात दूसरे मुख्य आचार्य मम्मट हैं। 'काव्यप्रकाश' मे 'निगीर्यध्यवसान' के प्रयोग से अतिशयोक्ति का लक्षण अध्यवसान पर केन्द्रित हो गया। रुय्यक ने और भी विकास किया और साध्य अध्यवसाय मे उत्प्रेक्षा एव सिद्ध अध्यवसाय मे अतिशयोक्ति अलकार माना। विश्वनाथ ने भी इसी शब्दावली को लक्षण के लिए स्वीकार किया है।

उदभट ने सर्वप्रथम अतिशयोक्ति के चार भेदो का निरूपण किया था। रुय्यक ने पाच भेद किये, जयदेव ने छह तथा अप्पय्यदीक्षित ने आठ। विश्वनाथ ने रुय्यक के पाच भेदो का ही उल्लेख किया है। सामान्यत अतिशयोक्ति के पाँच से आठ तक भेद माने जाते हैं।

१२ हेतु

भामह

भामह ने अतिशयोक्ति के महत्त्व प्रतिपादन के अनन्तर हेतु सूक्ष्म तथा लेश का अनलकारत्व सिद्ध किया था। जो सामान्य कथन (समुदायाभिधान)[१] है उसमे वक्रोक्ति नही है और वक्रोक्ति के बिना कोई अलकार हो नही सकता— कोऽलकारोऽनया विना । भामह ने हेतु अलकार के उदाहरण को वार्ता माना है, जिसमे अलकारत्व नही है।

दण्डी

हेतु-सूक्ष्म-लेश के सम्बन्ध मे मूल मतभेद भामह और दण्डी का है। भामह ने दण्डी का ही खण्डन किया है जो उदाहरण से स्पष्ट हो जाता है। दण्डी ने उत्प्रेक्षा अलकार के अनन्तर इस त्रिवर्ग का समर्थ प्रतिपादन किया है जो इनको 'वाचामुत्तमभूषणम्'[२] कहने से स्पष्ट है। 'काव्यादर्श' मे हेतु का लक्षण तो नही दिया गया परन्तु वर्णन बहुत विस्तृत (श्लोक-सख्या २३५ से २६० तक) है।

---

१ हेतुश्च सूक्ष्मो लेशोऽथ नालकारतया मत ।
समुदायाभिधानस्य वक्रोक्त्यनभिधानत ॥ काव्यालकार २।८६॥

२ हेतुश्च सूक्ष्मलेशौ च वाचामुत्तमभूषणम् ॥ काव्यादर्श २।२३५॥

हेतु के दो मुख्य भेद हैं—कारकहेतु तथा ज्ञापकहेतु इनके अनेक उपभेद भी है। कारक हेतु के जो उदाहरण है वे अन्यों ने अतिशयोक्ति के माने हैं और ज्ञापकहेतु मे अन्य लोग अलंकारत्व नही मानते।

कारक हेतु के दो उदाहरण दिये गये हैं — एक भावसम्पादन में हेतु है दूसरा अभावसम्पादन में। सामान्यतः हेतु दो प्रकार का है—क्रियार्थ सम्पादक तथा कर्मार्थसम्पादक। क्रियार्थसम्पादक को कारक ज्ञापक उपभेदों में वर्गीकृत किया गया है कारण के रूप भावसम्पादक तथा अभाव सम्पादक हैं।

कर्मार्थसम्पादक हेतु के तीन रूप—निवर्त्य, विकार्य तथा प्राप्य—कर्म के त्रिविध रूप पर निर्भर है। काव्यादर्श में इनके अलग-अलग उदाहरण (श्लोक-संख्या २४० से २४३ तक) दिये गये हैं।

ज्ञापकहेतु के भावहेतु[1] तथा अभावहेतु तथा अभावहेतु के प्रागभाव, प्रध्वंसाभाव, अत्यन्ताभाव तथा अन्योन्याभाव उपभेद हैं और सबके उदाहरण काव्यादर्श (श्लोक-संख्या २४४ से २५२ तक) में दिये गये हैं।

ज्ञापकहेतु के भावहेतु उपभेद को स्पष्ट करने के लिए दण्डी का प्रसिद्ध उदाहरण है—

गतोऽस्तमर्को भातीन्दुर्यान्ति वासाय पक्षिणः ॥२।२४४॥

भामह ने इसी की आलोचना करते हुए कहा था— इत्येवमादि किं काव्यं वार्तामेनां प्रचक्षते (काव्यालंकार २.८७) और दण्डी इसी का प्रत्युत्तर देते हैं इतीदमपि साध्वेव, कालावस्था निवेदने (काव्यादर्श २.२४४)। ज्ञापकहेतु का अतिशयोक्ति में अन्तर्भाव भी नहीं हो पाता इसमें तो अनलंकारता ही रह जाती है।

हेतु प्रसङ्ग के अन्तिम आठ श्लोकों में हेतु के अन्य भेदों—दूरकार्य सहज कार्यान्तरज, अयुक्तकार्य, युक्तकार्य आदि—का मार्गदर्शक वर्णन है— इति हेतुविकल्पाना दर्शिता गतिरीदृशी।[2]

रुद्रट

हेतुमता सह हेतोरभिधानमभेदकृद् भवेद्यत्र।
सोऽलंकारो हेतुः स्यादन्येभ्यः पृथग्भूतः ॥७।८२॥

हेतु अलंकार का स्वरूप अन्य अलंकारों से भिन्न है। कार्य के साथ कारण के अभेदपूर्वक कथन में इस अलंकार का चमत्कार है। उदाहरण है अविरलकमलविकासः सकलालि-रम्योऽयमलिकाल। —यहाँ वसन्त (कारण) एवं कमल विकास आदि (कार्य) का अभेदपूर्वक कथन है।

---

१ भोज ने दण्डी के समान ही अपार का विस्तृत वर्णन किया है। (सरस्वतीकण्ठाभरण (निर्णय सागर प्रेस) पृ ३५२ से ३६० तक)

२ उद्भट वामन मम्मट रुय्यक जयदेव तथा जगन्नाथ ने हेतु अलंकार का वर्णन नहीं किया।

विश्वनाथ

हतु और हेतुमान का अभेद स कथन हेतु अलकार ह—

अभेदेनाभिधा हतु, हेतोर्हेतुमता सह ।

विश्वनाथ ने मम्मट रुय्यक एव जयदेव से मतभेद व्यक्त करते हुए इस सौन्दय का अलका रत्व प्रतिपादन किया है—

'अस्य च विच्छित्तिविशेषस्य सर्वालकारविलक्षणत्वेन
स्फुरणात पृथगलकारत्वमव याय्यम ।' (पृ० ३४९)

अप्पय्यदीक्षित

कुवलयानन्द क सौ अलकारो मे से अन्तिम अलकार हेतु है, जिसका वणन विश्वनाथ के अनुमार किया गया है—

हतार्हेतुमता साध वणन हेतुरुच्यत ॥१६७॥
हेतु-हेतुमतोरक्य हेतु केचित प्रचक्षते ॥१६८॥

हिन्दी के आचाय

कविप्रिया' म हेतु प्रारम्भिक अलकारा म स ह । इसका लक्षण नही है, परन्तु तीन भेदा का वणन है—सभाव अभाव तथा सभाव-अभाव हेतु । देवकवि न हेतु सूक्ष्म तथा लश का एकत्र वणन किया है हेतु का लक्षण— हेतु सहतु समै सहज' । दासकवि के अनुसार—

या कारन को है यही कारज यह कहि देतु ।
कारज कारन एक ही, कहै जानियत हेतु ॥१७।७॥

कन्हैयालाल पोद्दार न रुद्रट तथा अप्पय्यदीक्षित के अनुमार हतु अलकार का वणन सक्षप म किया है ' रूपक म उपमय और उपमान का अभेद कहा जाता है और हतु म कारण और काय का अभेद हाता ह । (अलकारमजरी, पृ० ४२१)

उपसहार

हेतु अलकार का प्रथम सकेत भामह म मिलता है, भामह ने वक्रोक्ति के अभाव म हतु के *अलकारत्व का खण्डन किया है । उदभट, वामन, मम्मट एव रुय्यक आदि न भी हेतु को अलकार* नही माना । मम्मट के अनुमार हतु का अन्तभाव काव्यलिग म हो जाता है ।

दण्डी ने हेतु का वाचामुत्तमभूषणम कहकर इसकी प्रतिष्ठा की । दण्डी के अनुमार कारण और काय की सहस्थिति हतु है । रुद्रट क अनुसार, कारण और काय का अभेद-वणन हेतु अलकार है । विश्वनाथ भी रुद्रट म सहमत है । अप्पय्यदीक्षित तक आकर हेतु के दो रूप प्रतिष्ठित हो गय—सहस्थिति तथा अभद, दाना मिलकर हतु का लक्षण बन । दासकवि न हतु का यही व्यापक लक्षण दिया ह ।

हतु क सबम अधिक (सोलह) भेद दण्डी न दिये थ । अग्निपुराण म दो भेद कारक तथा

है। दो उदाहरण दिये गये हैं एक अनिष्ट की आशका से सवरण है और दूसरा लज्जा का वारण।

दण्डी ने वणन के बीच म इसके अलकारत्व[1] का फिर प्रतिपादन किया है। और लेश का एक अन्य लक्षण भी दिया है—कुछ लोग[2] लशन कृता निन्दा अथवा स्तुति को लेश अलकार मानते हैं। यह व्याजस्तुति से भिन्न है, इसम लश की प्रधानता[3] होती है और दोष का गुणीभाव अथवा गुण का दोषीभाव कल्पित किया जाता है। एक उदाहरण 'स्तुतिमिषेण निन्दाविधानात लेश का है दूसरा निन्दाव्याजेन स्तुति का है।

रुद्रट

दोषीभावो यस्मिन गुणस्य दोषस्य वा गुणीभाव ।
अभिधीयते तथाविधकर्मनिमित्त स लेश स्यात ॥७।१००॥

यह लक्षण दण्डी के अन्य लक्षण के समान है। जिस परम्परा से रुद्रट ने यह लक्षण लिया है उस परम्परा को सामान्यत दण्डी ने भी स्वीकार किया था यद्यपि महत्त्व नहीं दिया था—'लेशमेके विदुर्निन्दा स्तुतिं वा लेशत कृताम्'। उदाहरण म व्यजना का चमत्कार है—धन्यास्ते गुणहीना विदग्धगोष्ठीरसापेता ।

अप्पय्य दीक्षित के अनुसार तो—

लेश स्याद दोषगुणयो गुणदोषत्वकल्पनम ॥१३८॥

परन्तु रस-गगाधर म लेश अलकार के दो रूप है—गुण को अनिष्ट का साधन मानकर उसका दोष रूप मे वणन तथा दोष को अभीष्ट का साधन मानकर उसका गुण रूप म वणन—

'गुणस्यानिष्टसाधनतया दोषत्वेन दोषस्येष्टसाधनतया गुणत्वेन च वणन लेश'। (पृ० ६८९)

हिन्दी के आचार्य

केशवदास ने दण्डी के अनुकरण पर लेश का लक्षण दिया है—

चतुराई के लेश तें चतुर न समय लेश ॥११।४७॥

देवकवि के अनुसार— लेस खुलत छिपि जानि।

दासकवि ने लेश का दो प्रकार से वणन किया है—

जहा दोष गुण होत है लेस वहै सुखकन्द ॥१४।२२॥
गुनौ दोष ह्वै जात है लेस रीति यह और ॥१४।२४॥

कन्हैयालाल पोद्दार ने रुद्रट के अनुसार लेश के दो भेदों का वणन किया है।

---

१ इत्येवमादिस्थानेयमलकारोतिशोभते ॥२।२६८॥

२ लेशमेके विदुर्निन्दा स्तुतिं वा लशत कृताम् ॥२।२६८॥

३ यथा लशन निभिन्नवस्तुनिगूहनात लेशालकार तथा लशेन स्तुतिनिन्दाविधानेपि स एव अलकार उचित। चमत्कृतौ लशस्य प्राधान्यात्। एव च व्याजस्तुत्यलकारान्तराभ्युपगमन न युक्तम। (प्रभा पृ २९३)

उपसहार

लेश भी महत्त्वपूर्ण अलकार नही रहा। भामह ने वक्रोक्ति के अभाव म इसको अलकार नही माना। परन्तु दण्डी ने बल लगाकर लेश की प्रतिष्ठा कर दी तथा भोज, दीक्षित आदि भी इसका वणन करते रहे। दण्डी तथा रुद्रट लेश के मुख्य समथक है।

दण्डी ने लेश अलकार के दो रूप माने थे। एक रूप है कुछ-कुछ प्रकट होते हुए पदाथ के रूप को छिपाना, यहा लेशत प्रकट एव लेशत निगूहन म चमत्कार है। लेश का दूसरा रूप है स्तुति रूप निन्दा और निन्दा रूप स्तुति। रुद्रट ने इस अलकार का स्वरूप स्पष्ट कर दिया जो उत्तर आचार्यों का मान्य रहा। रुद्रट के अनुसार (१) गुण का दोष के रूप म, तथा (२) दोष का गुण के रूप म ग्रहण लेश अलकार है। जगन्नाथ ने रुद्रट की ही व्याख्या की है कि (१) गुण को अनिष्ट का साधन मानकर दोष रूप म, और (२) दोष को अभीष्ट का साधन मानकर गुण रूप म वणन लेश अलकार का चमत्कार है।

ये दोनो रूप ही लेश के दो प्रकार बन गये। प्रथम लेश—गुण का दोष रूप मे कथन है। द्वितीय लेश—दोष का गुण रूप मे कथन है।

१५ यथासख्य

भामह

भामह ने यथासख्य तथा उत्प्रेक्षा दो अर्थालकारो का एक अलग[1] वग म विवेचन किया है। असमानधर्मी[2] बहुत से कथित अर्थों का क्रमश अनुनिर्देश यथासख्य कहलाता है। इसके तीन अग हैं—अनेक असमानधर्मी अथ उनका कथन तथा उसी क्रम से अनुनिर्देश।

दण्डी

काव्यादश म यथासख्य अलकार का विवेचन उत्प्रेक्षा हेतु सूक्ष्म-लेश अलकारो के अनन्तर किया गया है। दण्डी ने इसके तीन नाम बतलाये है— यथासख्य, सख्यान[3] तथा क्रम। प्रथम कथित[4] पदार्थों का यथाक्रम अनुकथन 'यथाक्रम अलकार है। उदाहरण एकमेव तथा स्पष्ट है। भामह के असमानधर्माणाम का दण्डी ने ग्रहण नही किया।

उदभट

'काव्यालकार के तृतीय वग मे तीन अलकार हैं—यथासम्य उत्प्रेक्षा तथा स्वभावोक्ति।

---

१ यथासख्यमथोत्प्रेक्षामलकारद्वय विदु ॥२।८८॥
२ भूयसामुपदिष्टानामर्थानामसधर्मणाम ।
क्रमशो योऽनुनिर्देशो यथासख्य तदुच्यते ॥२।८९॥
३ यथासख्यमिति प्रोक्त सख्यान क्रम इत्यपि ॥काव्यादश २ २७३॥
४ उद्दिष्टाना पदार्थानामनूद्देशो यथाक्रमम् ॥ काव्यादर्श २ २७३ ॥

यथाक्रम के दो भेदो का सकेत रुय्यक ने दिया है। यथाक्रम 'शाब्द' तथा 'आर्थ' दो प्रकार का है, असमस्त पदा के सम्बन्ध मे शाब्द' एवं समस्त पदा के सम्बन्ध म 'आर्थ' यथाक्रम है। जयदेव ने यथासख्य के दो भेद कारक अथवा क्रियाओ के क्रमश सम्बन्ध म माने हैं—कारक का कारक के साथ, और क्रिया का क्रिया के साथ।

जगन्नाथ ने नव्याचार्यों के अनुसार यथाक्रम के अलकारत्व पर प्रश्न किया है। यथाक्रम दोप का अभाव है क्रमभग दोप का इसम कवि प्रतिभा का चमत्कार नही है जो अलकारत्व प्रदान करता है। फिर भी यथाक्रम का वर्णन सभी उत्तर आचार्यों ने किया है, और इसका चमत्कार आज भी मान्य है।

१६ उत्प्रेक्षा

भामह

उत्प्रेक्षा अलकार म उपमानोपमेय के सामान्य गुणा के कथन के विना ही उपमा का किंचित[1] रूप रहता है और उपमेय म जो गुण क्रिया नही है उनका अतिशय के निमित्त कल्पित किया जाता है। उत्प्रेक्षा अतिशयगर्भिणी है और उपमा के स्पर्श स युक्त है इसम उपमाभाव है परन्तु उपमान और उपमेय के सामान्य गुणो का कथन नही अतिशय का आधार है उपमेय म उस गुण क्रिया की कल्पना जो वस्तुत उसम नही है। किंशुक पुष्पो के व्याज मे विभावसु वृक्ष पर चढ़कर यह देख रही है कि अरण्य का कितना भाग जल चुका है और कितना अनजला है —उदाहरण बडा स्पष्ट है।

दण्डी

काव्यादर्श' के द्वितीय परिच्छेद म अतिशयोक्ति के अनन्तर विस्तार से उत्प्रेक्षा का विवेचन है। चेतन अथवा अचेतन प्रस्तुत की अन्यथा स्थित वृत्ति की अन्यथा सभावना उत्प्रक्षा है।[2]

दण्डी ने एक उदाहरण चेतनगत उत्प्रक्षा का दिया ह और दूसरा अचेतनगत उत्प्रक्षा का। चेतनगत उत्प्रेक्षा का उदाहरण है—

मध्य दिनार्कसन्तप्त सरसी गाहते गज ।
मन्य मातण्डगृह्याणि पद्मान्युद्धतुमुद्यत ॥२।२२२॥

यहा सूयपक्षाश्रित कमलो का उन्मूलन करने की इच्छा स प्रत्यनीक अलकार का सकेत मिलता है परन्तु दण्डी क शास्त्र म प्रत्यनीक अलकार है ही नही इसलिए यह सकेत व्यर्थ है

---

१ अविवक्षितसामान्या किंचिच्चोपमया सह।
अतद्गुणक्रियायोगाद् उत्प्रेक्षातिशयान्विता ॥२।९१॥

२ अन्यथैव स्थिता वृत्तिश्चेतनस्येतरस्य वा।
अन्यथोत्प्रेक्ष्यते यत्र तामुत्प्रेक्षां विदुर्यथा ॥काव्यादश, २।२२१॥

यह भी कहा जा सकता है कि प्रत्यनीक मे पक्षापकार[1] वास्तविक होता है सभावना मात्र द्वारा कल्पित नही।

विवचन के अत मे दण्डी ने उत्प्रेक्षा के मुख्य वाचक शब्द पाच बतलाये हैं—मन्ये शके ध्रुव, प्राय तथा नून। 'इव' शब्द को भी[2] द्वितीय कोटि का वाचक माना है। 'इत्येवमादिभि द्वारा इन शब्दो को सीमित होने से बचा लिया है, सस्कृत म 'तकयामि', 'सभावयामि', 'जाने', 'उत्प्रेक्षे' आदि अनेक शब्द तथा भाषाओ के 'जानो', 'मानो' 'लगता है', 'प्रतीत होता है' आदि नये शब्द उत्प्रेक्षा के अतिरिक्त वाचक हैं।

लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जन नभ ॥२।२२६॥

इस प्राचीन श्लोकार्द्ध पर दण्डी ने विस्तार से विचार किया है और इसम उत्प्रेक्षा का चमत्कार सिद्ध किया है। 'तम अगानि लिम्पतीव, नभ अञ्जन वर्षतीव इस कथन म अचेतन तम के व्यापन रूप धम की लेपन द्वारा सभावना की गई है। यह 'भूयिष्ठमुत्प्रेक्षालक्षणान्वित'[3] है। दण्डी ने सात श्लोको (सख्या २२७ से २३३ तक) म अपने मत की पुष्टि की है।

'इव' शब्द को सुनकर ही कुछ लोगो को इसमे उपमा की भ्रान्ति हो जाती है[4] वे यह भूल जाते है कि आप्त वाक्यानुसार तिडन्त के द्वारा उपमान नही हो सकता। पतजलि ने धातो कमण' (३ १,७) सूत्र पर व्याख्या की है— न तिडन्तेन उपमानमस्तीति', और कैयट ने स्पष्ट किया है कि किन्तु तत्र सभावनाथक इव शब्द इति'।

दूसरा तक यह है कि उपमानोपमेय भाव के लिए तुल्य[5] धम की अपेक्षा है परन्तु इस उदाहरण मे लिम्पति तथा तम का समान धम कौन-सा है समानधर्माभाव मे भी इसे उपमान नही मान सकते। यदि कोई कहे कि लेपन ही धम है तो धर्मी[6] कौन है ? वही धम है और वही धर्मी है, ऐसा तो कोई विचारवान न कहेगा।

यदि यह कहा जाय कि तिडन्थ कत्ता ही उपमान है, तम उपमेय है और लेपन साधारण धम है—इस प्रकार उपमा सिद्ध हो गइ, तो उत्तर यह है कि तिन्थ कर्त्ता नही बन सकता वह

---

१ अत्र कविना तत्पगोद्धरणस्य सभावनामात्रेण कल्पितत्वेन प्रतिकारस्य तात्त्विकवणन क्व नाभिप्रेतम्। यत्र तु तत्पक्षापकार वास्तव ववर्णमिप्रेत तत्रैव सोऽनकार इति विचायम्। (प्रभा २२७)

२ मन्ये शके ध्रुव प्रायो नूनमित्येवमादिभि ।
उत्प्रेक्षा व्यज्यते शब्दैरिवशब्दोऽपि तादृश ॥२।२३४॥

३ इतीदमपि भूयिष्ठमुत्प्रेक्षालक्षणान्वितम् ॥२।२२६॥

४ कषाचिदुपमाभ्रान्तिरिव श्रुत्येह जायते ।
नोपमान तिङन्तेनेत्यतिक्रम्याप्तभाषितम ॥२।२२७॥

५ उपमानोपमेयत्व तुल्यधमव्यपेक्षया ।
लिम्पतेस्तमसश्चासौ धम कोऽत्र समीक्ष्यते ॥२।२२८॥

६ यदि लपनमेवेष्ट लिम्पतिर्नाम कोपर ।
स एव धर्मो धर्मी चेत्यनुन्मत्तो न भाषते ॥२।२२६॥

तो विशेषण है, कर्ता तो 'तम' है, लेपन व्यापार म विशेषणतया अवित कर्ता का उपमान सम्बध स अयत्र अवययोग नही हो सकता, जो लेपनादि स्वक्रिया[1] की सिद्धि म व्यग्र है उसका पदार्थातर मे अवयबोध सभव नही।

जो यह मानते हैं कि 'लिम्पतीव तमोङ्गानि' इत्यादि मे नयायिका के अनुसार[2] 'अङ्गवृत्ति फलजनक लेपनानुकूलकृतिमान् इव तम' वाक्यार्थबोध मे समथ है और लेपनकर्तृ तम' का उपमानोपमेयभाव है वे भी युक्त नहा हैं क्योंकि अगलेपन भी समानधम नही हो सकता। जिस प्रकार इदुरिव ते वक्त्रम् कहने से काति प्रतीत होती है, उस प्रकार लिम्पतीव तमोङ्गानि कहने मे लेपन के अतिरिक्त कोइ साधारण धम प्रतीत नही होता। इस प्रकार यहा उपमा का अभाव है।[1]

उद्भट

उत्प्रेक्षा का लक्षण[3] भामह के आधार पर ही है, उत्तराध तो यथावत भामह से गृहीत है। इव आदि वाच्य पदो के द्वारा, साम्य के रूप की विवक्षा के अभाव म जो अतिशयावित सौदय होता है वह उत्प्रेक्षा है उपमेय म जो गुण क्रिया नही है उनको अतिशय के निमित्त कल्पित किया जाता है। भामह के लक्षण के समान ही इस लक्षण के दो अग है—(१) साम्य रूप की अविवक्षा तथा (२) उपमेय मे अतिशय के निमित्त गुण क्रिया की कल्पना। लक्षण का सार है कि प्रकृत और अप्रकृत का साम्य जहाँ विवक्षित नही है परन्तु अप्रकृत की गुण क्रिया का जहाँ प्रकृत मे अध्यास हो जाता है वहा इव आदि शब्दा द्वारा उत्प्रेक्षा का सौन्दय सम्पादित हाता है।

उदभट ने उत्प्रेक्षा का दण्डी से प्रभावित वणन भी किया है—लोकातिक्रान्तविषया सभावना उत्प्रेक्षा है। यह भाव की अथवा अभाव की हा सकती है। यदि 'इव आदि वाच्यो का प्रयोग है तो वाच्योत्प्रेक्षा अयथा गम्योत्प्रेक्षा है।

---

१ कर्ता यद्युपमान स्याद यग्भूतोसौ क्रियापदे।
स्वक्रियासाधनव्यग्रो नालमयन्पेक्षितम ॥२।२३ ॥

२ यो लिम्पत्यमना तुल्य तम इत्यपि शसत ।
अगानीति न सम्बद्ध सोपि मग्य समो गण ॥२।२३१॥

३ अग्निपुराण मे उत्प्रेक्षा का वणन इस प्रकार है—
अयथोपस्थिता वत्ति चेतनस्येतरस्य च ।
अयथा मयते यत्र तामत्प्रेक्षा प्रचक्षते ॥

४ साम्यरूपाविवक्षाया वाच्येवाद्यात्मभि पद ।
अतद्गुणक्रियायोगा उत्प्रेक्षातिशयाविता ॥का सा । ।३॥

५ लोकातिक्रान्तविषया भावाभावाभिमानत ।
सभावनेयमुत्प्रेक्षा वाच्येवादिभिरुच्यते ॥का सा ३।४॥

वामन

जो वस्तु जैसी नहीं है उसका अतिशय-द्योतन के निमित्त अन्यथा अध्यवसान उत्प्रेक्षा है। अतदरूपस्यान्यथाध्यवसानमतिशयार्थमुत्प्रेक्षा (४।३।९) इसमें न तो रूपक के समान अध्यारोप[1] होता है और न वक्रोक्ति के समान लक्षणा होती है। इस अध्यवसान को भ्रम भी नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह यथार्थ अध्यवसान नहीं, अतिशयार्थ[2] मात्र के निमित्त है। उत्प्रेक्षा का कारण सादृश्य है, इव आदि शब्द (उपमा के समान) उत्प्रेक्षा के भी वाचक हैं।

रुद्रट

उत्प्रेक्षा के तीन रूप हैं और रुद्रट ने तीनों के लक्षण तथा उदाहरण अलग दिये है।

प्रथम अति सारूप्य के आधार पर ऐक्य स्थापित करके सिद्ध उपमान के गुण क्रिया का उपमेय में, सम्भव न होने पर, आरोप किया जाय। उदाहरण है —

चम्पकतरुशिखरमिदं कुसुमसमूहच्छलेन मदनशिखी।
अयमुच्चैरारूढ पश्यति पथिकान दिधक्षुरिव ॥८।३३॥

यह लक्षण भामह के अनुसार है तथा उदाहरण तो भामह के उदाहरण का ही प्रकारांतर है।

द्वितीय जहां उपमेयस्थ वर्णनीय (उपमेय) की उपमान प्रतिबद्ध तत्त्व से आरोप-पूर्वक संभावना की जाय। उदाहरण सरल तथा स्पष्ट है — इस सुंदरी के शुभ्र कपोल प्रदेश पर कस्तूरी से रचित पत्र रचना ऐसी लगती है जैसे चन्द्र की शंका से उस पर लाञ्छन बन गया हो।

तृतीय जहां विशिष्ट उपमेय में अविद्यमान गुण की साम्य के आधार पर उपपत्ति द्वारा संभावना की जाय। उदाहरण है— अतिसघन कुंकुमराग से युक्त यह प्रातःकालीन संध्या ऐसी लग रही है मानो उदयाचल की ओट से आ रहे सूर्य के रथ की पताका हो।

रुद्रट ने अतिशय वर्ग में भी उत्प्रेक्षा का वर्णन किया है। उत्प्रेक्षा के तीन भेद हैं दो का सम्बन्ध क्रिया से है एक का हेतु से।

(१) अतिशय के कारण असंभाव्य क्रियादि की संभावना—

यत्रातितथाभूतं संभाव्यते क्रियाद्यसंभाव्यम् ॥९।११॥

(२) असंभाव्य क्रियादि की संभूति का वर्णन (विद्यमानता)

(३) जो वस्तु अन्य प्रकार से जो रूप प्राप्त करती है उससे भिन्न प्रकार के हेतु का आरोप—

अन्यनिमित्तवशाद्यद्यथा भवेद्वस्तु तस्य तु तथात्वे।
हेत्वन्तरमतदीयं यत्रारोप्येत सान्येयम् ॥९।१४॥

---

१ न पुनरध्यारोपो लक्षणा वा। (वृत्ति)

२ अतिशयार्थमिति भ्रान्तिज्ञाननिरासपरम्। (वृत्ति)

मम्मट

उत्प्रेक्षा का वर्णन अपेक्षाकृत संक्षिप्त है—

संभावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत ॥१०।९२॥

इसके भेदोपभेदों का वर्णन नहीं है। दण्डी से सहमत होते हुए 'लिम्पतीव तमोऽङ्गानि' को भी मम्मट ने उत्प्रेक्षा का उदाहरण माना है।

रुय्यक

'अध्यवसाये व्यापारप्राधान्ये उत्प्रेक्षा।'

इसकी वृत्ति रुय्यक ने विस्तार से लिखी है और सभी उत्तर आचार्यों ने उसको स्वीकार किया है—

विषयनिगरणेन अभेदप्रतिपत्ति विषयिणाऽध्यवसाय। स च द्विविध साध्य सिद्धश्च। तत्र साध्यत्वप्रतीतौ व्यापारप्राधान्येऽध्यवसाय सभावनमभिमानस्तर्क ऊह उत्प्रेक्षेत्यादिशब्दैरुच्यते। तदेवम् अप्रकृतगतगुणक्रियाभिसम्बन्धाद अप्रकृतत्वेन प्रकृतस्य सभावनमुत्प्रेक्षा।"

(पृ० ७२)

रुय्यक ने उत्प्रेक्षा के अनेक भेदों का वर्णन किया है जिनमें जाति, क्रिया, गुण के अतिरिक्त प्रतीयमाना, सापह्नवा आदि मुख्य हैं।

जयदेव

चन्द्रालोक में वाच्या एवं प्रतीयमाना (गूढा) उत्प्रेक्षा का अत्यन्त संक्षिप्त वर्णन है—

उत्प्रेक्षा नीयते यत्र हेत्वादिर्निह्नुतिं विना ॥५।२९॥
इवादिकपदाभावे गूढोत्प्रेक्षा प्रचक्षते ॥५।३०॥

विश्वनाथ

साहित्यदर्पण में 'अलंकार सर्वस्व' के प्रभाव से उत्प्रेक्षा का वर्णन बड़े विस्तार से किया गया है—

भवेत संभावनोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य परात्मना।
वाच्या प्रतीयमाना सा प्रथम द्विविधा मता।
वाच्यवाचिप्रयोगे स्याद् अप्रयोगे परा पुन ।
जातिगुण क्रिया द्रव्य यदुत्प्रेक्ष्य द्वयोरपि ॥
तदष्टधाऽपि प्रत्येक भावाऽभावाभिमानत ।
गुण क्रिया-स्वरूपत्वात् निमित्तस्य पुनश्च ता ॥

इस प्रकार रुय्यक के मत को और भी विस्तार देकर विश्वनाथ ने उत्प्रेक्षा के एक सौ छिहत्तर (१७६) भेदों का वर्णन किया है।

अप्पय्यदीक्षित

कुवलयानन्द म उत्प्रेक्षा का वणन साहित्यदपण' के अनुसार है—

सभावना स्यादुत्प्रेक्षा वस्तु-हेतु फलात्मना।
उक्तानुक्तास्पदाद्यात्र सिद्धाऽसिद्धास्पदे परे ॥३२॥

जगन्नाथ

'रस-गगाधर म भी उत्प्रेक्षा का विस्तार है इसके भेदो का वणन एव इसके सम्बन्ध की शकाओ का निवारण भी जगन्नाथ ने किया है। जगन्नाथ-कृत उत्प्रेक्षा-लक्षण म पाण्डित्य का चमत्कार मुख्य है—

तदभिन्नत्वेन तदभाववत्त्वेन वा प्रमितस्य पदाथस्य रमणीयतदवृत्ति-तत्समानाधिकरणान्यतर-तद्धमसम्बन्धनिमित्तक तत्त्वेन तद्वत्तेन वा सभावनमुत्प्रेक्षा।' (पृ० ३७३ ४)

हिन्दी के आचाय

केशव ने उत्प्रेक्षा का सक्षिप्त वणन किया है—

केशव और वस्तु म, और कीजिय तक ॥९।३०॥

देवकवि ने भी उत्प्रेक्षा के भेदो का उल्लेख नही किया, केशव की शब्दावली म सक्षिप्त लक्षण दे दिया है—

उत्प्रक्षा कछु और को तर्कै औरइ जुक्ति ॥

दासकवि ने उत्प्रेक्षा का विस्तार स वणन किया है—

वस्तु निरखि के हेतु लखि, कै आगम फल-काज।
कवि के बकता कहत यह, लग और सो आज ॥
सम वाचक कहुँ परत यहु, मानहु मेरे जान ॥

तीनो भेदो के सिद्धविषया तथा असिद्धविषया भेद हैं, लुप्तोत्प्रेक्षा तथा उत्प्रेक्षामाला का भी वणन ह। कन्हैयालाल पोद्दार ने श्लेषमूला तथा सापह्नवा का भी रुय्यक के अनुसार वणन किया है। सापह्नवा का वणन रामदहिन मिश्र ने भी किया ह।

उपसहार

उत्प्रेक्षा एक महत्त्वपूण अलकार है। इसका प्रथम विवचन भामह न किया था। इसके चार अग थे—(१) सादृश्य की अविवक्षा (२) इव आदि शब्दो के कारण उपमा का पुट (३) अतिशयोक्ति गर्भित (४) अविद्यमान गुण क्रिया की सभावना। उदभट ने इस लक्षण म 'सभावना' पद का प्रयाग किया जो मान्य बन गया। वामन न 'अध्यवसान पद को लक्षण म समावश किया। रुय्यक न 'सभावना एव अध्यवसान' पदो के स्थान पर 'साध्य अध्यवसाय का प्रयाग किया और इस पदावली के प्रयाग स उत्प्रेक्षा का अतिशयोक्ति से अन्तर स्पष्ट किया।

यही अतर उत्तर आचार्यों को मान्य हुआ।

दण्डी ने चेतन तथा अचेतन के आधार पर उत्प्रेक्षा के दो रूप बतलाय थे। रुद्रट ने उत्प्रेक्षा का औपम्यमूलक अलकारो के अतगत भी वणन किया है और अतिशयमूलक अलकारो के साथ भी दोनो अलग अलग रूप हैं।

उत्प्रेक्षा क भेदा की व्याख्या रुय्यक म है। वाच्या एव प्रतीयमाना के द्वारा उत्प्रेक्षा के छियानवे भेद हैं विश्वनाथ म यह सख्या एक सौ छिअत्तर तक पहुँच गई है। अप्पय्यदीक्षित ने छह भेदा का वणन करके अत म गम्योत्प्रेक्षा का वणन कर दिया है। हिन्दी के आचाय कही कही विश्वनाथ तथा मुख्यत दीक्षित से प्रभावित रहे हैं।

१७. स्वभावोक्ति

भामह

काव्यालकार के द्वितीय परिच्छेद का अतिम अलकार स्वभावोक्ति है। भामह ने इसको एक अलग वग मे लिया है, मानो इसके विषय म मतभेद पर्याप्त सबल था। अथ का उसी अवस्था म वणन स्वभाव[1] कहलाता है। चिल्लाता हुआ पुकारता हुआ इधर-उधर दौडता हुआ और रोता हुआ बालक दड स गाया को खेत म आने से रोक रहा है।"[2]

दण्डी

भामह ने स्वभावोक्ति का अलकार नही माना, परन्तु दण्डी इसको प्रथम वणनीय[3] अलकार ठहराते है। इसके दो नाम हैं—स्वभावोक्ति[3] तथा जाति। परिगणन प्रक्रिया म इसको स्वभावाख्यान भी कहा गया है।

पदार्थों के नानावस्थाओं म प्रकटित रूप का साक्षात[4] दर्शन करानेवाली अलकृति स्वभावोक्ति है। नानावस्थाओ से अभिप्राय जाति-गुण क्रिया द्रव्य-गत[5] अवस्थाओ स है। कुछ आचाय यह मानते हैं कि इस अलकार का चमत्कार नाना अवस्थाओ स है, एक अवस्था[6] म वर्णन होने पर अलकारता न रहेगी।

दण्डी ने चार उदाहरण दिये हैं क्रमश जाति, गुण, क्रिया तथा द्रव्य-गत स्वभावोक्ति के। प्रथम म शुको का, द्वितीय म पारावत का तृतीय म प्रिया-स्पश का तथा अतिम म कपध्वज का वणन है।

---

१ अर्थस्य तदवस्थत्वं स्वभावोऽभिहितो यथा ॥२।९३॥

२ आक्रोशन्नाह्वयन्नन्यानाधावन्मण्डलैर्नदन्।
गा वारयति दण्डेन डिम्भ सस्यावतारणी ॥२।९४॥

३ स्वभावोक्तिश्च जातिश्चेत्याद्या सालंकृतिर्यथा ॥ काव्यादर्श २।८॥

४ नानावस्थं पदार्थानां रूपं साक्षाद् विवृण्वती ॥२।८॥

५ जाति क्रिया-गुण द्रव्य-स्वभावाख्यानमीदृशम्।

६ अत्र केचित् नानावस्थमित्यनेन एकावस्थवस्तुकथने न वैचित्र्यातिशय इति मामकारता।(प्रभा ११६)

उपसहार मे स्वभावोक्ति का महत्त्व प्रतिपादित किया गया है कि शास्त्र म इसी का साम्राज्य है और काव्य म भी यह ईप्सित[1] है। परिच्छेद के अत के सकेत से स्पष्ट है कि दण्डी के मत मे वाङ्मय के दो भद है—स्वभावोक्ति[2] तथा वक्रोक्ति। वक्रोक्ति श्लेषप्राया होती है इसकी अलकारता निस्सदिग्ध है। स्वभावोक्ति वस्तुस्वरूप का वणन है यह काव्य का एक आवश्यक आधार है।[3]

उदभट

भामह के अनुसार ही उदभट न स्वभावोक्ति का चलता हुआ वणन किया है। किसी पशु बालक आदि के किसी समुचित क्रिया[4] म प्रवृत्त होने पर स्वजात्यनुरूप व्यापार का वणन स्वभावोक्ति है। उदाहरण सरल तथा स्पष्ट है। वामन ने स्वभावोक्ति अलकार का वणन नही किया।

रुद्रट

कदाचित दण्डी से सहमत होत हुए रुद्रट ने स्वभावोक्ति का जाति[5] नाम से वणन किया है। इसका प्राण *अन्यथा-कथनम* है—

सस्थानावस्थानक्रियादि यद्यस्य यादृश भवति।
लोक चिरप्रसिद्ध तत्कथनमनन्यथा जाति ॥७।३०॥

मम्मट

'काव्यप्रकाश' म स्वभावोक्ति का वणन सरल तथा सक्षिप्त है और उदभट क अनुसार बालकादि की चेष्टाओ म इसका चमत्कार माना गया है—

---

१ शास्त्रष्वस्यव साम्राज्य काव्यष्वप्यतदीप्सितम् ॥२।१३॥

२ श्लेष सर्वासु पुष्णाति प्रायो वक्रोक्तिषु श्रियम।
भिन्न द्विधा स्वभावोक्तिर्वक्रोक्तिश्चेति वाङ्मयम ॥२।३६३॥

३ अग्निपुराण म स्वभाव तथा स्वरूप नाम हैं। इसके दो भद हैं—निज तथा आगन्तुक। स्वाभाविक वणन निज कहलाता है और नमित्तिक वणन आगन्तुक कहलाता है—

स्वभाव एव भावाना स्वरूपमभिधीयते।
निजमागन्तुक चेति द्विविध तदुदाहृतम् ॥
सासिद्धिक निज नमित्तिकमागन्तुक तथा ॥

४ क्रियाया सप्रवृत्तस्य हेवाकाना निबन्धनम।
कस्यचिन् मृगडिम्भादे स्वभावोक्तिरुदाहृता ॥ का सा० ३।५॥

५ भोज के अनुसार—
जाति अलकार का सौन्दय यह है कि कोई वस्तु स्वाभाविक रूप से नाना अवस्थाओ म जिस रूप म दिखलाई पडती है उसका उसी रूप म वणन हो। जाति का चमत्कार है वस्तु स्वभाव का प्रदर्शन। इसक अन्तगत वस्तु-स्वरूप वस्तु-सस्थान वस्तु अवस्थान वेष व्यापार आदि का समावेश हो जाता है।

स्वभावोक्तिस्तु डिम्भादे स्वक्रियारूपवर्णनम ॥१०।१११॥

रुय्यक

'सूक्ष्मवस्तु स्वभाव यथावद वणन स्वभावोक्ति ॥

भामह की आपत्ति को दूर करने के लिए सूक्ष्म विशेषण जोडा गया है। वृत्ति म स्पष्ट किया गया है— इह वस्तु स्वभाव वर्णनमात्र नालकार। तत्त्वे सति सव काव्यम अलकारि स्यात। न हि तत्काव्यमस्ति यत्र न वस्तुस्वभाववर्णनम्। तदथ सूक्ष्मग्रहणम। सूक्ष्म कवित्व मात्रस्य गम्य। (पृ० २२३)

जयदेव

चन्द्रालोक म स्वभावोक्ति का वणन भी सामान्य है—

स्वभावोक्ति स्वभावस्य जात्यादिषु च वर्णनम ॥५।११२॥'

विश्वनाथ

रुय्यक की शब्दावली से स्वभावोक्ति का लक्षण प्रभावित है—

स्वभावोक्ति दुरूहार्थ स्वक्रियारूपवर्णनम ॥१०।९३॥

हिन्दी के आचाय

दण्डी के अनुकरण पर केशवदास म स्वभावोक्ति का प्रथम वर्णन तो है परन्तु सक्षिप्त—

जाको जसा रूप-गुण कहिय ताही साज ॥९।८॥

देवकवि ने भी अलकारो म प्रथम वर्णन स्वभावोक्ति का किया है—

केवल जहा सुभाव विधि, दरसत रस आसन्न ॥

दास न स्वभावोक्ति के दो लक्षण दिये हैं एक तो केशव की शब्दावली म ही है—

सत्य-सत्य बरनन जहाँ सुभावोक्ति सो जानु ॥१७।३॥

जाको जसो रूप-गुन, बरनत ताही साज ॥१७।४॥

कन्हैयालाल पोद्दार ने मम्मट के अनुसार इस अलकार का वणन किया है और इसका खडन करने वाले राजानक कुन्तक से असहमति प्रकट की है। रामदहिन मिश्र भी इसी परम्परा म विश्वास रखत हैं।

उपसहार

स्वभावोक्ति अलकार काव्यशास्त्र म सर्वाधिक मतभेद का विषय रहा है। भामह और दण्डी के इस विषय को लेकर भिन्न भिन्न विचार थे। भामह के खडन का कुन्तक न बलपूर्वक

---

१ कुवलयानन्द का लक्षण है—
स्वभावोक्ति स्वभावस्य जात्यादिस्थस्य वर्णनम् ॥१६०॥

दुहराया, कुतक के अनुसार स्वभावोक्ति की सामग्री अलकाय है, अलकार नही। वक्रोक्तिवादी स्वभावोक्ति को अलकार नही मानते—

अलकारकृता येषा स्वभावोक्तिरलङ्कृति ।
अलकायतया तेषा किमन्यदवतिष्ठते ॥
शरीर चेदलङ्कार किमलकुरुते परम ।
आत्मैव नात्मन स्कन्ध क्वचिदप्यधिरोहति ॥

भामह का उत्तर दण्डी न दिया था और कुन्तक का महिमभट्ट ने। वस्तु के दो रूप होते है—सामान्यरूप एव विशिष्टरूप। विशिष्टरूप का ग्रहण कवि ही कर सकता है। स्वभावोक्ति अलकार मे इसी विशिष्टरूप का वणन है—

विशिष्टस्य च यदरूप तत प्रत्यक्षस्य गोचर ।
स एव सत्कविगिरा गाचर प्रतिभाभुवाम ॥

आधुनिक काल म रामच द्र शुक्ल ने अपनी सहमति कुतक के साथ प्रकट की है और स्वाभाविक चष्टाओ को आलवन के धम माना है।

स्वभावोक्ति के नाम हैं—स्वभावोक्ति तथा जाति। अग्निपुराण म इसको 'स्वरूप' भी कहा गया है। भामह के अनुसार तदवस्थत्व' इस सौन्दय का प्राण है, और दण्डी के अनुसार 'साक्षाद' इसकी आत्मा है। उदभट न इसके लक्षण म पशु बालक आदि की क्रिया को स्वभावोक्ति माना। रुद्रट तथा भोज ने इसके क्षेत्र का विस्तार किया है। रुय्यक ने कदाचित महिमभट्ट के समान सूक्ष्म' विशेषण जोड दिया जो विश्वनाथ म 'दुरूह' बन गया। इस प्रकार चेतन एव अचेतन के विशेष अर्थात कविप्रतिभाग्राह्य क्रिया व्यापार आदि को स्वभावोक्ति माना गया है। इसक भेदापभेदो की आवश्यकता ही नही हुई।

चतुथ अध्याय

‘काव्यालकार’ के तृतीय परिच्छेद मे अतिरिक्त विवेचित अलकार

१८ प्रेयस

भामह

काव्यालकार के ततीय परिच्छेद म जिन तेईस अलकारा का वणन है उनम पर्यायोक्त के व्यवधान से प्रथम चार अलकार प्रेय, रसवद, ऊजस्वि तथा समाहित हैं (पर्यायोक्त ‘ऊजस्वि तथा ‘समाहित के बीच म रख दिया गया है)।

प्रेय का लक्षण नही दिया गया पर तु महाभारत के एक प्रसग को अपनी भाषा म रखकर यह दिखलाया गया है कि प्रेय प्रीति की चमत्कारपूण अभिव्यक्ति है। गहागत कृष्ण से विदुर न कहा— ह गोवि द, जो प्रीति (आन द) मुझे आज आपके आने स प्राप्त हुई है वह कभी फिर आपके इसी प्रकार आने से ही प्राप्त होगी।[1] आन द की चमत्कारपूण अभिव्यक्ति होने के कारण यह प्रेयस् अलकार है।

दण्डी

काव्यादश मे प्रेय का लक्षण दिया गया है— प्रेय प्रियतराख्यानम, और उदाहरण वही दिया है जो भामह ने दिया था (काव्यादश २ २७६)। प्रय के दो उदाहरण हैं—एक (जो भामह ने दिया था) श्रोता की प्रीति का है दूसरा वक्ता का प्रीति प्रकाशन है।

उद्भट

अलकार का नाम प्रेयस्वत् है। रत्यादिक स्थायीभाव जहाँ अनुभावा के द्वारा[2] सूचित हा, वहाँ प्रेयस्वत् अलकार है। उदाहरण है—

---

१ यद्य या मम गोविन्द जाता त्वयि गृहागत।
कालेनैषा भवत्प्रीतिस्तवैवागमनात्पुन ॥३।५॥

२ रत्यादिकाना भावानामनुभावादिसूचनै ॥का०सा०स० ४।२॥

इय सुतवाल्लभ्यान्निर्विशेषा स्पृहावती ।
उल्लापयितुमारब्धा कृत्वम क्रोड आत्मन ॥

यहा 'आत्मन क्रोडे कृत्वा आदि के द्वारा रत्यात्मक स्थायीभाव सूचित होता है, जो वात्सल्य स्वभाव का होने के कारण रस नही बन पाता ।

वामन,रुद्रट तथा मम्मट ने इस अलकार का वणन नही किया। रुय्यक जयदेव विश्वनाथ तथा अप्पयदीक्षित इस अलकार का वणन 'रसवत अलकार के अनतर, उसी परम्परा मे करत हैं ।

केशवदास न प्रेय को तुकबन्दी के कारण 'प्रेम अलकार लिख दिया है और उसका वणन मनोभाव का निष्कपट वणन' मानकर किया है । देव कवि के अनुसार 'पिय प्रेय अति' (पृ० १६९) अलकार है। दासकवि 'प्रेयस का वणन 'रसवत के अनुसार रुय्यक की परम्परा' मे करत हैं।

उपसहार

भामह ने प्रेय अलकार का विवचन किया था दण्डी ने भामह का ही समथन किया। उदभट ने रसवत प्रेयस ऊजस्वि तथा समाहित अलकारो की एक स्थिर व्याख्या की जिसको सब उत्तर आचार्यों ने स्वीकार किया है। सब उत्तर आचाय इन चारो को अलकार नही मानते परन्तु जो इनको अलकार मानते हैं उनम इनके स्वरूप के विषय मे कोई मतभेद नही है।

१६ रसवद

भामह

रसवद् अलकार प्रच्छन्न शृगार आदि रस का चमत्कारपूर्ण[१] उदघाटन है। उदाहरण मे उस रानी का वणन है जो देवी बनकर मच पर आती है और अकस्मात् अपने मूल स्वरूप को प्रकट कर देती है।

दण्डी

रसवद के लिए दण्डी ने आठो[२] रसो के उदाहरण दिये हैं। उपसहार स यह स्पष्ट है कि रस का चमत्कारमय वणन ही रसवद अलकार है।

उदभट

प्रेयस्वत का सम्बन्ध स्थायीभाव से है रसवत का रस[३] से। प्रेयस्वत मे अनुभावो के द्वारा

---

१ रस भावादिक होत जहँ और और को अग ।
तह अपराग कहै कोऊ कोउ भूषन इति ढग ॥२।१॥

२ रसवदर्शितस्पष्टशृगारादिरस यथा ॥३।६॥

३ इह त्वष्टरसायत्ता रसवत्ता स्मता गिराम् ॥काव्यादर्श ।२।२९२॥

४ रसवद्दर्शितस्पष्टशृगारादिरसादयम् ॥का०सा ,४।३॥

स्थायीभाव सूचित होता है, रसवत् म रस की पूणता के लिए इसका पचरूप-वणन हाता है। पचरूप हैं—स्वशब्द, स्थायी, सचारी विभाव तथा अनुभाव। उद्भट न नौ रसा के सम्बन्ध म इसे स्वीकार किया है।

वामन, रुद्रट, मम्मट ने रसवत् को भी अलकार नही माना।

रुय्यक

रसवत प्रेय, ऊजस्वि तथा समाहित अलकारा का रुय्यक न एक साथ वणन किया है क्योकि इन चारा अलकारा म रस आदि का अलकारत्व है।

जहाँ रसादि विषय अग बनकर प्रयुक्त हो, वहाँ रसवत् अलकार है। भाव क अलकारत्व म प्रेय अलकार है। रसादि के अनौचित्य के कारण अलकारत्व म ऊजस्वि। रसादि के प्रशम म समाहित अलकार है। रुय्यक के शब्दो म—

'रत्यादिश्चित्तवृत्तिविशेषो रस। देवादिविषयश्च रत्यादिर्भाव। तदाभासो रसाभासो भावाभासश्च। आभासत्वम् अविषयप्रवृत्त्यानौचित्यम। तत्प्रशम उक्तप्रकाराणा निवतमानत्वेन प्रशाम्यदवस्था। एषामुपनिबन्ध क्रमेण रसवदादयोऽलकारा। रसा विद्यते यत्र निबन्धने व्यापारात्मनि तद रसवत्। प्रियतर प्रेयो निबन्धनमेव द्रष्टव्यम्। एवमूर्जो बल विद्यते तत्र तदपि निबन्धनमेव। अनौचित्यप्रवृत्तत्वादत्र बलयोग। समाहित परिहार। स च प्रकृतत्वाद उक्तभेदविषय प्रशमापरपर्याय।' (पृ० २३२ ३)

जयदेव

रुय्यक का अनुसरण करते हुए लगभग उसी शब्दावली में जयदेव ने रसवद आदि अलकारा का एक छद म वणन कर दिया है—

रस भाव तदाभास भावशान्तिनिबन्धना।
रसवत् प्रेय ऊर्जस्वित्-समाहितमयाभिधा ॥५।११७॥

विश्वनाथ

रसवत आदि का वणन रुय्यक की परम्परा मे उसी शब्दावली म है—

रस भावौ तदाभासौ भावस्य प्रशमस्तथा ॥
गुणीभूतत्वमायान्ति यदालकृतयस्तदा।
रसवत प्रेय ऊजस्वि समाहितमिति क्रमात ॥१०।९६॥

वृत्ति म कुछ बातें और भी स्पष्ट की गई हैं—प्रकृष्टप्रियत्वात प्रेय ऊर्जो बलम अनौचित्यप्रवृत्तौ तदत्रास्तीति ऊजस्वि समाहित परीहार।

अप्पय्यदीक्षित

रस भाव-तदाभास भावशान्तिनिबन्धना।

चत्वारो रसवत प्रेय ऊजस्वि च समाहितम ॥१७०॥

चन्द्रालोक' की शब्दावली का ही प्राय यथावत अनुकरण है।

हिन्दी के आचार्य

रसमय होय सु जानिये रसवत केशवदास ॥११।५३॥

रसवत रसनि उदात। (शब्दरसायन, पृ० १६९)

दासकवि ने रुय्यक आदि की परम्परा म रसवद आदि का वणन किया है। आधुनिक आचार्यों ने रसवत आदि का अलकार रूप म वर्णन नही किया।

उपसहार

उद्भट से पूर्व भामह-दण्डी ने रसवत का विवेचन किया था। उद्भट की वैज्ञानिक व्याख्या को उत्तर आचार्यों ने स्वीकार कर लिया और इन चारो अलकारो का एक साथ वणन किया।

रस भाव, आभास तथा प्रशम म क्रमश रसवत प्रेयस ऊजस्वि तथा समाहित अलकार होते हैं। रस जहाँ अगी न बनकर अग बन जाता है वहाँ रसवत है। इसी प्रकार भाव के अगत्व म प्रेयस अलकार है। रसाभास एव भावाभास के अगत्व म ऊजस्वित रस भाव के प्रशम म समाहित अलकार होता है। इनके स्वरूप म सब आचाय एकमत रहे हैं।

२० ऊजस्वि

भामह

ऊजस्वि अलकार का लक्षण नही दिया गया महाभारत के प्रसग के उदाहरण स स्पष्ट है कि भामह के मत म ऊजस्वि अपनी ऊर्जा (स्वाभिमान अथवा अहकार) की चमत्कारपूण अभिव्यक्ति है। कर्ण के बाण से जो सर्प अर्जुन पर छोडा गया था वह लौटकर आ गया और शल्य ने कर्ण स फिर उसी सर्प को छोडने के लिए कहा तो कर्ण न उत्तर दिया— क्या कर्ण दूसरी बार बाण सधान करता है? दण्डी ने भी ऊजस्वि' का लक्षण नही दिया केवल एक उदाहरण दिया है। (काव्यादर्श, २ २९३)

उदभट

प्रेयस्वत का सम्बन्ध स्थायीभाव से है, रसवत का रस स और ऊजस्वि का रसाभास तथा भावाभास से। उद्भट के अनुसार काम क्रोधादि के कारण अनौचित्य प्रवृत्त[1] रसो और भावो का वणन ऊजस्वि[2] है। यह लक्षण भामह के वणन की अपक्षा अधिक वैज्ञानिक तथा स्पष्ट है।

---

१ अनौचित्यप्रवृत्ताना कामक्रोधादिकारणात।
भावाना च रसाना च बन्ध ऊजस्वि कथ्यते ॥ का०सा स० ४।५॥

२ यत्र तु तन्निरूढत्व तन्मूललोकव्यवहारविरुद्धत्व च तद्विषयाणा रसभावानामुपनिबन्ध सत्यूर्जस्वित्वाव्य भवति। (वृत्ति पृ० ५४)

दूसरा एक नया रूप है जिसका अनुकरण हिन्दी के आचार्यों ने किया है—

पर्यायोक्त तदप्याहुयद् व्याजेनेष्टसाधनम् ॥६९॥

जगन्नाथ

विवक्षित अर्थ का किसी दूसरे प्रकार से प्रतिपादन पर्यायोक्त है—

विवक्षितार्थस्य भग्यन्तरेण प्रतिपादन पर्यायोक्तम्। (पृ० ५४७)

हिन्दी के आचार्य

केशवदास का लक्षण दण्डी का छायानुवाद है—

कौनहु एक अदृष्ट तें, अनही किये जु होय।
सिद्धि आपने इष्ट की, पर्यायोक्ति सोय ॥११।२९॥

'शब्द रसायन' में देव कवि ने निम्नलिखित वर्णन किया है—

पर्यायोक्ति सुचाहि कछु और कहै कछु और। (पृ० १६४)

दासकवि ने अप्पय्यदीक्षित के प्रभाव से दोनो लक्षण दिये हैं—

कहिय लक्षना रीति ल, कछु रचना सा बैन।
मिसु करि कारज साधिबो परजाजावित सु अन ॥१२।४१॥

कन्हैयालाल पोद्दार एवं रामदहिन मिश्र ने पर्यायोक्ति के दोनो प्रकारो का वर्णन किया है।

उपसंहार

पर्यायोक्ति अथवा पर्यायोक्त अलकार के विकास के दो चरण है—एक भामह से मम्मट तक दूसरा मम्मट से जगन्नाथ तक। मम्मट से पूर्व इसका स्वरूप अधिक स्पष्ट नही था—अन्य प्रकार से कथन पर्यायोक्त कहलाता था। मम्मट के अनुसार व्यग्यार्थ का अभिधा द्वारा प्रतिपादन पर्यायोक्ति है। रुय्यक ने कार्यमुखद्वारेणाभिधानम् को महत्त्व दिया अर्थात प्रस्तुत कार्यरूप वाचकत्व के द्वारा प्रस्तुत कारण की व्यग्यता का बोध पर्यायोक्त है।

पर्यायोक्त के दो रूप हैं। एक तो भामह से जयदेव तक होता हुआ उत्तर आचार्यों तक प्रचलित रहा दूसरा रूप अप्पय्य दीक्षित से विकसित होता है—व्याजेनेष्टसाधनम्। ये दोनो रूप उत्तर आचार्यों ने स्वीकार किये हैं। जगन्नाथ ने तीन रूपो का उल्लेख किया है।

पर्यायोक्ति मे वाच्यार्थ एव व्यग्यार्थ दोनो ही प्रस्तुत होते हैं परन्तु अप्रस्तुत प्रशसा मे वाच्यार्थ प्रस्तुत रहता है व्यग्यार्थ अप्रस्तुत।

२२ समाहित

भामह

समाहित का लक्षण नही दिया गया परन्तु उदाहरण से ज्ञात होता है कि किसी अर्थ के सम्पादन मे चमत्कारपूर्ण आकस्मिक दैवयोग का नाम समाहित है।

दण्डी

दण्डी का 'समाहित' भामह के 'समाहित' से किंचित्[1] भिन्न है। किंचित् कार्य को आरम्भ करते हुए दैववशात्[2] उस कार्य का सम्पादक साधनान्तर प्राप्त हो जाना समाहित है। उदाहरण स्पष्ट तथा सरल है—

मानमस्या निराकर्तु पादयोर्मे पतिष्यतः ।
उपकाराय दिष्टयतदुदीर्ण घनगर्जितम ॥२।२९९॥

उद्भट

प्रेयस्वत का सम्बन्ध स्थायिभाव से है रसवत का रस से, ऊर्जस्वि का रसाभास भावाभास से और समाहित का सम्बन्ध रसभाव रसाभास भावाभास की शान्ति से। भामह और उद्भट का समाहित एक ही है, दण्डी[3] के समाहित का रस के साथ उतना स्पष्ट सम्बन्ध नहीं है। लक्षण है—

रसभावतदाभासवृत्ते •प्रशमबन्धनम ।
अन्यानुभावनिःशून्यरूप यत्तत्समाहितम् ॥४।७॥

भामह के उदाहरण को दण्डी ने एक रूप दिया और उद्भट ने दूसरा। भामह के उदाहरण —क्षत्रियाएँ परशुराम को प्रसन्न करने जा रही थीं कि इतने में नारद उपस्थित हो गये— में दण्डी ने नारद की उपस्थिति को दैवी सहायता माना है और उद्भट ने आतंक भाव की शान्ति।

वामन रुद्रट तथा मम्मट ने 'समाहित' को अलंकार नहीं माना। रुय्यक, जयदेव, विश्वनाथ तथा अप्पय्यदीक्षित इसका वर्णन रसवत के साथ उसी परम्परा में करते हैं।

केशवदास ने दण्डी के लक्षण का छायानुवाद कर दिया है। दासकवि रसवत की परम्परा में समाहित का वर्णन करते हैं। आधुनिक कवि इसका अलंकार रूप में वर्णन नहीं करते।

उपसंहार

उद्भट में इन चार अलंकारों का वैज्ञानिक विवेचन प्रारम्भ होता है जिसका समस्त उत्तर आचार्यों ने अनुकरण किया है। आचार्यों का एक वर्ग ऐसा भी है जो इनको अलंकार नहीं मानता।

---

१ उत्तर आचार्यों ने इस चमत्कार को समाधि अलंकार माना है।

२ किंचिदारभमाणस्य कार्य दैववशात् पुनः ।
तत्साधनसमापत्तिर्या तदाहुः समाहितम् ॥ काव्यादर्श २।२९८॥

३ फॉर हिज फिगर समाहित इज नौट कनेक्टेड विद रस एट आल।
समाहित दर हिच इज नेम्ड बाई मॉडन राइटर्स एज समाधि।

२३ उदात्त

भामह

उदात्त के दो भेद हैं—आशय महत्त्व तथा विभूति-महत्त्व। प्रथम भेद का लक्षण नहीं दिया गया परन्तु उदाहरण से विदित होता है कि लोकोत्तर चरित का असामान्य वर्णन उदात्त का मुख्य रूप है। विभूतिमहत्त्व का लक्षण भी दिया गया है— नानारत्नादियुक्तम्।[1]

दण्डी

'काव्यादर्श' में भी उदात्त का यही लक्षण[2] है और दो ही भेद हैं जिनको आशयमाहात्म्य तथा अभ्युदयगौरव संज्ञाएँ दी गई हैं—

पूर्वत्राशयमाहात्म्यमत्राभ्युदयगौरवम्।
सुव्यञ्जितमिति प्रोक्तमुदात्तद्वयमप्यदः ॥२।३०३॥

उद्भट

भामह तथा दण्डी के अनुसार ही उद्भट ने उदात्त का लक्षण दिया है परन्तु एक सूक्ष्मता का प्रतिपादन किया है कि 'ऋद्धिमद्वस्तु' अथवा 'महात्मनां चरितम्' जो उदात्त के आधार हैं वे मुख्य इतिवृत्त'[3] के अंग न हों। यदि उपलक्षणताप्राप्त का अनुबंध न हो तो नेता के गुणों के प्रति भाव प्रकाशन रसवत् की सम्भावना प्रस्तुत कर सकता है। अतः उद्भट के लक्षण की विशेषता मान्य एवं सग्राह्य है। वामन तथा रुद्रट ने उदात्त का वर्णन नहीं किया।

मम्मट

उदात्तं वस्तुनः सम्पत्।

वस्तु की समृद्धि का वर्णन उदात्त अलंकार है। यह लक्षण भामह से प्रभावित है। आगे सूत्र में उद्भट के अनुसार प्रतिपादित किया गया है—

महतां चोपलक्षणम् ॥११५॥

किसी प्रधान वर्णनीय अर्थ में महापुरुषों का गौणत्व प्रदर्शन दूसरे प्रकार का उदात्त है। आगे के आचार्यों ने भामह-उद्भट मम्मट द्वारा वर्णित उदात्त के दोनों रूपों को स्वीकार किया है।

रुय्यक

उदात्त के वर्णन में मम्मट का प्रभाव है— समृद्धिमद् वस्तुवर्णनमुदात्तम्।

---

१ नानारत्नादियुक्तं यत्तत्किलोदात्तमुच्यते ॥३।१२॥
२ आशयस्य विभूतेर्वा यन्महत्त्वमनुत्तमम् ॥ काव्यादर्श २।३ ०॥
३ उदात्तमृद्धिमद्वस्तु चरितं च महात्मनाम्।
उपलक्षणतां प्राप्तं नेतिवृत्तत्वमागतम् ॥ का०सा० ४।८॥

यह अलंकार स्वभावोक्ति तथा भाविक का विपक्षी है, उन अलंकारों में यथावत वर्णन होता है — 'स्वभावोक्तौ भाविके च यथावद् वस्तुवर्णनम । तदविवक्षत्वेनारोपित वस्तु वर्णनात्मन उदात्तस्यावसर ।' (पृ० २३०)।

उदात्त का दूसरा रूप भी है—'अंगभूतमहापुरुषचरितं च ।'

जयदेव

उदात्त के दोनों प्रकारों के लक्षण चन्द्रालोक तथा 'कुवलयानन्द' में एक ही हैं—

उदात्तमृद्धिश्चरितं श्लाघ्यं चान्योपलक्षणम ॥५।११५॥

विश्वनाथ

इसी परम्परा में विश्वनाथ ने उदात्त का वर्णन किया है—

लोकातिशय सम्पत्तिवर्णनादात्तमुच्यते।
यद्वापि प्रस्तुतस्याङ्गं महतां चरितं भवेत ॥

हिन्दी के आचार्य

देव के अनुसार उदात्त अति सम्पत्ति में होता है।

संपति की अत्युक्ति का, सुकवि कहै उदात्त।
जहँ उपलक्षण बडेन्ह को, ताहू की यह बात ॥ (काव्यनिर्णय, ११,३२)

कन्हैयालाल पोद्दार (पृ० ४१३) ने भी उदात्त के दोनों रूपों का वर्णन किया है।

उपसंहार

उदात्त का स्वरूप एवं दोनों प्रकार भामह से प्रचलित होकर अन्त तक उसी रूप में चलते रहे। उद्भट ने इस अलंकार को वैज्ञानिक स्वरूप प्रदान किया और समस्त उत्तर आचार्यों ने उसका यथावत ग्रहण कर लिया। इसके दो रूप बड़े विचित्र हैं—एक वस्तु-समृद्धि को आधार बनाता है दूसरा व्यक्ति-समृद्धि को। प्रायः सभी आचार्यों ने उदात्त का अलंकार रूप में वर्णन किया है।

२४ श्लिष्ट

भामह

श्लिष्ट का वर्णन सात श्लोकों में है। गुण क्रिया अथवा नाम के द्वारा उपमान के साथ उपमेय की तत्त्व-साधना[1] श्लिष्ट है। रूपक अलंकार पर भी यह लक्षण सिद्ध होता है, परन्तु

---

१ उपमानेन यत्तत्वमुपमेयस्य साध्यते ।
गुणक्रियाभ्यां नाम्ना च श्लिष्टं तदभिधीयते ॥३।१४॥

अन्तर यह है कि रूपक में भिन्न श्लिष्ट अलंकार में उपमानोपमेय की तत्त्व-साधना युगपद्[1] होती है, अर्थात् एक ही शब्द उपमानोपमेय की समता प्रतिपादित करता है।

श्लिष्ट अलंकार का आधार अर्थ तथा उसको अभिव्यक्त करने वाले शब्द का श्लेष[2] है, जो इसको रूपक से भिन्न सिद्ध करता है। श्लिष्ट में सहोक्ति उपमा अथवा हेतु[3] का तत्त्व विद्यमान रहता है। भामह ने तीन उदाहरण दिये हैं। एक में सहोक्ति अथवा समुच्चय का स्पर्श है, श्लिष्ट विशेषणों के साथ आधार-वाक्य है— गाम्भीर्यमहाशैलपरपाभेर भूनय जो उपमानोपमेय का साथ-साथ वर्णन करता है। दूसरे उदाहरण में उपमा का स्पर्श है, आधार-वाक्य है— शमयन्त शितस्ताप सुराजाना घना इव। तीसरे उदाहरण में हेतुनिर्देश है, अन्तिम चरण है— बहुसत्त्वाश्रयत्वाच्च सदृशास्त्वनुदन्वता। (३।२०)

दण्डी

अनेकार्थ एकरूपान्वित[4] वचन को श्लिष्ट कहते हैं। इसके मुख्य दो रूप हैं—अभिन्नपद तथा भिन्नपद। अभिन्नपद अभङ्गश्लेष है तथा भिन्नपद सभङ्गश्लेष है। काव्यादर्श में श्लेष के सात भेदों का वर्णन किया गया है—अभिन्नक्रियाश्लेष, अविरुद्धक्रियाश्लेष, विरुद्धकर्माश्लेष, नियमवान्श्लेष, नियमाक्षेपरूपोक्तिश्लेष, अविरोधीश्लेष तथा विरोधीश्लेष।

अभिन्नक्रियाश्लेष में एकक्रियात्व आधार है। 'दृशो दूत्यश्च कर्षन्ति कान्ताभि प्रेषिता प्रियान्' उदाहरण में कर्षन्ति क्रिया दृष्टि तथा दूती दोनों पक्षों में प्रयुक्त होती है और वक्रा स्वभावमधुरा आदि श्लिष्ट विशेषणों को सार्थक बनाती है। 'अविरुद्धक्रियाश्लेष' में क्रियाएँ अलग-अलग होती हैं परन्तु उनका पारस्परिक विरोध नहीं होता—उनकी एककालीनत्वसम्भावना[5] होती है।

विरुद्धकर्मा अथवा विरुद्धक्रियाश्लेष में श्लिष्टार्थ को प्रसारित करने वाली क्रियाएँ अलग अलग भी होती हैं और परस्पर विरुद्ध भी—

> रागमादर्शयन्नेष वारुणीयोगवर्धितम्।
> तिरोभवति घर्माशुरङ्गजस्तु विजृम्भते ॥२।३१८॥

इस उदाहरण में वारुणीयोगवर्धितम तथा रागमादर्शयन् पदों का श्लेष परस्पर विरोधी तिरोभवति तथा विजृम्भते क्रियाओं पर आधारित है।

नियमवान् श्लेष आधुनिकों की परिसंख्या है जो काव्यादर्श में अलग अलंकार नहीं माना

---

१ लक्षण रूपकेऽपीद स यते नाममात्र त।
इष्ट प्रयोगो युगपदुपमानोपमेययो ॥३।१५॥
२ श्लेषादेवार्थवचसोरस्य च क्रियते भिदा ॥३।१७॥
३ तत्सहोक्त्युपमाहेतुनिर्देशात्त्रिविध यथा ॥३।१७॥
४ श्लिष्टमिष्टमनेकार्थमेकरूपान्वित वच ॥ काव्यादर्श २।३१ ॥
५ वक्रा स्वभावमधुरा शस यो रागमुल्वणम्।
दृशोदूत्यश्च कर्षन्ति कान्ताभि प्रेषिता प्रियान् ॥२।३१६॥

गया। यदि नियमवान श्लेप पर 'अथवा' आदि पदो के प्रयोग स आक्षेप कर दिया जाय तो 'नियमाक्षेपरूपोक्ति' श्लेप का उदाहरण बन जाता है—

पदमानामेव दण्डेपु कण्टकस्त्वयि रक्षति।
अथवा दृश्यत रागिमिथुनालिङ्गनेप्वपि ॥२।३२०॥

अविरोधीश्लेप म श्लिष्टपदयुगल म विरोध नही रहता, इसके विपरीत विरोधीश्लेप है। विरोधीश्लेप का उदाहरण है—

अच्युतोप्यवृपच्छेदी राजाप्यविदितक्षय ।
देवोप्यविबुधा जने शकरोप्यभुजङ्गवान ॥२।३२२॥

श्लेप प्राय किसी-न किसी अलकार का अग बनकर आता है। अभिन्न क्रिया अविरुद्ध-क्रिया तथा विरुद्ध क्रिया श्लेप मे प्राय तुल्ययोगिता अथवा क्रियादीपक, नियमवान तथा नियमाक्षेप रूपोक्ति म परिसख्या तथा विरोधी श्लेप मे प्राय विरोधाभास अलकार पाया जाता है। श्लेप प्राय उन सभी अलकारा के सौदय मे वृद्धि करता है जो वक्रोक्ति' के कारण[1] आकपक लगते हैं।

उदभट

उस वध का श्लिष्ट कहत हैं जो (१) एक प्रयत्नोच्चाय (भिन्नाथक) हो, अथवा (२) एकप्रयत्नोच्चायता की छाया[2] से युक्त परन्तु स्वरितादि के कारण वस्तुत भिन्न हो। दो प्रकार के पदा पर आश्रित, अलकारान्तरगता प्रतिभा का प्रकाशक यह सौदय, अथ और शब्द के कारण, दो[3] प्रकार का है। श्लेप का यह लक्षण पूर्वाचार्यो के लक्षणो से अधिक स्पष्ट, वज्ञानिक एव सूक्ष्म है, उत्तर आचार्यो की विचारणीय समस्याओ का यह सूत्रपात है।

यदि एक पद के दा अथ हैं तो उदभट प्रत्यक अथ स युक्त पद को एक अलग पद मानते हैं, यद्यपि उसम ठीक वही उच्चारण तथा ठीक वे ही वण हैं। कुछ पद एसे होते है जिनके दोना अथ भी समान हैं परन्तु कुछ ऐस होते है जिनम स्वरित, व्यजन प्रयत्न आदि के कारण अतर आ जाता है। जब पद रूप नितात समान है तो पद का एक बार प्रयोग होने पर दो अलग-अलग अर्थो का द्योतन होना है, ऐसे श्लेप को *अथश्लेय* कहते है। परन्तु जब स्वरित आदि के कारण पद रूपा मे अन्तर होता है तो उसे शब्दश्लेप कहत हैं। उदभट ने प्रथम बार श्लेप का वर्गीकरण अथश्लेप तथा शब्दश्लप म किया है।

श्लिष्ट का अलकारत्व किसी अन्य अलकार की चित्रणा के साथ आता है। अर्थात श्लिष्ट क

---

१ श्लेष सर्वासु पुष्णाति प्रायो वक्रोक्तिष श्रियम् ॥ काव्यादर्श २।३६३॥

२ एकप्रयत्नोच्चार्याणा तच्छाया चव बिभ्रताम् ।
स्वरितादिगुणर्भिन्नबन्ध श्लिष्टमिहोच्यते ॥ का०सा०स० ४।६॥

३ अलकारान्तरगता प्रतिभा जनयत्पद ।
द्विविधरथशब्दोक्तिविशिष्ट तत्प्रतीयताम् ॥ का०सा०स०, ४।१०॥

साथ किसी अन्य अलकार का अस्तित्व निश्चित है श्लिष्ट का स्वतन्त्र अवकाश नही होना, परन्तु दूसरे अलकारो का होता है। अत जहाँ श्लिष्ट विद्यमान है वहाँ अन्य अलकार की उपेक्षा करके श्लिष्ट को मुख्यता देनी चाहिए (अनेननानवकाशत्वात स्वविषय अलकारान्तराण्य पोहन्ते तेषा विषयान्तरे सावकाशत्वात्)।

श्लिष्ट के विषय मे उद्भट की उपलब्धियाँ महत्त्वपूर्ण हैं। (१) श्लिष्ट का विभाजन वज्ञानिक है और शब्दश्लिष्ट तथा 'अर्थश्लिष्ट भद अत्यन्त स्पष्ट हैं। (२) श्लेष तथा अन्य अलकार जहाँ साथ-साथ विद्यमान हो वहाँ श्लेष की मुख्यता मिलती है।

वामन

स धर्मेषु तन्त्रप्रयोगे श्लेष ॥४,३ ७॥

भामह के समान वामन ने भी रूपक को दृष्टि म रखकर श्लेष का लक्षण बनाया है। एक बार उच्चारण से अनेक अर्थों का बोध तन्त्र है। तन्त्रप्रयोग स उपमान और उपमेय[१] के गुण, क्रिया और शब्दरूप धर्मों म तत्त्वारोप श्लेष कहलाता है। भामह की गुण क्रिया तत्त्व तथा 'अर्थवचस अभिव्यक्तियाँ भी यहाँ ग्रहण कर ली गइ। उद्भट स एकप्रयत्नोच्चार्यता तथा 'अर्थशब्दोक्ति विशेषताएँ भी वामन म आ गइ। उदाहरण एकमात्र तथा सरल है।

रुद्रट

शब्दश्लेष का वणन है अर्थश्लेष का एक अलकार के रूप म नही। दशम अध्याय 'अर्थश्लेष' का अध्याय है, जिसके अन्तगत अनेक श्लेपाधत अलकार हैं, अर्थश्लेष मात्र का स्वतन्त्र अलकार रूप से विवेचन नही है। रुद्रट के श्लेष पर अन्यत्र यथास्थान विचार किया गया है।

मम्मट

श्लेष स वाक्य एकस्मिन यत्रानेकार्थता भवेत ॥९६॥
एकार्थप्रतिपादकानामेव शब्दाना यत्रानेकोऽर्थ स श्लेष।

श्लेष का वणन अत्यन्त सक्षिप्त एव वज्ञानिक है इसके भेदो का वणन नही है।

रुय्यक

'विशेष्यस्यापि साम्ये द्वयोर्वोपादाने श्लेष।

जहाँ केवल विशेषणसाम्य हो वहाँ समासोक्ति अलकार का चमत्कार है। विशेष्ययुक्त विशेषणसाम्य श्लेष का विषय है।

जहाँ उदात्तादि स्वर भेद मे और प्रयत्न भद स 'शब्दान्यत्व होता है वहाँ शब्दश्लेष माना

---

१ उपमानोपमेयस्य धर्मेषु गुणक्रियाशब्दरूपेषु स तत्त्वारोप। तन्त्रप्रयोग सकृदुच्चारणे सति श्लेष। (वृत्ति)

जाता है, इसम प्राय पदभग होता है। अथश्लेष मे स्वरादि का भेद नही होता और पदभग भी नही होता।

श्लेषगभ रूपक म श्लेष का उपयोग रूपक के लिए है, इसलिए मुख्य अलकार रूपक है। श्लिष्ट विशेषण निबधना समासोक्ति म विशेष्य गम्य होता है, इसलिए समासोक्ति मुख्य अलकार है, श्लेष गौण।

जयदेव

श्लेष के 'चन्द्रालोक' म तीन भेद हैं—खण्डश्लेष भगश्लेष तथा अथश्लेष। अथश्लेष का लक्षण है—'अथश्लेषोऽयमात्रस्य यद्यनकायसश्रय' ॥५।६५॥

अथश्लेष म केवल अथ का ही अनक पदार्थों के साथ सम्बध बतलाया जाता है। उदाहरण स स्पष्ट है कि पर्यायवाची शब्दा के परिवतन म भी अथभेद बना रहे तो अथश्लेष का चमत्कार माना गया है।

विश्वनाथ

मम्मट के अनुकरण पर श्लेष का सक्षिप्त वणन उसी शब्दावली म है—

शब्द स्वभावादेकार्थं श्लेपोऽनेकाथवाचनम ॥१०।५८॥

स्वभावादेकार्थं' इति शब्दश्लेषाद व्यवच्छेद । वाचनम इति च ध्वने । (पृ० ३८२)

अप्पय्यदीक्षित

नानाथसश्रय श्लेषा वण्यावर्ण्योभयाश्रित ॥६४॥

चित्रमीमासा' म इसका विस्तृत विवेचन है। परन्तु कुवलयानन्द म श्लेष (अथश्लेष) का सामान्य वणन है।

जगन्नाथ

एक श्रुति से अनक अर्थो के प्रतिपादन को श्लेष कहत हैं— श्रुत्यकयानकाथ प्रतिपादनम् श्लेष (पृ० ५२३)। सभगश्लेष शब्दालकार एव अभगश्लेष अर्थालकार है।

हिन्दी के आचाय

केशव, देव दास आदि समस्त आचार्यों ने श्लेष का वणन शब्दालकार प्रसग म किया है। कन्हैयालाल पोद्दार ने शब्दालकार श्लेष का वणन अलग (पृ० ७८) किया है और अर्थालकार श्लेष का 'अथश्लेष नाम से अलग (पृ० २५७)।

उपसहार

श्लिष्ट अथवा श्लेष अत्यधिक महत्त्वपूर्ण एव विवादास्पद अलकार ह। इसका प्रथम विव

चन भामह ने किया था। भामह की दृष्टि म 'अथ एव उसको अभिव्यक्त करने वाले शब्द श्लेष के आधार है। आचार्यो न शब्दश्लेष एव अथश्लेप अलग-अलग तो माने हैं, परन्तु उनकी कसौटी पर सब सहमत नही हैं।

शब्दश्लेप एव अथश्लेप के अन्तर के कुछ स्थूल आधार हैं। शब्दश्लेप अनेकाथक शब्दा के प्रयोग पर निभर है अत पर्यायवाची शब्द बदलने पर श्लेप नही रहता। इसके विपरीत अथश्लेप एकाथक शब्दा क प्रयाग पर निभर है और पर्यायवाची शब्द रख दन पर भी वह नष्ट नही होता। मम्मट ने भेदो का नही परन्तु श्लेप के शाब्द एव आथ रूपो का प्रतिपादन किया है।

भामह, दण्डी आदि प्राचीन एव रुय्यक, जगन्नाथ आदि नवीन आचाय श्लेप को अर्थालकार भी मानते हैं। रुय्यक के अनुसार सभगपद श्लेष शब्दालकार है परन्तु अभगपद श्लेष केवल अर्थालकार। रुद्रट ने शब्दश्लेप एव अथश्लेप का विवेचन अलग-अलग अध्यायो म किया है। व्रजभाषा के आचाय प्राय शब्दश्लेष को ही महत्त्व देते रहे हैं, खडी बोली के आचार्यों ने शब्द श्लेष तथा अथश्लेप अलकारो का अलग-अलग विवेचन किया है यद्यपि महत्त्व शब्दश्लेष को ही प्रदान किया है।

२५ अपह्नुति

भामह

अपह्नुति म भूताथ[1] (उपमय) का निषेध रहता है इसमे कुछ उपमा-तत्त्व[2] अन्तर्निहित रहता है। उपमा का सौंदय अपह्नुति क सौंदय म विलीन हो जाता है। उदाहरण सरल तथा स्पष्ट है।

दण्डी

दण्डी के अनुसार प्रकृत के गुणक्रियादिरूप धम को छिपाकर[3] धर्मान्तररूपारोप्यमाण अय अथ का कथन अपह्नुति का सामान्य रूप है जिसका उदाहरण है—

न पञ्चेषु स्मरस्तस्य सहस्र पत्रिणामिति ॥२।३०४॥

अपह्नुति के मुख्य भेद दो हैं— विषयापह्नुति तथा स्वरूपाह्नुति। विषयापह्नुति म वर्ण्य के निषेध्य तथा आरोप्य दोनो धर्मों का वणन होता है, उदाहरण म—चन्दन आदि विरहिणी के लिए अग्निमय हैं, साथ ही अय जनो के लिए शीतल भी हैं—

चन्दन चन्द्रिका मन्दो गन्धवाहश्च दक्षिण।
सेयमग्निमयी सृष्टिर्मयि शीता परान् प्रति ॥२।३०५॥

---

१ भूतार्थापह्नवादस्या क्रियते चाभिधा यथा ॥३।२१॥

२ अपह्नुतिरभीष्टा च किंचिदन्तर्गतोपमा ॥३।२१॥

३ अपह्नुतिरपह्नुत्य किंचिदन्यार्थदर्शनम् ॥ काव्यादर्श २।३०४॥

इसके विपरीत स्वरूपापह्नुति में धर्म का निषेध करके धर्मान्तर[1] का आरोप होता है।

उपमापह्नुति की चर्चा करते हुए दण्डी ने लिखा है कि इसका उपमा के सम्बन्ध में दिखाया जा चुका है। उपमा के अनेक भेदों में से बीसवाँ भेद प्रतिषेधोपमा (श्लोक-संख्या 34) है। उदाहरण है

न जातु शक्तिरिन्दोस्ते मुखेन प्रतिगर्जितुम्।
कलंकिनो जडस्येति प्रतिषेधोपमैव सा ॥2।34॥

यहाँ औपम्यचारुता[2] प्रधान है, इसलिए मुख्य अलंकार उपमा माना जायगा।

उद्भट

भामह के लक्षण को ही उद्भट ने स्वीकार किया है परिवर्तन कुछ पदों का ही है, अर्थ अथवा भाव का नहीं। "अपह्नुति में उपमा अथवा सादृश्य अन्तर्निहित रहता है, कविजन भूतार्थ (उपमेय) के निषेध[3] द्वारा इस सौंदर्य की योजना करते हैं। अपह्नुति का आधार उपमानोपमेय भाव है भामह तथा दण्डी दोनों ने इस पर बल दिया है, परन्तु दण्डी ने इस विशेषता की उपेक्षा कर दी है। उत्तर आचार्यों ने भामह का ही अनुकरण किया है और अपह्नुति के दो अङ्ग माने हैं—(1) उपमानोपमेयभाव तथा (2) उपमेय का अपह्नव।

वामन

समेन वस्तुनाऽन्यापलापोऽपह्नुति ॥4 3,5॥

सम अर्थात् तुल्य वस्तु अर्थात् वाक्यार्थ से अन्य वाक्यार्थ का अपलाप[4] (निषेध) अपह्नुति है। रूपक में पदार्थों का सादृश्य तादृरूप्य होता है, अपह्नुति में वाक्यार्थ के तात्पर्य से।[5] वामन ने एक उदाहरण दिया है।

रुद्रट

अतिसाम्य के कारण विद्यमान उपमेय को अविद्यमान रूप में और उपमान को विद्यमान रूप में वर्णन अपह्नुति है। यह लक्षण भामह-उद्भट की परम्परा में है, तथापि सदोष है।

---

1 रविचन्द्रवमेवेदी निवर्त्यान्तिरात्मता ॥2।307॥

2 अत्र औपम्यमूलभूतगुणातिशयस्यापिकेयमपह्नुति औपम्यचारुताया विकासयित्री इति तदङ्गभूता। (प्रभा, 291)

3 अपह्नुतिरभीष्टा च किंचिदन्तर्गतोपमा।
भूतार्थापह्नवेनास्या निबन्धः क्रियते बुधैः ॥ का०सा०सं० 5।3॥

4 समेन तुल्येन वस्तुना वाक्यार्थेनाऽन्यस्य वाक्यार्थस्य अपलापो निह्नवो यस्तत्त्वाभ्यारोपणाय असावपह्नुतिः। (वृत्ति)

5 वाक्यार्थयोस्तात्पर्यात् तादृरूप्यमिति न रूपकम्। (वृत्ति)

त्व विस विसमय-कोमल-सकलावयवा विनाशिनी मया।
आ्र्यति जाना नयनानि सिताशुलगन ॥८।५८॥

नमिसाधु को इस उदाहरण पर व्याख्या भी प्राप्त है। 'अत्रातिगाढ़त्वाद् विलासिनी मुखमेयमपह्नुत्य शशिलेखाया उपमानस्यव सद्भाव कथित। वस्तुत यह उदाहरण उपमालंकार का बन गया इसम अपह्नुव तो है ही नहीं। रुद्रट तथा नमिसाधु अपह्नुति का पृथक्त्व उत्प्रेक्षा के साथ प्रदर्शित करते हुए उसी उदाहरण को उपमा के पास ले गये हैं।

मम्मट

प्रकृत यन्निषिध्यान्यत् साध्यते सा त्वपह्नुति।"

अर्थात् 'उपमेयम् असत्य कृत्वा उपमान सत्यतया यत् स्थाप्यत सा त्वपह्नुति। 'काव्यप्रकाश' म इसके भेदों का वर्णन नहीं है परन्तु तीन उदाहरण हैं जिनम स एक शाब्द अपह्नुव का है दूसरा आर्थ अपह्नुव का ('छलन' के प्रयोग स), तीसरे म आर्थ अपह्नुव 'परिणमति' क्रिया के प्रयोग से है—

शिखा धूमस्येय परिणमति रामावलिवपु।

रुय्यक

विषयस्यापह्नवेऽपह्नुति।

इस अलंकार के तीन रूप हैं—अपह्नवपूर्वक आरोप, आरोपपूर्वक अपह्नव तथा छल आदि शब्दों के प्रयोग से अपह्नवनिर्देश। मम्मट के समान ही तृतीय रूप के दो उदाहरण दिये हैं—एक छल का दूसरा मम्मट का ही उदाहरण 'परिणमति' क्रिया का।

जयदेव

अतथ्यमारोपयितु तथ्यापास्तिरपह्नुति ॥५।२४॥

अतथ्य का आरोप करने के लिए तथ्य का निषेध (अपास्ति) अपह्नुति है। पर्यस्तापह्नुति म धर्मी की विद्यमानता[1] म धर्ममात्र का निषेध होता है। भ्रान्तापह्नुति एक पदार्थ म दूसरे पदार्थ के सन्देह[2] का निवारण करता है। छेकापह्नुति शंका के कारण[3] सत्य के गोपन में है। कैतव[4], छल आदि पदों के प्रयोग से वस्तु का गोपन कैतवापह्नुति है।

---

१ उत्प्रेक्षायां व्याजादिशब्दैरुपमेयस्य सत्त्वमप्युच्यते इह तु सत्त्वमपह्नूयत इति विशेष।(नमिसाधु पृ० १११)

२ पर्यस्तापह्नुतिर्यत्र धर्ममात्र निषिध्यते ॥५।२५॥

३ भ्रान्तापह्नुतिरन्यस्य शंकया तथ्यनिर्णये ॥५।२६॥

४ यह दण्डी की तत्त्वाख्यानोपमा है।

५ छेकापह्नुतिरन्यस्य शंकया तथ्यनिह्नवे ॥५।२७॥

६ कैतवापह्नुतिर्व्यक्तौ व्याजाद्यैर्निह्नुते पद ॥५।२८॥

विश्वनाथ

मम्मट के अनुकरण पर लक्षण एवं रुय्यक के अनुकरण पर वृत्ति है—

प्रकृत प्रतिषिध्यान्यस्थापनं स्यादपह्नुतिः ।

इयं द्विधा । क्वचिद् अपह्नवपूर्वक आरोपः । क्वचिद् आरोपपूर्वकोऽपह्नवः ।

गोपनीयं कमप्यर्थं द्योतयित्वा कथंचन ।

यदि श्लेषेणान्यथा वान्यथयेत् साऽप्यपह्नुतिः ॥१०।३९॥

यह दूसरा लक्षण छेकापह्नुति का है। इसका स्वरूप वृत्ति में स्पष्ट कर दिया गया है—'वक्रोक्तौ परोक्तेः अन्यथाकारः इह तु स्वोक्तेरेवेति भेदः ।

अप्पय्यदीक्षित

जयदेव के अनुसार ही अपह्नुति में छह भेदों का वर्णन है—

(क) शुद्धापह्नुतिरन्यस्यारोपार्थो धर्मनिह्नवः ॥२६॥

(ख) स एव युक्तिपूर्वश्चेदुच्यते हेत्वपह्नुतिः ॥२७॥

(ग) अन्यत्र तस्यारोपार्थः पर्यस्तापह्नुतिस्तु सः ॥२८॥

(घ) भ्रान्तापह्नुतिरन्यस्य शंकायां भ्रान्तिवारणे ॥२९॥

(ङ) छेकापह्नुतिरन्यस्य शंकातस्तथ्यनिह्नवे ॥३०॥

(च) कैतवापह्नुतिर्व्यक्तौ व्याजाद्यैर्निह्नुते पदैः ॥३१॥

यहाँ हेत्वपह्नुति जयदेव से अधिक है। अन्यत्र इसका वर्णन भिन्न प्रकार से है—

प्रकृतस्य निषेधेन यदन्यत्वप्रकल्पनम् ।

साम्यादपह्नुतिर्वाक्यभेदाभेदवती द्विधा ॥ (चित्रमीमांसा)

अत्र वाक्यभेदेऽपह्नवपूर्वक आरोपः आरोपपूर्वकापह्नवश्चेति द्वैविध्यम् ।

जगन्नाथ

उपमेयतावच्छेदक (मुखत्व आदि) के निषेध को साथ रखते हुए आरोपित किया जानेवाला उपमान का तादात्म्य अपह्नुति है । यथा—'उपमेयतावच्छेदकनिषेधसामानाधिकरण्येन आरोप्यमाणमुपमानतादात्म्यम् अपह्नुतिः । (पृ० ३६६)

हिन्दी के आचार्य

निज हित अर्थ छपाइ कैं कहै अपह्नुति आन । (शब्दरसायन, पृ० १७०)

दासकवि ने दीक्षित के अनुसार छह भेदों का वर्णन है—

धर्म, हेतु, परजस्त, भ्रम, छेक, कैतवहि देखि।

वाचक एक नकार है, सबमें निह्नव लेखि ॥९।२४॥

कन्हैयालाल पोद्दार ने केवल चार भेदों (हेतु, पर्यस्त, भ्रान्त, छेक) का, परन्तु रामदहिन

मिश्र ने सात (शुद्ध, कैतव, हेतु, भ्रान्त, पयस्त, छेक, विशेप) भेदो का वर्णन किया है।

उपसहार

अपह्नुति का प्रथम विवेचन भामह ने किया था। उसके अनुसार 'अपह्नव तथा 'किंचिदन्त गतोपमा इस सौन्दय के मुख्य तत्त्व हैं। दण्डी ने उपमातत्त्व की उपेक्षा कर दी परन्तु आचार्यों ने भामह का अनुसरण किया, दण्डी का नही।

मम्मट ने अपह्नुति के दो भेद शाब्दी एव आर्थी बतलाये थे। जयदेव ने चार भेदो का निरूपण किया और दीक्षित ने छह भेदो का। हिन्दी के आचार्यों ने दीक्षित के ही भेदो को प्राय स्वीकार कर लिया है।

रुय्यक ने अपह्नुति की व्याख्या मे 'आरोप' शब्द का प्रयोग किया था। तथापि अपह्नुति रूपक से भिन्न है। रूपक का आरोप निपेध रहित होता है और अपह्नुति का निपेध-सहित रूपक का लक्षण ही निपेध रहित आरोप के रूप मे किया गया है।

अपह्नुति का एक भेद छेकापह्नुति बडा लोकप्रिय रहा है। इसम अपनी उक्ति का ही दूसरा अथ कल्पित किया जाता है जब कि वक्रोक्ति मे दूसरे की उक्ति का दूसरा अथ कल्पित होता है।

२६ विशेपोक्ति

भामह

किसी वस्तु के एक गुण की समाप्ति[1] हो जाने पर अन्य गुण विद्यमान रहकर और भी विशेपता प्रतिपादन करे तो वह सौन्दय विशेपोक्ति है।

सा एकस्त्रीणि जयति जगन्ति कुसुमायुध ।
हरतापि तनु यस्य शम्भुना न हृत बलम ॥२४॥

(वह कुसुमायुध एकाकी ही तीनो श्लोको को जीत लेता है, शरीर हरण करते हुए भी भगवान शिव ने जिसके बल का हरण नही किया)।

यह उदाहरण काव्यप्रकाश मे अचिन्त्यनिमित्ता विशेपोक्ति के उदाहरणरूप म उदधृत किया गया है और साहित्यदपण मे अचिन्त्यनिमित्ता भेद न रहने के कारण अनुक्तनिमित्ता विशेपोक्ति का उदाहरण बनकर आया है।

दण्डी

वण्य की विशेपता दिखाने के लिए गुण-जाति क्रियादि का जहाँ कायसिद्धि म निष्फलत्व प्रतिपादन किया जाय वहाँ विशेपोक्ति है। दण्डी का यह लक्षण भामह के लक्षण स भिन्न नही

---

१ एकदेशस्य विगमे या गुणान्तरसंस्थिति ।
विशेपप्रथनायासौ विशेपोक्तिमता यथा ॥३।२३॥

है। उदाहरण गुण-वकल्य[1], जातिवकल्य, क्रियावकल्य तथा द्रव्यवकल्य के दिये गये हैं। प्रत्येक उदाहरण निषेधात्मक वाक्य मे समन्वित किया गया है (जिसकी कोई आवश्यकता प्रतीत नही होती), अन्यथा भामह का सामान्य उदाहरण दण्डी के गुणवकल्य का उदाहरण माना जा सकता है।

अन्त म एक विशेष रूप 'हेतुविशेषोक्ति' का भी वणन है—

एकचक्रो रथो यन्ता, विकला विषमा हया ।
आक्रामत्येव तेजस्वी, तथाप्यर्को नभस्तलम् ॥२।३२८॥

इस उदाहरण म 'तेजस्वी' विशेषण हेतु का आधार है।

उद्भट

समग्र[2] शक्तिया (कारणा) के विद्यमान रहने पर भी, विशेषता प्रतिपादन के निमित्त फल की अनुत्पत्ति का वणन विशेषोक्ति है। विशेषाक्ति के दो भेद हैं— (१) फलानुत्पत्ति का निमित्त[3] दिखलाया गया हो, (२) फलानुत्पत्ति का निमित्त अदर्शित हो।

उद्भट का लक्षण भामह के लक्षण से व्याख्या म भिन्न तथा अधिक वज्ञानिक है। उत्तर कालीन आचार्यों विशेषत मम्मट,ने उद्भट को ही आधार बनाया है। कायकारणभाव तथा फलानुत्पत्ति—विशेषाक्ति के दोना अग—यहाँ लक्षण म स्पष्ट हा गये हैं।

वामन

एक गुण की हानि (न्यूनता) की कल्पना[4] पर शेष गुणो से साम्य की दृढता का वणन विशेषोक्ति है। यह रूपक-तुल्य[5] होता है।

वामन का यह लक्षण नवीन आचार्यों के लक्षण स तो भिन्न है ही, पूर्वाचार्यों के लक्षण से भी नही मिलता। भामह के लक्षण का विस्तार उद्भट ने किया था जिससे प्राय समस्त नवीन आचाय प्रभावित हैं। वामन के उपमा प्रपच का आग्रह विशेषोक्ति के लक्षण म 'साम्य' को आकृष्ट कर ले आता है इसीलिए वामन की विशेषोक्ति के उदाहरण लक्षणा के उदाहरण बन गय हैं—

---

१ गुण-जाति क्रियादीना यत्त वकल्यदशनम् ।
विशषदर्शनायव सा विशेषोक्तिरिष्यते ॥ काव्यादश २।३२३॥

२ यत्सामग्र्यपि शक्तीना फलानुत्पत्ति बन्धनम् ।
विशषस्याभिधित्सात तदविशषोक्तिरुच्यते ॥का०सा०।५।४॥

३ दर्शितेन निमित्तेन निमित्तादशनेन च ।
तस्या बन्धो द्विधा लक्ष्य दृश्यते ललितात्मक ॥ का०सा० ।५।५॥

४ एकगुणहानि-कल्पनायां साम्यादाढ्य विशेषोक्ति ॥ ४ ३ २३॥

५ रूपक चेद प्रायण। (वत्ति)

'भवति मवौषधयो रजयामतैलपूरा सुरतप्रदीपा ।'
'व्यसन हि नाम सोच्छ्वास मरणम् ।'
'द्विजो भमिवृहस्पति ।

मम्मट

विशेषोक्तिरखण्डेषु कारणेषु फलावच ॥१०८॥

सम्पूर्ण कारणो के होने पर फल का कथन न करना विशेषोक्ति है। वृत्ति—' मिलितेष्वपि कारणेषु कार्यस्याकथन विशेषोक्ति । अनुक्तनिमित्ता, उक्तनिमित्ता, अचिन्त्यनिमित्ता च।

रुय्यक

'अलकार-सर्वस्व' का लक्षण 'काव्यप्रकाश' का अनुकरण मात्र है—

''कारण-सामग्रये कार्यानुत्पत्तिर्विशेषोक्ति ।''

रुय्यक ने विशेषोक्ति के केवल दो भेद मान हैं—उक्तनिमित्ता तथा अनुक्तनिमित्ता। अचिन्त्यनिमित्ता तो अनुक्तिनिमित्ता का ही दूसरा नाम है। अनुक्त के दो रूप हैं—चिन्त्य तथा अचिन्त्य।

जयदेव

चन्द्रालोक' का लक्षण सामान्य है भेदों का वर्णन नहीं है—

विशषोक्तिरनुत्पत्ति कार्यस्य सति कारणे ॥५।७८॥

विश्वनाथ

सति हेतौ फलाभावे विशेषोक्तिस्तथा द्विधा ॥१०।६७॥

रुय्यक के अनुकरण पर दो ही भेद माने गये हैं और अचिन्त्यनिमित्ता का खण्डन है अचिन्त्यनिमित्तत्व चानुक्तनिमित्तस्यव भेद इति पृथङ नोक्तम।' (पृ० ३५१)

अप्पय्यदीक्षित

'कुवलयानन्द' का लक्षण भी इसी परम्परा मे है—

कार्याजनिर्विशेषोक्ति सति पुष्कलकारणे ॥८३॥

जगन्नाथ

प्रसिद्ध कायकलाप की विद्यमानता मे काय की अनुत्पत्ति विशेषोक्ति कहलाती है। 'प्रसिद्धकारणकलापसमानाधिकरण्येन वर्ण्यमाना कार्यानुत्पत्ति विशेषोक्ति। (पृ० ५८५)

हिन्दी के आचार्य

विद्यमान कारन सकल, कारज होय न सिद्ध।
सोई उक्ति विशेषमय, केशव परम प्रसिद्ध ॥१२।१४॥
कारन हू कारज न जहँ विशेषोक्ति कहि सोइ। (शब्दरसायन)
हेतु घनेहु काज नहिं, विशेषोक्ति निसदेह। (काव्यनिर्णय)

कन्हैयालाल पोद्दार तथा रामदहिन मिश्र ने मम्मट के अनुसार तीन भेदों का वर्णन किया है।

उपसंहार

भामह ने विशेषोक्ति का प्रथम विवेचन किया था। एक गुण (कार्य) की हानि होने पर भी दूसरे गुण (कारण) का कथन विशेषोक्ति है। उद्भट ने इसको स्पष्ट कर दिया कि समस्त कारणों के विद्यमान रहने पर भी फल की अनुत्पत्ति विशेषोक्ति है। और आचार्यों के लक्षण उद्भट के आधार पर ही हैं। दण्डी ने भामह से भिन्न रूप स्वीकार किया था जिसको आगे नहीं अपनाया गया।

मम्मट ने विशेषोक्ति के तीन भेद बतलाए, परन्तु रुय्यक ने उनमें से केवल दो को ही स्वीकार किया। विश्वनाथ ने रुय्यक का समर्थन किया। जयदेव आदि ने भेदों का वर्णन नहीं किया।

विशेषोक्ति एवं विभावना अलंकार एक ही भित्ति पर टिके हैं परन्तु इनका अन्तर बड़ा स्पष्ट है। विभावना में कारण के बिना कार्योत्पत्ति होती है इसके विपरीत विशेषोक्ति में कारण के विद्यमान रहते हुए भी कार्योत्पत्ति नहीं होती। 'कार्योत्पत्ति' को 'फलोत्पत्ति' भी कहा गया है।

२७ विरोध

भामह

विशेषाभिधान के निमित्त किसी क्रिया का उसके गुण अथवा क्रिया[1] के विरुद्ध वर्णन विरोध अलंकार है। "यह राज्यदण्ड समस्त प्रदेश में उपवन वाटिका की छाया के कारण शीतल बनकर भी तुम्हारे दूरस्थ शत्रुओं को जलाता रहता है।" उदाहरण स्पष्ट है।

दण्डी

विशेष दर्शन के निमित्त विरुद्ध पदार्थों का संसर्गदर्शन[2] विरोध अलंकार है। क्रियाविरोध

१ गुणस्य वा क्रियाया वा विरुद्धान्यक्रियाभिधा।
या विशेषाभिधानाय विरोधं तं विदुर्बुधाः ॥३।२५॥

२ विरुद्धानां पदार्थानां यत्र संसर्गदर्शनम्।
विशेषदर्शनायैव स विरोधः स्मृतो यथा ॥ काव्यादर्श २।३३३॥

वस्तुगत विरोध तथा अवयवगत विरोध के अनन्तर विषम विरोध, असगतिविरोध तथा श्लेष मूल विरोध के अलग-अलग उदाहरण दिये गये हैं।

विषम विरोध म आत्यतिक विरोध होता है—"मृणाल रूपी बाहु कदली रूपी ऊरु पदम रूपी मुख तथा उत्पल रूपी नेत्र, इन समस्त शीतल सामग्री से मुक्त तुम्हारा रूप मेरे मन म ताप उत्पन्न करता है'। ससग के अभाव म भी प्रभाव उत्पन्न करना असगतिविरोध है— 'पराग, स्पश किये बिना ही पथिको के नेत्रो को सवाष्प करते हैं। इस उदाहरण का असगति तथा विभावना दोनो से साम्य है। श्लेषमूल विरोध का उदाहरण है— 'कृष्णार्जुनानुरक्तापि दृष्टि कर्णावलम्बिनी।

उदभट

उद्भट ने भामह के लक्षण को ही स्वीकार करके उसम यत्किंचित[1] शाब्दिक परिवतन कर दिया है। पुराने आचाय सभी प्रकार की असगतियो को विरोध मानते हैं उनके सम्मुख विरोध असगति विषम आदि के स्वरूप स्पष्ट नही थे—उन सबम विरोध-तत्त्व उभरा हुआ था।

वामन

वामन का विरोध नवीन आचार्यों का असगति अलकार है यह उदाहरणों से प्रकट होता है। लक्षण अत्यन्त सामान्य है विरुद्धाभासत्व विरोध (४,३ १२)। वे अथ के विरुद्धाभासत्व मात्र को विरोध मानते हैं। दो उदाहरण दिये गये हैं जिनम से एक (सा बाला वयमप्रगल्भमनस) साहित्यदपण म असगति का उदाहरण है।

रुद्रट

यस्मिन् द्रव्यादीना परस्पर सवथा विरुद्धानाम।
एकत्रावस्थान समकाल भवति स विरोध ॥९।३०॥

परस्पर विरुद्ध द्रव्य गुण क्रिया-जाति का एकत्र समकाल मे अवस्थान विरोध है। सजातीयो मे विरोध के चार भेद (दो द्रव्यो म, अथवा दो गुणो म अथवा दो क्रियाओ म अथवा दो जातियो मे) है विजातियो म विरोध के पाँच भेद (द्रव्य और गुण म अथवा द्रव्य और क्रिया मे अथवा गुण और क्रिया म अथवा गुण और जाति म, अथवा क्रिया और जाति मे) हैं।

जडयति सतापयति च दूरे हृदय च म वसति ॥९।३६॥ (क्रियाओ का विरोध)
मष्टनासि येन नितरामबलापि बलान्मनो यूनाम ॥९।४०॥ (जाति क्रिया विरोध)

विरोध के चार भेद और भी है जहाँ दो सजातीय परस्पर विरोधी द्रव्य आदि अर्थों म से एक का रहना अवश्यम्भावी हो परन्तु उन दोनो के अभाव का वणन हो—

---

१ गुणस्य वा क्रियाया वा विरुद्धान्यक्रियावच।
यद्विशेषाभिधानाय विरोध त प्रचक्षते ॥ का०सा०स० ५। ॥

स्थान न जल न च स्थलम् ॥४।४१॥ (परस्पर विरोधी द्रव्यों का अभाव)
न मृदु न कठिनम् ॥४।४२॥ (परस्पर विरोधी गुणों का अभाव)
नास्ते न याति हंस ॥४।४३॥ (परस्पर विरोधी क्रियाओं का अभाव)

मम्मट

विरोध सोऽविरोधेऽपि विरुद्धत्वेन यद्वच ॥११०॥

विरोध के दस रूप हैं—जाति, गुण, क्रिया तथा द्रव्य शब्दों के आधार पर—

(क) जाति के चार भेद—जाति, गुण, क्रिया तथा द्रव्य के साथ।
(ख) गुण के तीन भेद—गुण, क्रिया तथा द्रव्य के साथ।
(ग) क्रिया के दो भेद—क्रिया तथा द्रव्य के साथ।
(घ) द्रव्य का एक भेद—द्रव्य के साथ।

प्रत्येक रूप का 'काव्यप्रकाश' में एक एक उदाहरण है।

रुय्यक

विरुद्धाभासत्व विरोध ।
सति च समाधाने प्रमुख एव आभासमानत्वाद विरोधाभास ।'

मम्मट के अनुकरण पर विरोध के दस भेद किये गये है।

जयदेव

विरोध तथा विरोधाभास दो अलग अलंकार माने गये हैं। विरोध का लक्षण रुद्रट मम्मट रुय्यक का अनुकरण है—

विरोधोऽनुपपत्तिश्चेद गुण द्रव्य क्रियादिषु ॥५।७४॥

विरोधाभास का लक्षण —

श्लेषादिभूर्विरोधश्चेद विरोधाभासता मता ॥५।७५॥

श्लेष आदि अलंकार के कारण विरोध की प्रतीति विरोधाभास है। इस लक्षण पर रुय्यक का प्रभाव स्पष्ट है।

विश्वनाथ

मम्मट के अनुसार लक्षण, तथा दस भेद हैं। लक्षण सरल है—

विरुद्धमेव भासेत विरोधोऽसौ दशाकृति ॥१०।६९॥

विभावना एव विशेषोक्ति से विरोध का अंतर भी स्पष्ट कर दिया गया है—'विभावनाया कारणाभावेन उपनिबध्यमानत्वात कार्यमेव बाध्यत्वेन प्रतीयते। विशेषोक्तौ च कार्याभावेन कारणमेव। इह त्वन्योन्य द्वयोरपि बाध्यत्वमिति भेद ।' (पृ० ३५२ ३)

अप्पय्यदीक्षित

आभासत्वे विरोधस्य विरोधाभास इष्यते ॥७६॥

लक्षण सरल तथा स्पष्ट है। 'रस-गगाधर' के अनुसार—

"एकाधिकरणसम्बद्धत्वेन प्रसिद्धयो एकाधिकरणसम्बद्धत्वेन प्रतिपादन म।'

हिन्दी के आचार्य

केशवदास ने विरोध तथा विरोधाभास का एकत्र वर्णन किया है—

केशवदास विरोधमय, रचियत वचन बिचारि ॥९।१९॥
वरनत लगै विरोध सा, अर्थ सब अविरोध ॥९।२२॥

देव म भी यही प्रवृत्ति है—

जहाँ विरोध पदार्थ कहि कहिय विरोधा तासु।
है अविरोध विरोध सो, लग विरोधाभासु ॥

दास कवि ने मम्मट के अनुसार विरोध के दस भेदों का वर्णन किया है। कन्हैयालाल पोद्दार ने विरोध या विरोधाभास एक ही अलकार माना है। रामदहिन मिश्र इसको विरोधाभास कहते हैं और इसके दस भेदों का वर्णन करते हैं।

उपसहार

भामह ने विरोध अलकार का विवेचन किया था। वामन ने लक्षण देते समय विरोधाभासत्व पद का प्रयोग किया। रुद्रट से विरोधाभास नाम भी चल पडा। जयदेव ने इनको अलग अलग अलकार कह दिया। आचार्यों में दोनों को एक भी माना गया है और अलग अलग भी।

दण्डी ने विरोध के भेदों का वर्णन किया था रुद्रट ने इसके तेरह भेद बतलाये। मम्मट ने इस अलकार को वैज्ञानिक लक्षण दिया और इसके दस भेद निश्चित कर दिये जो कालान्तर में सर्वस्वीकृत हो गये।

विरोध अथवा विरोधाभास अलकार में केवल कल्पित विरोध रहता है वास्तविक नहीं और उस कल्पित विरोध का क्षेत्र बहुत व्यापक है। इस दृष्टि से विभावना विशेषोक्ति असगति विषम आदि अलकारों से विरोधाभास का अन्तर स्पष्ट है।

२८ तुल्ययोगिता

भामह

न्यून गुणवती वस्तु का विशिष्ट गुणवती वस्तु के साथ गुणसाम्य-कथन करने के लिए उन दोनों का एक समान कार्य के सम्पादन में वर्णन करना तुल्ययोगिता है[1]। लक्षण से स्पष्ट है कि

---

१ न्यूनस्यापि विशिष्टेन गुणसाम्यविवक्षया।
तुल्यकार्यक्रियायोगादित्युक्ता तुल्ययोगिता ॥३।२७॥

इसमें एक वाक्य का प्रयोग होता है दीपक के समान अलग-अलग वाक्यों का नहीं।

उदाहरण है— 'शेष, हिमालय तथा तुम तीनों महान गुरु तथा स्थिर हो और अपनी मर्यादा का उल्लंघन किये बिना घूमती हुई पृथ्वी का धारण किये हुए हो।'

दण्डी

भामह तथा दण्डी में तुल्ययोगिता का समान रूप है। दण्डी-कृत लक्षण है—स्तुति अथवा निन्दा के निमित्त प्रस्तुत के गुणों का उत्कृष्ट गुणों के साथ समीकृत[1] वर्णन तुल्ययोगिता है। स्तुतितुल्ययोगिता का उदाहरण भामह के सामान्य उदाहरण के समान ही है—यम, कुबेर, वरुण, इन्द्र तथा आप लोकपाल रूप की ख्याति को धारण करते हैं। निन्दातुल्ययोगिता का उदाहरण है

संगतानि मृगाक्षीणां तडिद्विलसितानि च।
क्षणद्वयं न तिष्ठन्ति घनारब्धान्यपि स्वयम् ॥२।३३२॥

उद्भट

उपमानोपमेयभाव से शून्य उपमानों अथवा उपमेयों का साम्याभिधायी[2] कथन तुल्ययोगिता है। इस साम्याभिधान में साधारण धर्म का अस्तित्व अनिवार्य है। भामह तथा दण्डी के लक्षणों की अपेक्षा उद्भट का लक्षण विकसित, वैज्ञानिक तथा परिपूर्ण है और मम्मट के लक्षण का आधार बना है। अप्रस्तुतों के साम्याभिधान का उदाहरण है—

त्वदङ्गमार्दवं द्रष्टुः कस्य चित्ते न भासते।
मालती शशभृल्लेखा-कदलीनां कठोरता ॥

वामन

वामन का लक्षण भामह के आधार पर है—

विशिष्टेन साम्यार्थमेककालक्रियायोगस्तुल्ययोगिता ॥४.३.२६॥

'विशिष्ट' पद में 'गुणविवक्षा' स्वतः आ जाती है। उद्भट के 'उपमेयोपमेयभावशून्यता' की आवश्यकता नहीं है क्योंकि 'अप्रस्तुत' पद का प्रयोग इस लक्षण में वामन ने नहीं किया है। उदाहरण सरल है।

मम्मट

'काव्यप्रकाश' के लक्षण पर उद्भट का प्रभाव है—

---

1 विवक्षितगुणोत्कृष्टैर्यत् समीकृत्य कस्यचित्।
कीर्तनं स्तुतिनिन्दार्थं सा मता तुल्ययोगिता ॥ काव्यादर्श २।३३०॥

2 उपमानोपमेयोक्तिशून्यैरप्रस्तुतैर्वचः।
साम्याभिधायि प्रस्तावभाग्भिर्वा तुल्ययोगिता ॥ का० सा० ५।७॥

नियताना सकृद्धम सा पुनस्तुल्ययागिता ॥१०४॥

वत्ति मे स्पष्ट किया गया है—' नियताना प्राकरणिकानामेव अप्राकरणिकानामेव वा। दोनो भेदा का एक एक उदाहरण दिया गया है।

रुय्यक

औपम्यस्य गम्यत्व पदार्थगतत्वेन प्रस्तुतानामप्रस्तुताना
वा समानधर्माभिसम्बन्धे तुल्ययागिता।

लक्षण मम्मट के अनुसार है, साथ ही औपम्यस्य गम्यत्व पर विशेष आग्रह है जो उदभट का प्रभाव है।

जयदेव

क्रियादिभिरनेकस्य तुल्यता तुल्ययोगिता ॥५।५१॥

क्रियादि (क्रिया अथवा गुण) के द्वारा अनेक प्रस्तुता अथवा अप्रस्तुता का सम्बन्ध तुल्य योगिता है।

विश्वनाथ

साहित्यदपण का लक्षण काव्यप्रकाश तथा अलकारसवस्व की अपेक्षा अधिक स्पष्ट एव सरल है—

पदार्थाना प्रस्तुतानाम यषा वा यदा भवेत।
एकधर्माभिसम्बन्ध स्यात्तदा तुल्ययोगिता ॥१०।४८॥

धम की व्याख्या की गई है— धर्मो गुण क्रियारूप।

अप्पय्यदीक्षित

तुल्ययोगिता के तीन अलग-अलग प्रकारा का वणन है—

(क) वर्ण्यानामितरेषा वा धर्मैक्य तुल्ययोगिता ॥४४॥

(ख) हिताहिते वत्तितौल्यमपरा तुल्ययोगिता ॥४६॥

(ग) गुणोत्कृष्ट समीकृत्य वचोऽन्या तुल्ययोगिता ॥४७॥

प्रथम रूप परम्परा मे स्वीकृत था द्वितीय सरस्वतीकण्ठाभरण के अनुसार है, तृतीय काव्यादश के अनुसार है।

जग नाथ

कवल प्रकृता का अथवा कवल अप्रकृता का गुण क्रिया आदि रूपी एक धम म अन्वय तुल्ययागिता है। प्रकृतानामेव अप्रकृतानामव वा गुण क्रियादिरूपकधर्मान्वयस्तुल्ययागिता। (पृ० ४२२)

रशनारूपतुल्ययोगिता, अलकाररूपतुल्ययोगिता कारकतुल्ययोगिता तथा व्यग्यतुल्ययोगिता इसके मुख्य भेद है।

हिन्दी के आचार्य

निन्दा-स्तुति हित तुल्य सब, तुल्ययोग यक ठौर। (शब्दरसायन)

(क) सम वस्तुनि गनि वालिय, एक बार ही धर्म।

(ख) समफलप्रद हित-अहित को, काहू को यह क्रम ॥८१८१॥

(ग) जा जा सम जेहि कहन को वहै वहै कहि ताहि ॥८२॥ (काव्यनिर्णय)

कन्हैयालाल पोद्दार तथा रामदहिन मिश्र ने भी अप्पय्यदीक्षित के अनुसार तुल्ययोगिता के तीन भेदो का वर्णन किया है।

उपसहार

तुल्ययोगिता अलकार का विवेचन भामह ने किया था और दीर्घकाल के अनन्तर विश्वेश्वर पण्डित ने इसका खण्डन करना चाहा। भामह के अनुसार गुणसाम्य की विवक्षा से उपमेयोपमान का एक कार्य अथवा क्रिया से योग तुल्ययोगिता है। दण्डी ने इस लक्षण मे निन्दा-स्तुति को जोड दिया।

उद्भट से वर्तमानिक लक्षण का प्रारम्भ हुआ—प्रस्तुतो अथवा अप्रस्तुतो का साम्याभिधायी कथन। मम्मट मे स्वरूप निश्चित हो गया। मम्मट विश्वनाथ के अनुसार प्रस्तुतो अथवा अप्रस्तुतो का एकधर्म से सम्बन्ध तुल्ययोगिता है।

जगन्नाथ का कथन है कि दीपक का अन्तर्भाव भी तुल्ययोगिता मे हो जाना चाहिए। इसका उत्तर विश्वेश्वर पण्डित ने दिया है कि यदि अन्तर्भाव आवश्यक ही है तो दीपक मे तुल्ययोगिता का हो, तुल्ययोगिता मे दीपक का नही—क्योकि दीपक भरत द्वारा प्रतिष्ठित प्राचीन अलकार है।

दीक्षित ने तुल्ययोगिता के तीन भेद बतलाये हैं जिनको कतिपय उत्तर आचार्यों ने भी स्वीकार किया है।

तुल्ययोगिता तथा दीपक बहुत निकट के सौन्दर्य-साधन है। अन्तर केवल यह है कि तुल्ययोगिता मे या तो अप्रस्तुतो का एक धर्म से सम्बन्ध होता है या केवल प्रस्तुतो का इसके विपरीत दीपक प्रस्तुत-अप्रस्तुत के समूह के एक धर्म से सम्बन्ध का वर्णन करता है।

२६ अप्रस्तुतप्रशसा

भामह

किसी वस्तु के सन्दर्भ मे प्रसग से अलग वस्तु की स्तुति[1] अप्रस्तुतप्रशसा है। अप्रस्तुतप्रशसा

[1] अधिकारादपेतस्य वस्तुनोऽन्यस्य या स्तुति ॥३।२९॥

के लक्षण म 'स्तुति शब्द का प्रयोग आग चलकर भ्रामक बन गया सयोग म भामह न जो उदाहरण दिया है वह भी सौदयप्रतिपादक होने क कारण स्तुतिपरक है।

दण्डी

अप्रस्तुत की स्तुति[1] यदि प्रस्तुत की निन्दा क लिए प्रयुक्त हो तो अप्रस्तुतप्रशसा है। दण्डी की दृष्टि भी इस अलकार म स्तुति निंदा पर थी। एकमात्र उदाहरण सरल तथा स्पष्ट है।

उद्भट

भामह के लक्षण को ही उदभट न स्वीकार किया है परन्तु इस सौदय के लिए एक अनिवाय विशेषण प्रस्तुतार्थानुबन्धिनी[2] जोड दिया है जो अप्रस्तुत प्रशसा क लिए उत्तर आचार्यों ने भी स्वीकार किया है। इन्दुराज के अनुसार यदि अप्रस्तुत प्रशसा प्रस्तुतार्थानुबन्धिनी न होगी तो वह उन्मत्त प्रलाप[3] बन जायगी।

वामन

किंचिदुक्तावप्रस्तुतप्रशसा ॥४ ३,४॥

उपमय की किंचिदुक्ति (एकदेश उक्ति) म अप्रस्तुत प्रशसा अलकार है। यह लक्षण अत्यन्त अपूण है वामन से पूव के आचार्यों क लक्षण भी इससे अधिक वैज्ञानिक थ। वामन न उपमय की उक्ति को ध्यान म रखकर तीन अलकारो के लक्षण लिखे हैं व सभी सदोष है अपूण एव अस्पष्ट है।

मम्मट

मम्मट-कृत लक्षण उद्भट से प्रभावित है और काव्यप्रकाश' अपेक्षाकृत विस्तार से अप्रस्तुत प्रशसा का प्रतिपादन करता है—

अप्रस्तुतप्रशसा या सा सव प्रस्तुताश्रया ॥
कार्ये निमित्ते सामान्ये विशेषे प्रस्तुते सति ।
तदन्यस्य वचस्तुल्ये तुल्यस्येति च पचधा ॥९९॥

वत्ति म स्पष्ट किया गया है— अप्राकरणिकस्याभिधानेन प्राकरणिकस्याक्षेपोऽप्रस्तुत प्रशसा । अप्रस्तुत प्रशसा के पाँच भेद हैं—

(क) काय के प्रस्तुत होने पर कारण का कथन।

---

१ अप्रस्तुतप्रशसा स्यादप्रक्रान्तेषु या स्तुति ॥ काव्यादश ॥२।३४०॥

२ अधिकारादपेतस्य वस्तुनोऽन्यस्य या स्तुति ।
अप्रस्तुतप्रशसेय प्रस्तुतार्थानुबन्धिनी ॥ का० सा ५।८॥

३ न चवमपि तस्या उन्मत्तप्रलापप्रख्यता यत सा केनचित् स्वाजयेन प्रस्तुतमर्थमनुबध्नाति। तदुक्तं प्रस्तुतार्थानुबन्धिनी इति। (पृ० ६५)

(ख) कारण के प्रस्तुत होने पर काय का कथन।
(ग) सामान्य के प्रस्तुत होने पर विशेष का कथन।
(घ) विशेष के प्रस्तुत होने पर सामान्य का कथन।
(ङ) तुल्य के प्रस्तुत होने पर उससे भिन्न दूसरे तुल्य का कथन।

पचम भेद की वत्ति म व्याख्या की गई है कि तुल्य के प्रस्तुत हान पर उसस भिन्न दूसर तुल्य अथ का कथन तीन प्रकार से हा सकता है—श्लेष स, समासोक्ति स, सादश्यमात्र स। तुल्य प्रस्तुते तुल्याभिधाने त्रय प्रकारा श्लेष समासोक्ति सादश्यमात्र वा तुल्यात् तुल्यस्य हि आक्षेपे हेतु।' (पृ० ४७८)।

रुय्यक

मम्मट के प्रभाव स रुय्यक न भी अप्रस्तुत प्रशसा का विस्तृत वणन किया है और इसके पाँच प्रकार बतलाय हैं—

अप्रस्तुतात (१) सामान्य विशेषभावे (२) काय-कारणभाव (३) सारूप्य च प्रस्तुत प्रतीतावप्रस्तुतप्रशसा। सारूप्य के साधम्य तथा वैधम्य से दो उपभेद हैं।

अप्रस्तुत प्रशसा एव पर्यायोक्त म अन्तर है। कायमुख स कारण का कथन पर्यायोक्त ह उसमे कारण की अपेक्षा काय म अतिशय सौन्दय हाता है। जहा कारण प्रस्तुत हो और काय अप्रस्तुत हो वहा अप्रस्तुत प्रशसा है।

सामान्य विशेष कायकारण का वाच्यत्व हो तो अर्थान्तरन्यास है सरूपा का वाच्यत्व हो तो दृष्टान्त है अप्रस्तुत वाच्य हो और प्रस्तुत गम्य हो तो अप्रस्तुत प्रशसा अलकार है।

जयदेव

अप्रस्तुतप्रशसा का लक्षण तथा भेद मम्मट के अनुसार है—

अप्रस्तुत प्रशसा स्यात सा यत्र प्रस्तुतानुगा।
काय-कारण सामान्य विशेषादेरसौ मता ॥५।६६॥

विश्वनाथ

अप्रस्तुत प्रशसा का लक्षण तथा भेद मम्मट के अनुकरण पर है। लक्षण का प्राण है— अप्रस्तुतात प्रस्तुत चेद् गम्यत।' उदाहरणो एव रूपो का साहित्यदपण म विस्तार है।

अप्पय्यदीक्षित

लक्षण जयदव स लिया गया है और भेद मम्मट से। लक्षण है—

अप्रस्तुतप्रशसा स्यात्सा यत्र प्रस्तुताश्रया ॥६६॥

जगन्नाथ

सादृश्यादि प्रकारों में से किसी एक प्रकार से वाच्य अप्रस्तुत व्यवहार के द्वारा व्यंग्य प्रस्तुत व्यवहार का वर्णन अप्रस्तुत प्रशंसा है—'अप्रस्तुतेन व्यवहारेण सादृश्यादिवक्ष्यमाणप्रकारान्यतमप्रकारेण प्रस्तुतव्यवहारो यत्र प्रशस्यते साऽप्रस्तुतप्रशंसा।' (पृ० ५३७)

हिन्दी के आचार्य

अप्रस्तुत प्रस्तुत कहिय अलंकार स्तुति ओर। (शब्दरसायन)

डा० कवि कन्हैयालाल पोद्दार तथा रामदहिन मिश्र ने मम्मट के अनुसार अप्रस्तुतप्रशंसा के पाँच भेदों का वर्णन किया है।

उपसंहार

भामह के अनुसार अप्रस्तुत के वर्णन से प्रस्तुत की प्रतीति अप्रस्तुतप्रशंसा है। दण्डी ने इस लक्षण को स्तुति निन्दापरक बना दिया। मम्मट ने इसका यथोचित लक्षण प्रस्तुत किया। उस लक्षण से प्रशंसा का अर्थ वर्णन स्पष्ट हो गया। उत्तर आचार्यों ने मम्मट का ही अनुकरण किया है।

मम्मट ने अप्रस्तुत प्रशंसा के पाँच भेदों का उल्लेख किया था जिनको सर्वमान्य ही समझना चाहिए।

हिन्दी के आचार्यों ने अप्रस्तुतप्रशंसा का अन्योक्ति नाम से भी वर्णन किया है। समासोक्ति में प्रस्तुत से अप्रस्तुत का संकेत मिलता है इसके विपरीत अप्रस्तुत प्रशंसा अप्रस्तुत के वर्णन से प्रस्तुत का संकेत देती है।

३० *व्याजस्तुति*

भामह

गम्य स्तुति के निमित्त प्रत्यक्ष निन्दा करते हुए जब किसी की दूराधिकगुणयुक्त[1] के साथ तुल्यता प्रदर्शित की जाय तो व्याजस्तुति अलंकार है। यहाँ स्तुति गम्य रहती है और निन्दा प्रत्यक्ष। जिससे तुल्यता प्रदर्शित की जाती है वह इतना अधिक गुणवान होता है कि उसके सम्मुख तुच्छता भी गुणस्तुति है। व्याजस्तुति का उदाहरण सरल है।

दण्डी

निन्दा के व्याज से प्रतीयमाना स्तुति को व्याजस्तुति कहते हैं यहाँ जो दोष[2] लगते हैं वे भी

---

१ दूराधिकगुणस्तोत्र-व्यपदेशेन तुल्यताम्।
किञ्चित् विधित्सोर्या निन्दा व्याजस्तुतिरसौ यथा ॥३।३१॥

२ यदि निन्दन्निव स्तौति व्याजस्तुतिरसौ स्मृता।
दोषाभासा गुणा एव लभन्ते ह्यत्र संनिधिम् ॥ काव्यादर्श २।३४३॥

गुण ही होते हैं। तापसन रामेण जितय भूतधारिणी इस उदाहरण म परशुराम की, निन्दा के व्याज से, स्तुति की गई है। दो अन्य उदाहरण श्लेषमूला के हैं, एक अर्थश्लेषमूला का और दूसरा शब्दश्लेषमूला का।

उद्भट

शब्द शक्ति-स्वभाव[1] स जहाँ निन्दा प्रतीत हो, परन्तु वस्तुत स्तुति होती है उस सौन्दय को व्याजस्तुति कहते हैं। यह लक्षण भामह तथा दण्डी के लक्षणा के समान ही है। उत्तर आचार्यों न इसके दो भेद किये हैं—१ निन्दाव्याजेन स्तुति तथा २ स्तुतिव्याजेन निन्दा।

वामन

सम्भाव्य विशिष्ट कर्माकरणान्निन्दा स्तोत्रार्था व्याजस्तुति ॥४ ३ २४॥

स्तोत्रार्था निन्दा को व्याजस्तुति कहते है, लक्षण का यह अश तो वामन न प्राचीन आचार्यों के अनुसार ही लिखा है। परन्तु सम्भाव्य विशिष्ट कम क अकरण' स सम्बन्ध जोडकर इसका क्षेत्र सीमित बना दिया है। यह सयोग मात्र है कि भामह तथा वामन दोनो क उदाहरणो म राम के विशिष्ट कर्मों को न करने वाले राजा की निन्दा की गई थी। परन्तु स्तोत्रार्था निन्दा' अन्यत भी तो हो सकती है।

मम्मट

व्याजस्तुतिमुख निन्दा स्तुतिवा रूढिरन्यथा ॥११२॥

व्याजस्तुति पद के दो अथ है व्याजरूपा स्तुति, अर्थात स्थूलत निन्दा परन्तु वास्तव म स्तुति, 'व्याजेन स्तुति अर्थात सुनने म स्तुति परन्तु वास्तव म निन्दा। व्याजस्तुति के य ही दो भेद हैं।

रुय्यक

स्तुति निन्दाभ्या निन्दास्तुत्योर्गम्यत्वे व्याजस्तुति ॥

मम्मट के अनुसार इसके दो भेदो का वणन है। स्तुति निन्दा रूप के आधार पर इसका अप्रस्तुत प्रशसा से अन्तर है— 'स्तुति निन्दारूपस्यास्य विच्छित्तिविशेषस्य भावाद अप्रस्तुतप्रशसातो भेद ।' (पृ० १४३)

जयदेव

मम्मट एव रुय्यक के अनुकरण पर व्याजस्तुति का वणन है—

---

१ शब्दशक्तिस्वभावेन यत्र निन्देव गम्यते ।
वस्तुतस्तु स्तुति श्रेष्ठा व्याजस्तुतिरसौ मता ॥का०सा०, ५।६॥

उक्तिर्व्याजस्तुतिर्निन्दास्तुतिभ्यां स्तुतिनिन्दयोः ॥८।७१॥

अप्पयदीक्षित ने भी यही लक्षण दिया है।

विश्वनाथ

मम्मट की शब्दावली का ही हेर फेर करके साहित्यदर्पण में व्याजस्तुति का लक्षण दिया गया है—

निन्दास्तुतिभ्यां वाच्याभ्यां गम्यत्वे स्तुतिनिन्दयोः ॥१०।६०॥

'वाच्याभ्यां' पद के प्रयोग से यह लक्षण अधिक स्पष्ट बन गया है।

जगन्नाथ

प्रथमतः प्रतीत होने वाली निन्दा का स्तुति में और स्तुति का निन्दा में पर्यवसान व्याजस्तुति है— *आमुखप्रतीताभ्यां निन्दास्तुतिभ्यां स्तुतिनिन्दयोः क्रमेण पर्यवसानं व्याजस्तुतिः।*

(पृ० ५५६)

हिन्दी के आचार्य

स्तुति निन्दा मिस होत जहँ स्तुति मिस निन्दा जान। (कविप्रिया)

निंदि सराहि सराहि कै निंदि बिबिस ब्याज। (शब्दरसायन)

स्तुति निन्दा के व्याज कहु निन्दा स्तुति के व्याज।

अस्तुति अस्तुति-व्याज कहैं, निन्दा निन्दा साज॥ (काव्यनिर्णय)

कन्हैयालाल पोद्दार ने व्याजस्तुति के दो रूपों तथा रामदहिन मिश्र ने चार रूपों का वर्णन किया है।

उपसंहार

भामह ने निन्दा के व्याज से की गई स्तुति को व्याज-स्तुति कहा था। मम्मट ने इसके दो रूप बतलाये—स्तुतिपर्यवसायी निन्दा तथा निन्दापर्यवसायी स्तुति। कुछ आचार्य स्तुतिपर्यवसायी स्तुति तथा निन्दापर्यवसायी निन्दा नामक भेदों का भी उल्लेख करते हैं।

उद्भट ने इस बात पर बल दिया था कि व्याजस्तुति का सौन्दर्य इस बात पर है कि इसमें एक अर्थ वाच्यार्थ है और दूसरा अर्थ व्यंग्यार्थ।

३१ निदर्शना

भामह

यथा, इव अथवा वत शब्दों के बिना केवल क्रिया द्वारा ही विशिष्ट अर्थ का उपदर्शन[1]

---

१ क्रिययैव विशिष्टस्य तदर्थस्योपदर्शनात्।
ज्ञेया निदर्शना नाम यथेववतिभिर्विना ॥३।३३॥

निदर्शना अलंकार है। "मन्दद्युति सूर्य अस्त होता जा रहा है, श्रीमत्ता को यह बोध कराता हुआ कि उदय पतन के लिए ही है।' उदाहरण स्पष्ट है।

दण्डी

अर्थान्तर के समान सत् अथवा असत्[1] फल का निदर्शनीय के प्रसंग में निर्देश 'निदर्शन' अलंकार है। भामह ने 'निदर्शना' नाम दिया था, दण्डी ने 'निदर्शन'। सत और असत के अलग अलग उदाहरण दिये गये हैं। सन्निदर्शन का उदाहरण है—

उदयन्नेष सविता, पद्मेष्वर्पयति श्रियम्।
विभावयितुमृद्धीना, फलं सुहृदनुग्रहम् ॥२।३४९॥

उद्भट

संयोग से इस अलंकार का नाम 'विदर्शना'[2] लिखा हुआ है। दो वस्तुओं में असंभव[3] अथवा संभव सम्बन्ध द्वारा जहाँ उपमानोपमेय भाव की कल्पना की जाय वहाँ विदर्शना अलंकार है। उद्भट ने अभवद्वस्तुसम्बन्ध का निम्नलिखित उदाहरण दिया है—

विनोचितेन पत्या च रूपवत्यपि कामिनी।
विधुवन्ध्यविभावर्या प्रविभर्ति विशोभताम्॥

भवद्वस्तुसम्बन्ध का उदाहरण नहीं दिया गया और इन्दुराज ने भामह के उदाहरण से इस भेद को स्पष्ट किया है।

इस अलंकार के सम्बन्ध में अभवद्वस्तुसम्बन्ध पद सर्वप्रथम उद्भट ने प्रयुक्त किया था, उत्तराचार्यों ने प्रायः उसी को आधार बना लिया है। भामह तथा दण्डी के लक्षण उतने स्पष्ट नहीं थे।

वामन

वामन ने दण्डी के नाम 'निदर्शन' को अपनाया है। लक्षण है—

'क्रिययैव स्वतदर्थान्वयख्यापनं निदर्शनम्' ॥४।३।२०॥

---

१ अर्थान्तरप्रवृत्तेन किंचित् तत्सदृशं फलम्।
सदसद्वा निदर्श्येत यदि तत् स्यान्निदर्शनम्॥ काव्यादर्श, २।३४८॥

२ उद्भट के अतिरिक्त सब आचार्यों ने इस अलंकार का नाम निदर्शना लिखा है। मद्रास प्रति में का० सा० भी निदर्शना लिखता है परन्तु इन्दुराज के प्रामाण्य पर उद्भट के पाठ को प्रायः विदर्शना ही माना जाता है।

३ अभवद्वस्तुसम्बन्धो भवन्वा यत्र कल्पयेत।
उपमानोपमेयत्वं कथ्यते सा विदर्शना॥ का० सा० ५।१॥

पुनरुक्तवदाभास की कल्पना उद्भट ने की थी। मम्मट ने इस पर अपनी छाप लगा दी। उत्तर आचार्यों ने इसका वर्णन किया है। सस्कृत में 'पुनरुक्तवदाभास' तथा 'पुनरुक्तवदाभास' दोनों रूप मिलते हैं। जयदेव ने इसको पुनरुक्तप्रतीकाश लिखा है।

मम्मट ने इसको अन्वय-व्यतिरेक भाव से उभयालकार माना था। विश्वनाथ मम्मट से सहमत हैं। परन्तु शोभाकार मित्र ने इसको शब्दालकार माना है।

पुनरक्तवदाभास के दो भेद मम्मट से चलने लगे। पोद्दार तक उन्ही की स्वीकृति मिलती है।

४६ छेकानुप्रास

उद्भट

चार विवेच्य शब्दालकारो मे द्वितीय छेकानुप्रास है। लक्षण है—

छेकानुप्रासस्तु द्वयोर्द्वयो सुसदृशोक्तिकृतौ ॥१।३॥

दो दो समान स्वर व्यजनो की सुदर अभिव्यक्ति छेकानुप्रास है। इसम दो दो पदा म सौन्दय रहता है तीन-चार म नही, और ऐसे सौन्दय-कोष अनेक हो सकते हैं। अनेक अक्षरा का दो-दो के समूह म उच्चारण छेकानुप्रास है। उदाहरण सरल तथा स्पष्ट है—

स देवो दिवसान्नित्ये तस्मिन शले द्रक दरे।
गरिष्ठगोष्ठी प्रथमै प्रमथै पयुपासित ॥

यहाँ 'सदेव दिवस', 'इद्रक दर', 'गरिष्ठ गोष्ठी', प्रथम प्रमथ' आदि युग्मा मे रमणीय अक्षरावत्ति है।

वामन तथा रुद्रट ने छेकानुप्रास का वणन नही किया।

मम्मट

'काव्यप्रकाश' के नवम उल्लास मे अनुप्रास के दो भेदा का निरूपण है—छेकानुप्रास तथा वत्यनुप्रास। अनेक व्यजना के एक बार आवत्ति रूप साम्य को छेकानुप्रास कहते हैं छेक अर्थात विदग्धा म प्रिय होने के कारण इसका नाम छेकानुप्रास है।

वणसाम्यमनुप्रास, छेक-वत्तिगतो द्विधा।
सोऽनेकस्य सकृत्पूव, एकस्याप्यसकृत्पर ॥७९॥

उदभट की अपेक्षा मम्मट का लक्षण अधिक वज्ञानिक है। इसम दोना की परस्पर तुलना भी है—अनेक वर्णों का एक बार साम्य छेकानुप्रास है और एक वण (अथवा अनेक वर्णों) का अनक वार साम्य वृत्यनुप्रास है। सकृत एव 'असकृत्' की यह विशेषता मम्मट का योग है।

रुय्यक

'अलकार-सवस्व' म 'काव्यप्रकाश' की शब्दावली का अनुकरण है। केवल 'सख्यानियम पद रुय्यक की कल्पना है। सख्यानियम की व्याख्या है—

"द्वयोर्व्यञ्जन समुदाययो परस्परमनेकधा सादृश्य सख्यानियम।

रुय्यक ने भेदा का वर्णन नही किया। लक्षण सक्षिप्त एव सरल है— सख्यानियमे पूव छेकानुप्रास'।

जयदेव

चन्द्रालोक' के पंचम मयूख में काव्यप्रकाश के अनुसार छेकानुप्रास का सम्मिलित लक्षण उदाहरण है—

स्वर-व्यञ्जनावलीढ-व्यूहा मदनमोहना ।
गीर्जगज्जीवनुगरा छेकानुप्रासभागुरा ॥५।२॥

यह लक्षण अनावश्यक रूप से कृत्रिम हो गया है।

विश्वनाथ

छेकानुप्रास के लक्षण में विश्वनाथ ने सुधार किया है—

अनुप्रासः शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत् ।
छेको व्यञ्जनसंघस्य सकृत्साम्यमनेकधा ॥१०।३॥

यह लक्षण मम्मट के लक्षण की अपेक्षा अधिक सरल है। साथ ही अनेकधा पद एवं उसकी व्याख्या छेकानुप्रास के स्वरूप को अधिक स्पष्ट करने में समर्थ है—

अनेकधेति स्वरूपतः क्रमतश्च। रसः सर इत्यादौ क्रमभेदेन सादृश्यं नास्यालङ्कारस्य विषयः। (पृ० २७५)

हिन्दी के आचार्य

दासकवि ने मम्मट के अनुकरण पर छेकानुप्रास का वर्णन किया है—

वर्न अनेक नि एक की आवृत्ति एकहि बार।
सो छेकानुप्रास है आदि अंत इक वार ॥१९।३६॥

उदाहरणों में एक आदिवर्ण की आवृत्ति का है और दूसरा अन्त्य वर्ण की आवृत्ति का।

पोद्दार ने विश्वनाथ के अनुसार छेकानुप्रास का वर्णन किया है और इस बात की ओर ध्यान आकृष्ट किया है कि एक वर्ण की एक बार सादृश्य में छेकानुप्रास नहीं होता है। (पृ० ६५)

उपसंहार

छेकानुप्रास को रुय्यक आदि आचार्य स्वतन्त्र अलंकार मानते हैं परन्तु मम्मट आदि आचार्य अनुप्रास का एक भेद मात्र मानते हैं। इस अलंकार की कल्पना उद्भट ने की थी। उद्भट के लक्षण को मम्मट ने एक वैज्ञानिक रूप दे दिया। मम्मट ने सकृत और असकृत पदों के प्रयोग से छेकानुप्रास एवं वृत्त्यनुप्रास का अन्तर दिया। विश्वनाथ 'अनेकधा' पद जोड़कर छेकानुप्रास के लक्षण को और भी सरल एवं स्पष्ट बना देते हैं। पोद्दार ने छेकानुप्रास के स्वरूप को और भी अधिक स्पष्ट कर दिया है।

४७ लाटानुप्रास

काव्यालंकार के द्वितीय परिच्छेद में अनुप्रास भेदों का वर्णन करते हुए भामह ने लिखा था कि कुछ लोग लाटीय को भी अनुप्रास का एक भेद मानते हैं—

लाटीयमप्यनुप्रासमिहेच्छन्त्यपरे यथा ।
दष्टि दृष्टिसुखा धेहि चन्द्रश्चन्द्रमुखोन्ति ॥२।८॥

उदभट

स्वतन्त्र अलकार के रूप मे लाटानुप्रास की कल्पना उदभट ने की थी। 'काव्यालकार-सार सग्रह' के प्रथम वग म लाटानुप्रास अलकार का वणन किया गया है—

स्वरूपार्थाविशेषेऽपि पुनरुक्ति फलान्तरात् ।
शब्दाना वा पदाना वा लाटानुप्रास इष्यते ॥

स्वरूप एव अथ मे भेद न रहने पर भी जहाँ प्रयोजनान्तर से शब्दो अथवा पदो की पुन रुक्ति हो वहाँ लाटानुप्रास का चमत्कार है। यही लक्षण उत्तर आचार्यों म भी मान्य रहा है।

लाटानुप्रास के प्रथम तो तीन भेद हैं—दोना स्वतन्त्र हो, अथवा दोनो [परतन्त्र हो, अथवा दोना म से एक स्वतन्त्र हो और दूसरा परतन्त्र। प्रथम तथा अन्तिम के दो-दो उपभेद हैं। इम प्रकार लाटानुप्रास के पाँच भेद हैं—

स पदद्वितयस्थित्या, द्वयोरेकस्य पूववत ।
तदन्यस्य स्वतन्त्रत्वात, द्वयोर्वैकपदाश्रयात ॥
स्वतन्त्रपदरूपेण द्वयार्वापि प्रयोगत ।
भिद्यतेऽनेकधा भेद पादाभ्यासक्रमेण च ॥

मम्मट

शान्दस्तु लाटानुप्रासो भेदे तात्पयमात्रत ॥९।८१॥
पदा ग स पदस्यापि, वत्तावन्यत्र तत्र वा।
नाम्न स वत्त्यवत्त्योश्च तदेव पञ्चधा मत ॥९।८२॥

मम्मट का लक्षण सरल है, उसम उदभट का ही अनुकरण है।

इतर आचार्य

तात्पयभेदवत्तु लाटानुप्रास । (अलकार सवस्व)
तात्पयमन्यपरत्वम । तदेव भिद्यते, न तु शब्दाथयो स्वरूपम । (वत्ति)

जयदेव तथा विश्वनाथ क लक्षण सरल तथा स्पष्ट हैं—

लाटानुप्रासभूभिन्नाभिप्राया पुनरुक्तता।
यत्र स्यान्न पुन शत्रोर्गजित तज्जित जितम् ॥५।४॥ (चन्द्रालोक)
शब्दाथयो पौनरुक्त्य भेदे तात्पयमात्रत । (साहित्यदपण)
एक शन्द बहु बारगी सो लाटानुप्रास।
तातपज तें होतु है, और अथ प्रकास॥१९।४८॥ (काव्यनिणय)

उपसंहार

भामह ने लाटानुप्रास का अनुप्रास भेद के रूप में वर्णन किया था। अनेक उत्तर आचार्य इसी परम्परा में लाटानुप्रास का वर्णन अनुप्रास के एक भेद के रूप में करते हैं। परन्तु उद्भट ने लाटानुप्रास को एक स्वतन्त्र अलंकार माना। कतिपय आचार्य इसका स्वतन्त्र वर्णन भी करते रहे हैं। अनुप्रास का यह विशेष भेद है जिसकी तुलना तत्काल ही यमक से करनी पड़ती है।

लाट-जन-वल्लभ होने के कारण इसको लाटानुप्रास कहते हैं। लाट गुजरात का एक भाग है उसके नाम पर लाटीया वृत्ति भी प्रसिद्ध है।

लाटानुप्रास के स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। उद्भट के अनुसार शब्द तथा अर्थ तो वे ही रहते हैं परन्तु प्रयोजनान्तर हो जाता है और मम्मट के अनुसार तात्पर्य मात्र में भेद उत्पन्न हो जाता है।

उदभट के अनुसार लाटानुप्रास के पाँच भेद हैं। मम्मट भी पाँच भेदों का वर्णन करते हैं—अनेक-पद-गत, एक-पद-गत, समास गत, भिन्न-समास-गत तथा समास-असमास-गत।

मम्मट ने वृत्ति में लाटानुप्रास को पदानुप्रास कहा है। इस पर अनुप्रास का सामान्य लक्षण वर्णसाम्यमनुप्रास सिद्ध नहीं होता। इसी कारण काव्यप्रकाश के टीकाकार वामन झलकीकर ने इसको अनुप्रास का भेद[1] मानने पर आपत्ति की है। भामह की अपेक्षा उद्भट का विचार ही अधिक ठीक था जो लाटानुप्रास को स्वतन्त्र अलंकारत्व प्रदान कर देता है।

४८ प्रतिवस्तूपमा

उपमा के भेदों का वर्णन करते हुए भामह ने लिखा था—

समानवस्तुन्यासेन प्रतिवस्तूपमोच्यते।
यथेवानभिधानेऽपि गुण-साम्यप्रतीतितः ॥२।३४॥

(जब दो वाक्यों में यथा इव आदि शब्दों के प्रयोग के बिना ही गुण-साम्य की प्रतीति समान वस्तु के न्यास द्वारा हो तो वह प्रतिवस्तूपमा का सौन्दर्य है।)

दण्डी ने भी इसी प्रकार की शब्दावली में उपमा के इस भेद का निरूपण किया है—

वस्तु किंचिदुपन्यस्य न्यसनात्तत्सधर्मणः।
साम्यप्रतीतिरस्तीति प्रतिवस्तूपमा यथा ॥२।४६॥

उदभट

'काव्यालंकार सार संग्रह' के प्रथम वर्ग का अन्तिम विवेच्य अलंकार प्रतिवस्तूपमा है। उदभट ने इसका वर्णन स्वतन्त्र अलंकार के रूप में किया है। उपमान एवं उपमेय के सन्निधान

---

१ काव्यालंकार-सार संग्रह (साहित्य-सम्मेलन प्रयाग) पृ० ७६।

में जहाँ साम्यवाचक शब्द का विद्वानों द्वारा अनेकधा प्रयोग किया गया हो, वहाँ प्रतिवस्तूपमा अलंकार है—

उपमानसन्निधाने च साम्यवाच्युच्यते बुधयत्र ।
उपमेयस्य च कविभिः सा प्रतिवस्तूपमा गदिता ॥

इन्दुराज के अनुसार 'साम्यवाचिनः पदस्यासकृदुपादानं क्रियते' । इस प्रतिवस्तूपमा में केवल अर्थ की महिमा से उपमानोपमेयभाव की अवगति होती है । एकमात्र उदाहरण है—

विरलास्तादृशा लोके शील-सौन्दर्य-सम्पदः ।
निशाः कियत्यो वर्षेऽपि यास्विन्दुः पूर्णमण्डलः ॥

वामन

'काव्यालंकार-सूत्रवृत्ति' में प्रतिवस्तूपमा का लक्षण है—

उपमेयस्योक्तौ समानवस्तुन्यासः प्रतिवस्तु ॥४.३.२॥

इस लक्षण पर भामह का प्रभाव है । वृत्ति में स्पष्ट किया गया है—'समानं वस्तु वाक्यार्थः । अत्र द्वौ वाक्यार्थौ, एको वाक्यार्थ उपमायामिति भेदः ।'

मम्मट

'काव्यप्रकाश' से प्रतिवस्तूपमा तथा दृष्टान्त का साथ-साथ विवेचन प्रारम्भ हो गया। मम्मट का लक्षण अधिक वैज्ञानिक है—

सामान्यस्य द्विरेकस्य यत्र वाक्यद्वये स्थितिः ॥१०२॥

प्रतिवस्तूपमा में एक ही सामान्य धर्म को दो वाक्यों में दो बार भिन्न शब्दों द्वारा[1] कहा जाता है । यह अलंकार केवल रूप तथा माला रूप दोनों प्रकार का है ।

रुय्यक

'अलंकार सर्वस्व' का लक्षण मम्मट के अनुकरण पर तथा संक्षिप्त है—

"वाक्यार्थगतत्वेन सामान्यस्य वाक्यद्वये पृथङ् निर्देशे प्रतिवस्तूपमा ।

रुय्यक ने वृत्ति में समान अलंकारों का पारस्परिक अंतर अत्यन्त स्पष्ट शब्दावली में लिखा है—

"तत्र सामान्यधर्मस्य इवाद्युपादाने सकृन्निर्देशे उपमा । वस्तु प्रतिवस्तुभावेन असकृन्निर्देशेऽपि सैव । इवाद्यनुपादाने सकृन्निर्देशे दीपक तुल्ययोगिते । असकृन्निर्देशे तु शुद्धसामान्य रूपत्वं बिम्बप्रतिबिम्बभावो वा । आद्ये प्रकारे प्रतिवस्तूपमा । द्वितीयप्रकाराश्रयेण दृष्टान्तो वक्ष्यते ।" (पृ० ९४-५)

रुय्यक के अनुसार प्रतिवस्तूपमा साधर्म्य तथा वैधर्म्य दोनों ही से हो सकती है ।

---

१ साधारणो धर्मः उपमेयवाक्ये उपमानवाक्ये च शब्दभेदेन यदुपादीयते सा वस्तुनो वाक्यार्थस्य उपमानत्वात् प्रतिवस्तूपमा । (वृत्ति)

जयदेव

जयदेव तथा अप्पय्यदीक्षित ने एक ही शब्दावली म लक्षण उदाहरण दिये हैं—

वाक्ययोरथसामान्ये प्रतिवस्तूपमा मता ।
तापेन भ्राजते सूय शूरश्चापेन राजते ॥५५।५॥

विश्वनाथ

साहित्यदपण म प्रतिवस्तूपमा का लक्षण अत्यन्त सुगम स्पष्ट एव पूण है—

प्रतिवस्तूपमा सा स्याद वाक्ययोगम्यसाम्ययो ।
एकोऽपि धम सामान्यो यत्र निर्दिश्यते पृथक् ॥१०।५०॥

उदाहरण भी उतना ही प्रसिद्ध एव सुगम है—

धन्यासि वैदर्भि गुणैरुदार यया समाकृष्यत नपधोऽपि ।
इत स्तुति का खलु चन्द्रिकाया, यदब्धिमप्युत्तरलीकरोति ॥

विश्वनाथ के अनुसार इसकी माला भी होती है और इसका चमत्कार वधम्य म भी होता है यह मम्मट तथा रुय्यक का सम्मिलित प्रभाव है ।

हिन्दी के आचाय

दासकवि ने प्रतिवस्तूपमा का तीन प्रकार से वणन किया है—

नाम जु है उपमेय को सोई उपमा नाम ।
ताका प्रतिवस्तूपमा कहैं सकल गुनधाम ॥८।९०॥
जहँ उपमा उपमेय को नाम अथ है एक ।
ताहू प्रतिवस्तूपमा कहैं सु बुद्धिविवेक ॥८।९१॥
जहा बिम्ब प्रतिबिंब नहि धमहि तें सम ठान ।
प्रतिवस्तूपमा तहि कहैं दष्टान्त तहि मो जान ॥८।९८॥

प्रथम लक्षण उदभट के प्रभाव स लिया गया है । दूसरा लक्षण वामन के प्रभाव से आगत प्रतीत होता है । तीसरा मम्मट के प्रभाव से आया है । प्रथम तथा द्वितीय लक्षण एव उनके उदाहरण अनुकरण की त्रुटि के कारण सदोष[1] बन गये हैं ।

पोद्दार ने मम्मट एव रुय्यक के अनुसार वणन किया है । रामदहिन मिश्र का वणन अत्यन्त सक्षिप्त है ।

---

1 एक सदोष उदाहरण देखिए

नारा छूटि गये भई मोहन की गति सोइ ।
नारो छूटि गये ज गति और नरन की होइ ॥८।९३॥

उपसहार

उपमा भेद के रूप म भामह तथा दण्डी ने प्रतिवस्तूपमा का वणन किया था। उद्भट न स्वतत्र अलकारत्व प्रदान करके प्रतिवस्तूपमा का महत्त्व दिया और इसके प्रतियोगी दृष्टात अलकार का भी वणन किया। वामन का वणन सामान्य है। मम्मट रुय्यक से प्रतिवस्तूपमा का स्वरूप अधिक वज्ञानिक बना और दूसर अलकारा से इसका पृथक सौन्य स्पष्ट हा सका। विश्वनाथ के लक्षण एव उदाहरण दोना सुगम तथा स्वच्छ हैं।

प्रतिवस्तूपमा के तीन भेद हैं—साधम्य म वधम्य स तथा मालारूप।

प्रतिवस्तूपमा वाक्याथ की उपमा है पदाथ की नही इसम सादश्य व्यग्य हाता है यथा इव आदि के उपादान द्वारा नही इसम साधारण धम का कथन असकृत होता है, कवल एक बार नही। धम का यह कथन शब्द भेद स होता है। प्रतिवस्तूपमा म बिम्ब प्रतिबिम्ब भाव नही होता, जा दृष्टान्त की अपनी विशेषता है।

४६ सकर

उद्भट

'काव्यालकार-सारसग्रह' के पचम वग म उदभट ने सकर को अलग अलकार मानकर इसका विवेचन किया है और पष्ठ वग के ससृष्टि अलकार के साथ पारस्परिक अन्तर, दाना अलकारा के लक्षणा के समय, कवि के ध्यान म रहा है। सकर और ससृष्टि का जो अन्तर उदभट न माना है ठीक वही मम्मट ने नही माना।

सकर का लक्षण नही दिया गया। उसके चारा भेदा का अलग-अलग वणन है। य भेद है—सन्देह सकर शब्दाथवर्त्यलकारसकर एकशब्दाभिधानसकर तथा अगागिभावसकर।

एक से अधिक अलकार एक साथ नात[1] हात हा, परन्तु सबका अस्तित्व असभव हो और किसी एक को ग्रहण करने अथवा त्यागने का कोई आधार न हो—उस अलकार मिश्रण को सदेह सकर कहते हैं। 'यद्यप्यत्य तमुचितो वरेन्दुस्तेन लभ्यते' उदाहरण म 'वरेन्दु' पद म 'वर एव इन्दु' रूपक तथा वर इन्दुरिव समासोपमा म सदेह सकर है।

एक वाक्य[2] (अथवा पद्य) मे शब्दालकार तथा अर्थालकार ससग को प्राप्त होन है तो वह शब्दाथवर्त्यलकारसकर है। उत्तर आचार्यों न इसको ससृष्टि माना है। 'एक शब्दाभिधान सकर' के दो अलकार एक वाक्याश[3] म विद्यमान रहत है। इन्दुराज का मत है कि ये दोना अथालकार हाने चाहिए। जब अलकार परस्पर उपकार करें, स्वतन्त्र न हा ता वह अनुग्राह्यानुग्राहक अथवा

१ अनेकालक्रियोल्लेखे सम तद्वृत्त्यसम्भवे।
एकस्य च ग्रहे न्यायदोषाभाव च सकर ॥ का०सा स० ५।११॥

२ शब्दाथवर्त्यलकारा वाक्य एकत्र भासिन ॥ का सा०स ५।१२॥

३ एकवाक्याशप्रवेशाद्वाभिधीयते ॥ का सा०स ५।१२॥

४ परस्परोपकारेण यत्रालङ्कृतय स्थिता।
स्वातन्त्र्यणात्मलाभ नो लभन्ते सोपि सकर ॥ का०सा०स०, ५।१३॥

अगागिभाव सकर है। उदभट के मत मे इदुराज के अनुसार इसके चार भेद हैं—विकल्प, व्यवस्था समुच्चय तथा अगागिभाव। (पृ० ७१)

रुद्रट

अर्थालकारा का विवेचन करने के अनन्तर कायालकार' के दशम अध्याय मे अलकारो की सकीणता का विवचन किया गया है और सकर के उन दो भेदो का उल्लेख है जो आगे चलकर समृष्टि एव सकर नाम से प्रसिद्ध हुए—

योगवशादतेषा तिलतण्डुलवच्च दुग्धजलवच्च।
व्यक्ताव्यक्ताशत्वात सकर उत्पद्यत द्वेधा॥१०।२५॥

मम्मट

काव्यप्रकाश के दशम उल्लास म ससृष्टि के अनन्तर सकर का विवेचन किया गया है। उद्भट के समान ही सकर का लक्षण नही है। सकर के तीन भेद बतलाय है—

(क) अगागिभाव सकर। (ख) सदेह सकर। (ग) एकाश्रयानुप्रवेश सकर।

जो परस्पर निरपक्ष स्वतत्र रूप स अलकार न बनते हो उनका अगागिभाव, सकर का प्रथम भद है। जहाँ अलकार अपन स्वरूपमात्र म स्वतत्र रूप स स्थित नही होते और अनुग्राह्य-अनुग्राहक[1] भाव को प्राप्त हो जात है उनकी सकीणता सकर है। इस भेद का विवेचन उदभट ने भी किया था। मम्मट का मत है कि इस प्रकार का सकर शब्दालकारो[3] म भी हो सकता है।

एक अलकार के मानन अथवा न मानने म न्यायदोप हो तो वह सदेह सकर है। दो अथवा दो स अधिक अलकारो का एकत्र समावश होन पर भी विरोध के कारण एक का ग्रहण तथा इतर का परिहार न हो सके तो निश्चयाभाव रूप द्वितीय सकर है। इस भेद का विवेचन भी उद्भट ने किया है।

एकाश्रयानुप्रवश सकर म दो अलकार एक स्थान पर सदिग्ध अथवा अगागिभाव म न रह कर स्पष्ट एव अलग-अलग रूप स रहते हैं। लक्षण है—

स्फुटमकत्र विषय शब्दार्थालकृतिद्वयम्।
व्यवस्थित च ॥

यहाँ एक ही पद म शब्दालकार और अर्थालकार दोनो स्पष्ट रूप स विद्यमान एव व्यवस्थित रहत हैं। एकाश्रयानुप्रवश उद्भट का एकशब्दाभिधान सकर है। उदभट के सकर का चतुर्थ भेद (द्वितीय) शब्दार्थवर्त्यनेकालकार सकर उत्तर आचार्यों की ससृष्टि है।

---

१ अविश्रान्तिजुषामात्मन्यङ्गाङ्गित्वं तु सकर।
२ एत एव यत्रालकारा अवश्रान्ता स्वतन्त्रभावा परस्परमनुग्राह्यानुग्राहकता दधाति स एषां सकीर्यमाणस्वरूपत्वात सकर। (वृत्ति)
३ स्वतन्त्र सकर शब्दालकारयोरपि परिकल्पते। (वृत्ति)
४ एकस्य च ग्रहे न्यायदोषाभावादनिश्चय ॥१४०॥

रुय्यक

'क्षीर-नीर-न्यायेन तु सकर ।"

इसके तीन भेद हैं—अगागिभाव, सशय तथा एकवाचकानुप्रवेश। इन भेदा म मम्मट की शब्दावली तक का अनुकरण है। अगागिभाव सकर के प्रसग म रुय्यक ने बताया है कि शब्दा लकारो का अगागिसकर नही हो सकता, ससृष्टि हागी—

"शब्दालकारयो शब्दवदुपकार्योपकारकत्वाभावनाङ्गाङ्गीभावाभावात । शब्दालकार ससृष्टिस्त्वत्र श्रेयसी। (वृत्ति पृ० २५०)

रुय्यक ने इन तीना भेदा का वणन करने के अनन्तर यह भी स्पष्ट कर दिया है कि उदभट द्वारा प्रतिपादित शेष भेद ससृष्टि के अन्तगत आ जाता है सकर का अलग भेद नही है—सकर के तीन ही भेद है—

"शब्दाथवत्यलकारसकरस्तु भट्टोदभटप्रकाशित ससृष्टावन्तर्भावित इति त्रिप्रकार एव सकर इह प्रदर्शित ।" (पृ० २८६)

जयदेव

'चन्द्रालोक के पचम मयूख म ससृष्टि सकर आदि के अलकारत्व का खण्डन है। ये अलकार इन उपयुक्त अलकारा के विन्यास विशेष म ही बनते ह इसलिए इनको अलग अलकार नही मानना चाहिए। यदि न्यूनता अथवा अधिकता के आधार पर इनका अलग माना जायगा तो अलकारा की गणना अनन्त हा जायगी क्योकि सौदय की न्यूनता अथवा अधिकता तो सवत्र है। जयदेव के शब्दा म—

शुद्धिरेकप्रधानत्व तथा ससृष्टि सकरौ।
एतेषामेव विन्यासान नालकान्तराण्यमी ॥५।११९॥
सर्वेषा च प्रतिद्वन्द्व - प्रतिच्छन्दभिन्नाभृताम ।
उपाधि क्वचिदुदभिन्न स्यादन्यत्रापि सभवात ॥५।१२०॥

विश्वनाथ

साहित्यदपण म मम्मट के अनुसार सकर के तीन प्रकार के वणन है, वणन म छन्द की सुविधा के कारण क्रम भिन्न है, परन्तु उदाहरणा म काव्यप्रकाश का ही क्रम है—

अगागित्वेऽलकृतीना तदवन्कैकाश्रयस्थितौ।
सदिग्धत्वे च भवति सकरस्त्रिविध पुन ॥१०।९९॥

अप्पय्यदीक्षित

'कुवलयानन्द म प्रमाणालकारा के अनन्तर अन्त म ससृष्टि तथा सकर का परिचय है। उनके केवल उदाहरण दिये गये हैं। सकर के पाच भेद हैं—

(१) अगागिभाव सकर, (२) सम प्राधान्य सकर, (३) सदेह सकर, (४) एकवचना

नुप्रवेश संकर (५) संकर संकर।

प्रथम, तृतीय तथा चतुर्थ भेद तो परम्परागत हैं, द्वितीय तथा पंचम नवीन हैं। 'सम प्राधान्य संकर' की विशेषता है, 'परस्परापेक्षया चारुत्वसमुन्मेषश्चोभयोस्तुल्यः' (पृ० १९५) 'चतुर्णामपि संकराणां यथायोग्यं संकरः' (पृ० २३०) को 'संकर संकर' कहा गया है।

हिन्दी के आचार्य

द्वै त्रि तीन भूषन मिलें छीर-नीर के न्याय।
अलंकार संकर कहैं, तिहि प्रवीन कविराय ॥३।८९॥

दासकवि ने अंगागिसंकर, सम प्रधान संकर तथा सन्देह संकर का वर्णन किया है। यह सम प्रधानसंकर मम्मट का 'एकाश्रयानुप्रवेश संकर' ही है। पोद्दार ने दस पृष्ठों में 'काव्यप्रकाश', 'अलंकारसर्वस्व' तथा 'साहित्यदर्पण' के अनुसार संकर का वर्णन किया है। रामदहिन मिश्र का वर्णन संक्षिप्त एवं 'काव्यप्रकाश' के आधार पर है।

उपसंहार

उद्भट ने संकर अलंकार की कल्पना की थी। जयरथ ने इसका खंडन किया है। शेष आचार्य संकर का वर्णन करते रहे हैं। संकर के स्वरूप का जो विवेचन रुद्रट ने किया, वही उत्तर आचार्यों को मान्य रहा। उद्भट का संकर व्यापक है—संसृष्टि भी उसके अन्तर्गत है। रुद्रट संसृष्टि संकर का पारस्परिक अंतर स्पष्ट कर देते हैं।

उद्भट ने संकर के चार भेद बतलाये थे। एक भेद संसृष्टि बन गया, शेष तीन भेद सभी आचार्यों को मान्य रहे। केवल अप्पय्य दीक्षित ने दो अन्य भेदों का भी वर्णन किया। तीन भेदों में से दो के नाम मम्मट एवं रुय्यक में समान हैं। तीसरे भेद का नाम 'एकवाचकानुप्रवेश' (रुय्यक) अधिक लोकप्रिय रहा।

५० काव्यहेतु

उद्भट

काव्यहेतु अथवा काव्यलिंग अलंकार का प्रथम विवेचन उद्भट ने 'काव्यालंकारसारसंग्रह' के षष्ठ वर्ग के अन्त में किया है। जब एक सुनी हुई वस्तु किसी अन्य की स्मृति अथवा अनुभव का कारण बने तो काव्यलिंग अलंकार का सौंदर्य है—

श्रुतमेकं यदन्यत्र स्मृतेरनुभवस्य वा।
हेतुतां प्रतिपद्येत काव्यलिंगं तदुच्यते ॥६।७॥

(यत्र एकं वस्तु श्रुतं सद्वस्त्वन्तरं स्मारयति अनुभावयति वा तत्र काव्यलिंगम्।)

तार्किकों का एक सम्प्रदाय यह मानता है कि हेतुव्यापार स्मृति है। कारण को देखकर अनुभूत कार्य की स्मृति होती है। दूसरा सम्प्रदाय यह मानता है कि हेतुव्यापार अनुमान है, कारण को देखकर अननुभूत कार्य का अनुमान कर लिया जाता है। इन दोनों सम्प्रदायों को मान्यता देते हुए उद्भट ने स्मृति तथा अनुभव दोनों का ग्रहण कर लिया है। शास्त्रहेतु देखने

पर निभर है परतु काव्यहतु सुनने पर। एकमात्र उदाहरण सरल तथा स्पष्ट है—

छायेय तव शेपाङ्गका ते किञ्चिदनुज्वला।
विभूपाघटनादेशान् दशयन्ती दुनोति माम् ॥

पावती के उन अगा की कान्ति, जहा आभूपण नही पहन जाते थे, कम हो गई, उसको देख कर आभूपणयुक्त अगो का अनुमान कर लिया जाता है।

वामन तथा रुद्रट मे इस अलकार का वणन नही है।

मम्मट

काव्यप्रकाश मे काव्यलिंग का सक्षिप्त लक्षण तथा तीन उदाहरण (वाक्यायरूप, अनेक पदाथरूप तथा एकपदाथरूप) दिय गये हैं। लक्षण है—

"काव्यलिंग हेतार्वाक्यपदाथता ॥११४॥

हेतु का वाक्याथ अथवा पदाथ (अनकपदाथ अथवा एकपदाथ) रूप म कथन काव्यलिंग अलकार है।

रुय्यक

अलकारसवस्व म काव्यप्रकाश की शब्दावली से ही लक्षण लिखा गया है। वत्ति म लक्षण को स्पष्ट किया गया है—

"यत्र हेतु कारणरूपा वाक्याथगत्या विशपणद्वारण वा पदाथगत्या लिंगत्वन निबद्धचते तत्काव्यलिंगम्। वाक्याथगत्या च निबध्यमाना हेतु वनवापनिवद्धव्य नोपनिबद्धस्य हेतुत्वम्। अन्यथा अर्थान्तरन्यासान नास्य भेद स्यात्।' (पृ० १८१)

जयदेव

'चन्द्रालोक म काव्यलिंग का लक्षण उदाहरण सामान्य एव सक्षिप्त है—

स्यात काव्यलिंग वागर्थो नूतनाथसमपक।
जितोऽसि मन्दकन्दप मच्चित्तेऽस्ति त्रिलाचन ॥५।३८॥

विश्वनाथ

साहित्यदपण' म काव्यलिंग का वणन मम्मट की शब्दावली मे ही है—

हेतोर्वाक्यपदाथत्व काव्यलिंग निगद्यते।

मम्मट के ही समान काव्यलिंग के तीन रूपा का वणन है। वत्ति म विश्वनाथ ने अनुमान काव्यलिंग तथा अर्थान्तरन्यास का अन्तर स्पष्ट किया है—

तथा ह्यत्र हतुस्त्रिधा भवति—ज्ञापका निष्पादक, समथकश्चेति। तत्र ज्ञापकोऽनुमानस्य विषय निष्पादक काव्यलिंगस्य, समथकोऽर्थान्तरन्यासस्य इति पृथगव काय-कारण भावेऽर्थान्तरन्यास काव्यलिंगात्। (विमला, पृ० ३४८)

अप्पय्यदीक्षित

कुवलयानन्द' में उदाहरण तो चन्द्रालोक से आया है, परन्तु लक्षण की शब्दावली अलग तथा सरल है— समर्थनीयस्यार्थस्य काव्यलिंग समर्थनम् ॥१२१॥'

जगन्नाथ

दीक्षित के लक्षण पर अर्थान्तरन्यास की अतिव्याप्ति की आपत्ति करते हुए रसगंगाधरकार ने निम्नलिखित लक्षण दिया है—

> अनुमितिकरणत्वेन सामान्य विशेषभावाभ्यां चानालिङ्गित प्रकृतार्थोपपादकत्वेन विवक्षितोऽर्थ काव्यलिंगम। (पृ० ५२८)

हिन्दी के आचार्य

दासकवि ने अप्पय्य दीक्षित के प्रभाव से काव्यलिंग का निम्नलिखित लक्षण दिया है—

> जहँ सुभाव के हेतु को कै प्रमान को कोइ।
> कै समर्थन जुक्तिबल काव्यलिंग है सोइ ॥१७।२५॥
> कहुँ वाक्यार्थ समर्थिये कहुँ सन्धार्थ सुजान।
> काव्यलिंग कविजुक्ति गनि कहै निरुक्ति न आन ॥१७।२६॥

कन्हैयालाल पोद्दार ने काव्यलिंग का वर्णन मम्मट के अनुकरण पर दिया है। रामदहिन मिश्र का वर्णन कुवलयानन्द पर आश्रित है।

उपसंहार

काव्यहेतु अथवा काव्यलिंग नाम से उद्भट ने इस सौन्दर्य की कल्पना की थी। मम्मट ने इसका व्यवस्थित वर्णन किया और तीन भेद बतलाये। उत्तर आचार्य मम्मट के ऋणी हैं। जयदेव ने भिन्न शब्दावली में काव्यलिंग का वर्णन किया। दीक्षित का लक्षण अलग है परन्तु उदाहरण चन्द्रालोक से आया है। विश्वनाथ ने अनुमान काव्यलिंग और अर्थान्तरन्यास के स्वरूप को अलग-अलग समझाया। दीक्षित ने परिकर और काव्यलिंग का भेद स्पष्ट किया है।

मम्मट ने काव्यलिंग के अन्तर्गत हेतु अथवा काव्यहेतु का भी वर्णन किया है इसके विपरीत पूर्ववर्ती दण्डी और भोज काव्यलिंग को हेतु अलंकार के अन्तर्गत कारकहेतु' नाम से लिखते हैं। रुय्यक के टीकाकार जयरथ' काव्यलिंग के चमत्कार में सौन्दर्य नहीं मानते इसलिए काव्यलिंग को अलंकारता प्रदान नहीं करते।

हेतु अलंकार का भामह ने खण्डन एवं दण्डी ने विवेचन किया था। उद्भट का काव्यहेतु उससे भिन्न है इसकी विच्छित्ति में तर्कशास्त्र का हेतु मात्र ही नहीं आता जिसका दण्डी वर्णन

---

१ अलंकार मंजरी पृ० ३५८।
२ अलंकारानुशीलन पृ० ४२३।

करते ह। यह वास्तविक हतु नही काव्यात्मक हेतु ह, "शास्त्रहेतु देखन पर निभर ह काव्यहतु सुनने पर। 'हतु अलकार क स्वरूप का विश्लेपण यथास्थान हो चुका है।

५१ दृष्टान्त

उद्‌भट

काव्यहेतु अथवा काव्यलिंग अलकार के अनन्तर काव्यदृष्टान्त अथवा दृष्टान्त अलकार का विवचन उदभट न किया है। दृष्टान्त का लक्षण है —

इष्टस्यार्थस्य विस्पष्टप्रतिबिम्बनिदर्शनम्।
यथेवादिपदै शून्य बुधदृष्टान्त उच्यते ॥६।८॥

(यथा इव आदि पदो के प्रयाग के बिना इष्ट अथ का स्पष्ट प्रतिबिम्ब निदर्शन दृष्टान्त अलकार है।)

दृष्टान्त म इष्टार्थ तथा प्रतिबिम्ब दाना का कथन आवश्यक है यथा इव आदि रहने से यह उपमा बन सकता है। आदि से साधारण धर्म[1] लिया जाता है क्याकि साधारण धर्म की उपस्थिति म प्रतिवस्तूपमा बन जायगी।

उदाहरण सरल तथा स्पष्ट है—

विचार्य बहुनात्र्नेन व्रज भर्तारमाप्नुहि।
उन्नतमनासाद्य महानद्य विश्रामो ॥

यहा पार्वती की पतिप्राप्ति इष्टार्थ तथा महानदी की सागर प्राप्ति प्रतिबिम्ब दाना का कथन है, वाचक शब्द तथा साधारणधर्म का अभाव है।

वामन म दृष्टान्त अलकार का वर्णन नही है।

रुद्रट

अर्थविशेष पूर्व यादृग्न्यस्ता विवक्षिततरया।
तादृशमन्य न्यस्येद्यत्र पुन सोऽत्र दृष्टान्त ॥८।९४॥

प्रस्तुत अथवा अप्रस्तुत अर्थों म जिस प्रकार का अथ पूर्वस्थित हो उसी प्रकार का अन्य अर्थ *वक्ता पुन रखे तो दृष्टान्त का चमत्कार है। यदि प्रस्तुत पूर्व हो तो उसी प्रकार का अप्रस्तुत* पश्चात हो यदि अप्रस्तुत पूर्व हो तो उसी प्रकार का प्रस्तुत पश्चात हो। यहा 'प्रतिबिम्ब' का भाव लक्षण म नही है। विवक्षित (प्रस्तुत) की पूर्वस्थिति का उदाहरण है—

त्वयि दृष्ट एव तस्या निर्वाति मनो मनोभवज्वलितम्।
आलोके हि सिताशोर्विकसति कुमुद कुमुद्वत्या ॥८।९५॥

---

[1] यत्र तु इष्टमर्थ स्वकण्ठेनोपात्त तस्य प्रतिबिम्बमुपदर्श्यते तत्र दृष्टान्तत्वम्। अतो नातिव्याप्ति। उपमाया वप्यवविधस्य रूपस्य सम्भव इति तन्निराकरणायमुक्तम् यथेवादिपदै शून्यमिति। आदिग्रहणात्र साधारण धर्मस्यापि परिग्रह। (इन्दुराज पृ० ८५)

मम्मट

'काव्यप्रकाश' में प्रतिवस्तूपमा के अनन्तर दृष्टान्त का अत्यन्त संक्षिप्त एवं स्पष्ट निरूपण किया है —

दृष्टान्तः पुनरेतेषां सर्वेषां प्रतिबिम्बनम् ॥१०२॥

उपमान, उपमेय, उनके विशेषण[1] और साधारण धर्म[2] आदि सबका (भिन्न होने हुए भी औपम्य के प्रतिपादनार्थ उपमान-वाक्य तथा उपमेय-वाक्य में पृथगुपादानरूप) बिम्ब प्रतिबिम्ब भाव होने पर दृष्टान्त अलंकार है। दृष्टान्त साधर्म्य से भी हो सकता है और वैधर्म्य से भी।

रुय्यक

अलंकार-सर्वस्व में भी प्रतिवस्तूपमा के अनन्तर मम्मट के अनुकरण पर दृष्टान्त का वर्णन है। लक्षण है—

'तस्यापि बिम्बप्रतिबिम्बभावतया निर्देशे दृष्टान्तः।

मम्मट की शेष बातें वृत्ति में स्पष्ट कर दी गई हैं —

तस्यापीति न केवलमुपमानोपमेययोः। तच्छब्देन सामान्यधर्मः प्रत्यवमृष्टः। अयमपि साधर्म्य-वैधर्म्याभ्यां द्विविधः। (पृ० ९६)

जयदेव

मम्मट के अनुकरण पर लक्षण उदाहरण सरल तथा स्पष्ट है—

चेद् बिम्बप्रतिबिम्बत्वं दृष्टान्तस्तदलङ्कृतिः।
त्वमेव कीर्तिमान् राजन् विधुरेव हि कान्तिमान् ॥५।५६॥

दृष्टान्तश्चेद् भवन्मूर्तिस्तन्मृष्टा दैवदुर्लिपिः।
जाता चेत्प्राक् प्रभा भानोस्तर्हि याता विभावरी॥५।५७॥

विश्वनाथ

साहित्यदर्पण में मम्मट के प्रतिपादन को लक्षण एवं वृत्ति द्वारा और अधिक स्पष्ट किया गया है। लक्षण है— दृष्टान्तस्तु सधर्मस्य वस्तुनः प्रतिबिम्बनम्।

वृत्ति की व्याख्या है—

सधर्मस्येति प्रतिवस्तूपमाव्यवच्छेदः। अयमपि साधर्म्य-वैधर्म्याभ्यां द्विधा। अत्र समर्थ्यसमर्थकवाक्ययोः सामान्यविशेषभावादर्थान्तरन्यासः, प्रतिवस्तूपमादृष्टान्तयोस्तु न तथेति भेदः। (विमला पृ० ३३१)

---

१ विश्वेश्वर पृ० ४८६।

२ एतेषां साधारणधर्मान्तानाम्। (वृत्ति)

अप्पय्य दीक्षित

लक्षण 'चन्द्रालोक' से आ गया है। उसकी व्याख्या वृत्ति में की गई है—

यत्र उपमानोपमेयवाक्ययो भिन्नावेव धर्मौ बिम्ब प्रतिबिम्बभावेन निर्दिष्टौ तत्र दृष्टान्त।" (पृ० ५७) साधर्म्य तथा वैधर्म्य के उदाहरण दिये गये हैं।

जगन्नाथ

'रस-गगाधर' मे दृष्टान्त का लक्षण इस प्रकार है—

प्रकृतवाक्यार्थघटकानाम उपमानादीनाम साधारणधर्मस्य च बिम्बप्रतिबिम्बभावे दृष्टान्त।' (पृ० ४५१)

हिन्दी के आचार्य

देवकवि ने दृष्टान्त को 'लक्षन नाम प्रमान' माना है—

दृष्टान्तालकार सो, लक्षन नाम प्रमान। (पृ० १७२)

दासकवि का लक्षण मम्मट के अनुसार है—

लखि बिम्ब प्रतिबिम्ब गति, उपमेयौ उपमान।
लुप्त सब्द-वाचक किये, है दृष्टान्त सुजान ॥८।५४॥
साधर्मो वैधर्म सो कहुँ बसाई धर्म।
कहूँ दूसरी बात ते, जानि परै सोइ मर्म ॥८।५५॥

पोद्दार तथा मिश्र का वर्णन मम्मट के अनुसार है। दृष्टान्त का प्रतिवस्तूपमा से अन्तर स्पष्ट करते हुए पोद्दार लिखते है—

'प्रतिवस्तूपमा मे केवल साधारण धर्म का वस्तु प्रतिवस्तुभाव अर्थात शब्द भेद द्वारा एक धर्म दोनो वाक्यो मे कहा जाता है। दृष्टान्त मे उपमेय, उपमान तथा साधारण धर्म—तीनो का बिम्ब प्रतिबिम्ब भाव रहता है।" (अलकार-मजरी, पृ० २२१)

उपसहार

'दृष्टान्त अथवा काव्यदृष्टान्त' की कल्पना उदभट ने की थी और बिम्ब प्रतिबिम्ब भाव एव उपमासूचक पदो का अभाव इसकी दो विशेषताएँ थी। उत्तर आचार्य इसको केवल दृष्टान्त' कहने लगे। रुद्रट का लक्षण कुछ भिन्न है, परन्तु मम्मट ने प्रतिवस्तूपमा से अन्तर करते हुए दृष्टान्त का लक्षण लिखा है जिसका सभी आचार्यों ने अनुकरण किया।

दृष्टान्त साधर्म्य से भी हो सकता है तथा वैधर्म्य से भी। कुछ आचार्य 'माला' का भी वर्णन करते हैं।

प्रतिवस्तूपमा तथा 'दृष्टान्त' दोनो की कल्पना उदभट ने की थी। रुद्रट के अतिरिक्त समस्त आचार्यों के ध्यान मे ये दोनो अलकार साथ-साथ आते हैं। इन दोनो मे साम्य गम्य होता है वह भी दो स्वतन्त्र वाक्यो मे, पदार्थों मे नही। जगन्नाथ ने इसी कारण इन दोनो का एक ही

आलस्यमालिङ्गति गात्रमस्या ।[1]
असादृश्यनिबन्धना लक्षणा[2] वक्रोक्ति नही होती ।

रुद्रट

'काव्यालकार' के द्वितीय अध्याय मे रुद्रट ने शब्द के पाच अलकारो का वर्णन किया है—

वक्रोक्तिरनुप्रासो यमक श्लेषस्तथा पर चित्रम् ॥२।१३॥

इस पुस्तक मे शब्दालकारो का विवेचन पहले है, अर्थालकारो का तदनन्तर। शब्दालकारो मे भी प्रथम 'वक्रोक्ति' का विवेचन है। यह वक्रोक्ति वामन की परम्परा मे अलकार मात्र है, भामह की परम्परा का, अलकार का प्राण नही।

वक्त्रा तदन्यथोक्त व्याचष्टे चान्यथा तदुत्तरद ।
वचन यत्पदभङ्गै र्ज्ञेया सा श्लेषवक्रोक्ति ॥२।१४॥

वक्रोक्ति का प्रथम भेद श्लेषवक्रोक्ति है। वक्ता के विशिष्ट अभिप्राय से कहे गये वचन को सुनकर, उत्तरदाता उस वचन के पदो को भग करके उसका अन्यथा उत्तर देने का प्रयत्न करता है। उदाहरण है—

कि गौरि मा प्रतिरुषा ननु गौरह किं
कुप्यामि का प्रति मयीत्यनुमानतोऽहम।

इसमे 'गौरि मा' को उत्तरदाता गौ इमा कर देती है और 'मयीत्यनुमानतोऽहम' को 'मयि इति अनुमा नतोऽहम कर देती है।

वक्रोक्ति का दूसरा भेद काकुवक्रोक्ति है—

विस्पष्ट क्रियमाणादक्लिष्टा स्वरविशेषो भवति ।
अर्थान्तरप्रतीतिर्यत्रासौ काकुवक्रोक्ति ॥२।१६॥

अत्यन्त स्पष्ट रूप से किये गये विशेष स्वर (=उच्चारण) से अक्लिष्ट अर्थात नितान्त सरल अर्थान्तर की प्रतीति 'काकुवक्रोक्ति' का चमत्कार है। उदाहरण है—

शल्यमपि स्खलदन्त सोढु शक्यत हालाहलदिग्धम ।
धीरन पुनरकारणकुपितखलालीकदुर्वचनम ॥२।१७॥

जो धीर पुरुष अपने वक्ष स्थल पर मर्मभेदी विषले शल्य का प्रहार सह सकते है वे अकारण-कुपित खलो के कटु वचन नही सह सकते।

रुद्रट ने वक्रोक्ति शब्दालकार को एक नयी व्याख्या दी, जिसको मम्मट रुय्यक आदि समस्त आचार्यों ने अपना लिया। रुद्रट द्वारा कल्पित भेद द्वय भी सबको उन्ही *लक्षणो के साथ* मान्य रहे।

---

१ आलस्य का शरीर को आलिगन करना लक्षणा से शरीर म आलस्य की स्थिति का सूचित करता है।
२ असादृश्यनिबन्धना तु लक्षणा न वक्रोक्ति । (पृ० २३७)

मम्मट

यदुक्तमन्यथा वाक्यमन्यथाऽन्येन योज्यते।
श्लेषेण काक्वा वा ज्ञेया सा वक्रोक्तिस्तथा द्विधा ॥९।७८॥

रुद्रट की स्थापना को ही मम्मट ने अधिक स्पष्ट कर दिया है।

अन्य आचार्य

रुय्यक, जयदेव तथा विश्वनाथ के वर्णन इसी परम्परा में हैं—

'अन्ययोक्तस्य वाक्यस्य काकुश्लेषाभ्यामन्यथायोजनं वक्रोक्तिः।' (अलंकारसर्वस्व)
"वक्रोक्ति श्लेष-काकुभ्यां वाच्यार्थान्तरकल्पनम् ॥५।१८०॥ (चन्द्रालोक)
अन्यस्यान्यार्थकं वाक्यमन्यथा योजयेद्यदि।
अन्यः श्लेषेण काक्वा वा सा वक्रोक्तिस्ततो द्विधा ॥१०।९॥ (साहित्यदर्पण)
वक्रोक्तिः श्लेष-काकुभ्यामपरार्थप्रकल्पनम् ॥१५९॥ (कुवलयानन्द)

हिन्दी के आचार्य

एक वाक्य बहु अर्थ पद जहं सुश्लेष बखानि।
श्लेष काकु अपराध धुनि वक्र उक्ति सो ठानि॥ (शब्दरसायन)
द्वय काकु तें अर्थ को फेरि लगाव तक।
वक्रउक्ति तासों कहे ज बुधि-अबुज अक ॥२० १४॥ (काव्यनिर्णय)

कन्हैयालाल पोद्दार ने मम्मट के अनुसार वक्रोक्ति का वर्णन किया है।

उपसंहार

वक्रोक्ति को काव्यशास्त्र में कई अर्थों में ग्रहण किया गया है। भामह से जो परम्परा चली, वह अतिशयोक्ति एवं वक्रोक्ति को समानार्थ मानती थी और उसे सौंदर्य का मूल घोषित करती थी—उसके बिना कोई अलंकार नहीं होता। दण्डी ने इसमें केवल इतना परिवर्तन किया कि वाङ्मय को वक्रोक्ति के साथ साथ स्वभावोक्ति के सौंदर्य पर भी निर्भर माना। ध्वनिकार तथा वक्रोक्तिकार तो भामह के मुख्य समर्थक हैं। मम्मट ने भी भामह को नामपूर्वक उद्धृत किया है।

दूसरी परम्परा वामन से चली जो वक्रोक्ति को अलंकार-मात्र मानती है। वामन सादृश्य की लक्षणा के चमत्कार को वक्रोक्ति मानते थे। रुद्रट ने वक्रोक्ति को नवीन व्याख्या प्रदान की। वक्रोक्ति शब्दालंकार बन गया और श्लेषवक्रोक्ति तथा काकुवक्रोक्ति उसके दो भेद मान लिये गये। रुद्रट की व्याख्या सभी उत्तर आचार्यों ने स्वीकार की है और संस्कृत एवं हिन्दी के आचार्य वक्रोक्ति को शब्दालंकार मानकर उसके दो भेदों का वर्णन करते हैं।

५३ व्याजोक्ति

वामन

काव्यालंकार-सूत्र वृत्ति के चतुर्थ अधिकरण में 'व्याजस्तुति' अलंकार का निरूपण करने

के अनन्तर वामन ने सक्षेप म 'व्याजोक्ति' का विवेचन किया है। 'व्याजस्तुति' तथा 'व्याजोक्ति दो अलग अलकार है, यह वत्ति से ही स्पष्ट है—"व्याजस्तुतेर्व्याजोक्ति भि ना दशयितुमाह।"

व्याजोक्ति का लक्षण है—'याजस्य सत्यसारूप्य व्याजोक्ति ॥४,३ २५॥

अथात् 'व्याजस्य छद्मना सत्येन सारूप्य व्याजोक्ति' असत्य के व्याज से सत्य का सादश्य अथवा प्रतिपादन व्याजोक्ति अलकार का चमत्कार है। इस सौदय को 'मायोक्ति' भी कहत हैं। उदाहरण एकमात्र तथा सरल है—

> शरच्च द्राशुगौरेण वाताविद्धेन भामिनि ।
> काश-पुष्प-लवेनेद साश्रुपात मुख कृतम ॥

यहा सात्त्विक भाव से होने वाले अश्रुपात को 'काशपुष्प के तिनके के आख म पड जाने से होने वाला अश्रुपात' कहकर सत्य को छिपाने का यत्न किया गया है।

मम्मट

> व्याजोक्तिश्छद्मनोद्भि न वस्तुरूप निगूहनम् ॥१०।११८॥

उद्भि न अर्थात् प्रकट वस्तु के रूप का किसी छद्म से गोपन, व्याजोक्ति है। अपह्नुति म[1] प्रकृत और अप्रकृत का साम्य विवक्षित होता है जिसके द्वारा प्रकृत का अपह्नव किया जाता है, व्याजोक्ति म प्रकृत और अप्रकृत का साम्य नही होता।

एकमात्र उदाहरण सात्त्विक भावो को छिपान का यत्न चित्रित करता है—

> शलेन्द्र प्रतिपाद्यमानगिरिजा हस्तोपगूढोल्लसत-
> रोमाञ्चादि विसष्ठुलाखिल विधि-व्यासङ्ग भङ्गाकुल ।
> हा शैत्य तुहिनाचलस्य करयोरित्यूचिवान सस्मित
> शला त पुर-मातृमण्डलगणै द ष्टोऽवताद् व शिव ॥

रुय्यक

अलकार-सवस्व' मे काव्यप्रकाश' की शब्दावली मे ही लक्षण है और वही उदाहरण उदधृत किया गया है। लक्षण है—

> "उद्भि नवस्तुनिगूहन व्याजोक्ति ।'

इस लक्षण की व्याख्या भी है—"यत्र निगूढ वस्तु कुतश्चिन्निमित्ताद उदभि न प्रकटता प्राप्त सद्वस्व तरप्रक्षेपेण निगूह्यते अपलप्यते सा वस्त्व तरप्रक्षेपरूपस्य व्याजस्य वचनाद् व्याजोक्ति ।" (पृ० २१८)

रुय्यक ने अपह्नुति तथा व्याजोक्ति का अ तर भी स्पष्ट किया है—

अपह्नुति म सादश्य के लिए अपह्नव होता है व्याजोक्ति म अपह्नव के लिए वस्त्वन्तर का कथन किया जाता है। (पृ० २१९)

---

१ न चैषापह्नु ति प्रकृताप्रकृतोभयनिष्ठस्य साम्यस्येहासम्भवात्। (वत्ति)

जयदेव

'चन्द्रालोक' में व्याजोक्ति का लक्षण-उदाहरण सरल एवं सुगम है—

व्याजोक्तिः शङ्कमानस्य छद्मना वस्तुगोपनम्।
सखि पश्य गृहारामपरागैरस्मि धूसरा ॥५।१०॥

विश्वनाथ

व्याजोक्तिर्गोपनं व्याजात् उद्भिन्नस्यापि वस्तुनः ॥१०।९२॥

जो उदाहरण मम्मट ने दिया है वही विश्वनाथ ने भी। प्रथम अपह्नुति से व्याजोक्ति का अन्तर यह है कि इसमें उपमेय का कथन नहीं होता। यह द्वितीय अपह्नुति से भी भिन्न है क्योंकि उसमें गोप्य वस्तु का पहले कथन होता है फिर गोपन होता है।

अप्पय्यदीक्षित

कुवलयानन्द में उदाहरण तो चन्द्रालोक से आया है परन्तु लक्षण अपना है—

व्याजोक्तिरन्यहेतूक्त्या यदाकारस्य गोपनम्।
सखि! पश्य गृहारामपरागैरस्मि धूसरा ॥१५३॥

छेकापह्नुति से व्याजोक्ति का अन्तर स्पष्ट किया गया है—

छेकापह्नुतावस्याश्चायं विशेषः। तस्यां वचनस्य अन्यथा नयनेन अपह्नवः।
अस्यामाकारस्य हेत्वन्तरवर्णनेन गोपनमिति। (पृ० १६९)

हिन्दी के आचार्य

व्याज उक्ति छल सों कहै। (शब्दरसायन, पृ० १८०)
वचन चातुरी सों जहाँ, कीजै काज दुराउ।
सो भूषन व्याजोक्ति है, सुनो सुमति-समुदाउ॥ (काव्यनिर्णय)

देव, दास, पोद्दार तथा मिश्र ने व्याजोक्ति का वर्णन मम्मट के अनुसार किया है।

उपसंहार

व्याजोक्ति अलंकार की कल्पना वामन ने की थी। वामन के अनुसार असत्य के व्याज से सत्य का सादृश्य (सत्य को छिपाना) व्याजोक्ति है। मम्मट से व्याजोक्ति का स्वरूप व्यवस्थित हुआ उत्तर आचार्यों में इसी का अनुकरण है। दीक्षित के लक्षण में आकार गोपन पद का प्रयोग है अन्य आचार्य गोपन को आकार तक सीमित नहीं करते।

वामन के समक्ष व्याजस्तुति तथा व्याजोक्ति का लक्षण था। मम्मट से अपह्नुति तथा व्याजोक्ति का अन्तर वर्णन में आने लगा। दीक्षित ने व्याजोक्ति तथा युक्ति अलंकारों का एक ही प्रकार से वर्णन किया है, जिसका आलोचकों ने खण्डन[1] किया है।

---

१ अलंकारानुशीलन पृ० ४७१।

षष्ठ अध्याय

रुद्रट द्वारा उद्भावित अलंकार

(क) वास्तव-मूल के नवीन अलंकार

५४ समुच्चय

रुद्रट

यत्रैकत्रानेकं वस्तु परं स्यात्सुखावहाद्येव ।
ज्ञेयः समुच्चयोऽसौ त्रेधान्यः सदसतोर्योगः ॥७।१९॥

जहाँ एक आधार पर अनेक सुखावह अथवा दुःखावह वस्तुओं का उत्कृष्ट वर्णन किया जाय, वहाँ समुच्चय अलंकार है। इस समुच्चय के तीन भेद हैं—दो सत्पदार्थों का योग, दो असत्पदार्थों का योग, दो सदसत्पदार्थों का योग।

दुर्गं त्रिकूटः, परिखा पयोनिधिः, प्रभुर्दशास्यः, सुभटाश्च राक्षसाः ।
नरोऽभियोक्ता सचिवैः प्लवंगमैः किमत्र वो हास्यपदे महद्भयम् ॥७।२०॥

यहाँ एक आधार राम को लक्ष्य करके रावण के अनेक उपकरणों का वर्णन है। रुद्रट ने द्रव्यसमुच्चय, गुणसमुच्चय एवं क्रियासमुच्चय के उदाहरण देने के उपरान्त 'सतोर्योग' 'असतोर्योग' एवं 'सदसतोर्योग' के भी उदाहरण दिये हैं।

समुच्चय का एक प्रकारान्तर वह भी है जहाँ भिन्न स्थानों में स्थित गुण अथवा क्रिया एक स्थान पर एक ही समय में वर्णित हों—

व्यधिकरणे वा यस्मिन् गुणक्रिये चैककालमेकस्मिन् ।
उपजायेते देशे समुच्चयः स्यात्तदन्योऽसौ ॥७।२७॥

'काव्यालंकार' में गुण-समुच्चय और क्रियासमुच्चय के उदाहरण दिये गये हैं।

विदलित-सकलारिकुलं तव बलमिदमभवदाशु विमलं च ।
प्रखलमुखानि नराधिप ! मलिनानि च तानि जातानि ॥७।२८॥

यहाँ विमलत्व एवं मलिनत्व गुणों का समुच्चय है।

रुद्रट ने औपम्य-वर्ग में भी समुच्चय अलंकार का वर्णन किया है। 'उपमानोपमेयत्व' इस समुच्चय का प्राण है—

सोऽयं समुच्चयः स्याद्यत्रानेकोऽर्थ एकसामान्यः ।
अनिवादिद्रव्यादि सत्युपमानोपमेयत्वे ॥८।१०३॥

इव आदि के प्रयोग के बिना, उपमानोपमेयत्व भाव में द्रव्य आदि अनेक अर्थ एक सामान्य धर्म से युक्त हों। उपमा में इव आदि का प्रयोग होता है और रूपक में उपमानोपमेयत्व अभेद से रहता है—यही समुच्चय से उनका अन्तर है। उदाहरण—

जालेन सरसि मीना हिंसरणा वने च वागुरया।
संसारे भूतमृजा स्नेहेन नराश्च बध्यन्ते ॥८।१०८॥

सामान्य धर्म बध्यन्ते से अनेक अर्थों का उपमानोपमेयत्व भाव से सम्बन्ध है।

मम्मट

तत्सिद्धिहेतावेकस्मिन् यत्रान्यत् तत्करं भवेत्।

तस्य प्रस्तुतस्य कार्यस्य एकस्मिन् साधके स्थिते साधकान्तराणि यत्र सम्भवन्ति स समुच्चयः।—एष एव समुच्चयः सद्योगे असद्योगे सदसद्योगे च पर्यवस्यतीति न पृथक् लक्ष्यते।

(पृ० ५१५ ६)

वस्तुतः यह रुद्रट का प्रथम समुच्चय है जिसके तीनों भेद मम्मट को मान्य हैं। समुच्चय के लक्षण में कुछ सुधार हुआ है। रुद्रट एक आधार पर अनेक सुखावह अथवा दुःखावह वस्तुओं का वर्णन समुच्चय मानते थे। मम्मट ने साधक-साध्य-सम्बन्ध की योजना कर दी और प्रथम साधक को मुख्यता प्रदान कर दी।

स त्वन्यो युगपत् या गुणक्रिया ॥११६॥

द्वितीय समुच्चय का लक्षण है दो गुणों अथवा दो क्रियाओं अथवा एक गुण और एक क्रिया का एक साथ वर्णन। रुद्रट का खण्डन करते हुए मम्मट कहते हैं कि व्यधिकरण पद का प्रयोग इस लक्षण में उचित नहीं है इसी प्रकार से एकस्मिन् देशे की भी लक्षण में आवश्यकता नहीं है।

रुय्यक

गुणक्रियायौगपद्यं समुच्चयः।

रुय्यक का प्रथम समुच्चय मम्मट का द्वितीय समुच्चय है। इसका लक्षण व्यापकतर है। यह सौन्दर्य विभिन्नविषयत्व में भी पाया जाता है तथा एकाधिकरण में भी। गुणक्रिया के व्यस्तत्व में भी यह सौन्दर्य है तथा समस्तत्व में भी। (पृ० २०१)

एकस्य सिद्धिहेतुत्वेऽन्यस्य तत्करत्वं च।

रुय्यक का द्वितीय समुच्चय मम्मट का प्रथम समुच्चय है। यह सद्योग, असद्योग एवं सदसद्योग में पाया जाता है। रुय्यक ने समाधि से समुच्चय का अन्तर वृत्ति में स्पष्ट किया है—

न चायं समाध्यलंकारान्तर्भवति। तत्र ह्येकस्य कार्यं प्रति पूर्णं साधकत्वम्। अन्यस्तु काकतालीयन्यायेनापततीति यत्र समाधिर्वक्ष्यते। यत्र तु खले कपोतिकया बहूनामवतारः स्तत्रायं समुच्चयः। (पृ० २०२)

जयदेव

जयदेव का समुच्चय वणन अ'यत सामा'य एव सक्षिप्त है—

भूयसामेकसम्ब धभाजा गुम्फ ममुच्चय ।।५।९७।।

विश्वनाथ

रुय्यक के प्रभाव स 'साहित्यदपण' म निम्नलिखित लक्षण दिया गया है—

समुच्चयोऽयमकस्मिन सति कायस्य साधके ।।
खले कपोतिका यायात तत्कर स्यात्परोऽपि चेत ।
गुणौ क्रिय वा युगपत्स्याता यद्वा गुणक्रिय ।।१०।८४ ।।

अप्पय्यदीक्षित

कुवलयान द म प्रथम एव द्वितीय समुच्चय के क्रमश लक्षण है—

बहूना युगपद्भावभाजा गुम्फ समुच्चय ।।११५।।
अह प्राथमिकाभाजामेककार्या वयेऽपि स ।।११६।।

जग नाथ

रस-गगाधर म रुय्यक की श दावली स समाधि एव समुच्चय का अ तर दिखलाया गया है (पृ० ६६०) । लक्षण सरल है—

युगपत्पदाथानाम वय समुच्चय ।'

हि दी के आचार्य

बहुन एक ही बार पद, गुहे समुच्चय जानि ।
क बहु बात एक मैं एकहि बार बखानि ।। (शब्दरसायन)
एक करता सिद्धि का, और हाहि सहाइ ।
बहुत हाहि इक बार क द्व अनमिल इक भाइ ।। (का यनिणय, १५ ३२)

मम्मट का प्रभाव देवकवि, दासकवि, पोद्दार (प० ३४६) तथा रामदहिन मिश्र (पृ० ४१३) पर स्पष्ट लक्षित हाता है—लक्षण म भी तथा भेद-वणन म भी ।

उपसहार

समुच्चय अलकार का वणन रुद्रट ने किया था। सभी उत्तर आचार्यों ने इसको मा यता प्रदान की है । रुद्रट क अनुसार एक ही आधार म अनेक पदार्थों का एकत्रीकरण समुच्चय का सौन्दय है। रुद्रट का द्वितीय समुच्चय सुख-दु खपरक अनेक पदार्थों का वणन है। मम्मट न समुच्चय को वनानिक लक्षण प्रदान किया। रुय्यक न खले कपोतिका याय के आधार पर समुच्चय की व्याख्या की और समाधि स इसका अन्तर स्पष्ट किया। जगन्नाथ न वस्तुआ के योग-

पद्य सबध को समुच्चय बतलाया और क्रम अथवा काल भेद का लक्षण म स्थान नही दिया। हिन्दी क आचार्यो ने प्राय मम्मट रुय्यक का अनुकरण किया है।

समुच्चय के दो रूप रुद्रट न भी मान थे परन्तु मम्मट के दो समुच्चय रुद्रट का अनुकरण मात्र नही हैं। मम्मट के भेद आग भी स्वीकार किय गय। किसी काय की सिद्धि म एक साधक के होत हुए भी अन्य साधक का कथन—प्रथम समुच्चय है इसके तीन भेद बतलाये गये हैं। अनक गुणा अथवा क्रियाओ अथवा गुणा और क्रियाओ का एक साथ वणन द्वितीय समुच्चय है इसके भी तीन भेद माने गये हैं।

५५ भाव

रुद्रट

यस्य विकार प्रभवन्नप्रतिबद्धेन हेतुना येन।
गमयति तदभिप्राय तत्प्रतिबन्ध च भावोऽसौ ॥७।३८॥

विकारयुक्त व्यक्ति का चेष्टादि विकार उत्पन्न होकर जिस अप्रतिबद्ध (अनकान्तिक) हेतु द्वारा विकारयुक्त व्यक्ति के अभिप्राय एव प्रतिबन्ध को प्रकट कर देता है वह भाव अलकार का सौन्दय है। मम्मट ने ऐसे उदाहरण मे गुणीभूतव्यड ग्य[1] माना है।

ग्रामतरुण तरुण्या नववञ्जुलमञ्जरीसनाथकरम।
पश्यन्त्या भवति मुहुर्नितरा मलिना मुखच्छाया ॥७।३९॥

यहाँ विकार मुखमालिन्य है उसका हेतु मञ्जरी-दशन है विकारयुक्त नायिका की खिन्नता यहाँ मालिन्य द्वारा प्रकट है।

भाव का दूसरा भेद है—

अभिधेयमभिदधान तदेव तदसदृशसकलगुणदोषम्।
अर्थान्तरमवगमयति यद्वाक्य सोऽपरा भाव ॥७।४०॥

जहाँ पर वाक्य अभिधयाथ को बताकर तदसदृश गुणदोषयुक्त अर्थान्तर का बोध कराता है वह भाव का दूसरा रूप है। उत्तर आचार्यो के अनुसार यहाँ ध्वनि का चमत्कार है—

एकाकिनी यदबला तरुणी तथाहम
अस्मिन्गृहे गृहपतिश्च गतो विदेशम्।
किं याचसे तदिह वासमिय वराकी
श्वश्रूममान्धबधिरा ननु मूढ पान्थ ॥७।४१॥

मम्मट रुय्यक जयदेव विश्वनाथ दीक्षित जगन्नाथ आदि ने इसे अलकार नही माना। इसी प्रकार हिन्दी क आचार्यो म भी भाव नामक अलकार का वणन नहा है।

उपसहार

भाव अलकार का वर्णन रुद्रट ने किया था। मम्मट ने इसको स्वीकृति नही दी। अन्य आचाय

---

१ भारतीय साहित्यशास्त्र प्रथम खण्ड प ९७

भी इसका वणन नही करते। इस चमत्कार को अलकार न मानकर प्रथम भेद म गुणीभूत व्यग्य तथा द्वितीय भेद मे ध्वनि का सौन्दर्य माना जाता है।

५६ पर्याय

रुद्रट

पर्याय अलकार के दो प्रकार हैं। विवक्षित अथ के प्रतिपादन मे समथ अथ से ऐसे अथ का कथन हो जो न उसके सदश है न उसका जनक है, और न उसम जनित है — इसे प्रथम प्रकार का पर्याय कहत हैं—

वस्तु विवक्षितवस्तु प्रतिपादनशक्तमसदश तस्य।
यदजनकमजन्य वा तत्कथन यत्स पर्याय ॥७।४२॥

यथा राजन्जहासि निद्रा रिपुवधूदी निविड निगन्शब्देन।
तेनव यदुत्तरित म वल्वला वन्दिवदस्य ॥७।४३॥

नवाचार्यों के अनुसार यह व्यजना का चमत्कार है।

द्वितीय पर्याय उस कहते हैं जहाँ अनेक आधारा म एक अथवा एक आधार म अनेक सुख दुखादिस्वरूप वस्तुआ का क्रम स वर्णन हो—

यत्रैकमनेकस्मिन्ननेकमेकत्र वा क्रमेण स्यात।
वस्तुसुखादिप्रकृति क्रियत वान्य स पर्याय ॥७।४४॥

मम्मट

"एक क्रमेणानेकस्मिन् पर्याय । अन्यस्ततोऽयथा ॥"

प्रथम पर्याय म एक वस्तु क्रम से अनेक म होती है या की जाती है। द्वितीय पर्याय मे अनेक वस्तुएँ क्रम से एक म होती या की जाती हैं। ये दोना पयाय रुद्रट के द्वितीय पर्याय के ही दो रूप हैं। रुद्रट के प्रथम पर्याय को, व्यजना का चमत्कार मात्र होने से, यहा स्वीकार नही किया गया।

पर्याय परिवृत्ति से भिन्न है। परिवृत्ति मे एक व्यक्ति एक वस्तु का त्याग और दूसरी का ग्रहण करता है, पर्याय मे ऐसा नही है।

रुय्यक

'अलकार-सवस्व' म मम्मट की अपेक्षा रुद्रट का अनुकरण अधिक है और रुद्रट के दोना ही पर्यायो का वणन है—

(क) 'एकमनेकस्मिन्ननेकमेकस्मिन क्रमेण पर्याय ।"

विशेष तथा पर्याय के इस भेद म अन्तर है। विशेष अलकार म एकमनेकगोचर आधार है, पर्याय म क्रम का उपादान[1] है।

---

१ तत्रैकमनेकगोचरमिति प्राक्तनेन लक्षणेन विशेषोऽलकारोऽभिहित । इह च क्रमोपादानाद् अर्थात्तत्र यौगपद्यप्रतीति । (वृत्ति, पृ० १८६)

(ख) एकस्मिन्नाधारेऽनेकमाधेय यत्स द्वितीय पर्याय ।
एतदथमपि क्रमेणेति याज्यम् । अतएव क्रमाश्रयणात पर्याय इत्यन्वथमभिधानम्—
विनिमयाभावात परिवृत्तिवलक्षण्यम् । (पृ० १८९ ९०)

जयदेव

जयदेव का पर्याय का लक्षण उदाहरण सरल है—

पर्यायश्चेदनेकत्र स्यादेकस्य सम वय ।[1]
पद्म मुक्त्वा गता चन्द्र कामिनीवदनोपमा ॥५।९३॥

विश्वनाथ

साहित्यदपण का लक्षण मम्मट के अनुकरण पर है—

क्वचिदेकमनेकस्मिन अनेक चकग क्रमात ।
भवति क्रियत वा चत्तदा पर्याय इष्यते ॥१०।८०॥

विशेष एव परिवृत्ति से पर्याय का अन्तर वत्ति म दिखलाया गया है—

अत्र चकस्यानेकत्र क्रमेणव वत्ति विशेषालकाराद भेद । विनिमयाभावात परिवृत्ते । (पृ० ३५७)

अप्पय्यदीक्षित

कुवलयानन्द के लक्षणोदाहरण चन्द्रालोक के अनुसार हैं—

पर्यायो यदि पर्यायेणकस्यानेकसश्रय ।
पद्म मुक्त्वा गता चन्द्र कामिनीवदनोपमा ॥११०॥

जगन्नाथ

रस-गगाधर म रुय्यक का अनुकरण है—

क्रमेणानेकाधिकरणमेकमाधेयमेक पर्याय
क्रमेणानेकाधेयकमेकमधिकरणमपर ॥ (पृ० ६४५)

हिन्दी के आचाय

दासकवि का लक्षण उपयुक्त एव सरल है—

तजि तजि आश्रय करत तें है पर्जाय विलास ।
घन्ती बन्ती देखिक कहि सकोच विकास ॥१८।२०॥

---

1 कुवलयानन्द में उदाहरण चन्द्रालोक का एव लक्षण निम्नलिखित है—
पर्यायो यदि पर्यायेणकस्यानेकसश्रय ॥११ ॥

पयाय के दो भेद मकोच-पर्याय तथा विकास पर्याय है। पोद्दार (पृ० ३३३) तथा मिश्र (पृ० ४०९) ने मम्मट के अनुकरण पर पर्याय का वर्णन किया है।

उपसहार

पर्याय का वणन रुद्रट ने किया था। मम्मट तथा रुय्यक ने इसको एक व्यवस्थित रूप दिया। जयदेव दीक्षित इसका सक्षिप्त वणन करते है। विश्वनाथ विशेष एव परिवृत्ति से इसका अ तर स्पष्ट करके इसकी पुन प्रतिष्ठा करत हैं।

रुद्रट के अनुसार पर्याय के दो प्रकार है। उत्तर आचाय भी दो प्रकार मानते है। मम्मट आदि रुद्रट क प्रथम पर्याय को नही मानत, दूसरे पयाय के ही दो भदा का प्रथम तथा द्वितीय पर्याय नाम दे देते है। दासकवि ने इन दोना भेदा का सकाच-पर्याय और विकास पर्याय कहा है।

५७ विषम

रुद्रट

विषम इति प्रथिताऽसौ वक्ता विघटयति कमपि सम्बन्धम ।
यत्राथयारसन्त परमतमाशङ्क्य तत्सत्त्वे ॥७।४७॥

यहाँ पर वक्ता दो अर्थो म अविद्यमान सम्बन्ध की किसी अन्य के मत से कल्पना करके उसका स्वय खण्डन कर देता है। क्व खला क्व च सज्जनस्तुतय इसका उदाहरण है। विषम का आधार जाति है।

विषम का एक अन्य भेद है जहा विषम का आधार गुण है—

अभिधीयते सतो वा सम्बन्धस्याथयारनौचित्यम ।
यत्र स विषमोऽन्योऽय यत्रासम्भाव्यभावो वा ॥७।४९॥

(दो अर्थों म विद्यमान सम्बन्ध का अनौचित्य, अथवा असभाव्य अथ का भाव—अस्तित्व)।

यथा—'रूप क्व मधुरमतत क्व चेन्म अस्या सुदारुण व्यसनम।

विषम के चार भेद काय की विषमता के अनुसार हैं—

(१) कर्त्ता अल्पपि काय न कुर्यात। (२) गुवपि काय च कुर्यात।
(३) हीनाऽपि काय कुर्यात। (४) अधिकोऽपि न कुर्यात।

विषम का एक अन्य भेद वहा है जहा कम के नाश होने मे न केवल क्रियाफल प्राप्त न हो, प्रत्युत कर्त्ता का अनथ भी हो।[1] यहाँ विषम अलकार दारुण परिणाम म है। यह फल विषम है।

रुद्रट ने अतिशय वग म भी विषम का वणन किया है। यह 'विषम' विरोध म अगला अलकार है। यहा काय-कारण से सबद्ध दो गुणा अथवा क्रियाओं का विरोध होता है—

कायस्य कारणस्य च यत्र विरोध परस्पर गुणयो ।
तद्वत क्रिययोरथवा सजायेतेति तद्विषमम ॥९।४५॥

काय का गुण कारण के गुण का विरोधी काय की क्रिया कारण की क्रिया की विरोधी।

---

१ यत्र क्रियाविपत्तेन भवन्न्वे क्रियाफल तावत ।
कत रत्यस्च अवस्त्यपरमभिधीयते विषमम ॥७।५४॥

गुण विरोध का उदाहरण—

अरि-करि-कुम्भ विदारण रुधिरारुण-दारुणाद अत खड्गात।
वसुधाधिप धवल कात च यशो वभूव तव ॥९।४६॥

खड्ग कारण के गुण हैं रक्तता और दारुणता, यश काय के गुण हैं श्वेतता और सुदरता। इनके विरोध का वणन है।

मम्मट

विषम अलकार के चार प्रकार हैं—

(क) क्वचिद यदतिवधर्म्यान्न श्लेषो घटनामियात। (अत्यत वधम्य के कारण सम्बन्ध न बनना प्रतीत हो)

(ख) कनु क्रियाफलावाप्तिर्नैवानथश्च यद्भवेत। (कर्त्ता को अपनी क्रिया के अभीष्ट फल की प्राप्ति न हो उल्टा अनथ हो जाय)

(ग) काय कारण के अनुरूप हो फिर भी उन दोनो के गुण विरुद्ध हो।

(घ) काय कारण के अनुरूप हो फिर भी उन दोनो की क्रियाएँ विरुद्ध हो।

य चारा भद रुद्रट म विद्यमान थे, प्रथम दो भेद वास्तव-वग मे हैं अतिम दो भेद अतिशय वग म।

रुय्यक

विरूपकार्यानथयोरुत्पत्ति विरूपसघटना च विषमम् ॥

अननुरूप-ससग को विषम कहते हैं। इसके तीन प्रकार हैं—

(क) विरूप काय उत्पद्यमान दृश्यत।
यह मम्मट म विषम का प्रथम प्रकार ही है।

(ख) न कवल तस्याभस्याप्रतिलम्भो यावदनथप्राप्तिरपि।
यह मम्मट का द्वितीय विषम है।

(ग) अत्यन्ताननुरूपस घटनयाविरूपयोश्च सघटनम्।
यह मम्मट क विषम का तृतीय चतुथ भद है।

जयदेव

अनुचित रूप म दो पदार्थों के सम्बन्ध की कल्पना विषम अलकार है—

विषम यद्यनौचित्यान्नेकासम्बन्धकल्पनम् ॥५।८०॥

अप्पय्यदीक्षित

विषम के तीन रूपो पर रुय्यक का प्रभाव है—

१ विषम वर्ण्यते यत्र घटनाऽननुरूपयो ॥८८॥
२ विरूप कार्यस्योत्पत्तिरपर विषममतम् ॥८९॥
३ अनिष्टस्याप्यवाप्तिश्च तदिष्टार्थसमुद्यमात् ॥९०॥

रुय्यक एव दीक्षित के क्रमो मे अन्तर है, भेद लक्षणा मे नही।

जगन्नाथ

'रस-गगाधर' के अनुसार—

"अननुरूपससर्गो विषमम।" (पृ० ५९५)

हिन्दी के आचार्य

देव मे विषम का उदाहरण है परन्तु लक्षण नही है। परन्तु दासकवि ने मम्मट के अनुसार तीन रूपा का वर्णन किया है—

अनमिल बातन को जहा परत कसहू सग।
कारन को रँग औरई, कारज औरै रग॥
करता को न क्रिया फल, अनरथ ही फल होइ॥१३।४५ ६॥

पोद्दार ने मम्मट के अनुसार विषम के चार भेद बतलाये हैं, परन्तु मिश्र ने केवल तीन का वर्णन किया है।

उपसहार

विषम का विवेचन रुद्रट ने किया था। रुद्रट ने विषम का प्रथम विवेचन वास्तव-वग मे किया था और इसके पाच भेदा का वर्णन किया था। अतिशय-वग मे विषम का फिर विवेचन हैं। मम्मट ने रुद्रट के दोना प्रसगा से विषम को लिया है। रुय्यक से यह विवेचन अधिक व्यवस्थित हो गया। उत्तर आचार्यों ने इसका अनुकरण किया ह।

विषम के पाच प्रकार रुद्रट म थे जो रुय्यक मे तीन ही रह गये। कारण के गुण के विरुद्ध काय के गुण की उत्पत्ति प्रथम विषम है। प्रारभ किये गये काय से अनथ द्वितीय विषम है। विरूप पदार्थों का सघटन तृतीय विषम है।

विषम महत्त्वपूर्ण अलकार है। इसकी व्याख्या अनेक विरोधमूलक अलकारो के साम्य वैषम्य से ही हो सकती है।

५८ अनुमान

रुद्रट

वस्तु परोक्ष यस्मि साध्यमुपन्यस्य साधक तस्य।
पुनरन्यद उपन्यस्येद विपरीत चतन्नुमानम् ॥७।५६॥

(साध्य-परोक्ष वस्तु को प्रथम बतलाकर फिर उसके साधक हेतु को कहा जाता है। अथवा इसका विपरीत करे, अर्थात् प्रथम साधक और तदनंतर साध्य को बताये।)

अनुमान का एक अन्य रूप भी है जहाँ कारण के प्रबल होने से अभूत कार्य का, भूत अथवा भावि रूप से वर्णन हो—

यत्र बलीय कारणमालोक्याभूतमेव भूतमिति।
भावीति वा तथान्यत्र्यन्त तदन्यदनुमानम् ॥७।५९॥

मम्मट

अनुमान तदुक्त यत् साध्य-साधनयोर्वचः ॥

साध्य-साधन का कथन अनुमान है। यह लक्षण रुद्रट के अनुसार है परन्तु इस लक्षण में पूर्वापर सम्बन्ध मम्मट को मान्य नहीं—

साध्य-साधनयो पौर्वापर्यविकल्पे न किंचिद् वचित्र्यमिति न तथा दर्शितम्।
(पृ० ५२३)

रुद्रट द्वारा वर्णित अनुमान का दूसरा रूप मम्मट में नहीं है।

रुय्यक

रुय्यक के इस लक्षण पर मम्मट की शब्दावली का प्रभाव स्पष्ट है—

साध्य साधननिर्देशोऽनुमानम्।

जयदेव

जयदेव के अनुसार कार्य से कारण का ज्ञान अनुमान अलंकार है—

अनुमान च कार्यादि कारणाद्यवधारणम्[1] ॥५।३६॥

विश्वनाथ

मम्मट रुय्यक परम्परा में लक्षण इस प्रकार है—

अनुमान तु विच्छित्या ज्ञान साध्यस्य साधनात ॥१०।६३॥
उत्प्रेक्षायामनिश्चिततया प्रतीति इह तु निश्चिततयेत्युभयोर्भेद।

जगन्नाथ

जगन्नाथ के अनुसार—

'अनुमितिकरणमनुमानम्।'

---

1 कुवलयानंद में अनुमान अलंकार का वर्णन प्रमाणालंकारों के प्रसंग में किया गया है और वहाँ भी इसका लक्षण नहीं दिया गया।

यह लक्षण तर्कशास्त्र से आया है फिर भी जगन्नाथ उसके साथ कवि प्रतिभा का जोड देते हैं—

"अस्य च कविप्रतिभाकल्पितत्वेन चमत्कारित्वे काव्यालंकारता।" (पृ० ६४०)

हिन्दी के आचार्य

दासकवि ने दीक्षित के अनुकरण पर अनुमान के शास्त्रीय रूप का वर्णन किया है काव्यात्मक का नहीं। परन्तु पोद्दार तथा मिश्र ने अनुमान का वर्णन मम्मट के अनुकरण से किया है।

उपसंहार

रुद्रट ने अनुमान अलंकार का वर्णन किया था। मम्मट ने इसको एक वैज्ञानिक व्याख्या प्रदान की, रुय्यक विश्वनाथ ने मम्मट का अनुकरण किया है। जयदेव दीक्षित तथा दासकवि इस सौंदर्य की व्याख्या न्यायशास्त्र की शब्दावली में करते हैं।

अनुमान में चमत्कार का आधिक्य नहीं है, इसलिए इसके विस्तृत विवेचन का अवकाश कम ही रहा। विश्वनाथ ने अनुमान का उत्प्रेक्षा से अन्तर किया है और जगन्नाथ ने इस सौंदर्य में कवि प्रतिभा अनिवार्य कर दी है।

५६ परिकर

रुद्रट

साभिप्रायं सम्यग्विशेषणैर्वस्तु यद्विशिष्येत।
द्रव्यादिभेदभिन्नं चतुर्विधः परिकरः स इति ॥७।७२॥

वस्तु का साभिप्राय विशेषणों द्वारा विशेषता-वर्णन 'परिकर' है। द्रव्य गुण क्रिया जाति रूपी वस्तु के भेदों के अनुसार इस अलंकार के चार उपभेद हैं।

मम्मट

विशेषणैर्यत् साकूतैरुक्तिः परिकरस्तु सः।'

१३६ प्रत्यक्ष

भोज

सरस्वतीकण्ठाभरण म प्रत्यक्ष अनुमान आप्तवचन, उपमान अर्थापत्ति, अभाव आदि सबको अलकार मान लिया गया है। प्रत्यक्ष का लक्षण है —

प्रत्यक्षमक्षज ज्ञान मानम चाभिधीयत ।
स्वानुभूतिभव चवमुपचारण कथ्यत ॥ (पृ० १९२)

---

१ काव्यप्रकाश (काशी-सस्कृत-ग्रन्थमाला), पृ० २३४।

एक उदाहरण है —

> यात यात वदन प्रतिबिम्बे भूननासहकारसुगन्धौ ।
> स्वादुनि प्रणिहितालिनि शीते निर्ववार मधुनीन्द्रियवग ॥

अत्र मदिराश्रयाणा मुख प्रतिबिम्ब-सौगन्ध्य-स्वादुताश्रव्यत्वशत्याना दृगघ्राण रसन-श्रवण त्वगिन्द्रिय प्रत्यक्षता प्रतीयत ।

उपसहार

प्रत्यक्ष आदि प्रमाणा का प्राय काव्यशास्त्रिया न अलकार नही माना, क्योकि इनम चमत्कार नही है। काव्यादश की परम्परा म विश्वास रखन वाले विद्वान् जो स्वभावोक्ति को भी वक्रोक्ति के समान ही काव्य म महत्त्व दत हैं इन प्रमाणा का भी अलकाररूप मे वणन करते रहे है। अप्पय्यदीक्षित ने इसीलिए सौ अलकारा का वणन करन के अनन्तर और चार रस वदादि एव तीन भावादय आदि के पश्चात आठ[1] प्रमाणालकारा का परिचय मात्र दे दिया है।

प्रत्यक्षालकार[2] का कुवलयानन्द म लक्षण नही है केवल दा उदाहरण दे दिय गय हैं— एक प्रत्यक्षमात्र का दूसरा विशप दशनजन्य सशयोत्तर प्रत्यक्ष का।

भिखारीदास न भी उपेक्षाभाव से प्रमाणालकारो का वणन कर दिया है।[3] इस सम्बन्ध म कन्हैयालाल पोद्दार की टिप्पणी महत्त्वपूण है—

कुछ ग्रथा म प्रत्यक्ष, अनुमान शब्द उपमान, अर्थापत्ति अनुपलब्धि सम्भव और एतिह्य इन आठ प्रमाणा के अनुसार आठ प्रमाणालकार लिखे गय है। किन्तु न्यायशास्त्र म प्रत्यक्ष, अनुमान उपमान और शब्द ये चार और वैशेषिक दशन म प्रत्यक्ष और अनुमान दो ही प्रधान प्रमाण मान गय हैं— अन्य सब प्रमाण इनक अन्तगत मान गये हैं। हमन केवल अनुमान' अलकार ही लिखा है क्योकि अनुमान के सिवा प्रत्यक्षादि प्रमाणालकार काव्यप्रकाश आदि म नही है। वस्तुत इनम लोकोत्तर चमत्कार न हान स यहाँ भी उनको लिखकर विस्तार करना अनावश्यक समझा है (अलकार मजरी पृ० ४२४)

१३७ आप्तवचन

भोज

> यदाप्तवचन तद्धि ज्ञेयमागमसज्ञया ।
> उत्तम मध्यम चाथ जघन्य चेति तत्त्रिधा॥ (पृ० १६५)

प्रत्यक भेद के दो दो उपभेदा का वणन है। उत्तम आप्तवचन के निषेध रूप उपभद का उदाहरण कालिदास के कुमारसम्भव स लिया गया है—

> निवार्यतामालि किमप्यय वटु, पुनर्विवक्षु स्फुरितोत्तराधर ।
> न केवल यो महतोऽपभाषत शणोति तस्मादपि य स पापभाक ॥

---

१ अष्टौ प्रमाणालकारा प्रत्यक्षप्रमुखा क्रमात । १७१।
२ कुवलयानन्द पृ० १८७ ।
३ काव्यनिणय पृ० १६०१।

उपसहार

प्रमाणालकारो का सग्रह[1] अप्पय्यदीक्षित ने कर दिया है। 'आप्तवचन' अथवा 'शब्दप्रमाण' का 'कुवलयानन्द' मे लक्षण नही है, केवल एक उदाहरण (पृ० १८९) कुमारसम्भव से गृहीत कर लिया गया है।

१३८ उपमान

भोज

सदृशात् सदृशज्ञानम् उपमान द्विधेह तत्।
स्यादेकम् अनुभूतेऽर्थे अननुभूते द्वितीयकम्॥ (पृ० १६६)

उपमान का एक भेद अनुभूतविषय उपमान मीमासको के अनुसार,[2] और दूसरा भेद अननुभूत विषय उपमान नैयायिको के अनुसार[3] माना गया है।

अननुभूत विषय उपमान का उदाहरण है—

ता रोहिणी विजानीहि ज्योतिषामत्र मण्डले।
समूहस्तारकाणा य शकटाकारमाश्रित॥

उपसहार

प्रमाणालकारो को 'काव्यप्रकाश' की परम्परा मे विश्वास रखने वाले आचार्यों ने नही लिखा। अप्पय्यदीक्षित ने अपनी पुस्तक के अन्त मे उपेक्षाभाव से प्रमाणालकारो का परिचय दिया है। उपमानालकार का कुवलयानन्द मे लक्षण नही दिया गया दो उदाहरण मात्र (पृ० १८८) है जिनमे एक 'ता रोहिणी विजानीहि' सरस्वती कण्ठाभरण से ही लिया गया है।

१३९ अभाव

भोज

असत्ता या पदार्थानाम्, अभाव सोऽभिधीयते।
प्रागभावादिभेदेन स षड्विध इहेष्यते॥ (पृ० १७०)

सामर्थ्याभाव का उदाहरण 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' से लिया गया है —

मानुषीषु कथ वा स्यात् अस्य रूपस्य सम्भव।
न प्रभातरल ज्योति, उदेति वसुधातले॥

---

१ भोज ने अलकार रूप मे सभी प्रमाणो का वर्णन किया है इनमें से 'अनुमान प्राय मान्य रहा है अर्थापत्ति को काव्यार्थापत्ति रूप मे आगे स्वीकृति मिली शेष उपेक्षित ही रहे'। इस विवेचन मे केवल उन्ही प्रमाणो को लिया गया है जो प्रामाणिक न बन सके इसलिए अनुमान अर्थापत्ति का वर्णन यथास्थान उनके अलकार पद प्राप्त करने पर किया गया है इस प्रसग मे नही।

२ तस्मिन् अनुभूतविषय नामोपमान मीमासका वर्णयन्ति। (पृ० १६६)

३ तस्मिन् अननुभूतविषयम् उपमान नैयायिका समामनन्ति। (वही)

उपसहार

अभाव का वणन सरस्वती कठाभरण म न्यायशास्त्र के आधार पर किया गया है। प्रमाणालकारो के समान इसको लोकप्रियता प्राप्त न हो सकी। चमत्कार का अभाव होने से भी 'अभाव, अलकारत्व का सवथा अधिकारी न बन सका।

१४० समाधि

भोज

समाधिमन्यधर्माणाम अन्यत्रारोपण विदु।
निरुद्भेदोऽथ सादभेद स द्विधा परिपठ्यत॥४६॥ (पृ० १९५)

अन्य धर्मों का अन्यत्र आरोप समाधि अलकार का सौदय है। इसके दो भेद निरदभेद' तथा सादभेद हैं। प्राकृत के दो उदाहरणो मे स एक म दिनकर दिनलक्ष्मी प्रतीचीना समारोपित नायक-नायिका प्रतिनायिका धर्म्माणाम दूरप्रतिबद्धराग इत्यादिभि श्लिष्टपदैरनुद्भेद है। दूसर म प्रियतमव्यलीकासहिष्णु कापि कामिनी हिमानीप्लुष्टा कमलिनीमालोक्य तस्याम आत्म धर्म्मान प्रिये च सूयधर्म्मान आरोपयति। (पृ० १९६)

इन उदाहरणो और उनके समन्वय स विदित होता है कि जिस सौदय को 'समासोक्ति कहा जाता है वही भोज का समाधि अलकार है।

इस समाधि क एक रूप को मीलित[1] भी कहत हैं जिसके दो भेद है—

अन्य धर्मों का अन्य वस्तु म अध्यास अन्य धर्मियो का अन्य वस्तु म अध्यास। प्राकृत उदाहरणो का लक्षण मे समन्वय करते हुए भोज ने लिखा है—

(क) सोऽयम अन्यवस्तुनि पुन अन्यधर्म्माणामेव आरोपण मीलित नाम समाधिभेदो भवति।

(ख) तदतद गुणक्रियावता द्रव्याणा प्रधानक्रियाध्यारोपे धर्मिधर्माध्यासे मीलित नाम समाधेरेव भेदो भवति।

वस्तुत भोज ने समाधि और मीलित दोनो पदो का प्रयोग उस अथ म नही किया जिस अथ म काव्यशास्त्री इन अलकार-नामो का समथक है। समाधि के पश्चात जिस समासोक्ति' अलकार का वणन किया है वह वस्तुत अन्य आचार्यों का 'अप्रस्तुतप्रशसा है 'समासोक्ति नही—

यत्रोपमानादेवैतद उपमेय प्रतीयत।
अतिप्रसिद्धेस्तामाहु समासोक्ति मनीषिण॥४८॥
सक्षेपेणोच्यत यस्मात् समासोक्तिरिय तत।
सवायोक्तिरनन्यापित स्मयोक्तिश्च कथ्यते॥४९॥

---

[1] समाधिमेव मन्यन्ते मीलित तदपि द्विधा।
धर्माणामेव चाध्यासे धर्मिणा चान्यवस्तुनि॥४७॥

अस्तु भोज के अधिकतर अलकार, के नाम भ्रामक हैं, अन्य आचार्यों ने उनको स्वीकार नही किया। भोज की दष्टि म अनेक अलकारो का स्वरूप भी स्पष्ट नही था।

भोज का समाधि कालातर में नष्ट हो गया और उसके स्थान पर एक नवीन 'समाधि' अलकार आ गया जिसका उदगम आचाय जन भरत के 'समाधि' गुण से जोडते हैं।

'समाधि' का दूसरा रूप

अभियुक्तविशेषस्तु योऽथस्यैवोपलभ्यते।
तन चार्थेन सम्पन्न समाधि परिकीत्यत ॥१६।१०२॥

भरत ने नाट्यशास्त्र म 'समाधि' नाम के गुण का वणन किया है। यही गुण आधुनिकों का 'समाधि' अलकार बन गया। 'समाधि म दो कारण होते हैं—एक तो पहले ही वतमान रहता है दूसरा आनेवाला होता है। इसका सौदय या चमत्कार अनायास उपस्थित होनेवाले कारण के द्वारा काय की सिद्धि मे निहित रहता है। समाधि अलकार म काय की सम्पन्नता का श्रेय मूल कारण या प्रथम कारण को न होकर अचानक उपस्थित होनेवाले कारणान्तर को ही होता है और उसी कारण पर इसका अलकारत्व आश्रित है।'[1]

मम्मट

समाधि अलकार का नव्य रूप भामह तथा दण्डी के समाहित से मिलता जुलता है। मम्मट के अनुसार—

समाधि सुकर काय कारणान्तरयोगत ॥१०।१२५॥

साधनान्तरोपकृतेन क्वा यत्र अक्लेशेन कायमारब्ध समाधीयते स समाधिर्नाम।

जब प्रारभ किया गया काय निश्चित साधन के अतिरिक्त साधनान्तर की सहायता से अनायास सिद्ध हो जाय तो समाधि का चमत्कार है।

उत्तर आचाय

रुय्यक जयदेव विश्वनाथ तथा दीक्षित के लक्षणो म मम्मट का ही अनुसरण है—

कारणान्तरयोगात् कायस्य सुकरत्व समाधि। (अलकार-सवस्व)
समाधि कायसौकय कारणान्तरसन्निधे[2] ॥५।९८॥ (चन्द्रालोक)
समाधि सुकर काय दवाद् वस्त्वन्तरागमात ।१०।८५॥ (साहित्यदपण)

जगन्नाथ

'रस गगाधर' का लक्षण समुच्चय की प्रतिद्वन्द्विता म समाधि का वणन करता है—

---

१ अलकारानुशीलन पृ० ४०६।
२ कुवलयानन्द ११८।

"एक-कारणजयस्य कार्यस्य आकस्मिक-कारणान्तर-समवधानाहित-सौकर्य समाधि ।' (पृ० ६६३)

हिन्दी के आचार्य

मयो हूँ कारज को जतन, निपट सुगम ह्व जाइ।
तासो कहत समाधि लखि, काव्तास को चाइ ।।१५।११।।

कन्हैयालाल पोद्दार (पृ० ३५०) तथा रामदहिन मिश्र (पृ० ४१३) ने द्वितीय समुच्चय के पश्चात समाधि का, मम्मट के अनुकरण पर, वर्णन किया है।

उपसहार

समाधि अलकार का विकास बडा भ्रामक है। समीक्षको ने इसका विकास भरत के समाधि गुण से चित्रित किया है। प्राचीनो का 'समाहित' लगभग नव्याचार्यों का समाधि था। इसलिए रामदहिन मिश्र न तो वर्णन करते हुए इस अलकार का नाम 'समाधि वा समाहित' लिखा है कन्हैयालाल पोद्दार के अनुसार 'आचार्य दण्डी और महाराजा भोज ने इसका समाहित नाम लिखा है। (अलकार मजरी, प० ३५१)

'समाहित' अलकार रसवत आदि प्रसग मे एक विशेष अर्थ म प्रयुक्त होने लगा तो पुराना 'समाहित' नवीन 'समाधि' बन गया। इस प्रकार समाधि का जन्म नवीन है क्योंकि 'समाधि' न अपना अर्थ बदल लिया था। समाधि नाम स यह अलकार 'सरस्वतीकण्ठाभरण' स प्रारम्भ होता है और उसके सौन्दर्य का एक ही रूप नही है।

१४१ अन्य

वाग्भट

वाग्भट ने 'काव्यानुशासन' म दो नये अलकारो की कल्पना की है—'अन्य' तथा 'अपर'। 'अन्य' का लक्षण है—

अनेकेषामेकत्र निबन्धस्त्वन्य । (काव्यानुशासन, पृ० ४१)

उदाहरण—

माहिष दधि सशर्कर पय, कालिदासकविता नव वय ।
शारदेन्दुरबला च कोमला, स्वर्गशेषमुपभुञ्जते जना ।।

इस अलकार की कल्पना 'समुच्चय' अलकार के सन्दर्भ म हुई थी। कन्हैयालाल पोद्दार के अनुसार 'अन्य तुल्ययोगिता के अन्तर्गत'[1] है। यह अलकार प्रचलित न हो सका, इसका सौन्दर्य मन म उत्साह उत्पन्न करने वाला नही है।

---

१ अलकारमजरी, प्राक्कथन पृ २१

१४२ अपर

वाग्भट

वाग्भट का द्वितीय नवीन अलकार 'अपर' है। इसकी कल्पना भी 'समुच्चय' के सदर्भ म हुई। कन्हैयालाल पोद्दार इसका अन्तर्भाव भी समुच्चय म करते हैं। वाग्भट के अपर का लक्षण है—

गुणक्रियाना युगपदभिधानमपर। (पृ० ४१)

उदाहरण एक ही है—

अलस लुलित मुग्ध स्निग्ध निस्पन्द मन्द
अधिक विकसदन्तर्विस्मयस्मेरतार।
हृदयमशरण मे पक्ष्मलाक्ष्या कटाक्ष
अपहृतमपविद्ध पीतमुन्मूलित च॥

उपसहार

वाग्भट के दोनो अलकार 'अन्य' तथा 'अपर' नवीन होते हुए भी आकर्षक नहीं हैं। उत्तर आचाय इनके सौन्दय को स्वीकार न कर सके, इनका अन्तर्भाव अन्यत्र हो जाता है।

१४३ असम

शोभाकर मित्र

'असम' अलकार की कल्पना शोभाकर मित्र ने सादृश्यमूलक अलकार के एक भेद के रूप म की थी। लक्षण है—

तद् विरहोऽसम ॥१०॥

उपमान के विरह अर्थात असभवत्व का प्रतिपादन असम अलकार का सौन्दय है। मालती कुसुम सदृश भ्रमर ! भ्रमन्नपि न प्राप्स्यसि—इस उदाहरण म उपमान की असभवता की प्रतीति है। इसके स्वतन्त्र अलकारत्व का प्रतिपादन निम्नलिखित तक से किया गया है—

तेन उपमानानुपादानात् लुप्तोपमेयमिति न वाच्यम्। उपमानस्य सभवतोऽनुपादाने लुप्तोपमा। अत्र च चोपमानस्य असभव एव उपनिबद्ध। न चास्य अनन्वयादौ अन्तर्भाव इत्यल कागन्तरमेव। (अलकार रत्नाकर पृ० ११)

यत्रोपमानस्य न सभवोऽस्ति, तत्रासम स्यादुपमा न लुप्ता।
सभाव्यमानस्य मत समानधर्मादिकस्य त्वनुदीरण सा॥

जगन्नाथ

'रस गगाधर' मे असम अलकार का विवेचन अनन्वय अलकार के तत्काल अनन्तर है। लक्षण है—

सवथवोपमानिषेधोऽसमाख्योऽलकार ॥

इस सम्बन्ध म 'सवथा' पद इस अलकार के अस्तित्व को सिद्ध करता है— 'सवथवोपमानिषेधेन सादृश्यस्याप्रतिष्ठानात नोपमागन्धोऽपि।' (पृ० २७८)

कन्हैयालाल पोद्दार

'अलकार मजरी' म 'असम' अलकार का वणन 'रस गगाधर' के अनुसार, किया गया है। इस सम्ब ध मे पाद्दार की टिप्पणी भी महत्त्वपूण है—

'अनन्वय अलकार म उपमेय का ही उपमान कहा जाता है, और असम म उपमान का सवथा अभाव वणन किया जाता है। धर्मोपमान-लुप्ता उपमा म उपमान का सवथा अभाव नहीं कहा जाता। यह कहा गया है कि सभव है, कही हो। किन्तु 'असम म तो उपमान की सवथा स्थिति ही नही कही जाती है। अत 'असम म उपमानलुप्ता का विलय नही हो सकता है। यह अलकार यद्यपि अनन्वय अलकार व्यग्याथ म रहता है किन्तु इसमे उपमान का निषेध शब्द द्वारा स्पष्ट कहा जाता है।' (पृ० १२८)

उपसहार

शोभाकर मित्र ने जिस *'असम' अलकार की कल्पना की थी उसे आज भी कुछ काव्यशास्त्री* स्वीकार करते हैं। इसका सौन्दय प्रभावशाली तथा अन्य अलकारा से भिन्न है परन्तु इस अलकार का क्षेत्र अत्यन्त सीमित है।

१४४ उदाहरण

शोभाकर मित्र

मामान्योद्दिष्टानामेकस्य निदशनमुदाहरणम ॥१२॥

मामा येन अभिहितानाम एकस्य इवाद्युपादानमुखेन प्रतीतिविशदीकरणाथ निदशनम उदाहरणमलकार। (पृ० १३)

शाभाकर मित्र ने इस अलकार के लिए कुमारसभव का उदाहरण दिया है—

अनन्तरत्नप्रभवस्य यस्य, हिम न सौभाग्यविलोपि जातम।
एको हि दाषा गुणसन्निपाते निमज्जतीन्दो किरणेष्विवाक ॥

इसके स्वतन्त्र अलकारत्व का प्रतिपादन भी देखिए—

"न चेयमुपमा। उपमेयाद उपमानस्य वस्त्वन्तरभूतत्व तस्याभावात। किं चात्र न मामा यस्य विशषेण सादश्य विवक्षितम। सादश्यजीवितोपमा। नापि द्वितीयोऽनन्वय। *उपमावत सादश्याविवक्षणाद उपमानासभवतात्पर्याभावाच्च।* (पृ० १४)

जगन्नाथ

रस गगाधर मे असम अलकार के पश्चात उदाहरण अलकार का विवेचन है। लक्षण है—

सामान्यन निरूपितस्य अथस्य सुखप्रतिपत्तय तदेकदेश निरूप्य तयोरवयवावयविभाव उच्यमान उदाहरणम। (पृ० ३८०)

अनक उदाहरणो म से एक कुमारसभव का उपयुक्त उदाहरण भी है। जगन्नाथ न अन्य अलकारो म उदाहरण के अन्तर्भाव का खडन किया है।[1]

---

1 रस गगाधर पृ २८ ८४।

पोद्दार

कन्हैयालाल पोद्दार ने उदाहरण को स्वतत्र अलकार मानकर इसका वणन किया है और जगन्नाथ के लक्षण का अनुवाद स्वकृत लक्षण रूप म दे दिया है —

"जहाँ सामान्य रूप से कही गई बात को, भली प्रकार समझाने के लिये, उसका एक अश (विशेष रूप) कहकर उदाहरण दिखाया जाता है।"[1]

'दृष्टान्त' अलकार मे उपमेय और उपमान का बिबप्रतिबिब भाव होता है और 'ज्यो' आदि उपमावाचक शब्दो का प्रयोग नही होता है।

उपसहार

उदाहरण अलकार का सौन्दय आकषक एव प्रभावशाली है। इसलिए उत्तर आचाय प्राय जगन्नाथ क अनुकरण पर इसके स्वतन्त्र अस्तित्व का स्वीकार करते है। जब तक शोभाकर मित्र का समय निश्चित नही होता एव विशेष ज्ञातव्य विदित नही होता, तब तक यह कहना कठिन है कि जगन्नाथ से उनका आदान प्रदान कितना है और असम एव उदाहरण अलकारो के उद्भव म किसको कितना श्रेय मिलना चाहिए। 'असम और 'उदाहरण' दोना अलकार महत्त्वपूण हैं। उदाहरण तो दृष्टान्त का सजातीय होने से और भी अधिक महत्त्वपूण एव लोकप्रिय है।

परिशिष्ट

जगन्नाथ के पश्चात अलकार साहित्य की दृष्टि स सस्कृत म जो नाम जाने जाते हैं उनम शोभाकर मित्र आशाधर भट्ट, विश्वेश्वर पडित यशस्क तथा भानुदत्त ही मुख्य हैं। भाषा म काव्यशास्त्र का समारभ होने पर भी सस्कृत म, अलकार और रस विषय को लेकर सत्रहवी शती के अनन्तर भी ग्रन्थ रचना का क्रम चलता रहा। 'एकावली की परम्परा म, प्रतापरुद्रयशो भूषण, रघुनाथ भूपालीय, तथा नञ्जराजयशोभूषण के पश्चात् अलकार मजूषा 'की रचना अठारहवी शताब्दी के उत्तराध म हुई थी, परन्तु अलकार का मुख्य विषय बनाकर लिखने वाले महत्त्वपूण आचाय सख्या म अधिक नही है।

सस्कृत के अतिम आचार्यों म शोभाकर मित्र का नाम प्रमुख है। कालक्रम से शोभाकर जगन्नाथ के पूववर्ती (तेरहवी' शताब्दी) थ, उनका 'अलकार रत्नाकर जगन्नाथ तक का मान्य रहा होगा। असम' तथा उदाहरण की चर्चा यथास्थान हो चुकी है। शोभाकर न एक सौ बारह सूत्रा म अलकारा का वणन किया है। छत्तीस अलकारा क नाम नय हैं। असम तथा 'उदाहरण अलकारा का वणन ऊपर हो चुका है, शप तीन अलकार (वणन क्रम स आगार) निम्नलिखित हैं—

---

[1] अलकार मजरी पृ० १२६ ।

[2] अलकार-मजूषा इन्ट्रोडक्शन पृ० ३४ ।

[3] अलकार रत्नाकर इन्ट्रोडक्शन पृ० १२।

प्रनिमा विनाद, व्यासग, वधम्य, अभेष्ट प्रतिभा, क्रियातिपत्ति विध्याभास, सन्देहाभास, विकल्पाभास, अचिन्त्य, असाकरय अशक्य व्यत्यास, समता उद्रेक, तुल्य अनादर आदर, अनुकृति, प्रत्यूह, प्रत्यान्श, व्याप्ति, आपत्ति नियम प्रतिप्रसव, तन्त्र प्रसग, वधमानक अवराह विवेक, परभाग, उदभेद गूढ।

इन अलकारा म सौन्दय नही ह—ऐसा नही कहा जा सकता। परन्तु इनका अनुकरण तथा लोकप्रियता का अवसर न मिल सका। कारण दोना ही हैं। अलकार रत्नाकर चिरकाल तक अधकार म रहा है और इन नवीन अप्रचलित अलकारो के सौन्दय का क्षेत्र प्राय सीमित है। तथापि आधुनिक काल म मुरारिदान के जसवतजसा भूषन ग्रन्थ म इनमे से कतिपय नाम दिखलाई पडत है।

आशाधर भट्ट (सत्रहवी शती का अन्त) अलकारदीपिका क रचयिता है। इसम जितने अलकार माने गये हैं उतने सभवत किसी अन्य अलकार ग्रन्थ म नही हैं। अलकारा की सख्या लगभग १२५ के है। अलकारशास्त्र म प्रवेश करन के लिये—विशेषत अलकारो के लक्षण सुगमता स याद करने के लिए—यह ग्रन्थ अतीव उपयोगी सिद्ध हो सकता है।[१]

विश्वेश्वर पण्डित ने अलकारमुक्तावली अलकारप्रदीप तथा अलकारकौस्तुभ ग्रन्थ अलकार विपय पर लिखे है। "इनम अलकार-कौस्तुभ सर्वोत्तम ग्रन्थ है।[२]

यशस्क के 'अलकारोदाहरण' का परिचय भी समीक्षको स प्राप्त होता है। यशस्क के आठ अलकार नवीन प्रतीत होते हैं—किन्तु इन आठ म एक प्रतिपध ही कुवलयानन्द म लिखा गया है। शेप अलकार महत्त्वपूण न होन के कारण अन्य किसी ग्रन्थ म स्वीकृत नहा किय गय हैं। यशस्क का समय अज्ञात है। यशस्क और उसक इस ग्रन्थ का नामोल्लेख या उद्धहरण जसवतजशोभूषण क अतिरिक्त किसी ग्रन्थ म दृष्टिगत नही होता है।[३] यशस्क के सात नवीन अलकारा के नाम हैं—

अग, अनग, अप्रत्यनीक अभ्यास, अभीष्ट, तात्पय तत्सदशाकार।

इसी प्रकार भानुदत्त का परिचय भी सीधा उनकी रचना स नहा मिलता। भानुदत्त ने दा अलकार नवीन लिखे है, जिनका परिचय भी जसवन्तजसोभूषण द्वारा मिलता है —'अनध्यवसाय और भगी।[४] भानुदत्त की रचना का नाम अलकारतिलक है।

'इन तीना ग्रन्था (अलकार रत्नाकर, अलकारोदाहरण, तथा 'अलकार तिलक') म जो अलकार अधिक दृष्टिगत हाते हैं, उनम बहुत से अलकारो के तो केवल नामा म भेद है और बहुत स पूववर्ती आचार्यों द्वारा निरूपित अलकारा के अन्तगत आ जाते है। इनम कुछ अलकार एस भी हैं जिनम काइ विशेप चमत्कार नही है इसलिए इन अलकारा का प्रचार प्राय उन्ही ग्रन्था तक सीमित है जिनम यह निरूपित किय गय है।'[५]

---

१ भारतीय साहित्यशास्त्र प्रथम खड, पृ० १६४।

२ काव्यप्रकाश (विश्वेश्वर) भूमिका पृ० ६६।

३ सस्कृत साहित्य का इतिहास (पोद्दार) प्रथम भाग पृ० १६६।

४ वही द्वितीय भाग, पृ० १०१।

५ अलकार मजरी, प्राक्कथन पृ० ३४।

नवम अध्याय

हिन्दी-भाषा के कतिपय आचार्यो द्वारा उद्‌भावित अलकार

(क) केशवदास द्वारा उद्‌भावित नवीन अलकार

१४५ गणना

केशवदास

'कविप्रिया' के ग्यारहवें प्रभाव' म 'गणना अलकार की (क्रम-सख्या नौ) चर्चा की गयी है। गणना अलकार का वणन 'क्रम' अलकार के उपरात है।' सभवत केशव ने क्रम स ही गणना को अलकार बनाना सोचा है और एक से दस तक की गिनती के लिए प्रयुक्त होने वाले शब्दो को गिना दिया है।[1] गणना अलकार 'सामान्य अलकारो के साथ रहता तो अधिक अच्छा था, इसम उदीयमान कवि को यह बतलाया है कि लोक म किस वस्तु की कितनी सख्या मानी गई है और एक स लेकर दस तक की सख्या की शिक्षा पाठक को मिल जाती है।[2] गणना के सम्बन्ध म केशव की इस सामग्री का आधार काव्यकल्पलतावृत्ति प्रतान चतुथ स्तबक छह और अलकारशेखर मरीचि अठारह हैं।'[3]

कविप्रिया म क्रम अलकार क साथ ही गणना अलकार का निम्नलिखित लक्षण दिया गया है—

> आदि अन्त भरि वरणिय सो क्रम केशवदास।
> 'गणना' गणना सो कहत जिनके बुद्धि प्रकाश ॥११।१॥

तदनन्तर एकसूचक स लेकर दससूचक तक की गणना की वस्तुओ को विस्तार स गिना दिया है (दोहा सख्या ५ स २१ तक)। तत्पश्चात दो कवित्तो म दो 'उदाहरण दिये गये हैं। अन्तिम उदाहरण है—

> दरस न गुर स नरम गिर नाव निन
> घर दरसा हा को गिर नाम्यु है।

---

१ रीतिकालीन अलकार-साहित्य का शास्त्रीय विवेचन पृ० ७१।

२ हिन्दी अलकार साहित्य पृ ६६।

३ केशव का आचाय्त्व पृ २६६।

केशोदास पुरी-पुर पुजन का पालक पै
मात ही पुरी सा पूरो प्रेम पाइयतु है।
नाइका अनेकन को नायक नागर नव
अष्ट नायिकान ही सो मन लाइयतु है।
नवधाई हरि को भजन इन्द्रजीत जू का
दश अवतार ही को गुन गाइयतु है ॥११।२३॥

'सूचक शब्दा की गणना को उदाहरण न समझ लेना चाहिए वह तो लक्षण' की वत्ति' मात्र है। उदाहरण तो केवल दो हैं—कवित्ता म लक्षण-वत्ति के पश्चात। यदि उदाहरणा से वत्ति म होकर, लक्षण की ओर जावें तो लक्षण का अथ अथवा अभिप्राय यह होगा कि जहाँ पर गणना म प्रसिद्ध शब्दो का गणना के स्थान-पूवक वा सयोगपूवक प्रयोग हो वहा गणना अलकार का चमत्कार है। आलोचका न केशव के साथ याय नही किया और जो परम्परा हिन्दी-अलकार साहित्य' स भ्रम-पूवक चल पडी, उसी पर उत्तर आलोचक लीक पीटते रहे। गणना अलकार को लोकप्रियता नही मिली, परन्तु उसके सौन्दय की उपेक्षा नही हो सकती। वणन म गणना सूचक शब्दा का प्रयाग एक विशेष विच्छित्ति है, इसका केशव ने 'गणना' अलकार नाम दिया है, इसक दो भेद हो सकते हैं— गणना के स्थान पर गणना-सूचक शब्दो का प्रयाग', तथा 'गणना के साथ गणना-सूचक शब्दो का प्रयाग'। व्रजभाषा के अधिकतर कवि अपने ग्रथ का रचना काल' लिखत हुए इस अलकार का प्राय प्रयोग किया करते थ।[1]

१४६ अमित

केशवदास

जहा साधक को मिलने वाली सिद्धि का भोग ऐसा व्यक्ति प्राप्त कर ले जो उस सिद्धि म साधक का साधन मात्र है। स्वरूप को स्पष्ट करने के लिए केशव ने इस अलकार के दो उदाहरण दिये है जो लक्षण म सामजस्य तो रखते ही हैं साथ ही उनमे विशेष चमत्कार का पुट भी है।[2]

कविप्रिया म अमित अलकार का लक्षण निम्नलिखित है—

जहाँ साधन भोगई साधक की शुभ सिद्धि।
अमित नाम तासा कहत, जाकी अमित प्रसिद्धि ॥१२।२६॥

केशव न लक्षण म ही बडा सुन्दर व्यग्य किया है कि ससार म एसा प्राय होता है— जाकी अमित प्रसिद्धि। कदाचित इसी कारण इस अलकार का नाम 'अमित' पडा है। 'अमित' किस बात म? उत्तर है— ससार की नित्यप्रति की घटनाआ म।

---

१ आधुनिक काल के काव्यशास्त्रीय आलोचक डॉ० रसाल ने अलकार-पीयूष का रचना काल ग्रन्थ के उत्तरार्ध के अन्त में इन शब्दों में लिखा है—

ऋतु वसु ग्रह शशि विक्रमी सवत कातिक मास।
शक्ल पूणिमा ग्रथ यह कियौ 'रसाल' प्रकाश ॥

२ केशव का आचायत्व पृ० २८७।

साधन साध एक भव, भोग सिद्धि अनक।
तासो कहत प्रसिद्ध सब, केशव सहित विवक ॥१३।७॥

इनम पारस्परिकता नही है। अमित' का बल 'एक साधन' पर है, प्रसिद्ध म अनेक सामान्य' का निर्देश है। प्रसिद्ध अलकार का आधार लोक गति का निरीक्षण है और अमित अलकार नीति की दृष्टि से सचेत था।

एक दृष्टि से 'प्रसिद्ध और 'प्रत्यनीक' अलकारो का भी सम्बन्ध है, और यह सम्बन्ध वधम्य का है। प्रत्यनीक तो परिणाम है एक के अपराध का, जो पूरी जाति को भोगना पड़ता है, सुसिद्ध परिणाम है एक की सिद्धि का, जो पूरा वग अथवा जन समूह भोगता है न 'प्रत्यनीक में कारण अर्थात् साधक पर आच है और न 'प्रसिद्ध में कारण अर्थात साधक का लाभ। प्रत्यनीक का फल अवाछित है और प्रसिद्ध का अभीष्ट।

केशव ने प्रसिद्ध का एक ही उदाहरण दिया है—

मात के मोह पिता परितोषन केवल राम भरे रिस भारे।
औगुन एक ही अजुन को छितिमडल के सब छत्रिय मारे।
देवपुरी कहँ औधपुरी जन कशवदास वडे अरु बार।
सूकर स्वान समेत सब हरिचद के सत्य सदेह सिधारे ॥१३।८॥

१५० विपरीत

केशवदास

केशव न विपरीत' अलकार का निम्नलिखित लक्षण दिया है—

कारज साधक को जहाँ, साधन बाधक होय।
तासो सब विपरीत कहि, कहत सयाने लोय ॥१३।९॥

साधन के बाधक बन जाने म विपरीत अलकार का चमत्कार है। विषादन' क सौन्दय से इसम अन्तर है। केशव के अलकारो म इतिवृत्तात्मकता है आकस्मिक स्फुरण नही। 'विषादन' म प्रयत्न की विपरीतता देवयोग पर निभर है और विपरीत' अलकार म व्यक्ति क व्यवहार पर। इसलिए 'विषादन' म आकस्मिकता का आकषण है विपरीत म व्यक्ति क परिवतन पर दुख।

कविप्रिया क इस अलकार के उदाहरण बहुत आकषक नही हैं उनम ऐसा चमत्कार नही उपजता जो सहृदय को आकृष्ट कर सक।'[1] एक समीक्षक ने तो यहाँ तक कह दिया है कि 'केशव का यह प्रयास मौलिक तो है, लेकिन अधिक महत्वपूर्ण नही क्योकि एक तो इनको अन्य अलकारो म अन्तर्भाव दिखाया जा सकता है दूसरे इनक चमत्कार की भी मात्रा पर्याप्त नही है।[2]

---

१ रीतिकालीन-अलकार साहित्य का शास्त्रीय अध्ययन पृ० ७८।
२ केशव का आचार्यत्व पृ० २१०।

परन्तु हम इन समीक्षाओ से सहमत नही। केशव के मौलिक अलकारो म जो सौदय है, उसका क्षेत्र सीमित हो, परन्तु महत्व कम नही। अलकार का महत्व सौदय पर निभर है उसकी माला पर भी नही, सामाजिक उपयोग का भी प्रश्न नही आता। सौन्य की नवीन विधाए समय समय पर उदघाटित होती रहती हैं, आचाय उनका नामकरण करता है केशव ने भी ऐसा ही किया है और बडे विश्वास के साथ। डा० रामशकर शुक्ल रसाल' ने केशव के 'नवीन अलकार आठ गिनाये है। इनम से हमने यहाँ छह का विवचन किया है, शष दो 'प्रेमालकार तथा 'आशाप का नही। 'प्रेम और आशीप क्रमश प्राचीना क प्रेयस तथा 'आशी' है, वणन की शिथिलता के कारण इनसे नवीन अलकारो का भ्रम हाने लगता है।[1]

(ख) भूपण द्वारा उद्भावित नवीन अलकार

१५१ सामान्य-विशेप

भूपण

शिवराजभूपण म अतिशयावित अलकार के पाच भेदो का वणन करने क उपरान्त भूपण न एक नवीन अलकार सामान्य विशप की चर्चा की है। लक्षण निम्नलिखित है—

> कहिब जहँ सामान्य है कहे जु तहा विशेप।
> सो सामान्य विशेप है, बरनत सुकवि अशेप ॥' १२०॥

जहा पर सामान्य अथ अभीष्ट हो वहा विशेप अथ का कथन, सामान्य विशेप अलकार का चमत्कार है। अर्थान्तरन्यास अलकार म सामान्य और विशप दोनो अर्थो का कथन होता है और एक अथ दूसर का समथन करता है। प्रस्तुत मौन्दय म एक सामान्य अथ पर पहुचन क लिए किसी विशेप अथ अथवा किन्ही विशेप अर्थो का कथन भर होता है। उदाहरण स स्पष्ट किया जा सकता है—

> जीति लई वसुधा सिगरी घमसान घमड क बीरन हू की।
> भूपण भौसिला छीनि लई जगती उमराव अमीरन हू की।
> साहिन्तन सिवराज की धाकनि छटि गई घति धीरन हू की।
> मीरन के उर पीर बन्यो यो जु भूलि गई सुधि पीरन हू की ॥१२२॥

टीकाकार लिखत हैं— साधारणतया देखा जाता है कि जब किसी की पृथ्वी छिन जाती है तो उमक होश-हवाश भी जाते रहते हैं। यहाँ इस सामान्य बात को प्रकट करने के लिए शिवाजी के कार्यों का विशेप वणन किया है।[1]

जहाँ किसी चमत्कारिक उक्ति म किसी विशेप अलकार का नाम निर्दिष्ट नही किया गया हो, वहाँ अतिशयोक्ति अलकार कहा जा सकता है।'[4] परन्तु भूपण क इस सौदय का नाम

---

१ अलकार पीयूष उत्तरार्ध पृ० ३७० से ३७२ तक।

२ भूपण ग्रथावली (हिन्दी भवन) पृ० ८५। ३ वही पृ० ८७।

४ अलकार मजरी पृ० १६८।

अप्रस्तुत प्रशसा म खोजा जा सकता है। "तत्र सामान्यविशेषभाव सामान्याद् विशेषस्य, विशेषाद्वा सामान्यस्य अवगतौ द्वविध्यम्।"[1] 'विशेष निबन्धना' अप्रस्तुत प्रशसा म वक्तव्य तो सामान्य होता है, परन्तु कथन विशेष का किया जाता है। अत 'शिवराजभूषण' म "सामान्य विशेष ही एकमात्र नया अलकार लगता है परन्तु लक्षण तथा उदाहरण स जान पडता है कि यह प्रस्तुत प्रशसा का ही एक भेद, विशेष निबन्धना, कहा जा सकता है।[2]

इस निष्कष से सहमत होना कठिन है। क्योंकि भूषण ने जो उदाहरण दिया है उसम सामान्य विशेष भाव तो मिल सकता है, प्रस्तुत-अप्रस्तुत भाव नही जो अप्रस्तुतप्रशसा का प्राण है। अत 'सामान्य विशेष अलकार की मौलिकता म अधिक सन्देह नही करना चाहिए।

(ग) देवदत्त द्वारा उद्भावित नवीन अलकार

१५२ सिंहावलोकन

देवदत्त

देवकवि ने शब्दरसायन के अष्टम प्रकाश शब्दालकार प्रसग म, यमक के एक रूप सिंहावलोकन का वणन किया है। सिंहावलोकन यमक का ही एक रूप है, देव ने इसका लक्षण नही दिया परन्तु दासकवि के अनुसार[3] छन्द के चरणान्त का अक्षर यदि दूसर चरणारभ म यमक बनाव तो उस सौन्दय को सिंहावलोकन कहते हैं।[4] सिंहावलोकन नया प्रयास है। यमक अलकार का यह नया रूप वस्तुत आकषक है।

देव कवि ने सिंहावलोकन का लक्षण नही दिया, परन्तु उदाहरण का कवित्त इस लक्षण नाम प्रकाश अलकार को समझान म समथ है—

> दूल है सुहाग दिन, तूल है तिहार तिन
> तूल है तिहारे, सो अयान ही की भूल है।
> भूल है न भाग की, प्रवाह सो दुकूल है
> दुकूल है उज्यारो 'देव प्यारो अनुकूल है। (पृ० १४०)

दासकवि का उदाहरण अधिक समथ है—

> सर सो बरसो कर नीर अली जनु लौंहे अनग पुरदर सो।
> दरसो चहु ओरन तें चपला करि जाति कृपानि को औझर सो।
> झर सोर सुनाइ हन हियरा जु कियै घन अबर-डबर सो।
> बरसौ तें बडी निसि बरिनि बीत, तौ बासर भो विधि-बासर सौं॥६२॥

---

१ कुवलयानन्द, पृ० ८२। २ हिन्दी अलकार-साहित्य पृ० १०६।

३ चरन अत अरु आदि के जमक कडलित होइ।
सिंह विलोकन है वहै मुक्तक-पद ग्रस सोइ॥११॥
(काव्य निर्णय एकोनविंशतितम उल्लास)

४ हिन्दी-अलंकार-साहित्य पृ० १३५।

५ काव्यनिर्णय पृ० १८५।

सिंहावलोकन यमक अलंकार का ही एक रूप है। 'सरस्वती कण्ठाभरण' में पादसंधि के स्थूलव्यपेत का जो उदाहरण दिया गया है वह सिंहावलोकन का भी उदाहरण है—

हठपीत महाराष्ट्री दशनच्छद पाटला।
पाटला कलिकानेकरेकैका लिलिहेऽलिभि ॥ (द्वितीय परिच्छेद, पृ० ७९)

१५३ गुणवत

देवदत्त

शब्दरसायन में 'मुख्यालंकार विवेचन' के पश्चात् अतद्गुण अनुज्ञा अवज्ञा का एकत्र एवं 'गुणवत प्रत्यनीक लेख-सार मीलित' का तदनंतर एकत्र वर्णन किया गया है। इस पिछले वर्ग में 'गुणवत' एवं 'लेख' अलंकार नवीन है।

गुणवत और देव के 'प्रत्यनीक' का सम्बन्ध वैधर्म्य का है। यदि गुणियों की संगति के कारण गुणवत्ता का वर्णन हो तो अलंकार गुणवत है परन्तु यदि गुणहीन की संगति के कारण गुणी भी गुणहीन बन जाय तो देव के प्रत्यनीक का चमत्कार होगा। तात्पर्य यह है कि प्रत्यनीक के चमत्कार में एक व्यक्ति की शत्रुता (दोष) अन्य को भोगनी पड़ती है। यदि इसका विपरीत देखा जाय तो एक व्यक्ति का गुण अन्य व्यक्ति में फल जाता है। देवकवि ने इस पर बल दिया है कि 'गुणवत' प्रत्यनीक का उलटा है—

गुनवत संग गुनीन के निगुनी गुननि प्रवीन।
प्रत्यनीक उलटो, गुनहि निगुन करै गुनहीन ॥ (पृ० १७८)

दोनों अलंकारों के उदाहरण भी एक ही साथ सवैये के एक ही चरण में है—

चंदन के संग जाइ मिल्यौ अंग अम्बर झापि लियौ मुख इंदु सो।

चंदन के साथ निरंतर संपर्क से नायिका के अंग भी सुरभित हो गये—यह गुणवत का चमत्कार है। गुणहीन इंदु के समान होने से गुणवान मुख को भी अंबर में छिपना पड़ा—यह प्रत्यनीक है। देवकवि का 'प्रत्यनीक' दूसरे आचार्यों से भिन्न है और प्रस्तुत उदाहरण में 'अंबर' पर श्लेष का चमत्कार सारे अर्थ पर छा जाता है। फिर भी 'गुणवत' का चमत्कार आकर्षक है —इसमें कोई संदेह नहीं। देव कवि ने प्रसिद्ध प्रत्यनीक को जिस रूप में भी ग्रहण किया उससे वैधर्म्य पर 'गुणवत' अलंकार की सुंदर कल्पना कर ली।

केशवदास ने प्रसिद्ध अलंकार की कल्पना की थी। हमने यथास्थान[1] लिखा है कि 'एक दृष्टि से प्रसिद्ध और प्रत्यनीक अलंकारों का भी संबंध है और यह सम्बन्ध वैधर्म्य का है। यदि तुलना करें तो केशव 'प्रसिद्ध' और देव के 'गुणवत' में भी समानान्तरता का सम्बन्ध है दोनों प्रत्यनीक (अपने-अपने अर्थ में) के वैधर्म्य पर कल्पित किये गये हैं।

'देव के गुणवत' के अनुरूप ही गुणवत अलंकार का निरूपण अलंकारपंचाशिका-कार मति

---

१ द० प्रसिद्ध अलंकार का विवेचन।

राम ने किया था परन्तु उसम सम्पत्ति पाकर छोटे व्यक्ति क बडे बनने का वणन है।'[1]

भामह ने रसवत अलकार का वणन किया था। उसमें रस' का अलकारवत उपयोग होता है रस 'अग बनकर आता ह, अगी रूप स नही। सभव है रसवत्' क अनुकरण पर देव ने 'गुणवत' की कल्पना की हो। रसवत अलकार म 'रस का अलकार रूप स वणन होता है, गुणवत् अलकार म गुण का अलकार रूप म वणन होता है। 'गुण के दोनो अथ हैं– काव्यगुण तथा 'व्यक्तिगत विशेषताएँ। गुणवत्' का सामान्य अथ गुणवान है, गुणहीन व्यक्ति के गुणिजन-सपर्क से गुणवान् बनने का वणन गुणवत् अलकार का चमत्कार है।

१५४ लेख

देवदत्त

'गुणवत् जिस अलकार-समूह का सदस्य है उसी का लेख भी है। दोष का गुण रूप से अथवा गुण का दोष रूप स वणन 'लेख अलकार है। देवकवि के अनुसार—

गुण दोषनि क दोष-गुन लेख सु कहौ बखानि।[2]

लेख अलकार के दो भेद है—गुण का दोष रूप स वणन तथा दोष का गुण रूप स वणन। दोनों के अलग उदाहरण सवैये के एक ही चरण म है—

(१) निमलता-गुन मोती विधाइ,

(२) छिप्यो कुटिलालक लाल फनिद सो।

शोभाकर मित्र ने अलकार रत्नाकर' म एक नवीन अलकार 'व्यत्यास का वणन इस प्रकार किया है—

दोषगुणयोर्यथात्व व्यत्यास ॥६६॥

यत्र दोषस्य गुणत्व गुणस्य दोषत्व च भवति स व्यत्यास ।[3]

शोभाकर का रत्नाकर दीघकाल तक अधकार मे रहा है। अस्तु 'देव न शोभाकर मित्र का ग्रन्थ तो नही पढा लगता परन्तु अनायास ही दोनों आचार्यों न गुण दोष परिवतन-मय भाव के लिए इस अलकार की उत्पत्ति की है, जो नाम भेद होत हुए भी कालक्रम से मिल गई है।

एक दूसरी सभावना भी है। लेश को भाषा म 'लेष और उच्चारण की सुविधा से 'लेख भी लिख देते है—किसी किसी प्रदेश म तो वर्षा को 'वर्खा षडऋतु का खडरितु आज भी बोला और लिखा जाता है। क्या आश्चय है कि देवकवि का लेख' (लष=लेश) दण्डी का स्तुति निन्दा विधानात्मक लेश अलकार ही हो, जिसका वणन है—

दोषस्य या गुणीभावो, दोषाभावो गुणस्य वा।

---

१ रीतिकालीन अलकार साहित्य का शास्त्रीय विवेचन पृ० ६८।

२ शब्दरसायन पृ १७८।

३ अलकार रत्नाकर पृ १६६।

४ रीतिकालीन अलकार साहित्य का शास्त्रीय विवेचन पृ० ६६।

अप्पय्यदीक्षित तक के आचाय लेश के इस रूप को अपनाते रहे हैं—

लेश स्याद दोषगुणयो गुणदोषत्व कल्पनम ॥१३८॥ (पृ० १५५)

यह भी हमको ध्यान है कि 'कुवलयानन्द मे भी 'लेश' अलकार का वणन अवना-अनुना तदगुण-अतदगुण मीलित आदि के बीच मे ही हुआ है। लेश लेख रूपी इस सभावना के अभाव म लेख के नाम रूपकी कोई सगति नही बैठती। वस्तुत दण्डी के लेश के दो रूप थे—"लेशेन निर्भिन्न वस्तु रूप निगूहनम्"(२ २६५)तथा निन्दा स्तुति वा लेशत कृताम (२ २६८)।रुद्रट से दण्डी के दूसरे लक्षण को प्रधानता मिलने लगी। केशव न फिर दण्डी के प्रथम लक्षण को जगाया देव ने दण्डी-केशव के लेश भेद को मुख्य चालीस' अर्थालकारा मे स्थान दिया, तथा उत्तर परम्परा स प्राप्त भेद का लेख नाम से "गौन सुतीस प्रकार के मध्य वणन कर दिया।[1]

१५५ सकीण

देवदत्त

देवकवि न विकल्प सकीण भाविक-आसिप का एक समूह म वणन किया है। 'विकल्प तथा 'सकीण' म वधम्य है एव भाविक' तथा 'आसिप म भी। अर्थात सकीण प्रसिद्ध विकल्प' अलकार का विरोधी है। 'विकल्प अलकार मे तुल्य-बल विरोध की वस्तुआ मे से एक की ओर उन्मुख होने का वणन होता है इसके विपरीत सकीण म प्रवत्ति बहुमुखी रहती है। दव के शब्दो म ही देखिए—

विकलप बिबि रिपु तुल्य बल सकीरण बहुलभ्र। (पृ० १८०)

सवये के एक एक चरण म दोना अलकारो के उदाहरण हैं। 'विकल्प का उदाहरण—

केई बसे की बसें हमही पतिनी कहौ तौ जिय लाग विनोदिनी।

सकीण का उदाहरण—

व नलिनी अलि, ह्व चलि भोगिय देव' मिली वहु चद कुमोदिनी।

एकोन्मुखी प्रवत्ति का सौन्दय 'विकल्प अलकार म है और अनेकोन्मुखी का 'सकीण म, एक म एकाग्रता है, दूसर म समग्रता एक म केन्द्रीकरण है, और दूसर म विकेन्द्रीकरण एक अनुकूल नायक का गुण है दूसरा दक्षिण नायक का।

(घ) भिखारीदास द्वारा उद्भावित नवीन अलकार

१५६ स्वगुण

भिखारीदास

दूसरे के गुण और अपन गुण के सम्बन्ध स चार अलकार प्रसिद्ध हैं—तदगुण, अतदगुण, पूवरूप तथा अनुगुण। तदगुण अलकार की कल्पना रुद्रट न की थी। तदगुण के विपयय क रूप मे, मम्मट ने अतदगुण उद्भावना की। जयदव न पूवरूप तथा 'अनुगुण अलकार काव्यशास्त्र

---

१ दे० 'शब्द रसायन प० १६८ ८ (लेश) व १७८ (लेख)।

को प्रदान किये। इन चारो मे पाचवाँ नाम 'स्वगुण' भिखारीदास ने जोड दिया।

'अपना गुण त्याग कर संगति का गुण ग्रहण करना 'तद्गुण' है परन्तु 'स्वगुण' फिर से पूर्ण-गुण ग्रहण को कहते हैं। दूसरे आचार्यों ने इसी अलकार को 'पूर्वरूप' नाम दिया था।"[1] भिखारीदास के 'काव्यनिर्णय' मे 'पूर्वरूप' अलग अलकार है, और 'स्वगुण' अलग। 'पूर्वरूप' एव 'स्वगुण' अलकारो के लक्षण एक ही दोहे मे लिखकर इनका पारस्परिक अन्तर भी स्पष्ट कर दिया गया है।

'अनुगुण' अलकार मे दूसरे की समीपता से अपने स्वाभाविक गुण का उत्कर्ष होता है। इसलिये 'अनुगुण' इस समूह से अलग छाटा जा सकता है। शेष चार अलकारो के लक्षणो पर विचार कीजिए। दासकवि के अनुसार—

तदगुन तजि गुन आपनो, संगति को गुन लेत।
पाए पुरवरूप फिरि स्वगुन सुमति कहि देत ॥१४।२८॥
सु अतद्‌गुन क्योहूँ न्ही संगति को गुन लेत।
पुरुवरूप गुन नहि मिटै, भए मिटन के हेत ॥१४।३२॥

तदगुण और अतदगुण तो परस्पर विरोधी हैं, जसा कि उनके नामो और लक्षणो से स्पष्ट है। स्वगुण और 'पूर्वरूप' का अन्तर अत्यन्त सूक्ष्म है।

अपने गुण को त्यागकर संगति के गुण का ग्रहण तद्गुण अलकार है। यदि 'तद्गुण' असफल हो गया तो वह 'स्वगुण' का चमत्कार बन जायेगा। दूसरे की संगति प्राप्त करके भी उसका गुण न ग्रहण करना और अपने गुण मे ही स्थित रहना स्वगुण का सौन्दर्य है। पूर्वरूप मे मिटने की हेतु-परिस्थिति होने पर भी अपना गुण नही मिटता। स्वगुण मे सहज निज रूप है 'पूर्वरूप' मे संघर्ष करते हुए निज रूप की रक्षा है।

दासकवि ने 'स्वगुण' अलकार की प्रेरणा कदाचित जयदेव के तद्गुण-लक्षण से ली होगी—

तदगुण स्वगुणत्यागाद अन्यत स्वगुणोदय ॥५।१०२॥

यहाँ स्वगुण के त्याग का उल्लेख तो है ही 'स्वगुण' के उदय का भी वर्णन है—यही स्वगुण दास कवि में अपनी विशेषताओं को उभार कर स्वतन्त्र अलकार बन गया है।

१५७ देहली दीपक

भिखारीदास

काव्यनिर्णय के अठारहवें उल्लास मे दीपक अलकार का वर्णन करते हुए भिखारीदास ने देहली दीपक नामक नवीन भेद की कल्पना की है। देहली दीपक का लक्षण निम्नलिखित है—

पद एक पद बीच मे दुहुँ दिसि लागै जाइ।
सो है दीपक देहली जानत है सब कोइ ॥१८।७

उदाहरण है—

---

1 हिन्दी अलकार-साहित्य पृ० १९९।

ह्वै नरसिंह महा मनुजाद हयो प्रह्लाद को सकट भारी।
दास विभीषन लक दियो जिन रक सुदामा का सपति सारी।
द्रोपदी चीर बढायो जहान मे पाडव के जस की उजियारी।
गर्विन को खनि गव बहावत दीननि का दुख श्री गिरधारी ॥१८।३८॥

इसम कोई स देह नही कि दो वाक्या के बीच म एक क्रियापद के आ जाने से वणन म एक विशेष चमत्कार आ जाता है इसलिय दीपक अलकार का यह भेद आवश्यक है। ध्यान इस बात पर भी जाना चाहिए कि जिसको दाम कवि देहली दीपक कहत है वही तो 'दीपक' अलकार का सामान्य लक्षण भी है। जिस प्रकार दो कमरा के बीच की दहली पर रखा हुआ दीपक दोनो कमरो को एक साथ और एक समान प्रकाशित करता है उसी प्रकार बीच म रखा हुआ शब्द दो वाक्या का प्रकाशित कर सकता है। दीपक न्याय से ही दीपक अलकार की कल्पना की गई थी कालान्तर म वह अलकार, विशिष्ट सौन्दय का पयाय बन गया। अप्पय्यदीक्षित ने दीपक अलकार के प्रसग म दीपक न्याय को वत्ति म स्पष्ट किया है—

'प्रस्तुतरनिष्ठ समानो धम प्रसगाद न्यत्र उपकरोनीति—प्रमादाथ मारोपितो दीप इव रथ्यायामिति दीपकसाम्याद्दीपकम। (पृ० ५२)

१५८ वीप्सा

भिखारीदास

भिखारीदास न शब्दालकार प्रसग म लाटानुप्रास क पश्चात वीप्मा अलकार का वणन किया है। इसका मौलिक अलकार कहना चाहिए। वीप्सा का लक्षण है—

एक शब्द बहु बार जहँ अति आदर सो होइ।
ताहि वीपमा कहत है कवि कोविद सब होइ ॥१९।८२॥

यदि वणन म एक ही शब्द की अनेक बार आवत्ति उस शब्द को आदर (महत्व) प्रदान करने के लिए होती उस सौन्दय को 'वीप्सा' अलकार कहत हैं।

भोज न सरस्वती कठाभरण के द्वितीय परिच्छेद म अनुप्रास के प्रसग म 'द्विरुक्ति' का वणन करते हुए 'वीप्सा' को द्विरुक्ति का एक आधार बतलाया है—

स्वभावतश्च गौण्या च वीप्साभीक्ष्ण्यादिभिश्च सा।
नाम्ना द्विरुक्तिभिवाक्ये तदनुप्रास उच्यते ॥९९॥

और फिर 'स्वभावत' एव गौण्या द्विरुक्ति के अनन्तर वीप्सा द्वारा द्विरुक्ति के उदाहरण दिये हैं। उनम से प्रथम उदाहरण 'द्रव्यवीप्सा' का है—

शैले शैले न माणिक्य मौक्तिक न गजे गजे।
देशे देशे न विद्वास, चन्दन न वने वने॥ (पृ० ९८)

भोज का वणन बहुत विस्तृत है उस अलकार रूप मे विवेचन नही कर सकते। स्मृ

'वीप्सा अलकार का वर्णन दास कवि का मौलिक प्रयास है। इसका कवल एक उदाहरण दिया गया है जिसके दो चरण हैं—

जानि जानि आयो प्यारो प्रीतम विहारभूमि,
छानि छानि फूल फूल सेजहि सवारती।
दास दृगकजनि वदनसार ठानि ठानि,
मानि मानि मगन सिंगारनि सिंगारती ॥ (पृ० १८३)

(ङ) मुरारिदान द्वारा उद्भावित नवीन अलकार

१५६ अतुल्ययोगिता

मुरारिदान

'जसवन्त जसोभूषन के अस्सी अर्थालकारो म कम स कम बारह अलकार नये हैं—अतुल्य योगिता अनवसर अपूर्वरूप, अप्रत्यनीक, अभेद, आभास नियम, प्रतिमा, मिष, विकास, सकोच सस्कार।[1]

इनम से प्रतिमा और 'अभेद' अलकार शोभाकर मित्र के अलकार रत्नाकर म इन्ही नामो से[2] मिलते हैं आभास नाम शोभाकर मित्र म 'विध्याभास' सन्देहाभास तथा 'विकल्पाभास' नामो म पाया जाता है। अप्रत्यनीक अलकार यशस्क के अलकारोदाहरण म प्राप्त है सस्कार' अलकार यशस्क म 'अभ्यास'[3] नाम से पाया गया है। इन दोनो पुस्तको का उल्लेख मुरारिदान न अपने ग्रन्थ म किया है। इन अलकारो म कुछ तो दूसरो से आये हैं और कुछ अन्य अलकारो की अपेक्षा से लिख गये हैं।

'तुल्ययोगिता म प्रस्तुतो अथवा अप्रस्तुतो के एक ही साधारण धर्म का एक बार कथन होता है। 'अतुल्ययोगिता इसके विपरीत है। विपरीत हुआ—प्रस्तुतो तथा अप्रस्तुतो के एक ही सामान्य धर्म का एक बार कथन यह दीपक' बन गया। दूसरे प्रकार से विपरीत हो सकता है—प्रस्तुतो अथवा अप्रस्तुतो के अनेक (अलग अलग) धर्मों का कथन। उदाहरण से यही पिछली व्याख्या कवि की अभीष्ट जान पडती है—

मेघमाल जल अल्प दे विरल जु फल तरु पत।
कलि प्रभाव कम दान में, भया न नृप-जसवत ॥

यहा नृप-जसवत प्रस्तुत है। 'मेघ माल तथा 'तरु पक्ति' दो अप्रस्तुत हैं। कवि ने दो

---

१ हिन्दी अलकार साहित्य पृ० २१२।
२ अलकार रत्नाकर पृ० १४ ३८।
३ वही पृ० ८६ ८८ ८९।
४ सस्कृत साहित्य का इतिहास (पोद्दार) पृ० १९८ द्वितीय भाग पृ० १०० १०१।
५ सस्कार अलकार का समन्वय करते हुए मुरारिदान ने लिखा है कि 'नायक अपने स्नेह वाली परकीया नायिका के घर जान के अति अभ्यास जनित वासनावश से छोडकर न जाने पर भी उसके घर चला जाता है।

अप्रस्तुतो म दो अलग अलग धर्मो ('जल अल्प' तथा 'विरल फल') का कथन किया है। परन्तु यदि एक ही अप्रस्तुत हो, तो क्या दशा बनेगी ? उस उदाहरण म चमत्कार व्यतिरेक का होगा दीपक तुल्ययोगिता अथवा अतुल्ययोगिता का नही।

१६० अनवसर

मुरारिदान

रुद्रट के अनुसार किसी विशेष[1] अर्थ के कथन द्वारा वर्ण्य अर्थ को उत्कृष्ट अथवा सरस बनाने को अवसर अलकार कहते हैं। उदाहरण है—

तदिदमरण्य यस्मिन दशरथ-वचनानुपालनव्यसनी।
निवसन बाहुसहायश्चकार रक्ष क्षय राम ॥७।१०४॥

यहा राम-कथा के अभिधान प्रसग से वर्ण्य अरण्य के प्रति भावना के अतिरेक का चित्रण है।

'अवसर का विपरीत 'अनवसर है जिसमे अन्यार्थ का आकस्मिक कथन वर्ण्य को क्षति पहुँचाता है। नायिका को विरहविदग्ध छोडकर जसे ही नायक परदेश चलने लगा (वर्ण्य) कि अकस्मात तूती पक्षी ने तूही-तूही बोलना (अन्यार्थ) प्रारम्भ कर दिया और नायक आशकित हो कर जाने से रुक गया—

जौ लौ परदेसी मनभावन विचार कीन्हो
तौं लौं तूती प्रकट पुकारी है तुही तुही।

यहा तू ही नायिका का प्राणघाती होगा ऐसा तूती पक्षी का बोलना अनवसर पर हुआ इसलिए अनवसर अलकार है।'[2]

इस अलकार मे विशेष आकर्षण नही दिखलाई पडता। केवल आकस्मिकता ही काव्य का सौदर्य नही है।

१६१ प्रतिमा

मुरारिदान

शोभाकर ने 'प्रतिमा' अलकार का लक्षण दिया है—

अन्यधर्मयोगाद आर्थमौपम्य प्रतिमा॥१३॥

अत्र हि वस्त्वन्तरसबन्धिना धर्मो प्रकृतिसम्बन्धितयत्व उपनिबध्यते। वस्त्वन्तर सम्बन्ध स्वन-सामर्थ्यादिनावसेय[3]।

---

१ अर्थान्तिरमत्कृष्ट सरस यदि वोपलक्षण क्रियते।
यथस्य तदभिधानप्रसगतो तत्र सोऽवसर ॥७।१०२॥

२ जसवन्त जसोभूषन प १२१।

३ अलकार रत्नाकर प १४।

एव उदाहरण की सस्कृत छाया निम्नलिखित है—

अगे पुलकम्, अधर सकपित, जल्पित गमीतरारम्।
सख {शिशिरेण कृत यत्सत्य प्रियतमन ॥

मुरारिदान 'प्रतिमा' अलकार की व्याख्या इस प्रकार करते हैं—'प्रतिनिधि का पर्याय प्रतिमा है। मुख्य के अभाव म मुख्य के सदृश जो ग्रहण किया जाता है उसको प्रतिनिधि कहते हैं। जसे देवताओ क अभाव म देवताओ की मूर्ति रखी जाती है उसका प्रतिमा कहत हैं। इस लोक-व्यवहार की छाया से चोरी न इस अलकार का अगीकरण किया है।'[1]

प्रतिमा के उदाहरण मे यह दोहा दिया गया है—

हा जीवति हों जगत म अलि याही आधार।
प्रानप्रिया उनिहार यह, ननदी-वदन निहार॥

यहाँ ननद को पति के स्थानापन्न कर लिया गया है वह उसकी प्रतिमा है। "यहाँ विदेशस्थ पति के अभाव म पति के सदृशाकार होने से ननदी को नायिका ने पति के स्थानापन्न किया है।"[2]

शोभाकर के उदाहरण म जो सौन्दय था वह मुरारिदान के उदाहरण म न आ सका। भाई बहन चाहे जितने एक समान हो, विरहिणी नायिका प्रियतम की बहिन को देख-देखकर दिन नही काट सकती। शोभाकर न जब वस्त्वन्तरसम्बन्धस्वय सामर्थ्याद् लिया था तो उनके समक्ष कवि प्रतिभा वर्जिता प्रतिमा की आशका थी जिसके उदाहरण मुरारिदान हैं। जसवत जसोभूषन के अधिकतर नवीन अलकार इसी कवि प्रतिभा के अभाव से पीडित हैं सबका विश्लेषण अनावश्यक ही है।

(च) भगवानदीन द्वारा उद्भावित नवीन अलकार

१६२ विपरीतक्रम

भगवानदीन

'अलंकार मञ्जूषा' म भगवानदीन न क्रम अलकार के तीन भेदो का वणन किया है—यथाक्रम भगक्रम तथा विपरीतक्रम।

'यथाक्रम तो क्रम या यथासख्य अलकार ही है। भगक्रम को फारसी म 'तर्पोशर गर मुरत्तब' कहते है, यह सस्कृत हिन्दी म दोष माना गया है अलकार नही, क्योकि यथाक्रम' तथा 'भगक्रम दोनो ही शोभावद्धक अलकार नही हो सकते। 'विपरीतक्रम लेखक की अपनी सूझ है, परन्तु इसम कोई विशेष चमत्कार तो दिखाई नही पडता।'[3]

---

१ जसवन्त-जसोभूषन पृ० १७२।
२ वही पृ १७३।
३ हिन्दी-अलकार साहित्य पृ० २२४।

लेखक ने निम्नलिखित उदाहरण दिया है—

राज्य नीति बिनु धन बिनु धर्मा। हरहि समर्पे बिनु सतकमा॥
विद्या बिनु विवेक उपजाय। श्रम फल पढ़े किये, अरु पाये॥

राज्य धन सत्कर्म तथा विद्या यदि क्रमश नीति धर्म, हरिसमर्पण तथा विवेक से रहित है तो विपरीत क्रमश उन चारो का पढना करना, प्राप्ति तथा फल (भोग), श्रम ही है।

यह ठीक है कि विपरीतक्रम एक दोष है परन्तु यदि परिस्थितिविशेष में यह सौन्दर्यजनक बन गया तो वहा इसको अलकार कह सकते हैं। कोई भी विशेषता शोभाकर होने से अलकार कहलाती है। सूर का एक पद है—

कोउ व्रज बाचत नाहिन पाती।
कत लिखि लिखि पठवत नदनदन कठिन विरह की काती।
नयन सजल कागद अति कोमल, कर अगुरी अति तातो
परसत जर विलोकत भीज—दुहू भाति दुख छाती॥

अंतिम चरणो में इसी विपरीत क्रम का सौन्दर्य है। कागद अति कोमल (एव) कर-अगुरी अति तातो (अत) परसत (पाती) जर नयन सजल (अत) विलोकत (पाती) भीजै।'

(छ) रामशकर शुक्ल रसाल द्वारा उद्भावित नवीन अलकार

१६३ सत्याध्यवसिति

रसाल

अलकार पीयूष में तीन नवीन अलकारो की कल्पना है— सत्याध्यवसिति', 'विशेषको न्मीलित' तथा 'गर्वोक्ति'।

सत्याध्यवसिति' की कल्पना मिथ्याध्यवसिति[1] के 'विलोम रूप' में की गई है। इसका लक्षण है—

जहा किसी सत्य बात की सत्यता को स्थापित करने के लिए कोई ऐसी सत्य बात कही जाव जिसकी सत्यता सब प्रकार प्रसिद्ध ही हो।[2]

डा० रसाल के अनुसार इसके तीन अन्य रूप भी हैं—

(क) जहा किसी सत्य बात को मिथ्या करने के लिए कोई मिथ्या बात इस प्रकार कही जावे कि वह सत्य ही सी लगती हुई बात को मिथ्या कर दे।

(ख) जहाँ किसी मिथ्या बात को सत्य करने के लिए कोई एसी सत्य (या मिथ्या) बात कही जावे जिसमें सन्देह न हो और जिसमे वह सत्य बात मिथ्या-सी ही हो जावे।

(ग) जहाँ किसी मिथ्या बात को (जिसे कोई सत्य सा दिखला रहा है) उसके विरोधी सत्य बात के द्वारा मिथ्या ही सिद्ध किया जावे।

---

१ मिथ्याध्यवसिति पर जगन्नाथ की टिप्पणी से रसाल जी ने लाभ उठाया है। दे मिथ्याध्यवसिति का इस ग्रन्थ में विवेचन।

२ अलंकार पीयूष उत्तराध, पृ० २४७।

इस अलकार के उदाहरण नही दिय गय। तथापि तर्कों के आधार पर एसा लगता है कि सीमित क्षेत्र म ही सही, इस सौन्दय म आकपण अवश्य है।

१६४ विशेषकोमीलित

रसाल

अलकार-पीयूष' का दूसरा नवीन अलकार विशेषकोमीलित है। इसकी कल्पना उन्मीलित एव विशेषक अलकारा के वणन स प्रेरणा प्राप्त करक हुई है।

'जहाँ मीलित म किसी हेतु स कुछ भेद या अन्तर जान पडे वहा उन्मीलित और जहा किसी कारणवश सामान्य म कुछ भेद वस्तुओ के आकार म जान पडे वहाँ विशषक कहना चाहिए।

"जहा विशेषक और उन्मीलित दोना ही अन्तर प्रकट करत हुए परस्पर मिलकर एक प्रकार का मिश्रालकार उत्पन्न करत है वहाँ विशेषकोमीलित माना जाता है।' (अलकार-पीयूष, उत्तरार्द्ध, पृ० ३०९)

लक्षण निम्नलिखित दोहे म दिया गया है—

जहाँ विशेषक उन्मिलित, मिल भेद दरसाय।
कहुँ विशेषकोमीलित तह, कह रसाल कविराय॥

उदाहरणस्वरूप एक दूसरा दाहा रसाल जी न दिया है—

ससि म मुख म भेद कछु नेक न परत लखाय।
बिन कलक अरु बास तें सिय मुख जाना जाय॥

इस अलकार का चमत्कार इस मान्यता पर निभर है कि मीलित उन्मीलित अलकारा का आधार रग रस और गन्धादि गुण हैं और सामान्य विशेषक अलकारा म वस्तुओ के आकार का ही विशेष प्रधानता दी जाती है। (पृ० ३०९)

१६५ गर्वोक्ति

रसाल

अलकार पीयूष का तृतीय नवीन अलकार गर्वोक्ति है। रसाल जी न इसका वणन बड विस्तार स किया है (पृ० ३६६ स ३७० तक)।

जहा कोई कवि या अन्य व्यक्ति गव एव अहकार (अहम्मन्यता) क साथ कुछ कहता है वहा गर्वोक्ति अलकार मानना चाहिय।[1] सामान्यत इसके तीन रूप पाय जात हैं—

(क) सिंहनाद— अपन ही विषय म गवपूण प्रशसात्मक वाक्य '—
मुनि रतनाकर की रसना रसीली नकु

---

[1] अलकार पीयूष उत्तराद्ध पृ ३६६।

ढीली परी बीरहि सुरीली करि ल्याऊ मैं।

(ख) वस्त्राविनमूना— अपन पिता एव गुरु आदि की गवपूण प्रशसा करता हुआ इससे अपनी महत्ता का स्थापित करना —(पृ० ३६७)

जारि जुग पानि गुरुवर श्री रमाल जू का

जिनरा दुलारो प्यारा अनुज कहाऊ मैं। (मरम कवि)

(ग) किसी अन्य व्यक्ति (जो मान्य एव प्रतिष्ठित होना ?) की आर स उनक लिए कही ' गइ उक्ति—

आवति गिरा है रतनाकर निवाजन कौं ।

गर्वोक्ति अलकार के दा प्रकार दन्याक्ति तथा प्रसादोक्ति हैं इनका हम ध्वन्यात्मक एव व्यग्यात्मक रूप मान मकत हैं। (पृ० ३६८)

दन्योक्ति म दैन्य भाव स ही अपना गौरव स्थापित किया जाता है। उदाहरण म रघुवश का श्लोकाध दिया है— मन्द कवियश प्रार्थी गमिष्याम्युपहास्यताम्।

प्रसादोक्ति— जहा कवि अपनी उन्नति एव प्रतिष्ठा आदि का दिखलाता हुआ उस अपन किसी गुरुजन या इष्टदव की कृपा का ही फलस्वरूप कहता है" (पृ० ३७०)।

घर घर माँगि टूक पुनि भूपति पूज पाय।

त तुलसी तब राम बिन त अब राम सहाय॥

(ज) विहारीलाल भट्ट द्वारा उद्भावित नवीन अलकार

१६६ दीपयोग

विहारीलाल भट्ट

साहित्यसागर की एकादश तरग म दीपक क समस्त भेदा का वणन करन के पश्चात विहारीलाल न 'दीपयाग' नामक एक नवीन अलकार की कल्पना की है। लक्षण इस प्रकार है—

रच एक पद यमक की एक दीप का धार।

दीपयाग भूषन तिन्हें, बरनन कियौ विहार॥

व्याख्या मे स्पष्ट किया गया है—

जहा क्रियावाची पदा की आवत्ति हाती है वहा दीपकावत्ति एव जहा अक्रिया पद की आवृत्ति हाती है, वहाँ यमक हाता है। किन्तु जहा एक पद यमक और एक पद दीपकावत्ति का मिलकर आवृत्ति रूप स आय वहा दीपयोग' नाम का अलकार होता है।

(साहित्य-सागर पृ० ४२२)

उदाहरण दो हैं एक कवित्त दूसरा दोहा। दोनो के अतिम चरणा म यह सौन्दय है—

(क) कीजिए बखान का जहान की विचित्र बात

जगत नही है, तऊ जगत कहाव है।

(ख) आ, तुर प आनद घन, आतुर करी सम्हार॥

इस अलकार पर कवि की टिप्पणी भी है—'सकर-समृष्टि मे पूरे-पूरे अलकारो का मेल होता है, और यह अथयोग से होता है, यही इमम अन्तर है।'

इस अलकार की दो विशेषताएँ है—(क) क्रियापद (दीपक का आधार) तथा अक्रिया पद (यमक का आधार) दोनो का योग अर्थात मिश्रण, (ख) आवृत्ति पदो की विशेषता जानने के लिए अथ की सहायता—अथयोग।

हमको पुरानी समीक्षा से ही सहमत होना पडता है कि 'जिसे बिहारीलाल जी दीपयोग अलकार कहते है, वह अथालकार भी नही शब्दालकार है। यहाँ चमत्कार यमक का ही है।'[1]

१६७ गुणोक्ति

बिहारीलाल भट्ट

उल्लास, अवज्ञा अनुज्ञा, तिरस्कार तथा लेश अलकारो के उपरान्त 'साहित्यसागर' मे 'गुणोक्ति' अलकार की कल्पना की गई है। जहा अनेक गुण छोडकर एक को एक ही गुण से श्रेष्ठता दवे वहा गुणोक्ति अलकार होता है।[2] लक्षण है—

बहुगुन तजि जहँ [एक को इक गुन गुरता देय।
कवि 'बिहार' गुन उक्ति तहँ भूपन चित धरि लेय॥

उदाहरण सरल एव स्पष्ट है—

कामिनी वही है जाकी प्रीति निज प्रीतम सो,
जामिनी वही है जामे जोति है जुन्हाई की।

भट्ट कवि ने इस अलकार पर टिप्पणी भी लिखी है—

इस भाव की कविता कुछ कुछ पहले भी हुई किन्तु इसम प्रधान रूप से कोई अथ अलकार स्पष्ट घटित नहा हाता है। इसा कारण इस भाव क लिय हम यह गुणोक्ति नाम का अलकार नवीन निर्माण करना पडा।

यह चमत्कार अत्यन्त साधारण है इसालिए इसकी आर प्राचीनो का घ्यान नही गया है। इमम कोई विशेष चमत्कार ता लक्षित नही होता'—कथन का भी यही अभिप्राय है कि इसम चमत्कार तो है, परन्तु अत्यन्त साधारण।

(झ) कन्हैयालाल पोद्दार द्वारा उद्भावित नवीन अलकार

१६८ अपरिवृत्ति

पोद्दार

कन्हैयालाल पोद्दार न अलकार मजरी म परिवृत्ति अलकार का वणन करते हुए प्रसग

---

१ हिन्दी-अलकार-साहित्य पृ० २३६।
२ साहित्यसागर पृ० ४८५।
३ हिन्दी अलकार-साहित्य प० २३६।

वश 'अपरिवृत्ति' अलकार की कल्पना[1] की है। यद्यपि 'अपरिवृत्ति' का पूर्वाचार्यों ने निरूपण नही किया है परन्तु इस अपरिवृत्ति मे चमत्कार होने के कारण अलकार मानना उचित अवश्य है।"[2]

पोद्दार ने इस अलकार की कल्पना 'परिवृत्ति' अलकार के विपरीत सौन्दर्य के लिए की है। उनके तर्क साधारण हैं और पाठक को इस नये अलकार की स्वीकृति के लिए फुसलाते हैं। उन्ही के शब्दो मे देखिए—

> अति सूधो सनेह को मारग है जहाँ नेक सयानप बाक नही।
> तहाँ साँचे चलै तजि आपुनपौ झझकै कपटी जो निसाक नही।
> "घन आनद" प्यारे सुजान सुनौ इत एक तें दूसरो आँक नही।
> तुम कौन धौं पाटी पढे हो लला मन लेत हो देत छटाँक नही॥"

'यहाँ मन (चित्त अथवा श्लेषार्थ 'तोल मे एक मन — मणभर) लेकर बदले मे छटाक भी न देना कहा है। परिवृत्ति मे कुछ लेकर बदले मे कुछ दिया जाता है। यहाँ इसके विपरीत है। अत. ऐसे वर्णनो मे 'अपरिवृत्ति' अलकार माना जा सकता है।

(अलकार मजरी पृ० ३३९)

इसमे कोई सन्देह नही कि इस अलकार का चमत्कार आकर्षक एव प्रभावशाली है। इसको स्वतन्त्र अलकार मानना चाहिए।

(ग) पाश्चात्य अलकार

जगन्नाथ प्रसाद भानु ने अपने ग्रन्थ 'काव्य प्रभाकर' (स० १९६६ वि०) मे काव्यशास्त्र का आधुनिक शैली से प्रतिपादन किया। ग्रन्थ की प्रस्तावना मे अट्ठाईस पारिभाषिक शब्दो के अग्रेजी पर्याय दे दिये गये हैं जिनमे कम से कम सात पर हमारा ध्यान, इस प्रसग मे, जाता है। ये शास्त्रीय शब्द एव इनके अग्रेजी पर्याय निम्नलिखित हैं—

अनुकरणवाचक शब्द	ओनोमैटोपीया
